Contents

Abbreviations

In the progress of a work extending over many years, it is impossible to preserve absolute uniformity in the use of abbreviations and symbols. Therefore it is hoped that most of the inconsistencies noticed in the following tables would be ignored. Most of the abbreviations and symbols used in this Dictionary are on the lines of Sir R. L. TURNER's Dictionary—'A COMPARATIVE DICTIONARY OF THE INDO-ARYAN LANGUAGES'. The readers are requested to consult CDIAL if a particular symbol or abbreviation is not found in the following tables presented here, which are appropriate to the needs of the PADAKOSHA and SHABDAKOSHA.

List of Devanāgarī Abbreviations

अमर०	अमरकोश
अ० वे०	अथर्ववेद
अष्टा०	अष्टाध्यायी
उ०	उत्तरमेघ
ऋक्०	ऋग्वेद
ऋ०	ऋतुसंहार
एक०	एकवचन
कुमार०	कुमारसम्भव
चरित्र०	चरित्रवर्द्धिनी
तत्पु०	तत्पुरुष
नपुं०	नपुंसकलिङ्ग
ना० ल० र०	नाटकलक्षणरत्नकोश
पा० भे०	पाठभेद
पार्श्व०	पार्श्वाभ्युदय
पू०	पूर्वमेघ
बहु०	बहुवचन
भरत०	भरतमल्लिक
मनु०	मनुस्मृति
म० पु०	मध्यमपुरुष
मल्लि०	मल्लिनाथ
मा०	माघ
मालवि०	मालविकाग्निमित्र
मेघ०	मेघदूत
रघु०	रघुवंश
वल्लभ०	वल्लभदेव
विक्रम०	विक्रमोर्वशीय
शाकु०	शाकुन्तल
शिशु०	शिशुपालवध
सञ्जी०	सञ्जीवनी
सप्त०	सप्तमी
सरस्वती०	पूर्णसरस्वती
सारो०	सारोद्धारिणी
सुं० का०	सुन्दरकाण्ड
सुधीर०	सुधीरकुमार गुप्त
सु० वि०	सुमतिविजय
स्त्री०	स्त्रीलिङ्ग
हैम०	हैमकोश

List of Roman Abbreviations

a.	adjective
adv.	adverb
agt.	a noun of agency or verbal adjective
cl.	Class or conjugation
CDK	Comprehensive Dictionary of Kalidasa
comp.	Composition
compar.	Comparative
du.	dual
f.	feminine
fut.	future
fut p. p.	future passive participle
imp.	imperative
ind.	indeclinable
indef.	indefinite
m.	masculine
m. f.	masculine and feminine
m.n.	masculine and neutre
n.	neuter
p.	particle
p. p.	past or passive participle
par.	Parasmaipada
pass.	passive voice
pl.	plural
pot.	potential
pres.	present

pres. p.	present participle
pret.	preterite
prep.	preposition
pron.	pronoun
pronom.	pronominal
rel.	relative
s.	substantive
sin.	singular
1 c.	1st case, or nominative
2 c.	2nd case, or accusative
3 c.	3rd case, or instrumental
4 c.	4th case, or dative
5 c.	5th case, or ablative
6 c.	6th case, or genitive
7 c.	7th case, or locative
8 c.	8th case, or vocative
1 cl.	1st class, or conjugation
2 cl.	2nd class or conjugation

व

1315 वंशे (पू० 6.1.2.2) वंश+ङि, संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; अन्वये (चरित्र०); कुले (संजी०); कुले (सुबोधा); वंश इति कश्चिद्वंशः स्तुतिविषयः (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (1.4) तथा शाकु० (1.12) में एक-एक बार हुआ है।

1316 वः (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 66.3.15.26; उ० 18.4.19.73)** युष्मत् आम्; सर्वनाम, षष्ठी, बहुवचन; त्वादृशानां मेघानाम् (प्रदीप 66); युष्माकं मेघानाम् (चरित्र 66); युष्माकम् (चरित्र 18); युष्माकम् (संजी० 66); युष्माकम् (संजी०); युष्माकम् (पंचिका 18); युष्माकम्। पुनर्दृष्टत्वमेव द्रढयितुं व इत्युक्तम्। व इत्यनेन मेघान्तरगमनं सूचितमित्याहुः (सुबोधा); युष्माकं मेघजातीयानां (सुबोधा 18); "व शब्द उपमायां स्याद् वरुणे स्यादनव्यय" इति विश्वः (सुबोधा); 'वः' बादल के लिए प्रयुक्त हुआ है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सैंतीस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्राकर है—कुमार० (12), शाकु० (9), रघु० (6), ऋतु० (4), विक्रम० (2), मालवि० (2)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1317 वक्रः (पू० 28.1.1.1) वक्र+सु; विशेषण, प्रथमा एकवचन; उत्तराशां प्रस्थितस्य तव पन्था वक्रश्च भवतु, तथापि कार्यगौरवात् तत् सोढव्यमित्यभिप्रायः। अत्र इदं अनुसन्धेयम्—विन्ध्याद्रिप्रभवा विन्ध्यं निर्भिद्य उतरवाहिनी कापि नदी अस्ति निर्विन्ध्या इति। तस्याः प्राक्तीरे कियन्तं चाध्वानं प्रागतिक्रम्य वर्त्तते खलु उज्जयिनी, तस्मात् निर्विन्ध्यायाः पश्चिमतीरदेशेन उत्तरां गच्छतो मेघस्य उज्जयिनिगमने पन्थाः वक्रः स्यादिति (प्रदीपः); तिरश्चीनः (चरित्र०); दूरः विन्ध्यादुत्तरवाहिन्याः निर्विन्ध्यायाः प्राग्भागे कियत्यपि दूरे स्थिता उज्जयिनी, उत्तरापथस्तु निर्विन्ध्यायाः पश्चिम इति वक्रत्त्वम् (संजी०); कुटिलः (सुबोधा); वक्र इति, अयमर्थः यद्यपि यूथिकाप्रदेशाद् गङ्गाद्वारवर्त्मना गन्तव्ये पश्चिमावस्थितोज्जयिनीगमने कुरूक्षेत्रमाक्रम्य ईशदैशानदिगभिमुखत्वे वक्रता स्यात्तथापि गमिष्यसीति। अत्र मेघो नायकः उज्जयिनीनायिका, तस्या उत्सङ्गः सौध एव। पौराङ्गनानां चक्षुरेव तस्याश्चक्षुरिति ध्वनिः।

टेढ़ा। उज्जयिनी के प्रति कवि का यह आग्रह उसके वहाँ चिर निवास और चिर परिचय को प्रकाशित करता है। वैसे भी कवि ने मालवा-प्रदेश की छोटी-छोटी नदियों तक का वर्णन किया है। अतः कवि का मालवा से विशेष सम्बन्ध अवश्य रहा होगा। विन्ध्याचल से उत्तर की ओर बहती हुई निर्विन्ध्या नदी के पूर्व भाग में कुछ दूरी पर उज्जयिनी स्थित है और उत्तर का रास्ता निर्विन्ध्या के पश्चिम में है। इसलिए उत्तर की ओर जाते हुए मेघ का रास्ता टेढ़ा कहा गया है—मल्लि०।

1318 वक्तुम् (उ० 37.4.14.44) कथयितुं, (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग छह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में तीन बार (6.70; 6.81; 13.24) तथा कुमार० में दो बार (3.2; 5.32) हुआ है।

1319 वक्त्रच्छायाम् (उ० 43.2.5.18) वक्त्र+ङस्+छाया+अम्; तत्पुरुष, संज्ञा, द्वितीया एकवचन; वक्त्रस्य मुखस्य छायां दीप्तिं, कान्तिमत्वानन्ददायित्वाभ्यां चन्द्रसादृश्यम् (चरित्र०); मुखकान्तिम् (संजी०); कपोलकान्तिम् (पंचिका); गण्डच्छायाम् इति पठनीयम्, कपोलस्थलशोभाम् उत्पश्यामि, गण्डस्थलकान्तिश्चन्द्रवद्वर्ण्यते एव; तथाहि—ततः कुमुदनाथेन कामिनीगण्डपाण्डुने" ति (सुबोधा)।

1320 वक्ष्यति (पू० 17.2.5.32) वह्+लृट्, प्रथम पुरुष, एकवचन; वहते: इदं रूपम् (प्रदीप); धारयिष्यति (चरित्र०); वोढा, वहेर्लृट् (संजी०); धारयिष्यति (सुबोधा) √वह्+लृट् प्रथम पु० एक व०।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० (3.13) तथा कुमार० (7.68) में एक-एक बार हुआ है।

1321 वक्ष्यसि (पू० 55.3.12.22) वह्+लृट्; मध्यम पुरुष, एकवचन; वहतेरिदं रूपम्। वोढाभविष्यसि (प्रदीप); धास्यसि (चरित्र०); वक्ष्यसीति वह् प्रापणे लृट् (चरित्र०), वोढासि; वहतेर्लृट् (संजी०); धारयिष्यसि (विद्युल्लता); धारयिष्यसि (सुबोधा)।

1322 वचनात् (उ० 40.1.5.5) वचन+ङसि; संज्ञा, पंचमी, एकवचन; वाक्यात् (चरित्र०) वचनं प्रार्थनावचनं तस्मात् (संजी०); वाक्यात् (सुबोधा०) मेरे शब्दों के कारण, मेरी प्रार्थना पर। मैंने आपसे सन्देश ले जाने की प्रार्थना की है, इस कारण।

1323 वञ्चित: (पू० 28.4.21.73) वञ्चित:+सु, विशेषण, प्रथमा एकवचन; यदि तव तां रतिं न वेदयामि, तत: त्वं मया वञ्चित: स्यात्। यद् वा वञ्चित: स्या: व्यर्थजन्मा भविष्यसि इति (प्रदीप:); प्रताडितोऽसि, जन्मवैफल्यं भवेदित्यर्थ: (संजी०); प्रतारित:, प्रमादभ्रंशितजन्मप्रयोजन इत्यर्थ:। अतो मत्कार्यस्य किञ्चिद्विलम्बेऽपि भवज्जन्मवैफल्यपरिहारायोज्जयिनीप्रवेश: कर्त्तव्य एवेति भाव:। अत्र अरमणे वञ्चनोक्तेस्तत्रत्ययोषितां विशिष्टगुणप्रतिपत्त्या व्यतिरेकोऽलंकार: (विद्युल्लता); प्रकृत्वाल्लोचनैर्जन्मना वा विप्रलब्धोऽसि निष्फलोऽसीत्यर्थ:।। (सुबोधा)।

1. यदि तुम वहाँ के सौन्दर्य कौन देखोगे, तो तुम जीवन के लाभ से वंचित रहोगे अर्थात् जीवन का उचित लाभ न उठा सकोगे। 2. यदि तुम वहाँ की गौरवर्ण, विशाल उर: स्थल का, सुन्दरी नायिकाओं के तुल्य सुधालिप्त, विशाल अट्टालिकाओं वाले सुन्दर भव्य भवनों का उपभोग नहीं करते, तो तुम्हारा जीवन व्यर्थ है; क्योंकि 'काम' चतुर्वर्ग का प्रधान और द्वितीय अङ्ग है। अपि च—

सुभाषितेन गीतेन युवतीनां च लीलया
यस्य न द्रवते चित्तं स वै मुक्तोऽथवा पशु:।।

3. यदि वहाँ तुम्हें मेरे कथन के अनुसार सौन्दर्य न मिले, तो मैं तुम्हें धोखा देने वाला कहलाऊँ। सत्य कह रहा हूँ। वहाँ महान् सौन्दर्य है। 4. यदि मैं तुम्हें वहाँ के सौन्दर्य को न बताऊँ, तो तुम्हें धोखा ही दूँगा। इन सब में प्रथम दो अर्थ ही मूल के समीप पड़ते हैं। इसका शब्दार्थ है कि तू (जीवन-सफलता से) वञ्चित है; ठगा गया है। सरस्वती ने इसका अर्थ 'व्यर्थजन्मा भविष्यसि' दिया है और कहा है—अथवा 'यदि तवैवं नोपदिशामि तर्हि त्वं मया वञ्चितोऽसि'। इसका अर्थ है कि यदि मै तुम्हें ऐसा करने का उपदेश न दूँ, तो सचमुच मैं तुमको धोखा दूँगा। देखिये—अभि० शा० II 'अनवाप्तचक्षु:फलोऽसि।।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० (4.10.) में एक बार हुआ है।

1324 वत्सराज: (उ० 33.3.1.7) वत्सराज+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; नृपविशेष: (चरित्र०); वत्सदेशाधीश्वर: उदयन: (संजी०)।

इस श्लोक का आधार साहित्य में वर्णित उदयन-सम्बन्धी कथा है। वृहत्कथा के अनुसार प्रद्योत की घोर तपस्या से सन्तुष्ट होकर भवानी ने उसे अपराजित नामक तलवार, अंगारवती नाम की पत्नी और महाचण्डसेन की उपाधि प्रदान की। नड़गिरि नामक हाथी को राजा की सेवा के लिए नियुक्त किया गया। यह बड़ा मस्त था। प्रद्योत के पुत्र के जन्मोत्सव पर इन्द्र ने राजा को एक पुत्रीरत्न की प्राप्ति का वर दिया।

यह पुत्री परमसुन्दरी थी। इसका नाम वासवदत्ता था। एक बार इसने स्वप्न में वत्सराज उदयन को देखा और उसके प्रेमपाश में बँध गई। उसकी सूचना पाकर उदयन ने वासवदत्ता का अपहरण कर लिया।

भास ने अपने स्वप्ननाटक और प्रतिज्ञायौगन्धरायण नाटकों में इसी कथा को उपबन्धित किया है। लेखकों ने इस मूल कथा में अपनी सुविधा के अनुसार परिर्वतन किये हैं। इस कारण आज उदयन-कथा के अनेक रूप मिलते हैं।

1325 वदनमदिराम् (उ० 17.4.18.42) वदन+ङस्+मदिरा+अम्; तत्पुरुष, द्वितीया; एकवचन; मुखमद्यम् (चरित्र०); गण्डूषमद्यम् (संजी०); तरुणिमुखासवसेकेन तस्य विकासात् (पंचिका)। मुखासवं। ननु बकुलस्य वक्त्रासव एव दोहदम्? यदुक्तं–

"मुखचन्द्रजलक्रीडा सदा शीकरवर्षिणी।
योषा मुखासवोपेतं प्रतिगर्जति केशर"मिति।।"
अशोक: पद्मिनीपादाघातैरेव च पुष्पति।
बकुलस्तु तदीयास्यमद्यस्पर्शेन पुष्पति।। इति च। (सुबोधा)

केसर युवतियों की जूठी शराब की कुल्ली से खिलती है। तुलना करो० रत्नावली० 1.18 देखिये रत्ना० 1.8 'मूले गण्डूषसेकासव इव बकुलैर्वास्यते पुष्टवृष्ट्या।' और देखिये–काद० पृष्ठ 222 (काले द्वारा सम्पादित संस्करण) 'मदकलितकामिनीगण्डूषसीधुसेकपुलकितबकुलेषु'।

1326 वधूनाम् (उ० 2.4.20.53) वधू+आम्; संज्ञा, षष्ठी, बहुवचन; स्त्रीणाम्। वधूर्जायास्नुषा इत्यमर: (प्रदीप); सीमन्तिनीनाम्। 'वधूर्जाया स्नुषास्त्री च' इत्यमर: (चरित्र०); स्त्रीणाम् (संजी०); अङ्गनानाम् (पंचिका)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग ऋतु० में तीन बार (2.24; 8.23; 6.21) हुआ है।

1327 वनगजमदै: (पू० 20.1.3.7) वनगज+आम्+मद+भिस्, तत्पुरुष, संज्ञा, तृतीया बहुवचन; विन्ध्याटवीगजमदै: (प्रदीप:); अरण्यद्विपदानै: (चरित्र०); वनगजानां अरण्यहस्तिनां मदैर्दानैर्जलै: (सुबोधा)।

1328 वनचरवधूभुक्तकुञ्जे (पू० 19.3.1.11) वनचरवधूभुक्त+जस्+कुञ्ज+ङि, कर्मधारय, संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; कुञ्जं लतादिपिहितोदरं पर्वतगृहम्। अनेन वनचरवधूसंभोगं च द्रक्ष्यसीति उक्तम् (प्रदीप); वनचरवधूभि: किरातवनिताभि: भुक्तो निकुञ्जो लतादिपिहितोदरं स्थानं यस्य स: तस्मिन् (चरित्र०); वने चरन्ति ते वनचरा:, 'तत्पुरुषे कृतिबहुलमिति' बहुलग्रहणात् लुग्भवति; तेषां वधूभि: भुक्ता: कुञ्जा: लतागृहा: यत्र तस्मिन्; निकुञ्जकुञ्जौ वा क्लीवे लतादिपिहितोदरे इत्यमर:,तत्र ते नयनविनोदोऽस्तु इत्यर्थ: (संजी०); पुलिन्दसुन्दरीभि: स्वविहारेण सफलीकृतलतावितानकुहरे। निकुञ्जकुञ्जौ वा क्लीबे लतादिपिहितोदरे' इत्यमर:। अनेन गहनवनबहुलतया विशिष्टविलासिनां अनुपभोग्यत्वं ध्वन्यते (विद्युल्लता); वनचराणां किरातादीनां वधूभिर्वनिताभिर्भुक्ता उपभुक्ता क्रीडार्थ सेविता: कुञ्जा लतामण्डपा यस्य तादृशे तस्मिनाम्रकूटे (सुबोधा); वनचरेत्यादिना त्वद्दर्शनोत्का बध्व: कुञ्जे विहरिष्यन्तीति परप्रीतिहेतुत्वं ध्वनितम्। केचित्तु मुहुर्त्तमिति पदेन त्वया चिरं तत्र न स्थातव्यं यतस्त्दर्शनेन लज्जातो वनचरवधूनां रतिविघ्नो भविष्यतीति व्यज्यते, अतएव भुक्तेत्युक्तं नतु भुज्यमानेतीत्याहु:। (सुबोधा)।

वने चरन्ति इति वनचरा:। इसका दूसरा रूप 'वनेचर' होता है। वनचराणां वधूभि: भुक्ता: कुंजा: यस्मिन्, तस्मिन्। इस विशेषण का अभिप्राय है कि उन कुंजों में ठहरने से बादल को मन-बहलाव की पर्याप्त सामग्री मिल जायेगी।

1329 वननदीतीरजातानि (पू० 27.1.4.12) वननदीतीर+सुप्+जात+जस्, तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया बहुवचन; अकृत्रिमत्वात् नदीतीरमुक्तम् (प्रदीप); वननद्याः कुल्यायाः तीरे कूले जातानि समुत्पन्नानि अथवा नवानि नूतनानि नदीतीरजातानि च तानि (चरित्र०); वने अरण्ये या नद्यः तासां तीरेषु जातानि स्वयंरूढानि, अकृत्रिमाणि इत्यर्थः (संजी०); वननदीतीरजानाम्' इति पाठः। धर्मनिर्मूलितस्रोतसा क्षुद्रनदीनां तीरजातत्वात् शोषोन्मेषशोच्यानामित्यर्थः (विद्युल्लता); नवनदीतीरजातानिनवनद्या नवनदीनाम्—नदीविशेषस्य तीरे कूले जातानि उत्पन्नानि (सुबोधा); तीरजातत्वं चिह्नभेदः (सुबोधा); **केचित्तु** नवानि नूतनानि च तानि नदीतीरजानानि चेतिविग्रह्णन्ति नवत्वेन रम्यत्वं सूचितमित्याहुः। **केचित्तु** नगनदीति पठित्वा नगनदी नीचैर्गिरिप्रभवा नदीति। वननदीति **केचित्तु** पठन्ति (सुबोधा)।

मल्लिनाथ इसे जंगली नदी मानते हैं। परन्तु यह किसी विशिष्ट नदी का ही नाम प्रतीत होता है; क्योंकि कालिदास ने इस यात्रा में प्रायः निश्चित स्थानों का ही वर्णन किया है। वल्लभ और सारो० भी इसे एक नदी का नाम मानते हैं। देखो—'अथवा मालवदेशे....... वननदीनाम्ना सरिदस्ति, सारो०। तथा—कानन सरिन्नदी विशेषो वा; वल्लभ। श्री विल्सन पाठान्तर 'नगनदी' को स्वीकार करके इसे बेतवा के पश्चिम में पार्वती नदी मानते हैं, जो उत्तर-पश्चिम बहती हुई छिप्रा नदी में मिल जाती है। मल्लि० 'वननदीतीरजानाम्' के स्थान में 'वननदीतीरजानि' पाठ देता है और इसका 'जंगल की नदियों के किनारों पर स्वयं उगे हुए बागों के' यह अर्थ करता है। कहीं-कहीं 'वन नदी' के स्थान में 'नद-नदी' पाठ मिलता है; पर मल्लि० ने उसका खण्डन कर दिया है; क्योंकि 'नद-नदी' इस पाठ में 'पुमान् स्त्रिया' इस व्याकरण के सूत्र के एकशेष हो जाने से 'नद' ही शेष रह जाना चाहिए था। के०पी० पाठक 'वन-नदी' से किसी विशेष नदी को लेते हैं और इसके समर्थन में सारोद्धा० का निम्नलिखित उद्धरण देते हैं—"अथवा मालवदेशे यूथिका-खण्ड-मण्डितोद्यान मालित-तीरदेशा वननदी नाम्ना सरिदस्तीति"। साथ ही वल्लभ की यह पंक्ति भी देते हैं—'कानन-सरिन्नदी विशेषो वा'।

सारोद्धा० में 'नवनदी' पाठ आया है, परन्तु इसमें 'वननदी' पाठ भी माना गया है; जैसा कि ऊपर उद्धरण दिया गया है। सुमति, वल्लभ तथा विल्सन (Wilson) 'नग-नदी' पाठ देते हैं, जिसका अर्थ 'पहाड़ी नदी' है।

1330 वन्द्यैः (पू० 12.2.7.13) वन्द्य+भिस्; विशेषण, तृतीया, वहुवचन; न केवलं भवतः सख्यादेवास्य पर्वतस्य सभाजनं कार्य, विशिष्टपुरुषपरिग्रहाच्च इत्याह 'वन्द्यैः पुंसामिति (प्रदीप); नमस्कर्त्तुं योग्यैः (चरित्र०); आराधनीयैः (संजी०); दर्शनमात्रेण तेषां पुरुषार्थसाधकैः (विद्युल्लता); नमस्कार्यैः (सुबोधा); पुंसां वन्द्यैरित्यनेन निखिलकलुषापहारित्वान्महानुभावता (सुबोधा); वन्दितुं योग्यानि, तैः।

1331 वपुः (पू०15.3.12.34) वपुष्+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; शरीरम् (चरित्र०); शरीरम् (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग पैंतीस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—कुमार० (14), रघु० (11), शाकु० (6), विक्रम० (2), मालवि० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1332 वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयम् (पू० 2.4.14.69) वप्रक्रीडा+सुप्+परिणत+सु+गज+अम्+प्रेक्षणीय+अम्; तत्पुरुष समास; विशेषण, द्वितीया एकवचन; वप्रक्रीडा तटाघातक्रीडा तदर्थं परिणतः तिर्यक् दन्तप्रहारवान् गजः। अनेन विशेषणे मत्तगजदर्शनात् कार्यसिद्धिर्भवति इति सूचितम्। अत्र महायात्रायां वराहमिहिरः—

ज्वलितशिखिफलाक्षतेषुभक्षद्विरदमृदङ्गकचामरायुधानि।
मरकतकुरुविन्दपद्मरागस्फटिकमणिप्रमुखाश्च रत्नभेदाः।।

स्वयमपि रचितान्ययत्नतो वा यदि कथितानि भवन्ति मङ्गलानि इति (प्रदीप); तथा वप्रस्य तटस्य क्रीडा विदारणं तत्र परिणतस्तिर्यग्दन्तप्रहारश्चासौ गजश्च तद्वत् प्रेक्षितुं योग्यो रमणीयो यस्तम्। उपामालङ्कार: (चरित्र०); वप्रक्रीडा उत्खातकेलय: तासु परिणतास्तिर्यग्दन्तप्रहार: स चासौ गजश्च तमिव प्रेक्षणीयं दर्शनीयम्। गजप्रेक्षणीयमित्यत्र इवलोपात् लुप्तोपमा (संजीवनी); गिरितटविहारे दन्ताभ्यां तिर्यक् प्रहरन्तं द्विपेन्द्रमिव लोचनहरम्। 'वप्र: पितरि ना न स्त्री क्षेत्रे रोधसि सानुनि' इति वैजयन्ती। 'तिर्यग्दन्तप्रहारस्तु गज: परिणतो मत:' इत्यमर:। श्यामलरूचो गजेन्द्रस्योपमानत्वात् सलिलगर्भो नीलमेघ इत्यवसीयते। अत्र उपमालंकार:। अथवा तादृशानां गजानां तत्र विद्यमानत्वात् तेषां मध्ये किमन्यतमोऽयमिति दृश्यमानमित्यर्थ:। तदा सन्देहालंकार:, भ्रान्तिमान् वा (विद्युल्लता); वप्रो रोध: पर्वत तटमित्यर्थ: समुन्नतभूभाग इत्यर्थो वा, तत्र क्रीडया परिणत: कृतदन्ताघातो यो गजो हस्ती तद्वत् प्रेक्षणीयं दृश्यम्। एतेन विरहे कामोद्दीपकमेघदर्शनमयुक्तमिति मेघबुद्ध्या न दृष्टवान्। किन्तु ईदृशगजबुद्ध्या दृष्टवानिति सूचितमिति केचित्। वास्तवन्तु मेघदर्शनं यादृच्छिकम् (सुबोधा); वप्रेति मत्तगजवत् प्रेक्षणीयत्वेन सामर्थ्यञ्च सूचितं, सौहार्दसामर्थ्यवतानेन कार्यं साध्यते इति।

गजप्रेक्षणीयमिति समासोपमेयं, समासेनैवोपमेयभावस्य प्रतीयमानत्वात्। तथा च—

यथा कथञ्चित् सादृश्यं यत्रोद्भूतं प्रतीयते।
उपमा नाम सा तस्या: प्रपञ्चोऽयं नियम्यते।। इति।

280040

परिणतपदेन तटनिमग्नदन्तत्वाद् बहुलत्वाद् दन्तादर्शनाच्च द्विरद-जलदयो: सम्यक् साम्यं युक्तम्। परिणतपदेन कुम्भस्थलदर्शनात् स्वनायिकास्तनवैक्लव्यं सूचितमिति **साहित्य रत्नाकर:**। "वप्र: पितरि केदारे वप्र: प्राकाररोधसो" रिति **धरिणी**। 'दन्ताघाते द्विरद: परिणत इति कीर्त्यते सद्भि" रिति **संसारावर्त्त:**। "तिर्यग्गतप्रहारस्तु गज: परिणतो मत" इत्यत्र। (सुबोधा); प्राचीर (दीवार के समान नदी के किनारे आदि) से टक्कर मारने के खेल में तिरछे झुके हुए हाथी के समान देखने योग्य (अर्थात् सुन्दर) वप्रक्रीडायाम् परिणत: गज: तद्वत् प्रेक्षणीय:, तम्। वप्रक्रीडा को उत्खातकेलि भी कहते हैं। वप्र का अर्थ है कोट की दीवार, प्राचीर। अत: प्राचीर जैसी वस्तु-नदी का किनारा, पर्वत का भाग आदि वप्रक्रीडा में बैल, भैंसा, हाथी आदि नदी किनारे आदि से अपने दाँतों, सींगों आदि से टक्कर मारते है। परिणत (दाँतों से टक्कर मारने के लिए टेढ़ा) झुका हुआ है। यह एक पारिभाषिक शब्द है, जो हाथियों के दीवार आदि से खेल में दाँतों की टक्कर मारने के लिए प्रयुक्त होता है। प्रेक्षणीय—प्र+√ईक्ष्+अनीय। देखने योग्य, सुन्दर। इस उपमा का आधार बादलों का हाथी, भैंसा, पर्वत आदि के रूप में दिखाई पड़ना है। यात्रा आदि में मस्त हाथी का दर्शन शुभ शकुन है। टीले से मिटटी उखाड़ कर खेल में तिरछे दाँतों से प्रहार करते हुए हाथी के समान दिखाई देने वाले। सम्भवत: यह उपमा इसलिए दी गई है; क्योंकि बादल कई प्रकार की विचित्र आकृतियों को धारण करता है; जैसे—हाथी, भैंसा, सुअर, बैल आदि। देखिये पार्श्वा 'महिषाश्च वराहाश्च मत्तमातङ्गरूपिण:'। वप्र का अर्थ किले के आस-पास की दीवार या कच्ची दीवार से है; सो 'वप्रक्रीडा' से सींगों या दाँतों द्वारा इस प्रकार की दीवार के साथ टक्कर मारने का अर्थ विवक्षित है। देखिए—रघु० सर्ग-V श्लोक 44—नि:शेषविक्षालित- धातुनापि वप्रक्रियामृक्षवतस्तटेषु। नीलोर्ध्व........ कुण्ठितेन'।। शिशु० IV, 29. परिणतदिक्करिकास्तटी बिभर्ति।' परिणत०—शब्द का एक पार्श्व से तिरछे होकर दाँतों द्वारा प्रहार करने वाला हाथी' अर्थ है। देखिये—तिर्यग्दन्तप्रहारस्तु गज: परिणतो मत:। हलायुध II. 65. गज शब्द पृथक् आने से प्रकृत पद्य में 'परिणत' शब्द विशेष्यता को छोड़कर केवल विशेषणता का ही प्रतिपादक है।

1333 वय: (उ० 4.4.21.67) संज्ञा; वयस् (नपुं०) प्रथमा० एकवचन, अवस्था। "खगबाल्यादिनोर्वय:" इत्यमर:।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग आठ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग

कुमार० में चार बार (1.31; 5.16; 5.41; 6.44) तथा रघु० में तीन बार (2.47.; 9.47; 11.1) हुआ है।

1334 वरम् (पू० 6.4.19.40) अव्यय; ईषत्प्रियम्, 'वरिष्ठाश्रयणे तु वर' इति वक्तव्यम् अत्रामर सिंह:। देवादृतेवरश्रेष्ठे त्रिषुक्लीवे मनाक्प्रिये (प्रदीप); अलाभात् अप्रिया च भवतीत्यभिप्रायेण मनाग् प्रियं इत्युक्तम्। (प्रदीप); वरं प्रियम्। देवादृतेरवश्रेष्ठे त्रिषु क्लीवमनाक्प्रियम् इति यादव:। (चरित्र०); ननु याचकस्य याञ्चायां याञ्चागुणोत्कर्ष: कुत्रोपयुज्यत इत्याशङ्क्याह। दैवात् याञ्चाभङ्गेऽपि लाघवदोषाभावा एवोपयोग इत्याह। वरं ईषत्प्रियम्। दातुर्गुणाढ्यत्वात् प्रियत्वं याञ्चा वैफल्यात् ईषत्प्रियत्वमिति भाव:। देवादृतेवरश्रेष्ठे त्रिषु क्लीवं मनाक्प्रिये' इत्यमर: (संजी०); ननु त्वत्प्रार्थितं मया दुष्करं चेत् सुकरमपि नवा क्रियते, तदानीं प्रणयभङ्गेन-मानक्षतिर्भवतो भाविनीत्याशङ्क्य तन्नेत्याह। 'वरं क्लीवे मनाक् प्रिये' इत्यमर:। उभयत्र अपि शब्दो अध्याहर्त्तव्य:। मोघत्वेऽपि श्लाध्यत्वं अमोघत्वेऽपिऽश्लाध्यत्वं च याञ्चाया: पूर्वत्र याचितु: सतामगर्हणीयत्वात् उत्तरत्र अन्यथाभावञ्चेति ग्राह्यम् (विद्युल्लता); ननु संनिहित: कश्चित् पर्वतादि: याञ्चतां इति मेघवाक्यमाशङ्क्य गुणवतीयाञ्चा न दोषयति भवान् याच्यते इत्यवगमयन् आह वरं मनागिष्टा दैवाधीनफलत्वेन जनापवादाभावात् न तु सर्वथैव इष्टा यदुक्तं मरणे यानि चिह्नानि तानि चिह्नानि याचने इति (सुबोधा); श्रेष्ठा (सुबोधा); यदि तु वरं प्रशस्तमित्युच्यते तदा सामान्योपक्रमेण विशेषाभिधानं यथा द्विगुरेकवचनमिति, एतच्च द्विगुसूत्रेऽनुन्यासे उक्तमिति **टीकाकार:** (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में दो बार (5.50; 7.70), मालवि० मे दो बार (3.3; 3.15), रघु० (2.63) तथा शाकु० (4.15) में एक-एक बार हुआ है।

1335 वर्णचौरे (पू० 49.1.6.12) वर्ण+ङस्+चौर+ङि; विशेषण; तत्पुरुष; सप्तमी, एकवचन; दीप्तिमुषिनीलकान्तौ इत्यर्थ: (चरित्र०); वर्णस्य कान्ते: चौरे:, तत्तुल्य वर्ण इत्यर्थ: (संजी०); नीलिम्नोऽपहर्त्तरि। अन्यदीयद्रव्यस्या-स्मिन्दर्शने चौर्यशङ्कोपपत्तेर्भगवद्वर्णसाम्यस्यास्मिन्नुपलब्धेश्च लक्षणया सदृशे चोरशब्दप्रयोग:। अथवा अभवद्वस्तु-सम्बन्धत्वेनोपमापरिकल्पिका निदर्शनेयम्। अथवा नारायणीयं लावण्यसर्वस्वं त्वयि दृश्यते; तत्सर्वथा त्वया मुषितम्; न जानीमस्तत्र किञ्चिदवशिष्टं वा न वेति सोत्प्रासवचनम्। एतदिन्द्रनीलत्वोत्प्रेक्षानिदानम् (विद्युल्लता); कान्तिहारके तद्वर्णसमानवर्णे कृष्णवर्णे (सुबोधा); रंग को चुराने वाले। यह समानता को बताने के लिये काव्यमय वर्णन है। ऐसा ही वर्णन अगले पद्य में 'कुन्दक्षेपानुगमधुकरश्रीमुषाम्' में है।

1336 वर्णमात्रेण (पू० 52.4.20.43) वर्णमात्र+टा; संज्ञा, तृतीया, एकवचन; पापकार्ष्ण्याभ्यां मुक्तद्रव्यवाचिन: शुद्धशब्दस्य श्रवणात् तव कृष्णवर्णलोपो न शङ्कनीय इत्याशङ्क्याह वर्णमात्रेण कृष्ण इति। वर्णमात्रेण वर्णेन एव तव चारुत्वहेतु: कृष्णवर्णस्य विपर्ययो न भवति इत्यभिप्राय: (प्रदीप); वर्णेन एव न तु पापेन इत्यर्थ: (संजी); वाह्यरूपेणैव श्याम: सलिलगर्भस्यैव नैल्योदयात्, मलिन इति च स्फुरति। 'मात्रं कार्त्स्न्येऽवधारणे' इति वैजयन्ती (विद्युल्लता); केवलं वर्णेन (सुबोधा)।

1337 वर्द्धित: (उ० 14.3.14.32) वृध्+णिच्+क्त+सु; विशेषण; प्रथमा; एकवचन; उदकसेकादिना वृद्धि प्रापित: (चरित्र०); पोषित: (संजी० 14); सेकादिना पोषित: (पंचिका); पयोदानादिना वृर्द्धिप्रापित: प्रतिपालित इत्यर्थ:। प्रेमाविष्कृतिरियम्। अत एवोद्यानप्रशंसायां प्रथममेव तत्स्मरणम् (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में एक बार (2.19) हुआ है।

1338 वर्त्म (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 19.2.7.37; 42.2.10.14)** वर्त्मन्+अम्, संज्ञा, द्वितीया एकवचन; उदयवर्त्म। त्वया प्राचीमुखे निरुद्धे प्रणयिनो रात्रिशङ्कया प्रभातेऽपि खण्डितानां प्रसादं न कुर्यु:। अतो भानोरुदयवर्त्म

त्यजेत्यभिप्राय:। सोऽपि भानुरपि नलिन्या: खण्डिताया: इत्येव। तस्या खण्डितात्वं भानोर्देशान्तरगमनात् (प्रदीप); मार्गम् (42 चरित्र०); मार्गम् (संजी० 19); मार्गम् (विद्युल्लता 19); पन्थानम् तत्प्रसिद्धं परमूर्ध्ववर्त्म वा (सुबोधा 19); पन्थानम् (सुबोधा 42)।

1339 वर्षभोग्येण (पू० 1.2.7.32) वर्ष+अम्+भोग्य+टा; द्वितीया तत्पुरुष; विशेषण; कृत्स्नैक वर्षभोग्येण, 'अत्यन्तसंयोगे च' 2.29 इति समास: (प्रदीप); वर्षेण संवत्सरेण सम्भुज्यते समाप्यते वर्षभोग्य:। यद्वा वर्ष भोग्य: 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' द्वितीया (चरित्र०); संवत्सरभोग्येण, 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' इति द्वितीया, 'अत्यन्तसंयोगे च' इति समास:, 'कुमति च' इति णत्वम् (संजी०); संवत्सरम् अनुभाव्येन। 'वर्षोऽस्त्री भारताद्यब्दवृत्तिषु प्रावृषि स्त्रियाम्' इति वैजयन्ती। 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' इति द्वितीया। 'अत्यन्तसंयोगे च' इति समास:। एतेन प्रणिपातप्रसादितेन प्रभुणा एकवर्षावधि: शाप: कृत: इति अवसीयते। कुपितदशायामवधि-विधानानुपपत्ते:। शापस्य भोग्यत्वं नाम फलत: प्रियाविरहरूपात् निग्रहान्तरेऽपिशक्तस्य एतावता क्रोधनिवृत्तिर्महालाभ:, अप्रतिविधेयत्वात् इति द्योत्यते (विद्युल्लता); वर्षभोग्येण वर्षं संवत्सरं व्याप्य अविच्छेदेन भोग्येन अनुभवनीयेन। वर्षे भारतखण्डे भोग्येन, मनुष्यलोकवासस्य नरकवासतुल्यत्वात् शापस्यातिशयदु:सहत्वं सूचितमिति अन्ये (सुबोधा); वर्षभोग्येण इत्यनेन वियोगिनामेकोऽपि ऋतुर्दुसह: किं पुन: षड्ऋतुरूप: संवत्सर: इति शापस्यातिशयदु:सहत्त्वं सूचितम्। किंवा अस्तंगतस्य सूर्यदेरिव अस्य यक्षस्य पुनरुदय: शापान्तेऽवश्यं भवतीति सूचितम् (सुबोधा); एक वर्ष (की अवधि) तक भोगे जाने वाले। वर्षे भोग्य: तेन। शाप का विशेषण है। क्रिया (=भोग) के सतत होने से अत्यन्त संयोग में द्वितीया आई है। 'कुमति च' से न् को ण् हो गया है।

1340 वर्षाग्रविन्दून् (पू० 38.3.12.46) वर्षाग्र+ङि+विन्दु+शस्; तत्पुरुष; संज्ञा, द्वितीया, बहुवचन; प्रावृट्प्रथमविप्रुष: (चरित्र०); वर्षस्य अग्रविन्दून् प्रथमविन्दून् (संजी०); अग्रविन्दून् प्रथमजलकणान्, अन्येषाभुद्वेगजनकत्वात् (विद्युल्लता); वृष्टिप्रथमजलकणान् (सुबोधा)।

अग्रविन्दु शब्द का अर्थ मल्लिनाथ ने प्रथम बिन्दु किया है। हमने उसका अर्थ 'बड़ी-बड़ी बूँदे' ऐसा समझा है, जिन्हें मेरठ की बोली में बुन्दाकडे या सावन के सरवरे कहते हैं। कालिदास ने मेघ की आकृति, रूप, ध्वनि, गति, विद्युत् और वृष्टि इन छह बातों का यथासम्भव अनेक रूपों में उल्लेख किया है। मेघ की बूँदें भरन, फुहार, बुन्दाकडे आदि जितने रूपों में बरसती हैं, उन सब का ही उल्लेख मेघदूत काव्य में कहीं-न-कहीं आ गया है। बुन्दाकडे एकदम से बरसने लगते हैं और कुछ क्षणों बाद ही बन्द हो जाते हैं। उसी की ओर कवि का संकेत है।

1341 वलयकुलिशोद्घट्टनोद्गीर्णतोयम् (पू० 64.1.3.15) वलय+सु+कुलिश+टा+उद्घट्टन+भिस्+उद्गीर्ण+सु+तोय+अम्; बहुव्रीहि, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; वलयमेव कुलिशं वलयकुलिशं तेन वलयकुलिशेन ऊर्ध्वप्रोतत्वं वलयकुलिशोद्घट्टनम्। कुलिशग्रहणेन उद्घट्टनसाधनत्वमुक्तम् (प्रदीप); वलयमेव कुलिशं तेन यद् घट्टनं तेनोद्गीर्ण वान्तं तोयं येन स तम् (चरित्र०); वलयकुलिशानि कङ्कणकोटय:, शतकोटिवाचिना कुलिशशब्देन कोटिमात्रं लक्ष्यते, तैरुदघट्टनानि प्रहारा: तै: उद्गीर्ण उत्सृष्टं तोयं येन तम् (संजी०); वलयकुलिशै: हेमकङ्कणस्थहीरकैर्यानि उद्घट्टानि क्षतानि तैरुदीर्णतोयं निर्गतजलं (सुबोधा)।

इन शब्दों के मूल में वस्तुस्थिति इस प्रकार है। कैलास के क्षेत्र में पहुँचने पर अत्यधिक शीत से मेघ का बाह्य आवरण बरफ के रूप में जम जाता है, किन्तु उसके भीतर जल भरा रहता है (स्तम्भितान्तर्जलौघ:)। अतिशीत प्रदेशों में बरफ जमने का यही प्राकृतिक नियम है। नदी या समुद्र की ऊपरी सतह पर बरफ जम जाती है और उसके नीचे जल भरा रहता है। बाहर से ठोस और भीतर जल से पूर्ण मेघ में सुरबालायें अपने

कंगनों में जड़े हुए हीरों की ठकठक चोट से जब छेद कर देती हैं, तो भीतर का जल फूट निकलता है और मेघ का स्वरूप बने-बनाये फव्वारे का हो जाता है।

वलयकुलिशानाम् उद्घट्टनेन उद्गीर्णं तोयं यस्य, तम्। वलयकुलिश—मल्लिनाथ ने इसका अर्थ 'कड़ों के किनारे' किया है। परन्तु यहाँ 'कुलिश' को वज्र के अर्थ में लेना ही उचित है। वेद में भी इन्द्र अपने वज्र के प्रयोग से ही बादलों को वर्षा करने पर बाधित करता है। अत: इसका विग्रह 'वलया: एव कुलिशा:' होगा। श्री काले ने इसका विग्रह 'वलया: कुलिशा: इव' किया है। यह भी अच्छा है। इसका अर्थ—'वज्र के समान, अर्थात्—वज्र का काम देने वाले कड़े' बनता है। कुछ विद्वानों ने 'कुलिश' का अर्थ मणि किया है। परन्तु यह पद इस अर्थ में नहीं आता है। न ही उस अर्थ से इष्टसिद्धि होती है; क्योंकि मणियों से वर्षा नहीं होती है। सारो०, महिमसिंह और सु०वि० का पाठ कुलिशवलयोदघ्रो० है। वे इसका विग्रह इस प्रकार करते हैं—कुलिश संयुक्तानि हीरकविद्धानि वलयानि कुलिशवलयानि तेषामुद्घट्टनं तेनोद्गीर्णं वान्तं तोयं येन। उद्गीर्ण-उद्+√गृ (गिरना)+क्त।

1342 **वल्मीकाग्रात्** **(पू० 15.2.6.24)** वल्मीक+ङस्+अग्र+ङसि; तत्पुरुष, संज्ञा, पंचमी, एकवचन; वल्मीकाग्रात् प्रभवति तदन्तर्गतसर्पशिरोरत्नच्छायाव्यतिकर इव प्रेक्षणीयं धनु: खण्डं वल्मीकाग्रात् प्रभवति इत्यर्थ:। वल्मीकाग्रात् इन्द्रधनुष: प्रादुर्भाव उक्त: संहितायाम्। जलमध्येऽनावृष्टिभुविशस्यवधस्तरुत्थिते व्याधि: वल्मीके शस्त्रभयं निशिसचिववधाय धनुरैन्द्रम्।। इति। अनेन अर्थेनापि निमित्तं सूचितम्। तथाह महायात्रायां 'चापमैन्द्रमनुलोमखण्डं प्रोज्वलद्वहलमायतमिष्टमिति (प्रदीप); वामलूरविवरात्; वामलूरश्च नाकुश्च वल्मीकं पुंनपुंसकम्' इत्यमर: (संजी०); वल्मीकाग्रादपि पाकशासनशरासनोदय:। उक्तं च संहितायाम्—'जलमध्येऽनावृष्टिर्भुवि शस्यवधस्तरुत्थिते व्याधि:। वल्मीके शस्त्रभ्यं निशि सचिववधाय धनुरैन्द्रम्' इति (विद्युल्लता); ऊयिकाकृतकृतमृत्स्तूर्पाग्रात् (सुबोधा); वल्मीकाग्रादिति "वासुकिफण—मणिगणद्युतिर्वल्मीकरन्ध्रान्नि:सृत्य नभसि समेधे शक्रधनुराकारमापद्यते" **इत्यागम**:। मतान्तरे वल्मीकाग्रात्पर्वताग्रादिति च व्याचक्षते। सूर्यकरा हि वाताक्षिप्ता धनूरूपा इन्द्रधनुरुच्यते। तथा च **ज्योतिषे**—"सूर्यस्य विविधवर्णा: पवनेन विघट्टिता: करा: साभ्रे। विहायसि धनु:संस्था दृश्यन्त इन्द्रधनुरुक्तं तद्वे" ति।।—"वामलूरे गिरे: शृङ्गे वल्मीकपदमिष्यते" इति **संसारावर्त**:। 'वल्मीक: सातपोमेघ' इति **कश्चिद**भिधानं पठति। वल्मीक: सूर्य इति **केचित्** (सुबोधा)। इस शब्द के अर्थ के विषय में टीकाकारों के कई मत हैं। मल्लिनाथ ने साँप की बाँबी का अर्थ किया है। भरत का भी यही मत है, किन्तु उन्होंने व्याख्या करते हुए इतना और लिखा है कि पाताल से वासुकि नाग के फणों में लगी हुई मणियों की कान्ति बाँबी से उठकर आकाश में छिटकती है, वही इन्द्रधनुष है। 'मेघदूत' के टीकाकार सनातन ने वल्मीक शब्द का अर्थ पर्वत और अग्र का अर्थ शिखर किया है। अतएव उनके अनुसार वल्मीकाग्र=पर्वत शिखर। उन्होंने 'शब्दार्णवकोश' का एक प्रमाण दिया है। वामलूरे गिरे: शृङ्गे वल्मीकपदमिष्यते। एक दूसरे टीकाकार रामनाथ ने मुक्तावली नामक टीका में यह प्रमाण दिया है—

वल्मीक: सातपो: मेघ: वल्मीक: सूर्य इत्यपि 'अर्थात् वल्मीक वह मेघ है, जिस पर धूप पड़ रही हो। तभी सूर्य की किरणें इन्द्रधनुष के आकार में दिखाई देती हैं। इस सम्बन्ध में वराहमिहिर ने भी ज्योतिष शास्त्र का प्रमाण दिया है—

सूर्यस्य विविधा वर्णा पवनेन विघट्टितकरा: साभ्रे।
वियति धनु: संस्थाना: ये दृश्यन्ते तदिन्द्रधनु:।

वस्तुत: वर्षाकाल में मेघों के जलकणों पर सूर्य की धूप पड़ने से आकाश में इन्द्रधनुष दिखाई देता है। इन्द्रधनुष का वैज्ञानिक कारण तो यही है। किन्तु इसमें सन्देह है कि कालिदास इस तथ्य की ओर

उल्लेख कर रहे हैं अथवा किसी लोक-विश्वास पर आश्रित कवि-कल्पना की ओर। हमने मल्लिनाथ का अर्थ ही रखा है।

कुछ लोगों की यह धारणा है कि इन्द्रधनुष वल्मीक में रहने वाले साँप की मणि से उत्पन्न होता है—इन्द्रचापं किल वल्मीकान्तर्व्यवस्थितमहानागशिरोमणिकिरणसमूहात् समुत्पद्यते। वल्लभ ने वल्मीक का अर्थ 'सातपो मेघ:' भी किया है। एक और टीकाकार ने इसका अर्थ 'सूर्य' किया है। इन अर्थों में तो इन्द्रधनुष की वैज्ञानिक उत्पत्ति स्पष्ट ही है। वल्मीक का मूल अर्थ क्या था, यह कहना कठिन है। कोषों के टीकाकारों ने इसकी व्युत्पत्ति वलन्ते (संवृता भवन्ति) दी है। बृहदारण्यकोपनिषद् में इसका अर्थ 'चींटियों का भिट्टा' ही है। सम्भवत: इसकी व्युत्पत्ति 'वलते संवृणोति अनेन तत् वल्मीकम्' (उ० 4.25) है। आरम्भ में इसका अर्थ 'मेघ' रहा होगा। श० 6.3.3.4.6 में इसका सम्बन्ध यजु० 11.16; 17 से जोड़ा है। तै० 3.7.2.1 में वल्मीक को 'प्रजापति सम्बन्धी' बताया है। यद्यपि यहाँ प्रजापति का व्याख्यान 'यज्ञ' किया गया है, तो भी आरम्भ में यह प्रजापति=सविता=यज्ञ ही होगा; क्योंकि प्रजापति सविता भी है। चींटियों का भिट्टा भी वल्मीक कहलाता था। भ्रम से दोनों को एक समझा गया। अत: इन्द्रधनुष की उत्पत्ति का वैज्ञानिक पक्ष लौकिक कहानी में आवृत हो गया। शाकु० 7.11 में प्रयोग तथा पूर्वोल्लिखित गाथा के आधार पर वल्मीक का अर्थ 'वाल्मीक आश्रम' करना सम्भव नहीं।

इस पर सारोद्धारिणी टीका यों है—"इन्द्रचापं किल वल्मीकान्तर्व्यवस्थितमहानागशिरोमणिकिरणसमूहात् समुत्पद्यते।" सारो० ने वल्मीक का अर्थ 'सातपो मेघ:' किया है, परन्तु इसके लिए कोई प्रमाण नहीं दिया। केचिदनन्तकुलोरगनिश्वासोद्भूतमाहुराचार्या:।

1343 वसति: (पू० 7.31.4.34) वसति+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; स्थानम् (चरित्र०); स्थानम् (संजी०); वास: (विद्युल्लता); राजधानी, इत्यनेन निरुपमविभूतिशालित्वात् अतिदर्शनीयतया अवश्याभिगमनीयतां व्यनक्ति (विद्युल्लता); वसतिर्निवासस्थानम् (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (11.33; 15.11) तथा शाकु० (2.15) में एक बार हुआ है।

1344 वसतिम् (पू० 1.4.13.57) वसति+आम्; संज्ञा, द्वितीया एकवचन; पदम् (प्रदीप); अवस्थानम् (चरित्र०); 'वही वस्यर्तिम्यश्च' इत्यौणादिको 'अति' प्रत्यय: (संजी०); स्थितिम् (सुबोधा), वसति: औणादिकोऽति:। (सुबोधा)।

√वस्+क्तिन्। निवास

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग छह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (6.77; 16.22), कुमार० में दो बार (4.11; 6.37) तथा विक्रम० (4.43) में एक बार हुआ है।

1345 वसन्तम् (12.1.6.11) वस्+शतृ+अम्; विशेषण; द्वितीया; एकवचन, तिष्ठन्तम् (चरित्र०); वर्त्तमानम् (संजी०); आसीनम् (पंचिका); तिष्ठन्तम् (सुबोधा); 'वसन्तम्' से तात्पर्य है गृहस्थ की तरह रहने वाले न कि आते-जाते रुक जाने वाले। इन सारे अर्थों की व्यञ्जनाएँ बड़े ही निपुण ढंग से पूर्णसरस्वती ने स्पष्ट की है—"वसन्तन्न तु चरन्तम्; गृहाभिमानेन सदा निषीदन्तमित्यर्थ:। अनेन तादृशे देशे किञ्चिदप्यपराध्यत: प्रचण्डदण्डापत्तिर्द्योत्यते।"

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त रघु० में इसका प्रयोग एक बार (13.63) हुआ है।

1346 **वस्तुनि (उ० 51.4.22.38)** वस्तु+ङि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; प्रयोजनादिविषये (प्रदीप); विषये (संजी०); अर्थे (पंचिका); पदार्थे (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में एक बार (106.4) हुआ है।

1347 **वहति** (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 66.3.17.28; उ० 12.2.10.15)** वह्+लट्; प्रथम पुरुष, एकवचन; तिङन्त; दधाति (चरित्र 12); विभर्त्ति (संजी० 66); विभर्त्ति (संजी० 12); आदत्ते, स्वव्यापारान् कुरुते इत्यर्थ: (पंचिका 12); धारयति (सुबोधा 66); धारयति (सुबोधा 12);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग छह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में दो बार (1.1; 7.6) रघु० (13.61) तथा ऋतु० (3.21) में एक एक बार हुआ है।

1348 **वा** (एकादशवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 57.4.14.55; उ० 24.1.7.20; 24.2.10.30; 24.3.14.36; 22.4.23.39; 25.1.2.4; 26.1.14.14; 26.3.8.23; 48.3.22.30; 54.2.7.21; 54.2.10.24)** अव्यय; वा शब्द इवार्थे (चरित्र 22); इव, 'इव वद् वा यथा शब्दौ' इति दण्डी (संजी० 22); वा शब्दो विकल्पे, 'उपमायां विकल्पे वा' इत्यमर: (संजी० 24); वा शब्द इवार्थे (पंचिका 24); वा शब्दोऽर्थान्तरयासद्योतने (सुबोधा 57); वा शब्द इवार्थे: वा विकल्पोपमानयोरिति रन्ति: (सुबोधा) वा शब्दोऽस्ति (सुबोधा) वा शब्दो द्वाभ्यां सम्बन्धनीय: (बलिव्याकुला मत्सादृश्य) (सुबोधा) वा शब्द एवार्थे (सुबोधा 25); यह 'इव' के अर्थ में आया है—'उपमायां विकल्पे वा' इत्यमर:। प्रकरण मे 'वा' आवश्यक है अन्यथा क्रमभङ्ग हो जाता है तथा उसका अध्याहार करना पड़ता है। मल्लि० ने 'वा' का कोई अर्थ नहीं किया है। 'वा' के बहुत से अर्थ होते हैं। यहाँ इसका 'निश्चय से' अर्थ है। देखिये—अमरकोश-स्युरेवं तु पुनर्वैवेत्यवधारणवाचका:'। का० पा० ने 'के वा' के स्थान में 'केषाम्' पाठ दिया है, परन्तु इस पाठ में अर्थ में कोई भेद नहीं आता। यहाँ 'वा' का अर्थ इव (समान, नाँई) है। 'वा' अव्यय शब्द है, जो निम्न अर्थो में प्रयुक्त होता है—(1) समुच्चय (और, अन्य) (2) उपमा (समान) (3) विकल्प (या, अथवा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग पचहत्तर बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शेष ग्रन्थों में इस प्रकार है—रघु० (17), विक्रम० (17), शाकु० (11), मालवि० (10), कुमार० (9)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश:'।

1349 **वाचालम् (उ० 33.3.13.25)** वाचाल+अम्; विशेषण, द्वितीया एकवचन; यत्किंचन वादिनम् (चरित्र०); बहुभाषिणम् 'स्याज्जल्पकस्तु वाचालो वाचाटो बहुगर्ह्यवाक्, इत्यमर:, 'आलजाटचौवहुभाषिणी' इति आलच् प्रत्यय: (संजी०); यत्किञ्चनभाषिणम् (पंचिका); वाच्+आलच्। व्यर्थ की अनर्गल बातें करने वाला। तुलना करो—स्याज्जल्पकस्तु वाचालो वाचाटो वहुगर्ह्यवाक् अमरकोष। वाच् के आगे आलच् और आटच् प्रत्यय इसी अर्थ में आते हैं। इसके विपरीत विवेकपूर्ण बातें करने वाले को वाग्मिन् कहते हैं।

बहुभाषी के अर्थ में वाच् से आलच् और आटच् प्रत्यय लगते हैं। पाणिनि का सूत्र है—"आलजाटचौ बहुभाषिणि (5.2.125)"। वार्तिक से यह स्पष्ट हो जाती है कि आलच् या आटच् कुत्सित बहुभाषण के अर्थ में लगते हैं—"कुत्सित इति वक्तव्यम्।" आशय यह कि 'वाचाल' उसे कहते हैं, जो बेहूदे ढंग से बहुत बोला करता है। अमरकोश का कथन है—"स्याज्जल्पकस्तु वाचालो वाचाटो बहुगर्ह्यवाक।' एक बात ध्यान देने की है कि कालिदास ने यह प्रयोग पाणिनि के सूत्रानुसार किया है न कि वार्तिक के अनुसार। यहाँ पर कोई भी कुत्सित बात यक्ष ने न तो अपनी प्रियतमा के सम्बन्ध में कहीं और न मेघ के और न ही अपने ही संवंध में। अत: 'वाचाल' का तात्पर्य यहाँ बहुभाषी मात्र से है। 'अमरकोश' का भी काल कालिदास के

बाद का ही होना चाहिए; क्योंकि वह भी वार्तिकानुसारी अर्थ ग्रहण करता है। कालिदास ने यहाँ पर यक्ष से उसके लिए 'वाचाल' का प्रयोग अधिक वर्णनपरता के अर्थ में ही कराया है। पूर्णसरस्वती ने इसका भाव ठीक ही स्पष्ट किया है–"वाचालं बहुभाषिणं तद्विरहदशावर्णनवचनमुखरमित्यर्थः।" मल्लिनाथ ने भी–"मां वाचालं बहुभाषिणं न करोति।" या तो इस वार्तिक का ज्ञान कालिदास को न था अथवा उनका रचनाकाल वार्त्तिककार से पूर्ववर्ती रहा हो; कुछ और ऐसे तत्त्व भी महाकवि की रचनाओं में पाये जाते हैं।

1350 **वातैः (पू० 65.3.13.43)** वात+भिस्; संज्ञा, तृतीया, बहुवचन; मेघवातैः (संजी०); सुखद पवन; दर्शनिनालकाप्रवेशाय मङ्गलं ध्वनितम्। उक्तञ्च–" प्रवेशे निर्गमे चैव मङ्गलामङ्गले समे" इति (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में भी एक बार (1.38) हुआ है।

1351 **वान्तवृष्टिः (पू० 20.1.5.12)** वान्ता+सु+वृष्टि+सु; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा एकवचन; अनेन वर्षोत्सर्गश्छर्दिश्च (प्रदीप); वान्तवृष्टिस्सन् (चरित्र०); उद्गीर्णवर्षस्सन्, कृतवमनश्च व्यज्यते (संजी०); वान्ता उद्गीर्णा आविष्कृता वृष्टिर्वर्षणं येन तादृशस्त्वम् (सुबोधा)।

वान्ता वृष्टयः येन सः। बरसा हुआ। 'वान्त' शब्द अश्लील है; क्योंकि इसके सुनने से कै की याद आने से घृणा उत्पन्न होती है। अतः यहाँ ग्राम्यता दोष मालूम पड़ता है। परन्तु यहाँ पर इस पद का प्रयोग मुख्य अर्थ में न होकर गौण अर्थ में हुआ है। अतः यह यहाँ काव्य की शोभा की वृद्धि करता है। देखो दण्डी का लेख–

निष्ठ्यूतोद्गीर्णवान्तादि गौणवृत्तिव्यपाश्रयम्।
अतिसुन्दरमन्यत्र ग्राम्यकक्षां विगाहते।।

1352 **वापी (उ० 15.1.1.1)** वापी+सु; संज्ञा, प्रथमा; एकवचन; दीर्घिका (चरित्र); पद्मिनी (पंचिका); दीर्घिका। मानसादण्याधिका वापीति टीकाकृतः (सुबोधा); उप्यते पद्मादि अस्याम्। वपन्ति यत्रेपि वा। √वप्+इ (उ० 4.125) वापि+स्त्री० ई=वापी। बावड़ी। यह एक लम्बे चौड़े आकार का कुआँ ही होता है। इसमें कमलों की सत्ता मानी गई है, पर यह अनिवार्य नहीं। पर्वतों में बावड़ियाँ बहुत पाई जाती हैं। यहाँ यह शब्द 'दीर्घिका' के अर्थ में आया है। 'अमरकोश' में 'वापी तु दीर्घिका' लिखा है। वापी की व्युत्पत्ति है–"उप्यते पद्माद्यस्याम्। √डुवप् बीजतन्तुसन्ताने (भ्वादि), धातोः वसिवपियजिराजिव्रजिसादिहनिवाशिवादिवारिभ्य इञ्" (उणादि 4.125) इत्यनेनेञ्। "कृदिकारादक्तिनः"-इत्यतः ङीप्।" इस प्रकार 'वापी और 'वापि' दोनों शब्द पर्यायरूप से निष्पन्न होते हैं। 'द्विरूपकोश' का कथन है कि "वाप्यां वापिरपि स्मृता।" मतलब उस 'सगरा' से है, जिसमें चारों तरफ जल में उतरने के लिये सीढ़ियाँ या जीने बने होते हैं। बीच में कमल आदि जल में रोपित-पोषित होते हैं। यह बावड़ी नहीं है। वैसे महामहोपाध्याय डॉ० आचार्य के 'अमरकोश' की माहेश्वरी टीका में 'वापी; का अर्थ 'बावड़ी' अर्थात् 'जीनेदार कुआँ' दिया हुआ है। लल्लछिन्द की देवल-प्रशस्ति में यह शब्द 'सगरा' या 'दीर्घिका' के लिये है (Epigraphica Indica, Vol. I, pp. 79, 83)। डॉ० आचार्य की "एन्साइक्लोपीडिया ऑफ हिन्दू आर्किटेक्चर" के अनुसार 'वापी' शब्द के अर्थ 'बावड़ी', 'सेचन-कूप' और 'सर्वसामान्य तड़ाग' भी होते हैं। कवि की इस रचना की कल्पना इस बात को स्पष्ट कर देती है कि उसे 'वापी' शब्द से बँधा हुआ वह सगरा अभीष्ट है, जिसमें जीने वगैरह बने होते हैं और कमलादि उप्त होते हैं। डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल ने लिखा है–"हमारा अनुमान है कि रहट और बावड़ी दो प्रकार के विशेष कुएँ शकों के द्वारा यहाँ लाये गये। 'बावड़ी' (गुजराती बावं) के लिए प्राचीन शब्द

'शकन्धु' (शक देश का कुआँ) और रहट के लिए 'कर्कन्धु' (कर्क देश का कुआँ, कर्क ईरान के दक्षिण-पश्चिम में था)। ये नाम व्याकरणसाहित्य में सुरक्षित मिलते हैं"।

1353 **वाम:** (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 10.2.9.11; उ० 35.1.1.1)** वाम+सु; संज्ञा; प्रथमा एकवचन; वामो वामपार्श्वस्थ: (प्रदीप:); वामस्थित: (चरित्र०); वामभागस्थ:; 'वामस्तु वक्रे रम्ये स्यात् सव्ये वामगतेऽपि च' इति शब्दार्णवे (संजी०); वामभागस्थित:, चातकस्य वामभागस्थितौ प्राशस्त्यात्; यथा योगयात्रायाम् वराहमिहिर:

'चुचुन्दरीशूकरिकाशिवालिश्यामागलीपिङ्गलिकान्यपुष्टा:।
वामा: प्रशस्ता: गृहगोधिका च पुंसंज्ञका ये तु पतत्रिणश्च।।'

इति। तथा महायात्रायाम्—'न तु भाद्रपदे ग्राह्या: सूकराश्ववृकादय:।
शरद्यजागलीक्रौञ्चा: श्रावणे हस्तिचातका:।।'

इति कालविशेषनिषेधात् कालान्तरे चातकस्वरस्य प्रशस्तत्वम् (विद्युल्लता); वाम; देशस्थ: (सुबोधा 10); वाम इत्यनेनापि सम्बन्धश्चकारेण द्योतित:। ईदृक् चातकोऽपि शुभशंसी। यदुक्तं तत्र—

'वर्हिणश्चातकाश्चाषा ये च पुंसंज्ञिता खगा:।
मृगा वा वामगा हृष्टा: सैन्यसम्पद्बलप्रदा:।।' इति।

प्रशस्त: (सुबोधा 10); सव्य (सुबोधा 35)

बाई ओर चातक, मोर, हरिण आदि का आगमन शुभ माना गया है। देखो—

'वर्हिणश्चातकाश्चाषा ये च पुंसंज्ञिता: खगा:।
मृगा वा वामगा हृष्ट: सैन्यसम्पद्बलप्रदा:।।'

तथा—

'कामं वामसमायुक्ता भोज्ये भोगप्रदायिन:।
हृष्टास्तुष्टिं प्रयच्छन्ति प्रयातुर्मृगपक्षिण:।।

परन्तु श्री रामनाथ तर्कालङ्कार 'वाम:' का अर्थ 'सुन्दर' करते हैं। उनके मत में पक्षियों आदि की दक्षिण में सहर्ष स्थिति ही शुभ होती है। हिन्दुओं के मत में भी साधारणतया वाम भाग में स्थित पक्षी आदि शुभ शकुन नहीं होते । यूनानियों की विचारधारा भी श्री रामनाथ के मतानुसार ही है। परन्तु रूमवासियों के विचार वाम भाग सम्बन्धी पहले मत के समान हैं। दोनों मतों का समन्वय 'वाम:' का 'बाई और सुन्दर' अर्थ करके किया जा सकता है। कम से कम यहाँ पर कालिदास वाम भाग में ही शुभ शकुन मान रहे हैं।

यहाँ वाम (बाँयें) ऊरू के फड़कने का उल्लेख इसलिए किया है कि स्त्रियों के शरीर का वाम तथा मनुष्यों का दक्षिण भाग श्रेष्ठ माना गया है। देखिये टीका में दिया गया यह श्लोक-'वामभागस्तु नारीणां पुंसां श्रेष्ठस्तु दक्षिण:। दाने देवादिपूजायां स्पन्देऽलंकरणेऽपि च।।' और देखिये निमित्तनिदान—'ऊरो: स्पन्दाद्रतिं विद्यादूर्वो: प्राप्तिं सुवासस:।।'

1354 **वामपादाभिलाषी (उ० 17.3.15.34)** वामपाद+अम्+अभिलष्+णिनि+सु; विशेषण; प्रथमा, एकवचन; वामचरणाभिलाषुक:; यथाहं सापराध: पादप्रसादं वाञ्छामि तद्वत् (चरित्र०); चरणप्रहारानुग्रहेण तस्य विकासात् (पंचिका); वामपादस्य अभिलाषी। अथवा वामपादम् अभिलषितुं शीलमस्य। कविसमय में प्रसिद्ध है कि अशोक युवतियों के बायें पैर की लात से खिलता है। तुलना करो—कु० सं० 3.26; मालविका 3.12; वाम पाद से यहाँ वाम-पाद का प्रहार अभिप्रेत है। 'किसी सुन्दरी के बायें पैर के प्रहार से अशोक वृक्ष में फूल निकल पड़ते हैं' यह एक प्राचीन धारणा है। देखिये कुमार० III.26 'असूत सद्य: कुसुमान्यशोक

स्कन्धात्प्रभृत्येव सपल्लवानि। पादेन नापैक्षत सुन्दरीणां सम्पर्कमाशिञ्जितनूपुरेणा।' और देखिये—मालविका० III. 12 अकुसुमितमशोकं दोहदापेक्षया वा प्रणिहितशिरसं वा कान्तमार्द्रापराधाम्।। इसी नाटक के III अंक में देखिये—विदूषक—"भवति! न युक्तं नामत्रभवत: प्रियवयस्याशोको वामपादेन ताडितुम्......।" यक्ष की तरफ 'वामपादाभिलाषी' पद से अपनी पत्नी के वाम पद संवाहन (shampooing) की इच्छा व्यङ्ग्य होती है। इसके लिए देखिये अभि० शाकु० III. 'अङ्के निधाय करभोरु, यथासुखं ते संवाहयामि चरणावुत पद्मताम्रौ' इसी तरह अशोक और यक्ष दोनों वामपादाभिलाषी हैं।

'वामश्चासौ पादश्च वामपाद:। तमभिलषतीति-एवं शील: वामपादाभिलाषी। ताच्छील्ये णिनि:। श्री संसारचन्द्र ने यहाँ 'इन्' प्रत्यय बताया है; वह इनि की ओर इंगित कर रहे हैं या 'णिनि' की, कुछ पता नहीं। 'अशोक' का 'वामपादाभिलाषित्व' उसके दोहद से स्पष्ट है। महिमसिंह गणि का कथन है—"पादाहत: प्रमदया विकसत्यशोक: शोकं जहाति बकुलो मुखसीधुसिक्त:" अलंकारशेखर में इन दोनों कविसमयों को साथ-साथ प्रस्तुत करके असन्निबन्ध सिद्ध किया गया है—केसराशोकयो: सत्स्त्रीगण्डूषात् पादघातत:। मासान्तरेऽपि पुष्पाणि।" यह कविसमय कितना पुराना है, कहना कठिन है। काव्यों में तो पौर्वापर्य विवादग्रस्त होने से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है; परन्तु मूर्तिकला के नमूनों में इस बात के प्रवल प्रमाण हैं कि यक्षिणियों के 'वामपाद' का स्पर्श अशोक को लगभग 250 शक पूर्व में भी अत्यन्त अभीष्ट था। भरहुत की यक्षिणी ('कामशिल्प'—चि०सं० 9) एक अशोक से लिपटी खड़ी है। उसका वामपाद अशोक-सङ्गत है। अशोक पुष्पगुच्छों से लद गया है। इस पादाघात का ढंग भी अजीव है; बाएँ हाथ से अशोक को वेष्टित करके और फिर बाएँ पैर से भी पेड़ को लपेटते हुए पंजों को वृक्ष से सङ्गत किया गया है। यहाँ कालिदास का वाम शब्द-प्रयोग बड़ा ही उपयोगी प्रतीत होता है। वैसे कविसमय वताने वाली किसी भी उक्ति में 'वाम' शब्द नहीं मिलता। 'सह मया' की विच्छित्ति से भी कम मानसासेचन नहीं होता है। महाराज हर्ष ने लिखा है—कान्तापादतलाहतिस्तव मुदे तद्वन्ममापि।" 'वाम' को इस प्रकार का अर्थ लेने पर श्लिष्ट माना जा सकता है। 'वामाय पादाभिलाषी'—समासविग्रह को दृष्टि-पथ में रखने पर 'वाम' का अर्थ 'काम' होगा—'वामसव्ये प्रतीपे च द्रविणे चातिसुन्दरे। पयोधरे हरे कामे विद्याद्'—'विश्वप्रकाश'। 'वाम' का बायाँ अर्थ लेने पर भी उसके कामायतन होने के विशेषार्थ को ध्यान में रखा जा सकता है। "स्त्रीणां वामपादस्य कामनिकेतनत्वेन प्राधान्यम्"—विद्युल्लता। लगभग 500 शकाब्द के बादामि की तृतीया गुफा में एक आम्र के नीचे यक्ष को यक्षिणी के वामपादाभिलाषी के रूप में उत्कीर्ण किया गया है ('कामशिल्प'—चि० सं० 39)। इसी प्रकार लगभग सातवीं शक शताब्दी की मिथुनमूर्ति को, जो हुच्चिपन मठ मैसूर में स्थित है, देखा जा. सकता है (कामशिल्पं—चि० सं० 40)। इसी वामपादाभिलाषिता के भाव को खजुराहो के विश्वनाथ-मन्दिर में भी देखा जा सकता है ("कामशिल्प"—चि० सं० 73)। कालिदास की इस कल्पना का अमित प्रभाव इन वास्तुगत मूर्तियों पर पाया जा सकता है। इसके सम्बन्ध में बड़ी ही गलत बातें शारदारञ्जन राय और उनके अनुयायी श्री संसारचन्द्र ने की है। जब पाद-संवाहन ही करना है, तो दाएँ-बाएँ का कैसा भेद? इसे वे ही बता सकेंगे।

1355 वायु: (पू० 45.4.12.84) वायु+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; पवन: (चरित्र०); वात: (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (16.25), कुमार० (2.35), तथा ऋतु० (6.22) में एक-एक बार हुआ है।

1356 वायौ (पू० 56.1.3.3) वायु+ङि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; वनवाते (संजी०); मारुते, सहायसम्पदा संभृतमदत्वाद् दु:सहत्वमग्ने: प्रकाश्यते; अन्यथा प्रबलबाधाभावात् (विद्युल्लता); वाते। तञ्चेद्वाते सरतीति

क्वचित् पाठः (सुबोधा); वायु के चलने से सरल वृक्षों की आपस की रगड़ से आग पैदा हो जाती है। यह वन्य अग्नि भारत में बहुधा देखने को मिलती है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (8.90) हुआ है।

1357 **वारितोष्णाः (उ० 6.2.8.17)** वारित+सु+उष्ण+टाप्+जस्; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, बहुवचन; शामितातपाः सत्यः (संजी०); वारितम् उर्ष्ण यासां ताः। उष्ण=गरमी, धूप। मन्दार वृक्ष छाया करके धूप और उसकी गरमी को दूर कर देते थे।

1358 **वारिधारासहस्रैः (पू० 56.3.13.47)** वारिधारा+आम्+सहस्र+भिस्; तत्पुरुष; संज्ञा, तृतीया, बहुवचन; वारिधाराणां सहस्रसंख्याभिः। अत्र सहस्रशब्दःसंख्यावचनोऽपि क्रियासमन्वयसामर्थ्याभावात् संख्येये पर्यवस्यति इत्येव बोद्धव्यम्। वारिधाराभिरित्यर्थः (प्रदीप); झटित्यसंख्यवारिधाराविकिरणैः, आतिपातिके कार्ये मान्द्यस्यायुक्तत्वादिति भावः। न केवलं प्रत्युपचिकीर्षया, अपि तु आर्त्तानुकम्पयाप्येतदनुष्ठेयमित्याह (विद्युल्लता); असंख्येय जलधाराभिः (सुबोधा); जंगल की आग का बुझना कठिन-सा कार्य है। इसी विचार से कवि ने बादल को कहा है कि तू इस अग्नि को हजारों जलधाराओं से अर्थात् मूसलाधार पानी बरसाकर शान्त करना। दावानल की व्यापकता के कारण उसे हटाने के लिए जल की भी प्रचुरता अभीष्ट होने से धारासहस्रैः लिखा गया है। उद्भूतावयव भेद की विवक्षा से बहुवचन किया गया है।

1359 **वाष्पम् (पू० 12.4.22.51)** वाष्प+सु; संज्ञा,प्रथमा, एकवचन; उष्माणं अश्रुजलं च। वाष्पोश्रूणि अम्बुधूमे च इति यादवः। अत्र कश्चित् सुहृद दूरादागतं सुहृद् दृष्ट्वा चिरविरहोष्णं वाष्पं उन्मुच्य सौहृदं आविष्करोतीत्यर्थः (प्रदीप); उष्माणम्। वाष्पं उष्माश्रु कशिपु इत्यमरः (चरित्र०); उष्माणं नेत्रजलं च; वाष्पो नेत्रजलोष्मणो' इति विश्वः (संजी०); अश्रु; 'वाष्पोऽश्रुणिअम्बुधूमे च' इति वैजयन्ती। अनेन चिरादुपगते हि सुहृदि तदनुरागिणो जनस्यातीतविरहदुःखानुस्मरणहेतुकं झटिति प्रवृत्तमश्रुसलिलमनुमापयति तद्विषयं हृदयगतमनुरागातिशयम्; एवमस्यापि द्योत्यते। (विद्युल्लता); उष्माणम् (सुबोधा), वाष्पो धूमाकारो जलसम्पर्कात्तप्तभूमिनिर्गतोऽश्रुच, 'वाष्पो नेत्रजलोष्मणोरिति" **विश्वः**। हर्षलक्षणवाष्पाभिव्यक्त्या निदर्शना नामालंकारः। (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में इस पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० (200.3; 206.2) में दो बार हुआ है।

1360 **वासः (उ० 13.1.1.1)** वासस्+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; वसनम् (संजी०); अम्बरम् (पंचिका); वस्त्रम् (सुबोधा); सर्वत्र एकवचन की समानता रखने के लिए बहुवचन के स्थान पर एकवचन का प्रयोग हुआ है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग पाँच बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में तीन बार (3.54; 7.6; 7.60) तथा रघु० में एक बार (7.9) हुआ है।

1361 **वासयष्टिः (उ०18.1.5.13)** वासयष्टि+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; निवासदण्डः (चरित्र०); निवासदण्डः (संजी०); पक्षियों के बैठने का डण्डा-अड्डा-होता है। देखिये—हंसदूत० 47 'अलिन्दे यस्यास्ते मरकतमयी यष्टिरमला शयालुर्या रात्रौ मदकलकलापी कलयति।।'

1362 **वासवीनाम् (पू० 46.3.11.46)** वासव+इनि+आम्; विशेषण; षष्ठी, बहुवचन; वासवस्य अमूः वासव्यः तासां इन्द्रसम्बन्धिनीनां (चरित्र०); वासवस्य इया वासव्यः, 'तस्येदं' इति अण्; तासां वासवीनां ऐन्द्रीणाम् (संजी०); वासवः इन्द्रः, तत्सम्बन्धिनीनाम्, वासवोदेवाः तदीयानां वा। एतेन दानवकदनदूनदीनवासवादिप्रार्थनाप्रसन्नत्वं परमेश्वरस्य उक्तम्; यथा कुमारसम्भवे—'अरिविप्रकृतैर्देवैः प्रसूति प्रतियाचितः इति (विद्युल्लता); इन्द्रसम्बन्धिनीनाम्

(सुबोधा); इन्द्र की। (पा० 4.2.114), के आधार पर वल्लभ इसे अशुद्ध रूप मानते हैं और 'वासवीयानाम्' को शुद्ध। परन्तु मल्लिनाथ ने पा० 4.3.120 के आधार पर इसे ही शुद्ध रूप माना है। ऐसी कथा आती है कि तारकासुर ने तप करके ऐसा वर पा लिया था कि उसे सात दिन के बालक के अतिरिक्त और कोई न मार सके। अत: इसे मारने के लिए 'कुमार' (=स्कन्द) का जन्म हुआ।

1363 **वाससीव (पू० 62.4.15.73)** वासस्+ङि+इव; तत्पुरुष; अव्यय; वस्त्रे (संजी०); वस्त्रे (सुबोधा)।

1364 **वासितम् (पू० 20.1.4.9)** वास्+क्त+अम्, विशेषण, द्वितीया एकवचन; अनेन गन्धसंस्कारो रुपितत्वं च विवक्षितम् (प्रदीप:); सुगन्धीकृतम् (चरित्र०); सुरभितं भावितं च; हिमवद्विन्ध्यमलया गजानां प्रभव: इति विन्ध्यस्य गजप्रभवत्वात् इति भाव: (संजी०); परिमलितम् (विद्युल्लता); सुरभीकृतं वा (सुबोधा); "वासितं भावितं प्रोक्तं वासितं सुरभीकृत" मिति वल:। केचित्तु तिक्तैर्मदैर्वासितैः विरसीकृतम् एतेन परोपकारितया विरसमपि ग्राह्यमिति भाव इत्याहु: (सुबोधा); (1) सुगन्धित (2) मिला हुआ, अन्य पदार्थों के गुणों से युक्त।

1365 **वास्यति (पू० 45.3.6.74)** वा+लृट्; प्रथम पुरुष, एकवचन; तिङन्त; त्वां विजयिस्यति इति अर्थ: (संजी०); गमिष्यति (सुबोधा)।

1366 **वाहयेत् (पू० 41.3.14.34)** वह्+णिच्+लिङ् प्रथमपुरुष, एकवचन; प्रापयेदित्यर्थ:। वहत्तं यान्तमध्वानं वाह्यतीति वाह्यदिति रूपम्। अध्वनि च यातीति प्रयोगोऽस्ति। एप पन्था विदर्भाणामेष यास्यति कोसलान्' इति दर्शनात् (प्रदीप:); प्राप्नुयात् (चरित्र०); गच्छेत्, निशासु भास्वत्कलनूपुराणां य: सञ्चरोऽमूदभिसारिकाणाम्। ज्वलन्मुखोल्काविचितामिषाभि: स वाह्यते राजपथ: शिवाभि: इत्यत्र वाह्यत इति वत् (विद्युल्लता); गच्छेत् (सुबोधा); √वह् (ले जाना, वहना)+णिच्+विधिलिङ् प्र० पु० एकवचन।

1367 **वाहा: (उ० 14.1.4.15)** वाह+जस्; संज्ञा, प्रथमा, बहुवचन; हया: (संजी०); वाह्यते अनेन इति इति वाह:, ते।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (5.73) हुआ है।

1368 **विकचकमलै: (उ० 15.2.7.23)**विचक+जस्+कमल+भिस्; कर्मधारय; संज्ञा; तृतीया बहुवचन; विकसितपङ्कजै: (चरित्र०); पद्ममुकुलै: (पंचिका); **कमलमुकुलै**—पद्मकुडमलै:। कमलकुसुमैरिति क्वचित् पाठ:, विकचकमलैरिति च क्वचित् (सुबोधा); **कमलमुकुलै**—पा०भे० कमलों की कलियों से। विद्युल्लता के मत से फूल तो खिलते ही पूजा के लिये तोड़ लिये जाते थे। इसलिए वहाँ कलियाँ ही थीं। पर यह क्लिष्ट कल्पना ही है। तथा 'नालै:' 'मुकुलै:' का विशेषण बनता है, जो अप्राकृतिक है। **विकचकुसुमै**—पा०भे० से 'कमल' का अर्थ नहीं निकलता।

कमलमुकुलै—यह पाठ वल्लभदेव, पूर्णसरस्वती, भरतमल्लिक आदि को अभीष्ट है—"विकचकमलै:" पाठ मल्लिनाथ, चरित्रवर्धन आदि को इष्ट है। परन्तु 'कमलमुकुल' का एक साहित्यिक वैशिष्ट्य है, जिसे 'विकचकमल' प्रस्तुत करने में असमर्थ है। 'बलिव्याकुला' पद के द्वारा कालिदास ने जिस प्रोषितपतिका प्रियतमा की पतिस्वास्थ्यविषयक निरन्तर अर्चना, मान-मनौतियों आदि की कल्पना की है, उसके कारण राशि-राशि विकसित कुसुमों का व्यय होते रहने के कारण केवल कलियाँ ही वापी की शोभा बढ़ाने के लिये बच पाती थीं। इस वस्तु-ध्वनि को देने मे 'विकचकमलै:' पाठ असमर्थ और 'कमलमुकुलै:' पाठ परम समर्थ है। विद्युल्लताकार के शब्दों में—"मुकुलोपादानमनुदिनविकासिनां कमलानां विच्छेदध्वननार्थम्। मत्प्रियया मत्समागमफलसिद्धये देवतार्चनाय नित्यमेव विकसितमात्रेषु कमलेष्वाक्षिप्तेषु मुकुलमात्रावशिष्टत्वं मुकुलशब्देन द्योत्यते 'बलिव्याकुला वे' त्युपर्युक्ते:। अवशिष्टमुकुलबाहुल्यादेव समृद्धिर्द्योत्यते।

1369 **विकल्पान् (उ० 13.2.10.31)** विकल्प+शस्; विशेषण, द्वितीया, बहुवचन; विशेषान् (संजी०); विकल्पम्—प्रकार (design)। बहुवचन—विकल्पान् के स्थान पर यह एकवचन पाठ समता के लिए बहुत अच्छा है।

1370 **विक्लवा: (पू० 40.4.18.55)** विक्लवा+जस्; विशेषण, प्रथमा, बहुवचन; भीरव: ततो वृष्टिगर्जिते न कार्य इत्यर्थ: (संजी०) विक्लवा: अधीरा:; यतो गम्भीरभीषणे तव गर्जिते जृम्भमाणे ससम्भ्रमपरिरम्भोचिते दयितजने चासन्निहिते तासामतिसुकुमारीणामचिन्तनीयापि कापि दशा संभाव्यत इति भाव:। अत्र मुखरत्वविक्लवत्वयोरति-वैधर्म्यादघटमानत्वमिति विषमालंकार: (विद्युल्लता); कामव्यग्रा: गर्जितासहा इति स्तनितं मा कार्षीरित्यर्थ:। किंवा त्वद्गर्जने ता विह्वला: स्युरित्यर्थात्, किंवा त्वं मुखरो मा भू:, ताश्च विक्लवा मा भूवन् (सुबोधा)।

विक्लव—वि+√क्लु (जाना)+अच्। तुलना करो—'स्त्रीस्वभावस्तु कातर:।' स्त्रियों को बादल की गर्जन और बिजली की चमक बड़ी भयावह मालूम पड़ती है। देखो पू०मे० 22, कु०सं० 4.11 (—घनशब्द विक्लवा:)। ये ही भाव यहाँ अभिप्रेत है। 'प्रणयकातर' भाव न स्वाभाविक है, न प्रासङ्गिक, न शिष्ट। कामसूत्र के अनुसार स्वयं उपस्थित हुई नायिका (=अभिसारिकाओं) की अवहेलना नहीं की जा सकती है। (शुकदेव जी जैसे व्यक्ति अपवाद हैं। उन पर यह नियम लागू नहीं)।

1371 **विक्षिपन्तीम् (उ० 30.1.3.12)** वि+क्षिप्+शतृ+ङीप्+अम्; विशेषण, द्वितीया एकवचन; चालयन्तीम् (संजी०); चालयन्तीम् (प्रदीप); उत्क्षिपन्तीमपास्यन्तीम् (पंचिका); विकीर्णयन्तीं इतस्तत: प्रापयन्तीम् (सुबोधा)।

1372 **विगणयन् (उ० 48.1.4.6)** वि+गण्+णिच्+शतृ+सु; प्रथमा, एकवचन; विजानन् इत्यर्थ: (प्रदीप); जानन् (चरित्र०); शापान्ते सति एवं एवं करिस्थ्यामीति आवर्त्तयन् (संजी०); जानन् (पंचिका); विचारयन्नहम् आत्मनैव न पुनरन्येन, विगणयन्नात्मनैव इत्यत्र अचि नस्य द्वित्वम्, न त्वात्मानमिति पाठे तु पुनरर्थे, अहं पुनर्बहु विगणयन् आत्मनैवात्मानं न न अवलम्बे अपितु अबलम्बे एवेत्यर्थ:, (सुबोधा); बहुत सी बातों के बारे में सोच-समझकर। मल्लिनाथ ने इसका अर्थ यह बताया कि 'शापकाल की समाप्ति के बाद मैं ऐसा करूँगा यह करूँगा आदि-आदि' इसी पर बार-बार विचार करते हुए। चरित्रवर्धन ने इसका अच्छा अर्थ किया है। उनका कहना है—'बहुत ही शुभ होगा ऐसा जानते हुए।' यही ठीक अर्थ है—बहुमङ्गलम् भविष्यतीति विगणयन् जानन्। दक्षिणावर्तनाथ ने भी चरित्रवर्धन का ही अर्थ दे रखा है—"बहु विगणयन् बहु भद्रकं भविष्यतीति विजानन्नित्यर्थ:।' पूर्णसरस्वती ने मल्लिनाथ का सा ही आशावादी एक अर्थ दे रखा है, परन्तु वह साहित्यिक अधिक है—"बहु विगणयन् त्वया सहोपरि परिभोक्ष्यमाणम् अनेकम् अभिलाषविषयं विचिन्तयन्—इति हेतु:।" पूर्णसरस्वती के द्वारा उसकी व्यञ्जना पर अच्छा प्रकाश डाला गया है। परन्तु सामान्य अर्थ भरतसेन ने सबसे अच्छा दिया है—"बहुत सोच-विचार कर।" इस दृष्टि से मल्लिनाथ का प्रयास सबसे अधिक चिन्त्य है।

1373 **विगलितशुचा (उ० 31.2.10.19)** विगलिता+सु+शुच+टा; बहुव्रीहि; विशेषण; तृतीया, एकवचन: विगलिता गता शुक् शोको यस्य स तेन (चरित्र०); वीतशोकेन (संजी०); नष्टशोकेन (पंचिका); विगतशोकेन सती (सुबोधा); विशेषणगलिता शुक् यस्य, तेन। शाप की समाप्ति और यक्षोचित स्वमहिमा की प्राप्ति के कारण उसका शोक पूर्णतया दूर हो जाना था। जिसका शोक एकदम समाप्त हो गया हो, उसे 'विगलितशुक्' कहते हैं। यहाँ पर 'विगलित' के 'वि' से विशेष' या 'सदा के लिए' का अर्थ अभीष्ट है। जिसका 'शोक' या 'विरहजन्य कष्ट' सदा के लिए समाप्त हो गया हो। उसके शोक की पुनरावृत्ति अब कभी भी नहीं होनी है। यक्ष जीवन भर ऐसी लापरवाही नहीं करेगा। अत: फिर ऐसा अवसर नहीं आने का। 'विद्युल्लता' में लिखा है—"विगलितशुचा विशेषेणापुनरुद्भवाय गलिता नष्टा शुग् दु:खं यस्य तेन विगलितशुचेति। उपरि ईदृशानां प्रमदानां परिहारेण मतिपूर्व प्रवर्तनात् प्रियाविरहदु:खस्य न कदाचिदपि सम्भावनेति भाव:।"

1374 **विचर (उ० 54.3.16.39)** वि+चर्+लोट्, मध्यमपुरुष, एकवचन; विपूर्वश्चरतिः सकर्मको भवति। 'अधिज्यधन्वा विचचार दावं' इत्युक्तत्वात् (प्रदीप); भ्रम (पंचिका); यथेष्टं चरिष्यसि (सुबोधा); वि+√चर् अकर्मक धातु है। देखिये नैषध–'हंसं विचरन्तमन्तिके।' परन्तु प्रस्तुत श्लोक में 'विचर' सकर्मक है। इसका कर्म 'देश' है। इस विषय में मल्लि० ने इसके सकर्मक होने के बारे में 'देशकालाध्वगन्तव्याः कर्मसंज्ञा ह्यकर्मणाम्' यह प्रमाण दिया है। विचर के सकर्मक होने के बारे में देखिये रघु० II–'अधिन्ज्यधन्वा विचार दावम्।' विविध ढंग से भ्रमण करने के अर्थ में इसे रखा गया है।

1375 **विचरेत् (पू० 63.2.9.20)** वि+चर+लिङ्; प्रथम पुरुष; एकवचन; तिङन्त; क्रीडेत् परिक्रामेत् इति वा (प्रदीप); विशेषणलीलया गच्छेत् (सुबोधा); इसके स्थान पर 'विहरेत्' पाठ भी मिलता है। इसका अर्थ 'बिहार करे' होगा। यह पाठ प्रकरण में बहुत अच्छा रहता है। विहरेत्=इसके स्थान पर 'विचरेत्' यह पाठान्तर है। 'विचरेत्' का अर्थ भ्रमण करे। 'विहरेत्' पाठ अच्छा प्रतीत होता है; क्योंकि इसका 'क्रीडाशैल' से सम्बन्ध है। यह पाठ असली प्रतीत होता है; क्योंकि पार्श्वा० में भी यही पाया जाता है।

1376 **वितत्य (पू० 61.3.12.68)** वि+तन्+क्त्वा; अव्यय; विस्तीर्य। यावदाकाशं वितत्य इत्यर्थः (प्रदीप); विस्तीर्य (चरित्र०); व्याप्य (संजी०); व्याप्य (सुबोधा); वि+√ तन् (फैलना)+ल्यप्। विस्तार करके, फैलाकर।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में एक बार (7.84) हुआ है।

1377 **वित्तेशानाम् (उ० 4.4.17.63)** वित्तेश+आम्; संज्ञा; षष्ठी, बहुवचन; यक्षानाम् (चरित्र०); यक्षाणाम् (संजी०); 'वित्ताधिपः कुबेरः स्यात्प्रभौ धनिकयक्षयोः' इति शब्दार्णवे (संजी०); यक्ष। कुबेर के नवनिधि कोष की रक्षा केवल यक्ष करते हैं। उद्यान की रक्षा यक्ष और राक्षस तथा सरोवर की रक्षा केवल राक्षस करते हैं। कुबेर के कोष के रक्षक होने से यक्ष वित्तेश (=धन के स्वामी=रक्षक) कहे जाते हैं। इसका अर्थ 'धनिक' करना भी उपयुक्त होगा।

1378 **विदित्त्वा (उ० 51.1.5.10)** विद्+क्त्वा; अव्यय; ज्ञात्वा (संजी०); अवेत्य (पंचिका), ज्ञात्वा (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (3.43; 13.68) तथा शाकु० में एक बार (57.2) हुआ है।

1379 **विद्धि (उ० 38.1.5.10)** विद्+लोट्; मध्यम पुरुष, एकवचन; तिङन्त; जानीहि (चरित्र); जानीहि (संजी०); जानीहि (पंचिका); जानीहि (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (1.79; 11.76) तथा मालवि० में एक बार (2.5) हुआ है।

1380 **विद्युता (उ० 54.4.26.54)** विद्युत्+टा; संज्ञा, तृतीया, एकवचन; कलत्रेण इति शेषः (संजी०); तडित्प्रियया (पंचिका); तडिता (सुबोधा०); विद्युतो मेघवनितात्वेन वर्णनं कविसम्प्रदायसिद्धम् (सुबोधा०); विद्युत् को मेघ की पत्नी माना है। तुलना करो–मा०मा० 9–25।

1381 **विद्युत्वन्तम् (उ० 1.1.1.3)** विद्युत्+मतुप्+अम्; विशेषण; द्वितीया; एकवचन; विद्युत् विद्यते यस्य तम् (चरित्र०); विद्युतो सन्तीति विद्युत्वन्तम् (संजी०); सतडित्कम् (पंचिका); तडिद्वनितायुक्तं, ललितगुणयुक्ता हि नार्यश्चञ्चला भवन्तीति विद्युत्साम्यम् (सुबोधा); पूर्वमेघ के समान ही कवि ने यहाँ भी विषय को एकदम प्रारम्भ करके तथा 'विद्युत्' पद का प्रयोग करके मंगल पूरा कर दिया है। विद्युत् ऐसी शक्ति है, जो पापनाशक है (वि+√दो काटना, दूर करना आदि से। देखो–तै० 3.10.9,1) और ज्ञान देने वाली है

(वि+√दा देना से देखो—श० 14.8.7.1, वै०ए० पृ० 215 सं० 645)। अत: ब्राह्मण-ग्रन्थों में 'विद्युत्' को 'ब्रह्म' (तै० 3.10.9.1) 'सावित्री' (जै०उ० 4.27.9) सविता (गो० 1.1.33) अशनि (=वज्र श० 6.1.3.14) कहा गया है। ऐसे व्यापक शब्द का प्रयोग जहाँ मंगल को पूरा करता है, वहाँ कवि देवताओं में एकत्व भावना को भी व्यक्त करता है। शैव होते हुए भी वे अन्य देवताओं का समुचित आदर करते हैं। 'विद्युत्' का 'व' भी वरुण और पवन वाचक होने से मंगल को पूरा कर देता है।

विद्युत: सन्त्यस्येति, तम्। विद्युत+वत् (मतुप्)+द्वितीया एक व० पु०। बिजली से युक्त। अमरकोष के टीकाकार भानुजि दीक्षित तथा अन्य लेखकों ने 'विशेषेण द्योतते' ऐसा कहकर 'विद्युत्' को वि+√द्युत् (चमकना) से क्विप् लगाकर बनाया है। इस पर वैदिक मत ऊपर दिया जा चुका है।

"सौदामिनी सहितम्। "तसौ मत्वर्थे" (अष्टाध्यायी 1.4.19) इति भसंज्ञा। तेन तकारस्य पदाश्रयं जश्त्वन्न भवति।"—पू०स०।

1382 **विद्युदुन्मेषदृष्टिम् (उ० 20.4.14.71)** विद्युत्+ङस्+उन्मेष+सु+दृष्टि+अम्; बहुव्रीहि, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; विद्युदुन्मेष विद्युत्स्फुरणम्। तदेव दृष्टिरिति विद्युदुन्मेषदृष्टि: (प्रदीप); विद्युत् उन्मेष: उन्मीलनं सैव दृष्टि: *प्रकाशत्वात् तान् (चरित्र०); विद्युदुन्मेषो विद्युत्प्रकाश: स एव दृष्टिस्ताम् (संजी०); तडिदुद्योतनमेव* दृशम्, यथा तां पश्यसीति भाव: (पंचिका 20); विद्युदुन्मेष एव तडित्प्रकाश एव दृष्टिस्ताम्। त्वयि विद्युति प्रदीपबुद्ध्या सा भयादिरहिता स्वच्छन्दं स्थास्यतीति पर्यवसितोऽर्थ: (सुबोधा); विद्युत: उन्मेष: विद्युदुन्मेष:। स एव दृष्टि:, ताम्। बिजली की चमक रूपी दृष्टि को।

1383 **विद्युद्गर्भ: (उ० 37.3.10.32)** विद्युत्+सु+गर्भ+ङि+सु; बहुब्रीहि, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; अन्तस्तम्भित—विद्युत्क:। इदं विशेषणं तस्या: मेघसन्दर्शनसुखार्थमुक्तम् (प्रदीप); विद्युत् गर्भे यस्य सा तादृश: सन् (चरित्र०); विद्युत् गर्भ: अन्तस्थ: यस्य स: विद्युत्गर्भ: अन्तर्लीनविद्युत्क इत्यर्थ:; 'गर्भोऽपवरकेऽन्त:स्थे गर्भोऽग्नौ कुक्ष्णोऽर्भके' इति शब्दार्णवे, दृष्टिप्रतिघातेन वक्तुर्मुखावलोकनप्रतिबन्धकत्वात् न विद्युता द्योतितव्यामिति भाव: (संजी०); तडित्वति (पंचिका); विद्युत कम्पस्मितनयनां विद्युत: कम्पेन चलनेन यस्यास्तादृशी, विद्युतकम्पिस्तमितनेत्रत्वं तदभिमुखध्वनि: (सुबोधा); बिजली को अन्दर धारण किये हुए। भाव यह है कि उस समय तुम बिजली मत चमकाना। यदि तुम बिजली चमकाओगे, तो उसकी आँखें चकाचौंध हो जायेंगी और वह डर भी जायेगी। फल यह होगा कि वह स्थिरता से तुम्हारी बात नहीं सुनेगी और तुम्हारा परिश्रम व्यर्थ हो जायगा। सारो० आदि कुछ टीकाओं के मत में विद्युद्गर्भ: का अर्थ है 'अपनी बिजली रूपी पत्नी के साथ'; क्योंकि परपत्नी से एकान्त में बातें करना उचित नहीं। परन्तु मेघ तो यक्ष का पुत्र-तुल्य छोटा भाई है (उ०मे० 41) और यक्षपत्नी मेघ की मातृतुल्या भ्रातृजाया और उसकी सखी है (देखो पू०मे० 9)। अत: यह व्याख्यान कवि के भावों के अनुकूल नहीं। **विद्युद्गर्भ**। पा०भे०—यह सम्बोधन पद है। **विद्युत्कम्प०**— पा०भे० विद्युत: कम्पेन स्तिमिते नयने यस्या:, ताम्। बिजली की चमक के कारण निश्चल आँखों वाली। बिजली की चमक से आँखें स्थिर नहीं होतीं, बन्द हो जाती हैं। अत: यह पाठ प्रकृति-विरुद्ध है।

सारो० तथा अन्य टीकाकारों के अनुसार 'विद्युद्गर्भ:=स्त्रीसहाय; ' से यह भाव निकलता है कि मेघ वहाँ बिजली रूपी स्त्री को साथ लेकर ही जावे; क्योंकि मेघ के लिए परनारी के साथ अकेले ही वार्तालाप करना उचित नहीं (परनारीसंभाषणमेकाकिनो नोचितम्)। मल्लि० के अनुसार बिजली को अपने मध्य में छिपाकर, रखने का प्रयोजन यह है कि कहीं यक्षपत्नी की आँखें बिजली की चमक से चौंधिया गई, तो वह मेघ का मुख देख न पायेगी। इसलिए उसे बिजली नहीं चमकानी चाहिए। 'विद्युद्गर्भ' वाले पाठ में यह

'गवाक्षे' का विशेषण है, अर्थात् खिड़की पर जिसके भीतर विजली थी। गवाक्ष का विशेषण न बनाकर मेघ का विशेषण बनाने में ही अधिक स्वारस्य है। वल्लभदेव के अनुसार 'विद्युद्गर्भे' पाठ समीचीन है। मल्लिनाथ ने विद्युद्गर्भः 'स्तिमितनयनाम्" पाठ माना है। अध्याहतकर्तृपद 'त्वम्' के विशेषणमात्र को उपन्यस्त करना शुद्ध शब्दशिल्प की दृष्टि से साधु नहीं माना जा सकता। साथ ही 'त्वत्सनाथे गवाक्षे' होने से उस गवाक्ष का 'विद्युद्गर्भे' विशेषण भी प्रकृतिसिद्ध है। बरसनेवाले वादल बिजली से संवलित तो रहते ही हैं। अतः जलदयुक्त गवाक्ष का विद्युतगर्भत्व सुतरां समीचीन है। गर्भ के कई अर्थ होते हैं—गर्भोऽपवरकेऽन्तस्थे गर्भोऽग्नौ कुक्षिणोऽर्भके" (शब्दार्णव)। सारोद्धारिणीकार ने बहुत ही समीचीन वारीकियाँ उद्भावित की हैं। किसी एकाकी पुरुष का एकान्त में परस्त्री से सम्भाषण करना भी अनुचित है और ऐसे पुरुष से एक पतिव्रता को तो एकान्त में विलकुल ही बात नहीं करनी चाहिए और खासतौर से निशीथ में। अतः मेघ को सपत्नीक प्रस्तुत करने में कालिदास की कला की सूक्ष्मता है—"विद्युद्गर्भः स्त्रीसहायः। परनारीसम्भाषणमेकाकिनो नोचितम्।" जो 'गवाक्ष' त्वत्सनाथ है, वही 'विद्युद्गर्भ' भी है। इससे दम्पती का ऐकाधिकरण्य भी आ जाता है। 'मेघ' रूपी परपुरुष को यहाँ शब्द उपात्त न करके कवि ने यक्षाङ्गना के परोक्ष रखकर ही सम्भाषाणनिरत दिखाया। आमना-सामना कराना अभीष्ट होता, तो मेघ को साक्षाच्छब्दोपात्त करके प्रस्तुत करता।

1384 **विद्युद्दामस्फुरितचकितैः (पू० 28.3.13.52)** विद्युत्+ङस्+दामन्+आम्+स्फुरित+भ्यस्+चकित+जस्; तत्पुरुषः विशेषण, तृतीया, बहुवचन; सौदामिनीमालादीप्तिचञ्चलै। विद्युत्सौदामिनी इत्यमरः (चरित्र०); विद्युद्दाम्नो विद्युल्लतानां स्फुरितेभ्यः स्फुरणेभ्यः चकितैः लोलापाङ्गैः चलकटाक्षैः (संजी०); भवत्सहचारिण्याः सौदामिन्याः परम्परायाः स्फुरणेन सत्रासैः (विद्युल्लता); विद्युद्दाम्नां तडिद्गुणानां स्फुरणेन द्योतकेन चाकचक्येन चकितैश्चमत्कृतैः सभयविस्मितभंगुरैः (सुबोधा); **कौमुंदीकारस्तु** विद्युद्दामेत्यादिना चक्षुरिङ्गितं ध्वनितम्, यदुक्तं **कात्यायनेन**—

"दूरादपाङ्गविन्यस्तं सन्निकृष्टे निकुञ्चितम्।
प्रीतिचक्षुः प्रपातेन भंगुरं चक्षुरिङ्गितम्।।" इति। (सुबोधा)

इह चकितत्वेन कुटिलत्वं, विद्युद्दाम च मेघस्य सम्भोगचक्षुः प्रषात इति मन्तव्यमित्याह (सुबोधा)।

1385 **विद्रुमाणाम् (पू० 34.3.12.34)** विद्रुम+आम्; संज्ञा, षष्ठी, बहुवचन; प्रवालानाम् (चरित्र०); प्रवालानाम् (संजी०)।

1386 **विधिना** (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 30.4.16.58; उ० 41.4.16.59)** विधि+टा, संज्ञा तृतीया, एकवचन; विधिनो वृष्टिमोक्षेण (प्रदीपः); विधानेन (चरित्र 30); विधात्रा (चरित्र०); व्यापारेण (संजी० 30); स च विधिः एकत्र वृष्टिः अन्यत्र सम्भोगः तदभावनिबन्धनात् कार्श्यस्येति भावः (संजी० 30); दैवेन (संजी० 41); विधीयत इति विधिः कर्म, येन कर्मणा वर्षणाख्येन, समागमरूपेण च अत्र 'प्रवासावसाने विरहविधुरितायाः प्रियायाः परिभोगो रसस्य पराकाष्ठां इति द्योत्यते, यथाह कविवल्लभः—'प्रवासान्ते पाण्डुमुखीं क्षामामुपचितस्मराम्। दिवसान्निविर्विशेः काश्चिदकर्कशतरां प्रियाम् इति (विद्युल्लता 30); प्रकारेण (सुबोधा 30); यहाँ इस पद की व्यञ्जना यह है कि सारे जगत्प्रपञ्च का विधान करने वाला (विधत्ते—इति विधिः—"उपसर्गे घ्वोः किः") ही जब वैरी हो उठे, तो एक सामान्य यक्ष (कामपरवश इन्द्रियों वाला) भला कौन सा रास्ता बचने के लिए निकाल पा सकता है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग बारह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में पाँच बार रघु० में तीन बार तथा शाकु० में दो बार हुआ है।

विस्तृत जानकारी के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1387 **विधिवशात् (पू० 6.13.3.31)** विधि+ङस्+वश+ङसि; षष्ठी तत्पुरुष; पंचमी, एकवचन; विधिर्दैवम्;

तस्य वश आधीनम् तस्मात् (चरित्र०); दैवायतत्वात् 'विधिर्विधाने दैवे च' इत्यमरः, 'वशमायत्ते वशमिच्छाप्रभुत्वयो' इति विश्वः (संजी००); दैवबलादिति अप्रतिकर्तव्यतां द्योतयति (विद्युत्); देवाधनित्वात् (सुबोधा)।

1388 **विधुरः (उ० 54.2.8.22)** विधुर+सु; संज्ञा, प्रथमा एकवचन; प्रियाविश्लिष्टः (प्रदीप); वियुक्तः; विधुरं तु प्रविश्लेषे 'इत्यमरः (संजी०); दुःखितः (पंचिका); व्याकुलः (सुबोध); विधुरे इति सप्तम्यन्तं मयीत्यस्य विशेषणम् (सुबोधा०); विगता धूर्यस्य। वियुक्त, काम सन्तप्त। इसके 'दुःखी' मृतपत्नीक' आदि अर्थ भी होते हैं। इस पद का प्रयोग विक्रमो० 4.20 तथा कु० स० 4.32 में भी देखें । वल्लभ ने 'विधुरः' का अर्थ 'दुःखित' किया है और इस समास का इस प्रकार विग्रह किया है—'विघटिता धूः कार्यभारोऽस्य'। इस सम्वन्ध में क्षीरस्वामी अमरकोश III.2.20 टीका करता हुआ कहता है—'विधुरो विकलेऽन्यवत्'। पूर्वमेघ 8 'कः सन्नद्धे विरहविधुरां त्वय्युपेक्षेत जायाम्' में विरहविधुरां का अर्थ विरह से व्याकुल या दुःखित किया गया है।

'ऋक्पूरब्धूःपथामानक्षे' से अन्त में 'अ' आ जाने तथा वाद में 'ऊ' के ह्रस्व हो जाने से 'विधुर' बना। मल्लि० ने विधुरः का अर्थ 'वियुक्तः' दिया है। 'विधुर' का यहाँ पर 'विकल' अर्थ अधिक चमत्कारकारी है, वैसे 'विश्लिष्ट' अर्थ प्रायः लिया गया है। हैमकोश का कथन है—"विधुरं स्यात् प्रविश्लेषे विकले।" वैसे कुछ टीकाकारों ने 'विधुर' को 'मयि' का विशेषण बनाकर सप्तम्यन्त माना है। पर उस अवस्था में 'इति' पद निरर्थक हो जाता है।

1389 **विनोदाः (उ० 26.4.1.62)** विनोद+जस्; संज्ञा; प्रथमा, वहुवचन; कालयापकाः (चरित्र०); कालयापनोपायाः (संजी०); केलयः (पंचिका); क्रीडाप्रकाराश्चितावलम्वनस्थानानि भवन्ति। तथाचोक्तम्—

देवतापूजनं कुर्यात् कुर्याद्वा निभृते वलिम्।
लिखेत् कान्तप्रतिकृतिं पाठयेच्छुकसारिकाम्।।
वादयेच्च तथा वीणां गायेद् गीतं तदङ्कितम्।
गणयेत् सावधिदिनं तिष्ठेत् सङ्कल्पसङ्गमैः।।
एवं विधैर्विनोदैस्तु रमणेन विनाऽबला
विनयेच्च व्यथां तीव्रां सङ्गमाशावलम्वनात्।। इति।। (सुबोधा०)

वि+√नुद्+णिच्+घञ्। जिससे दुःख आदि दूर किये जाते हैं। अतः मनवहलाव। भरतसेन ने "अङ्गनानां विनोदाः" को भी बहुत ही सुन्दर ढंग से—1. देवतापूजन या 2. वलि, 3. कान्तप्रतिकृतिरचना, 4. सारिकापाठन, 5. वीणावादन, 6. तदङ्कितगान 7. अवधिदिनगणना और 8. संकल्पसङ्गम, के शास्त्रपाठ द्वारा प्रस्तुत किया है। देवतापूजन या बलि "आलोके ते निपतति पुरा सा वलिव्याकुला वा" में, कान्त की प्रतिकृति का निर्माण "मत्सादृश्यं विरहतनु वा भावगम्यं लिखन्ती" में सारिकापाठन "पृच्छन्ती वा मधुरं वचनां सारिकां पञ्जरस्थाम्" में, वीणावादन और तदङ्कितगेयगान "उत्सङ्गे वा मलिनवसने सौम्यसारिकां पञ्जरस्थाम्" में वीणावादन ओर तदङ्कितगेयगान "उत्सङ्गे वा मलिनवसने सौम्यनिक्षिप्य वीणाम्" तथा इस छन्द के 'विन्यस्यन्ती भुवि गणनया देहलीदत्तपुष्पैः' में अवधिदिनगणना, 'मत्संयोगं हृदयनिहितारम्भमास्वादयन्ती' में संकल्प-संगम दृष्टिगत होते हैं।

1390 **विन्ध्यपादे (पू० 19.3.12.49)** विन्ध्य+ङस्+पाद+ङि; तत्पुरुष, संज्ञा, सप्तमी एकवचन; विन्ध्यपर्यन्तपर्वते। "विन्ध्यपादे विशीर्णाम्" इत्यनेन कामातिशयात् प्रियतमपादे कस्याश्चित् पतनं ध्वन्यते (प्रदीपः); विन्ध्यस्य विन्ध्याचलस्य पादे प्रत्यन्तपर्वते। पादो वृध्ने तुरीयांशे शैलप्रत्यन्तपर्वतः' इति मेदिनीकारः (चरित्र०); विन्ध्यस्य अद्रेः पादे प्रत्यन्तपर्वते, पादः प्रत्यन्तपर्वता इत्यमरः (संजी०); 'पादाः प्रत्यन्तपर्वताः' इत्यमरः; विन्ध्यस्य

समासे गुणीभूतत्वेऽपि वस्तुत: प्राधान्यात्तस्यैव गजेनोपमेयत्वम्। तुङ्गत्वदर्शनीयत्वादि: साधारणो धर्म: रेवाभूत्योस्तु स्वच्छत्वपापहरत्वादि: (विद्युल्लता); विन्ध्यस्य स्वनामप्रसिद्धस्य पादे प्रत्यन्तपर्वते (सुबोधा)

विन्ध्य—यह सात कुल पर्वतों में से एक है।
महेन्द्रो मलय: सह्य: शुक्तिमान् ऋक्षपर्वत:।
विन्ध्यश्च पारियात्रश्च सप्तैते कुलपर्वता:।।

यह उत्तर भारत को दक्षिण भारत से पृथक् करता है और मध्यदेश की दक्षिणी सीमा है। देखो—मनु० 2.21 (हिमवद्विन्ध्ययोर्मध्यं यत् प्राग्विनशनादपि। प्रत्यगेव प्रयागाच्च मध्यदेश: प्रकीर्तित:।।) यह लगभग पूर्वी समुद्र से पश्चिमी समुद्र तक फैला हुआ है। विन्ध्याचल आर्यावर्त की दक्षिणी सीमा है। इससे आर्यावर्त और दक्षिणावर्त (Deccan) पृथक्-पृथक् किए गये हैं। यह पर्वतश्रेणी समुद्र के पूर्वी तट से पश्चिमी तट तक फैली हुई हैं। देखिये—मनु० II.22.

आसमुद्रात्तु वै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमात्।
तयोरेवान्तरम् गिर्योरार्यावर्त विदुर्बुधा:।।

1391 **विन्यस्यन्ती (उ० 26.2.13.19)** नि+वि+अस् (फेंकना, दिवा०)+श्यन्+शतृ+ङीप्+सु; कृदन्त; प्रथमा, एकवचन; स्थापयन्ती (चरित्र०); पुष्पविन्यासै: मासान् गणयन्ती इत्यर्थ: (संजी०); स्थापयन्ती (पंचिका); स्थापयन्ती वा; ते आलोके निपतीति सम्बन्ध:। अनेन द्वारेण प्रिय: प्रस्थितोऽनेनैव प्रवेक्ष्यतीति विरहिणीभिर्देहली पूज्यते इति स्त्रीणामाचार:। अतएव सापि तां पूजयति। अतएव तत्पूजाविन्यस्तैस्ततो मुक्तै: पुष्पैर्गणयति, नाङ्गुलिरेखाभिर्विस्मरणाशङ्कयेत्यर्थ:। विन्यास करती हुई, रचती हुई अर्थात् लिखती हुई, विचित्र करती हुई। शतृ प्रत्यय इस कर्म की असमाप्ति और सततता को प्रकट करता है।

1392 **विपणिरचितान् (पू० 34.3.11.32)** विपणि+ङि+रचित+शस्; विशेषण, तत्पुरुष; विपण्यां हट्टायां रचितं कृतराशीम् (चरित्र०); विपणिषु पण्यवीथिकासु, 'विपणि: पण्यवीथिका' इत्यमर:, रचितान् प्रसारितान्, इदं विशेषणं यथालिङ्गं सर्वत्र सम्बध्यते (संजी०); विपणिषु (दुकानों या बाजारों में) रचितान् (सजाए हुए)।

1393 **विप्रबुद्धा (उ० 50.2.16.24)** वि+प्र+बुध्+क्त+टाप्+सु; कृदन्त क्रिया, प्रथमा, एकवचन; विप्रबुद्धा आसी: (संजी०); विनिद्रा जाता (पंचिका); उन्निद्रतां गता जागरिता, (सुबोधा)।

1394 **विप्रयोग: (उ० 54.4.27.61)** विप्रयोग+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; मद्विरह: (संजी०); विरह: (संजी०); विच्छेद: (सुबोधा); यह मेघदूत में नाटक के भरतवाक्य के समान आशीर्वादात्मक है। इसमें मेघ के प्रति मंगलकामना की गई है कि वह वर्षाऋतु में क्षण भर भी अपनी प्रियतमा बिजली से वियुक्त न होने पावे। जहाँ भी जावे, बिजली उसके साथ ही रहे। यहाँ मेघ तो निमित्तमात्र है। वास्तव में कवि मेघ के व्याज से मनुष्यमात्र के लिए यह शुभकामना करता है कि उनका अपनी प्रियतमाओं से वियोग न होवे; क्योंकि वियोग की वेदना बहुत ही बुरी हुआ करती है। कालिदास का मेघदूत इस तरह अन्त में मार्मिक मंगलवाक्य के साथ समाप्त होता है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (14.66) तथा विक्रम० (5.16) में एक-एक बार हुआ है।

1395 **विप्रयोगे (पू० 9.4.18.61)** विप्रयोग+ङि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; वियोगे, विश्लेषे (चरित्र०); विरहे (संजी०); इष्टजनविरहे सति (सुबोधा)।

1396 **विप्रयोगोपपत्ति: (उ० 4.3.16.54)** विप्रयोग+ङस्+उपपत्ति+सु; तत्पुरुष; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; विप्रयोगस्य वियोगस्य उपपत्ति: सद्भाव: (चरित्र०); विरहप्राप्ति: (संजी०); विप्रयोगस्य उपपत्ति:। वि+प्र√युज्+घञ्। उप+√पद्+क्तिन्। विरह की उत्पत्ति=प्राप्ति। अर्थात् विरह।

1397 विफलप्रेरणा (उ० 7.4.16.62) विफला+सु+प्रेरणा+सु; बहुव्रीहि; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; दीपनिर्वापणाक्षमत्वात् निष्फलक्षेपा (संजी०); दीपशान्तिधिया प्रेरितो विफलो भवति निष्फल: सम्पद्यते. प्रद्योतक अप्रशमात् कदाचित् अन्यत्रासौ पतितो भवेत् इत्याह (पंचिका); विफलत्वं तु अनश्वरत्वात् रत्नार्चिष: (पंचिका); निष्प्रयोजनविक्षेपा (सुबोधा); विफला प्रेरणा यस्या: सा। जिसका फेंकना व्यर्थ रहता है; क्योंकि रत्नरूपी दीपक धूलि से नहीं बुझ सकते। मल्लिनाथ इसमें यक्षवधुओं की मुग्धता को व्यंग्य मानते हैं। रत्न-प्रदीपों के प्रकाश को देखकर प्रेमिकायें अपने प्रियतमों (प्रेमियों) के सामने नग्नावस्था में होने से लज्जा के मारे मरी-सी जाती हैं। अत: बुझा देने के विचार से वे उन प्रदीपों पर मुट्ठी भरकर 'पाउडर' फेंकती हैं। वे तैल के दीपक तो हैं नहीं, जो बुझ जायें। वे तो रत्न हैं, जो हमेशा प्रकाशित ही रहते हैं। बेचारी स्त्रियों का उन प्रदीपों पर चूर्ण (पाउडर) फेंकना बेकार ही चला जाता है। इसमें बिम्बाधराओं का 'मुग्धात्व' व्यङ्ग्य होता है। वे मुग्धा भोली-भाली नायिकायें हैं, जो प्रिय-सहवास से लजाती हैं।

1398 विबुधवनितावारमुख्यासहाया: (उ० 10.3.10.56) विबुधवनिता+जस्+वारमुख्या+जस्+सहाया+जस्; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, बहुवचन; विबुधवनिता अप्सरस: ता एव वारमुख्या वेश्या:। ता: एव सहाया: येषां ते तथोक्ता:; 'वारस्त्रीगणिकावेश्यारूपाजीवाऽथ सा जनै:। सत्कृता वारमुख्या स्यादित्यम् (संजी०); विबुधानां वनिता: ता: एव सहाया: येषां ते। विबुध—विशेष ज्ञानवान्। देखो—श० 3.7.3.10, अत: देवता: विबुधवनिता—देवताओं की नारियाँ, अप्सरायें। यहाँ देवताओं की पत्नियों का अर्थ नहीं, प्रत्युत् सामान्य कमनीय स्त्रियों से अभिप्राय है, जिनकी सभी कामना करते हैं (√वन् से) वारमुख्या—वारे वारे वेश्यावृन्दे मुख्या। सम्मानित वेश्या। सहाया:—साथी, सहचर। 'वारमुख्या' गणिकाओं (वेश्याओं) को कहते हैं, जो बड़ी कलाकार होती हैं। उनका कार्य देवालयों में नृत्यादि करना है। इसलिए वे समाज में आदर-पात्र हुआ करती हैं, घृणा-पात्र नही। देखिये—अमरकोश—वारस्त्री गणिका वेश्या रूपजीवाऽथ सा जनै:। सत्कृता वारमुख्या स्यात्'।

1399 विभ्रम: (पू० 29.4.13.83) विभ्रम+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; विलास: (चरित्र०); विलास: (संजी०); स्त्रीणामेष स्वभावो यद् विलासैरेव रागप्रकाशनं न तु कण्ठत इति भाव:, विभ्रमश्चात्र 'नाभिसन्दर्शनादिरुक्त एव (संजी०); शृंगारचेष्टा; (विद्युल्लता); भावविशेष: (सुबोधा); विभ्रमलक्षणं यथा—

"रागोद्रेककृताकाररूपयौवनसम्पदा।
अनवस्थितचेष्टत्वं विभ्रम: परिकीर्तित:।।" इति।

अन्यच्च

"बाहुमूलं स्तननाभिमूरुमूलञ्च मेखलाम्।
ब्याजतो दर्शयेद् यत्तु वामाऽसौ विभ्रमो मत:।। इति।

अथ एव यथान्या प्रियप्राप्तिसमुत्सुका तथेयमपि। साधर्म्याद‌भिसारिकेयं नायिकेति ध्वनितम्। अभिसारिका-लक्षणं यथा—

"त्यक्ता या लज्जया बिद्धा मदेन मदनेन वां
अभिसारयते कान्तं विदुस्तमभिसारिकाम्।।" इति।। (सुबोधा)

इशारों से मन का भाव बहुधा प्रकट किया जाता है—

आकारैरिङ्गितैर्गत्या चेष्टया भाषणेन च।
नेत्रवक्त्रविकारैश्च लक्ष्यतेऽन्तर्गतं मन:।।

कामावेश में आई हुई स्त्रियाँ रतिसुखप्राप्ति के लिए अपनी इच्छा को वचनों में प्रकट नहीं करतीं, वरन् हाव-भावों से ही अपना अभिप्राय बताया करती हैं। कहा भी है—

स्निग्धं दृष्टिपथं विभूषिततनुः कर्णस्य कण्डूयनं
नाभेर्दर्शनमुत्पथं च गमनं बालस्य चालिङ्गनम्।
केशानां च मुहुर्मुहुर्विवरणं वार्ता च सख्या सह
कुर्युः प्रीतिवशात् स्त्रियः समदना दृष्ट्वा नरं वांछितम्।।

प्रकृत पद्य में निर्विन्ध्या को रतिसुख के लिए लालायित रागपूर्ण स्त्री के रूप में वर्णित किया गया है। चञ्चल जलों में कूजते हुए पक्षी उसकी तगड़ी हैं, भँवर उसकी नाभि है और उसका जल ही रतिसुख है।

1400 **विभ्रमादेशदक्षम्** **(उ० 13.1.5.13)** विभ्रम+आम्+आदेश+ङि+दक्ष+अम्; तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; विभ्रमाणां आदेशे उपदेशे दक्षम्, अनेन विभ्रमद्वारा मधुनो मण्डनत्वमनुसन्धेयम्, तच्च मण्डनादिवत् देहधारये अन्तर्भावम् (संजी०); विभ्रमाणाम् आदेशे दक्षम्। यहाँ पर विभ्रम का प्रयोग केवल 'आँखों की विलासयुक्त दृष्टि' के लिए हुआ है। अपने सामान्य अर्थ में इसका प्रयोग आगे श्लोक 14.80 में हुआ है। मदिरा से आँखों में खुमारी आ जाती है, तब वे विविध विलास करने लग जाती हैं। इसलिए मदिरा को यहाँ विलासों की शिक्षिका बताया है। देखिये—कुमार० IV.12 "नयनान्यरुणानि घूर्णयन् वचनानि स्खलयन्पदे पदे। असति त्वयि वारुणीमदः प्रमदानामधुना विडम्बना।'

1401 **विमुखः** **(पू० 17.4.17.75)** विमुख+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; पराङ्मुखः (चरित्र०); प्रतिनिवृत्तमुखः, अनादर इति यावत् (विद्युल्लता); पराङ्मुखः (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० में एक बार (131.3) हुआ है।

1402 **वियुक्तः** **(उ० 40.3.19.48)** वि+युज+क्त+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; दूरवर्ती सन् (चरित्र०); वियोगं प्राप्तो दुःखी सन् (संजी०); वियुक्तां वियोगिनीम् (सुबोधा); बिछुड़े हुए संयोग वाला। जिसको मिलन से वञ्चित कर दिया गया है। अतः विरही। इस पद का प्रयोग यक्ष के वियोग की असह्यता को प्रकाशित करता है। **नियुक्तः**—यह पाठ भी अच्छा है। यक्ष की आज्ञा से काम पर लगा हुआ। अतः विवश। मेरा स्वयं का अधिकार होता, तो कभी का लौट चुका होता। **वियुक्ताम्**—पा०भे० यह यक्षपत्नी का विशेषण है।

1403 **विरचितपदम्** **(उ० 25.2.8.23)** विरचित+जस्+पद+अम्; बहुव्रीहि; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; विरचितानि आरोहावरोहिस्वरक्रमेण विनिवेशितानि स्थापितानि पदानि यत्र तत्र (चरित्र०); विरचितानि पदानि यस्य तत्तथोक्तम् (संजी०); विरचितानि पदानि शब्दाः यस्य (पंचिका); विशेषेण रचितं पदं शब्दो वाक्यं वा यत्र तादृशम्। मद्गोत्राङ्कं यथा स्यात्तथा विरचितं पदं यत्रेति व्याचक्षते (सुबोधा); पदं शब्दे च वाक्ये चेति च। वर्णसमुदायः पदमिति नैयायिकः सुपतिङन्तं पदमिति वैयाकरणाः (सुबोधा); विरचितं कृतं पदमास्पदं यत्र, विसदृशानि रचितानि पदानि सुपतिङन्तानि यत्र तादृशम्। मद्गोत्राङ्कं यथा स्यात्तथा विरचितं पदं यत्रेति च व्याचक्षते।

'विरचितपदम्' और 'गेयम्' दोनों पद 'मद्गोत्राङ्क' का विशेष्य माने जा सकते हैं। पहले को विशेष्य मानने पर दूसरा भी उसका विशेषण माना जाएगा और दूसरे को विशेष्य मानने पर पहले को भी उसका विशेषण मानेंगे। सामान्यतः टीकाकारों ने 'गेयम्' को विशेष्य माना है और 'विरचितपदम्' (विरचितानि पदानि यत्र तत्) को विशेषण। विशेण्य पक्ष में—'विशेषेण रचितम्' विरचितम्। विरचितं च तत् पदञ्च विरचितपदम्।' उभयथा आशय 'प्रच्छेदक' नामक लास्याङ्ग से ही है। उसका लक्षण है—"अन्यासक्तं पतिं मत्वा प्रेमविच्छेदमन्युना।

वीणापुरस्सरं गानं स्त्रियः प्रच्छेदको मतः।।" आगे कवि कहेगा भी—"दृष्टः स्वप्ने कितव रमयन् कामपि त्वं मयेति।"

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० में एक बार (5.25) हुआ है।

1404 **विरचितवपुः (पू० 63.3.13.32)** विरचित+सु+वपु+सु; बहुव्रीहि; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; विच्छिद्य विच्छिद्य रचनं विरचनम्। सोपानमित्यर्थः। (प्रदीप); विरचितं रचितं वपुर्यस्य स तथा (चरित्र०); कल्पितशरीरस्सन् (संजी०); विशिष्टं कृतशरीरः (सुबोधा); श्री साधुराम ने 'विरचितवपुः' को नृत्यशास्त्र की परिभाषा माना है। उन्होंने न इस विषय में कोई प्रमाण दिये हैं न इस पद की परिभाषा की है।

1405 **विरचिताम् (पू० 19.4.16.59)** विरचिता+अम्, विशेषण, द्वितीया एकवचन; अर्पिताम् (प्रदीप); निर्मिताम् (सुबोधा); विशेषेण रचितं पदं शब्दो वाक्यं वा यत्र तादृशम्। मद्गोत्राङ्कं यथा स्यात्तथा विरचितं पदं यत्रेति व व्याचक्षते (सुबोधा)

1406 **विरहगणितम् (उ० 46.3.14.26)** विरह+ङि+गणित+अम्; तत्पुरुष; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; विरहकाले पश्चादेवमनुभविष्याव इति गणितं संकल्पितम्। आत्माभिलाषं गणयित्वा हृदये निहितामित्यर्थः (प्रदीप); चिरकालगणितम् (पंचिका); विच्छेदे, गुणितम् एवं कृत्वा कर्तव्यमिति बहुशश्चिन्तितम्, द्विगुणीकृतं वा (सुबोधा); विरहेन गुणितम्, तम्। विरह के कारण बढ़ी हुई इच्छाओं को। जिनका रस (=भोगने की इच्छा) विरह के कारण बहुत बढ़ गयी है। तुलना करो—यदेवोपनतं दुःखात्सुखं तद्रसवत्तरम्। विक्रमो० 3.21; तथा—सुखं दुःखान्यनुभूय शोभते। मृ० 1.10; **विरहगणितम्**—पा०भे०। यह मल्लिनाथ का पाठ है। विरह के दिनों में गिने हुए, सोचे हुए, विचारे हुए। **विरहजनितम्**—पा०भे०। विरहे चित्ताभिप्रायेण विषयीकृतम्'। सारो०। विरहकाल में कल्पना में प्रसूत। अन्त में भाव 'गणितं' पाठ के समान होगा। विरह में अभिलाषाओं का होना और बढ़ना स्वाभाविक ही है। विरह के बाद प्राप्त हुए सुख में बड़ा स्वाद रहता है; देखिये विक्रमो० III.21. यदेवोपनतं दुःखात् सुखं तद्रसवत्तरम्। निर्वाणादत्तरुच्छाया तप्तस्य हि विशेषतः।। और मृच्छ० 1.10—सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते, घनान्धकारेष्विव दीपदर्शनम्।'

1407 **विरहतनु (उ० 24.2.9.28)** विरह+टा+तनु+अम्; तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; विरहेण तनुसंस्थानम्। इदं विशेषणं सादृश्यशब्दस्य आलेख्यवाचित्वे घटते (प्रदीप); विरहेण वियोगेन तनु दुर्वलम् (चरित्र०); विरहेण तनु कृशम् (संजी०); विरहवशात् तनु दुर्वलम् (पंचिका); विरहेण या तनुता कृशता, विरहे इदृशीवल्लभस्य तनुता भूता, विरहकातरस्या मम यादृशी तनुता तादृशी वल्लभस्य भूतेत्येवं भावं हृदय तेन गम्यं परिच्छेद्यम् अदृष्टमपि बुद्ध्यवसायेन लिखन्ती कौमुदीकारस्तु भावो ह्यासनाद्यनवधानम् यदुक्तम्—

आसने शयने वापि न तुष्यति न तिष्ठति।
नित्यमेवोपतप्तः स्यादुद्वेगाद्विरही जनः। इति।। (सुबोधा)

1408 **विरहदिवसस्थापितस्य (उ० 26.1.19.9)** विरह+ङस्+दिवस+ङसि+स्थापित+ङस्; तत्पुरुष, विशेषण, षष्ठी, एकवचन; विरहस्य दिवसस्तस्मात् स्थापितस्य तत् आरभ्य निश्चितस्य (संजी०); गमनदिवस स्थापितस्य पाठान्तर; प्रस्थान—दिनात् प्रभृति व्यवस्थितस्य (सुबोधा); स्थापित—√स्था+णिच्+क्त। वियुक्त होने के दिन अर्थात् पहले दिन जब यक्ष रामगिरि जाने के लिए बिदा हुआ तब रक्खी हुई, अर्थात् निश्चित की हुई। **गमनदिवस**—जाने के दिन से। इस पाठ से न तो विरहव्यथा की ध्वनि निकलती है, न इस बात की कि यह गमन अनिवार्य था। इसको रोकने में उनका अपना वश नहीं। 'विरह' पद से ये दोनों भाव निकल आते है: 'गमनस्य दिवसः गमनदिवसः (षष्ठी शेषे)। ततः प्रस्तुतस्य गमनदिवसप्रस्तुतस्य।' दूसरा पाठ

है—"विरहदिवसस्थापितस्य" अवधि स्थापित न होकर प्रस्तुत अर्थात् प्रारब्ध हुआ करती है। यदि 'निश्चित' अर्थ करें, तो 'स्थित' होना चाहिए 'स्थापित' क्यों? फिर विरह के तो ये सारे ही दिन है। गमन का दिन एक ही होगा। अत: निर्धारणार्थ 'गमनदिवस' और 'प्रस्तुत' शब्द समीचीन हैं।

1409 **विरहदिवसे (उ० 31.1.3.7)** विरह+सु+दिवस+ङि; बहुव्रीहि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन: वियोगदिने (पंचिका); विच्छेददिने (सुबोधा)।

1410 **विरहमहतीम् (उ०28.4.20.59)** तत्पुरुष, विशेषण; विरहजनितैर्विच्छेदोत्पादितैरत (सुबोधा 28); विरहेण महतीम्। विरह के कारण बढ़ी थी। तुलना करो—विक्रमो० 3.4.22;

1411 **विरहविधुराम् (पू० 8.3.11.40)** विरह+टा+विधुरा+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; विरहक्लिष्टां, विरहकृच्छ्रगतामित्यर्थ। **'विधुर: पत्यपेतेस्यात् क्लिष्टविश्लिष्टयोरपि'** इति यादव: (प्रदीप); विरहेण वियोगेन विधुराम् (चरित्र); विरहेण विधुरां कृशाम् (संजी०); संभावितशरीरापायाम् (विद्युल्लता); विरहेण वियोगेन विधुरां विकलाम् (सुबोधा); "विप्रयोगे च विधुरं विधुरो विह्वले त्रिष्वि'ति **यादव:** (सुबोधा)।

विगता धू: कार्याभारो यस्या: सा। जो किसी कार्य को न सम्भाल सके। अथवा, पतिरूप धुरा से विहीन। अत: विवश, असहाय, दु:खी, सन्तप्त। क्षीरस्वामी 'विधुर' का विग्रह इस प्रकार करते हैं—विघटिता धू कार्यभारोऽस्य।

1412 **विरहशयने (उ० 28.1.2.11)** विरह+ङि+शयन+ङि; तत्पुरुष; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; विरहे शयनं तस्मिन् विरहशयने, पल्लवादिरचित इत्यर्थ: (संजी०); विरहशय्यायाम् (पंचिका); नवपल्लवाद्यास्तीर्णभूशय्यायां, (सुबोधा); विरहकाल में प्रयुक्त शय्या। श्री काले ने सुझाव दिया है कि इसको मध्यमपदलोपी समास भी लिया जा सकता है। विरहानुकूलं शयनं विरहशयनम्। विरह के उपयुक्त शय्या। श्री श०रा० शास्त्री का विग्रह—विरहस्य शयनम्—विरहकालीन शय्या है। इसे उ०मे० 28 का "अवनिशयन' ही लेना उचित है।

'विरहे शयनं विरहशयनं तस्मिन्।' मल्लिनाथ ने इस पद का यही समासविग्रह प्रस्तुत किया है। परन्तु शारदारञ्जन राय ने 'विरहस्य शयनम्' लिखकर षष्ठी तत्पुरुष माना है। श्री मोरेश्वर रामकृष्ण काले ने शाकपार्थिवादि की तरह उत्तरपदलोपी समास माना है—"विरहानुकूलं शयनं विरहशयनम्।" श्री संसारचन्द्र ने मल्लिनाथ की टीका देकर भी विग्रह श्री शारदारञ्जन और श्री काले के अनुसार ही देकर इन दोनों को ठीक माना है। परन्तु यहाँ पर मल्लिनाथ का ही विग्रह समीचीन है। यहाँ आधार के अर्थ में सप्तमी है। भट्टोजि दीक्षित ने औपश्लेषिक, वैषयिक और अभिव्यापक तीन तरह के आधार माने हैं; और यदि दूरान्तिकार्थ को भी लें, तो प्रातिपदिकार्थमात्र को लेकर चार प्रकार की सप्तमी "अधिकरणे च" में उन्होंने मानी है। हेलराज ने 'वाक्यपदीय' की—"उपश्लेषस्यास्त्यभेद: तिलाकाशकटादिषु"—कारिका के अनुसार उपश्लेषतत्व को अधिकरण के सारे भेदों में व्याप्त सिद्ध किया है। यहाँ संयोग और समवाय दोनों प्रकार के सम्बन्धों से भिन्न वैषयिक या गौण अभिव्यापक आधार माना जायगा; या हेलराज के अनुसार उपश्लेषमात्र होगा। अत: यहाँ 'सप्तम्यधिकरणे च' (2.3.36) से सप्तमी ही होगी। षष्ठी यहाँ किसी भी प्रकार के स्वस्वामिभावादि सम्बन्ध के न होने के कारण और निर्धारणादि के अभाव में हो ही नहीं सकती। अत: षष्ठी तत्पुरुष का प्रश्न ही नहीं उठता। जहाँ तक उत्तरपदलोपी समास को बात है, शाकपार्थिवादि का कोई भी तत्व यहाँ नहीं मिलता। शाकपार्थिवादि उत्तर पदलोप के अभाव में सिद्ध ही नहीं हो सकते। उनका बीज है, पहले समस्त पद के अर्थ में उसके पूर्वपद का लक्षक होना; उसके अभाव में ये समास बन ही नहीं सकेंगे। 'शाकपार्थिव:' में 'शाक:' पद का लक्ष्यार्थ है 'शाकप्रिय:'; इसी से 'प्रिय' शब्द की जरूरत ही नहीं महसूस होती और साथ ही 'शाकप्रियपार्थिव' जैसे समस्त पद की निवृत्ति भी इसी वार्तिक से सिद्ध हो जाती है। यहाँ इस लक्षण

का प्रश्न ही नहीं उठता; क्योंकि मुख्यार्थ बाध है ही नहीं। विरह को 'विरहानुकूल' का लक्षक तो तभी माना जा सकता है, जब 'विरहे शयनम्' यह विग्रह सम्भव न हो। अत: शारदारञ्जन जी, मोरेश्वर जी और संसार चन्द्र जी ने सर्वथा भ्रामक मत को प्रस्तुत करके एक बहुत बड़ा घपला पैदा कर दिया है। अस्तु, अब ज़रा विरहशयन क्या है, इसे जानना जरूरी है। स्वयं महाकवि कालिदास ने अभिज्ञानशाकुन्तल के तृतीयाङ्क में इसकी झाँकी प्रस्तुत की है—"एषा मे मनोरथप्रियतमा सकुसुमास्तरणं शिलापट्टमधिशयाना सखीभ्यामन्वास्यते।........ स्तनन्यस्तोशीरं शिथिलितमृणालैकवलयं प्रियाया: साबाधं किमपि कमनीयं वपुरिदम्।।"

1413 **विरहावस्थया (पू० 30.3.11.53)** विरह+ङि+अवस्था+टा; तत्पुरुष, तृतीया, एकवचन; विश्लेषदशया (चरित्र०); वियोगे भवन्त्या स्वदशया (विद्युल्लता); वियोगदशया (सुबोधा)।

1414 **विरहे (उ० 51.3.16.30)** विरह+ङ; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; विरहे सति, अन्योन्यविप्रकर्षे सति (संजी०); वियोगे (पंचिका); विच्छेदेऽपि विगता आपद् विपत्तिर्येषाम् तादृशान्, सततं स्नेहपात्रस्य स्नेहानुस्मरणात्। (सुबोधा); विरहध्वंसिन:—पा०भे० विरह में नष्ट होने वाला। विरहव्यापद:—पा०भे० विरह में व्यापन्न—शीर्ण हो जाने वाले।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (8.60) हुआ है।

1415 **विवृतजघनाम् (पू० 44.4.18.49)** विवृत+सु+जघन+टाप्+अम्; बहुव्रीहि, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; विवृतकटिप्रदेशाम्। जघनं स्यात्कटौ पूर्वश्रोणिभागापराङ्गयो: इति यादव: (प्रदीप); विवृतं वस्त्रेण अनाच्छादितं जघनं यस्या सा ताम् (चरित्र०); विवृतं प्रकटीकृतं जघनं कटि: तत्पूर्वभागो वा यस्या: ताम्; 'जघनं स्यात्कटौ पूर्वश्रोणिभागापरांशयो:' इति यादव: (संजी०); प्रकटितविकटकटितटपुरोभागाम्; 'पश्यान्नितम्ब: स्त्रीकट्या: क्लीबे तु जघनं पुर:' इत्यमर:। विवृतेति स्वानुकूल्यं द्योतयति, 'आनुकूल्यरसा: स्त्रिया:' इत्युक्तत्वात्, सा हि रसस्य पराकाष्ठेति भाव:। जघनेति, दयिताया कण्ठमूलकक्षवक्षोरुहादीनामपि हृदयगन्धसिन्धुरवन्धनालानत्वात्, मदनसार्वभौमगर्वसर्वस्वखनिपर्वते जघनपुलिने प्रकाशिते किं पुनरिति भाव: (विद्युल्लता); **पुलिनजघनाम्**—पुलिनमेव जघनम् कटीपुरोभागो यस्यास्तां पुलिनजघनां नदी, शीतलविशालत्वात् पुलिनमिव जघनं यस्यास्तादृशीं स्त्रियं। जघनस्य पुलिनोपमानेन शैत्यादिगुणवन्त्वसूचनात् वरवर्णिनीत्वमुक्तम्। तथा च—

शीते सुखोष्णसर्वाङ्गी ग्रीष्मे च सुखशीतला।
भर्तृभक्तिरता नित्यं सा स्मृता वरवर्णिनी" ति।। केचित्

विपुलजघनामिति पाठे विपुलम् विशालं। श्लेषादस्या: स्वाधीनभर्तृकात्वमुक्तम्, तथा च,

यस्याश्चित्ररतिक्रीडासुखास्वादनलालस:।
न प्रयाति प्रिय: पार्श्वात् सा स्यात् स्वाधीनभर्तृके" ति।।

यदन्तर्वारिणस्तटम्—तोयोत्थितं तत् पुलिनमिति च (सुबोधा);

विवृत—वि+√(ढकना)+क्त। 'संवृत' छिपा हुआ का उलटा है। इसका अर्थ 'फैली हुई' भी किया जा सकता है। पिछले पद्य के अन्तिम दो पादों में गम्भीरा की उपेक्षा न करने की प्रेरणा के कारण का 'ज्ञातास्वादो विवृत०' इत्यादि में विस्तार किया है। इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मन:। फिर तुम तो इन्द्रिय-सुख भोग चुके हो। तुम्हारे लिये कामयमाना, अनावृत प्रेमिका का सुखोपभोग त्यागना सम्भव न होगा। विल्सन (Wilson) ने इसकी जगह 'पुलिनजघनाम्' यह पाठ दिया है, परन्तु यह ठीक नहीं बैठता; क्योंकि 'पुलिन' तीर (तट) को कहते हैं और तीर को पहले नितम्ब कह ही दिया है, उसकी पुनरावृत्ति ही है; दूसरे

मेघ 'सलिल-रूपी वसन' का ही हरण करता है; पुलिन का नहीं; तीसरे काव्य में सलिल का वसन से साम्य अधिक प्रसिद्ध है।

1416 **विशति** (उ० 41.4.16.58) विश्+लट्, प्रथम पुरुष, एकवचन, तिङन्त। प्रवेशं करोति (चरित्र०); एकीभवतीत्यर्थ: (संजी०); प्रवेष्टुमिच्छति, त्वयैक्यं यियासतीत्यर्थ: भिन्नयोश्चैक्यं सारूप्याद् भवतीति तयोरङ्गयोस्तनु च तनुना इति पृथक् विशेषणै: सादृश्यकथनेन समानुरागतामाह (पंचिका); प्रविशति आलिङ्गतीत्यर्थ:। तामेवं ब्रूया इति सम्बन्ध: (सुबोधा); प्रविष्ट होता है, प्राप्त होता है, पहुँचता है, मिलता है। प्रवेश करता है, अर्थात् मल्लि० के अनुसार 'एकीभवति'। यक्ष का अभिप्राय अपने तथा अपनी प्रियतमा के शरीर की समान ही अवस्था बतलाना है। मनोरथ भी समान रूप से दोनों के हृदयों में वे-वे ही हैं, जिनका संयोग-काल में उन्होंनें खूब अनुभव कर रखा है। अत: हर एक बात में दोनों एक जैसे ही हैं। इसका अर्थ मल्लिनाथ ने एकरूप होना माना है, जबकि वल्लभदेव ने 'सरूपता' का अर्थ लिया है। भिन्न वस्तुओं में एकता चूँकि सरूपता से आती है; अत: 'सरूपता को प्राप्त होता है।' भरतसेन ने 'आलिङ्गन करता है'—यह अर्थ माना है। पूर्ण सरस्वती ने यह अर्थ दिया है—"विशति तृष्णातिशयेनैक्यमभिलषन्नु प्रविशति।" यही अर्थ ठीक है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग ऋतु० में एक बार (1.17) हुआ है।

1417 **विशालाम्** (पू० 31.2.8.33) विशाला+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; उज्जयिन्या: विशालेति नामापि। 'विशालोज्जयिनी समा' इत्यमर: (प्रदीप); उज्जयिनीम् (चरित्र०); विशालात्विन्द्रवारुण्यां उज्जयिन्यां तु योषिति' इति मेदिनी (चरित्र०); उज्जयिनीम् (संजी०); अमितचतुरङ्गवलजलधिसान्निध्येऽप्यसंकटविशिखामुखाम्। अथवा विशालां नाम्ना (विद्युल्लता); विशालाभिधानां उज्जयिनीं पुरीम् (सुबोधा); विशालेत्युज्जयिन्या नाम तथा चोत्तरतन्त्रं—"विशालोज्जयिनी प्रोक्ता पुरी चम्पा च मालिनी"ति। "विशालं वृहदाख्यातं विशालोज्जयिनी पुरी" ति धरणि:। **केचित्तु** विशालां विस्तीर्णां, उज्जयिनीं तु पूर्वोद्दिष्टपदादेवगन्तव्येत्याहु: (सुबोधा)।

विशिष्टा: विविधा; वा शाला: यस्याम्, ताम्। उत्तम-उत्तम या अनेक प्रकार के भवनों वाली। यह उज्जयिनी का ही दूसरा नाम है। यह अवन्ति देश की राजधानी थी। वल्लभ इसे नाम न मानकर 'पुरीम्' का विशेषण मानते हैं।

1418 **विशीर्णाम्** (पू० 19.3.13.52) विशीर्णा+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; प्रश्रिताम् (चरित्र०); समन्ततो विसृमराम्, एतेन कस्याश्चित् कामुक्या: प्रियतमचरणपातोऽपिध्वन्यते (संजी०); उच्चावचशिलातलास्फालनस्खलित-जर्जरिततया बहुमार्गीकृताम् (विद्युल्लता); खण्डखण्डीभूताम् इतस्ततो गताम् (सुबोधा); विशीर्णत्वं चिहध्वनि: (सुबोधा);

वि+शृ+क्त+स्त्री० आ+ द्वितीया एक व०। शतश: स्फुटितप्रवाहाम् (सारो०)।

1419 **विशेषान्** (पू० 60.1.6.14) विशेष+शस्; संज्ञा, द्वितीया, बहुवचन; तस्माद्गच्छेरनुकनखलं इत्युक्तान् विशेषान् (प्रदीप); द्रष्टव्यार्थान्; 'विशेषौऽवयवे द्रव्ये द्रष्टव्योत्तमवस्तुनि' इति शब्दार्णव: (संजी०० 60); प्रकारान् नद्यादिस्वरूपान् (सुबोधा); विस्मयावाहक दृश्यों, स्थलों आदि को। प्रो० राय के अनुसार विशेष से अभिप्राय कनखल के पास गंगा से है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में एक बार (1.25) हुआं है।

1420 **विशेषै:** (उ० 1.4.19.53) विशेष+भिः; संज्ञा, तृतीया, बहुवचन; ललितवनितादिभिर्विशेषै:। पूर्वोक्तानां विशेषाणां समासवृत्तितिरोहितत्वात् स्पष्टार्थ तैस्तैविशेषैरित्युक्तम् (प्रदीप); ललितवानितत्वादि धर्मै: (संजी०); धर्मै: (पंचिका); विशेषणै (विद्युल्लता); त्वत्त्वादिभि: (सुबोधा)।

1421 विश्रान्तः (पू० 27.1.1.3) वि+श्रम+क्त; +सु; विशेषण, प्रथम, एकवचन; तत्र नीचैर्गिरौ विनीताध्वश्रमस्सन् (संजी०); पर्वताधिवासात् गतखेदः सन् (सुबोधा)।

1422 विश्रामहेतोः (पू० 26.1.5.16) विश्राम+ङस्+हेतु+ङस्, कर्मधारय, संज्ञा, षष्ठी, एकवचन; 'नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्यानाचमेः' (7.3.34) इति प्रतिषेधात् 'विश्रमहेतोः' इति वक्तव्यम्। 'विश्रामहेतोः' इत्यस्य रूपसिद्धिः चान्द्रव्याकरणेन इत्यनुसन्धेयम् (प्रदीपः) विश्रामः विश्रमः खेदापनयः; भावार्थे 'घञ्' प्रत्ययः; तस्यहेतोः; विश्रामार्थमित्यर्थः 'षष्ठी हेतुप्रयोगे' इति षष्ठी; 'विश्राम' इत्यत्र 'नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्थानाचमे' इति पाणिनीये वृद्धिप्रतिषेधेऽपि विश्रामं वा' इति चन्द्रव्याकरणे बिकल्पेन वृद्धिविधानात् रूपसिद्धिः (संजी०); अध्वश्रमविनोदनात् निमित्तात्। 'नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्यानाचमेः' इति वृद्धिप्रतिषेधात् विश्रमेति वक्तव्यम्। विश्रामेति रूपसिद्धि-र्लक्षणान्तरेणेति ज्ञेयम् (विद्युल्लता); विश्रामनिमित्तम् (सुबोधा)।

वि+√श्रम+घञ्। यह पद व्याकरण के नियमों के अनुसार अशुद्ध है। परन्तु साहित्य में इसका प्रयोग अनेक बार हुआ है। शुद्ध पद 'विश्रमः' है। इसमें स्वार्थ में अ (अण्) प्रत्यय लगाने से विश्राम पद की प्राप्ति भी हो जाती है। मल्लिनाथ ने इसे चन्द्रव्याकरण के आधार पर शुद्ध माना है। जो सूत्र उन्होंने उद्धृत किया है, वह जैनेन्द्र का है (पा० 1)। व्याकरण की दृष्टि से विश्रान्तिः (वि+√श्रम्+क्तिन्) पाठ अच्छा है। पार्श्वाभ्युदय में भी 'विश्राान्तिः' पाठ मिलता है। मल्लि० ने 'विश्रान्ति हेतोः' के स्थान में 'विश्राम हेतोः' पाठ दिया है और विश्राम शब्द की व्युत्पत्ति पर "विश्रामेत्यत्र नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्यानाचमेः" इति पाणिनीये वृद्धिप्रतिषेधेऽपि 'विश्रामो वा' इति चान्द्रव्याकरणे विकल्पेन वृद्धिविधानादूप्रसिद्धः' लिखकर 'विश्राम' शब्द को व्याकरण के द्वारा शुद्ध सिद्ध करने का प्रयत्न किया है, परन्तु पाणिणि व्याकरण के अनुसार 'विश्रम' ही शुद्ध प्रयोग है 'विश्राम' नहीं । मल्लि० ने "विश्रामो वा" यह चन्द्रव्याकरण का सूत्र दिया है, परन्तु यह सूत्र चन्द्रव्याकरण में कहीं भी नहीं मिलता। चन्द्रव्याकरण भी सूत्र VI.1.42 के अनुसार 'विश्रम' ही सिद्ध करता है। सम्भवतः मल्लि० के मस्तिष्क में जैनेन्द्र-व्याकरण का "विश्रामो वा" (Y.2.41) यह सूत्र हो। विश्राम शब्द के अशुद्ध होने के कारण ही वल्लभ श्लोक की टीका करता हुआ लिखता है—विश्रामशब्दः कवीनां प्रमादजः अतः "विश्रान्ति हेतोः" पाठ ठीक है।

1423 विष्णोः (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 15.4.21.51; 60.4.20.62)** विष्णु०+ङस्; संज्ञा, षष्ठी, एकवचन; वसुदेवसूनोः। यथा कृष्णस्य श्यामं वपुर्बर्हेण कान्तिं लभते तथा इत्यर्थः। श्यामत्वान्मेघस्योपमानं कृष्णः नानावर्णत्वाद् धनुषो बर्हमुपमानम् (चरित्र०); त्रिविक्रमस्य (चरित्र 60); कृष्णस्य (संजी०); व्यापकस्य त्रिविक्रमस्य, (संजी० 60); व्याप्तत्वेन वेदशिरसि प्रतिपाद्यमानस्य, 'वेदान्तवेदभिर्विष्णुः प्रोच्यते यो नतोऽस्मि तम्' इति वचनात्। अत्र भगवत उपमानत्वात् उपमेयस्यापि मेघस्य संकोचविकासशक्तत्वं स्वरसत एव परोपकारपरत्वं च द्योत्यते (विद्युल्लता 15); कृष्णस्य (सुबोधा 15); विष्णोरिति विष्णुतुल्यतया गतो प्रोत्साहः सूचितः। तत्स्मृत्या परममङ्गलञ्च। तथाच "हरिस्मृतिः सर्वविपद्विनाशिनी" ति। "सैव यात्रा शुभा प्रोक्ता यत्र प्राक् स्मर्यते हरि" रिति च। विष्णुपदेन सर्वव्यापकत्वं गोपवेशस्येत्यनेन स्वेच्छाविग्रहत्वञ्च प्रतिपादितम्। तद्द्वयं यथा तस्य तथा तवापीति ध्वनिः (सुबोधा 15)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (13.5; 16.82), कुमार० (7.44), शाकु० (4.5) तथा मालवि० (5.2) में एक-एक बार हुआ है।

1424 विस्मरन्ती (उ० 25.4.21.50) वि+स्मृ+शतृ+ङीप्+सु; कृदन्त क्रिया, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; विस्मरणं चात्र दयितगुणस्मृतिजनितमूर्च्छावशादेव, तथा च **रसरत्नाकरे**—

वियोगायोगयोरिष्टगुणानां कीर्त्तनात्स्मृतेः।
साक्षात्कारोऽथवा मूर्च्छा दशधा जायते तथा।। इति (संजी०)

चेतसोऽस्वास्थ्यात् (पंचिका); आलोके ते निपतीति सम्बन्धः (सुबोधा); यह विस्मृति स्मृतिभ्रंश के कारण थी। देखो गीता—'संमोहात् स्मृतिविभ्रमः।'

1425 विस्मृतभ्रूविलासम् (उ० 34.2.8.40) विस्मृत+सु+भ्रू+ओस्+विलास+सु; बहुव्रीहि; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; ननु विलासिनीनां स्वभावत एव भ्रूविलासः सम्भवति? उक्त चं—'तस्याश्शलाकाञ्जननिर्मितेव कान्तिर्भ्रुवोरायतरेखयोर्या। ताम्वीक्ष्यलीलाचतुरामनङ्गः स्वचापसौन्दर्यमदं मुमोच' इति। कथमत्र मधुपानायत्तो भ्रूविलास इत्युक्तम्। सत्यम्। अत्र स्वभावसिद्धोऽपि भ्रूविलासः स्वोद्दीपनतिभावस्य मधुपानस्य अभावान्नाभिव्यज्यते इति कवेरभिप्रायः। अतएव विस्मृतभ्रूविलासमिति विस्मृतपदं प्रयुक्तम् (प्रदीप); विस्मृता भ्रूविलासा येन तत् (चरित्र०); विस्मृतो भ्रूविलासो भ्रूभङ्गो येन तत् (संजी०); विस्खलितभ्रूविलासम (पंचिका); भ्रूविलासादेव स्पन्दनमित्याशङ्क्याह, विस्मृतो बद्धो मद्यस्य भ्रूविलासो भ्रूवैदग्ध्यं येन तादृशम्। अपि चेति विस्मृतभ्रूविलासमितिभावः। शङ्कितेयं दृष्टिः तथा च—

क्वचिच्चला स्थिरा शून्या क्वचित्तिर्यग् विलोकिनी
अनवस्थिततारा च शङ्किता दृष्टि उच्यते। इति।

अत्र च स्पन्दनेन चलत्वम् अलकरुद्धप्रसरापाङ्गत्वेन तिर्यग्विलोकिनीत्वम् अनवस्थिततारकत्वञ्च विस्मृत-भ्रूविलासत्वाद् भ्रूवोरव्यापारेण स्थिरत्वं ध्वनितम्। अञ्जनस्नेहशून्यमित्यनेन शून्यत्वञ्च स्पष्टम् कुवलयश्रीतुलया तादृशमपि चक्षुः कमनीयमेवेति सूचितम्, स्त्रीणां वामचक्षुः स्पन्दनं शुभसूचकम्। यदुक्तं सव्यनेत्रस्फुरत् स्त्रीणां शंसति प्रियसङ्गममिति (सुबोधा)।

विस्मृतः भ्रुवोः विलासः यस्य, तत्। वैसे तो स्त्रियों का भ्रूविलास स्वाभाविक होता है, परन्तु वह शराब की मस्ती और प्रिय-विरह के कारण भूला हुआ-सा था। भ्रूविलास शृङ्गारचेष्टा है। पति के विरह में वह नहीं की जा सकती । भ्रुवोर्विलासः भ्रूविलासः। विस्मृतो भ्रूविलासो येन तद् विस्मृतभ्रूविलासम्। विलासो भावलीलयोः"—विश्वप्रकाश। यहाँ पर भ्रूलीला के अर्थ में भ्रूविलास शब्द आया है। प्रियतम के देखने पर कामिनियों के अङ्गों में जो विशेष विकार उत्पन्न हो जाते हैं, उन शृङ्गारभावज व्यापारों को विलास कहते हैं। दशरूपक में लिखा है—"तात्कालिको विशेषस्तु विलासोऽङ्गक्रियादिषु।" यहाँ कवि को प्रियतम के साक्षात्कार के समय के यक्षाङ्गना के भ्रूव्यापारविशेष ही अभीष्ट हैं। प्रियतम के आठ महीनों के विप्रयोग में इस अङ्गविशेष के विलास का भूल जाना सुतरां स्वाभाविक है। आलम्बनविशेष के अभाव में शृङ्गारभावज क्रियाविशेष का अभाव उपयुक्त ही है। कवि ने यहाँ एक बाह्य हेतु भी दिया है; क्योंकि उसके होने पर भी भ्रूचेष्टित दिखाई दे जाते हैं और वह है मधुसेवन। उसका भी प्रत्यादेश हो जाने से सम्भावना का अत्यन्ताभाव हो जाएगा। यहाँ 'विलास' का प्रियतमसमागमनिमित्त, मधुपानअसमवायि और शृङ्गारभाव समवायि कारण हैं। दक्षिणावर्तनाथ ने एक और तर्क दिया है—"ननु विलासिनानां स्वभावत एव भ्रूविलासः सम्भवति।'' उक्तञ्च—

'तस्याः शलाकाऽञ्जननिर्मितेव कान्तिर्भ्रुवोरायतरेखयोर्या।
तां वीक्ष्य लीलाचतुरामनङ्गः स्वचापसौन्दर्यमदं मुमोच।। इति।

कथमत्र मधुपानायत्तो भ्रूविलास इत्युक्तम्? सत्यम्। अत्र स्वभावसिद्धोऽपि भ्रूविलासस्वोद्दीपनविभावस्य मधुपानस्य अभावान्नाभिव्यज्यत इति कवेरभिप्रायः। अतएव विस्मृतभ्रूविलासमिति विस्मृतपदं प्रयुक्तम्।"

1426 विहस्य (पू० 53.3.10.46) वि+हस्+क्त्वा; अव्यय; अवहस्य (संजी०); सौभाग्यसम्भूतेन मदेनानादरादपहस्ये-

वेत्युत्प्रेक्षा (विद्युल्लता); विशेषेण हसित्वेव (सुबोधा); तिरस्कार करके। शिवजी की जटाओं में स्थित अपनी सपत्नी गङ्गा को देखकर पार्वती ने ईर्ष्या और क्रोध में आकर त्योरी चढ़ाई। इसे देखकर गङ्गा ने अपनी फेन (झाग) से उसका उपहास किया। उठती हुई झाग के सफेद होने के कारण इसको हँसी समझा गया है, क्योंकि कवि-जगत् में हँसी का श्वेत रंग माना जाता है और वह इसलिए कि हँसते समय दाँत दिखाई देने लग जाते हैं, जिनसे श्वेत छटा निकलती है। देखिये—रामायण अयो० सर्ग 5० श्लो० 16 जलाघाताट्टहासोग्रां फेननिर्मलहासिनीम् (गंगा) ददर्श। हितो० की प्रस्तावना श्लो० I. देखिये—'सिद्धिः साध्ये सतामस्तु प्रसादात्तस्य धुर्जटेः। जाह्नवीफेनलेखेव यन्मूर्ध्नि शशिनः कला।।'

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोगा तेरह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में छह बार, विक्रम० में चार बार, रघु० तथा मालवि० में एक-एक बार हुआ है।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1427 **विहातुम् (पू० 44.4.20.54)** वि०+हा+तुमुन; अव्यय; त्यक्तुम् (चरित्र०); त्यक्तुम् (संजी०); आस्तां दवीयस्यस्य सेवनम्, सेवनान्तरमपि परित्यागो न सुकर इति व्यज्यते (विद्युल्लता); त्यक्तुम् (सुबोधा)।

1428 **वीक्षमाणाः (पू० 22.1.3.14)** वि+ईक्ष्+शानच्+जस्; विशेषण; प्रथमा, बहुवचन; विलोकयन्तः (चरित्र०); कौतुकात् पश्यन्तः (संजी०)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग ऋतु० में दो बार (5.11; 5.15) हुआ है।

1429 **वीक्ष्य (उ० 39.2.10.32)** वि+ईक्ष्+क्त्वा; अव्यय; दृष्ट्वा (पंचिका); विशेषेणावलोक्य (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग बारह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में छह बार, कुमार० में चार बार तथा शाकु० में एक बार हुआ है।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1430 **वीक्ष्यमाणः (पू० 36.1.6.15)** वि+√ईक्ष्+कर्मवाच्य+शानच्+पु०; प्रथमा एकवचन; दृश्यमानः; चण्डेश्वरस्य धामगमने तदनुचराद् भयं नास्ति सुखेन तत्र यास्यसीत्याकूतम्, आतिथ्यप्राप्तिर्वा ध्वनिता (सुबोधा)।

1431 **वीचिक्षोभस्तनितविहगश्रेणिकाञ्चीगुणायाः (पू० 29.1.1.15)**वीची+ आम्+क्षोभ+टा+स्तनित+जस्+ विहग+आम्+श्रेणी+सु+काञ्ची+ङस्+गुण+टाप्+ङस् बहुव्रीहि विशेषण; षष्ठी, एकवचन; वीचीनां क्षोभः तस्मात् स्तनिताः शब्दायमानाः ये विहगाः पक्षिणः तेषां श्रेणिः परम्परा सैव कांञ्चीगुणो मेखलासूत्रं यस्याः सा तस्याः (चरित्र०); वीचिक्षोभेण तरङ्गचलनेन स्तनितानां मुखराणां; कर्तरिक्त; विहगानां श्रेणिः पंक्तिरेव काञ्चीगुणो यस्याः तस्याः (संजी०); स्वनितेति पाठः; स्तनितस्य शकुने रशनाकलापे चाप्रसिद्धेः। तरङ्गसंघट्टनेन शब्दायमानानां पक्षिणां हंससारसचक्रवाकादीनां आवलिरेव रशनाकलापो यस्याः (विद्युल्लता); वीचेस्तरङ्गस्य क्षोभेण सञ्चालनेन स्तनिता शब्दिता या विहगानां हंससारसादीनां पक्षिणां श्रेणिः पंक्तिः सैव पक्षे सैव काञ्चीगुणो मेखलादाम यस्यास्तथाभूतायाः (सुबोधा); **केचित्तु** नायिकापक्षे वीचिक्षोभो मुखक्षोभस्तेन स्तनितः शब्दितो विहगश्रेणिरिव नानाविचित्रवर्णत्वात् कांचीगुणो रशनाकलापो यस्याः प्रशस्तावर्तयुक्ता नाभिरावर्तनाभिः प्रशंसायामर्श आदित्वादत् (सुबोधा); "वीचिः स्वल्पतरंगे स्यादवकाशे मुखेऽपि चेति' **विश्वः**। "विहगाः पक्षिणो ग्रहा" इति **ध्वनिरित्याहुः** (सुबोधा)।

वीचीनां क्षोभेन स्तनितानां विहगानां श्रेणिः एव काञ्चीगुणः यस्याः तस्याः। स्तनित—श्री काले के मत में यह स्वनित का ही भ्रष्ट पाठ है। क्वणित (पा०भे०) का विहगों की कूजन और काञ्चीगुण के बजने से 'स्तनित' की अपेक्षा अधिक सामञ्जस्य है। अतः 'क्वणित' पाठ अच्छा है।

1432 वीणाम् (**उ० 25.1.6.12**) वीणा+आम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; वल्लकीम् (सुबोधा)।

1433 वीणिभि: (**पू० 48.2.8.27**) वीणा+इन्+भिस्; विशेषण, तृतीया, बहुवचन; वीणावद्भि:। व्रीह्यादित्वादिनि:। व्रीहि: शिखाष्टका माला पताका वर्मकर्मणी। मेघला वडवा वीणा संज्ञा चर्मबलाकया।। इति व्रीह्यादिगण:। जलसिक्ततंत्रीका वीणा न क्वणतीति 'सिद्धानां मेघमार्गपरित्याग:। वक्ष्यमाणार्थपरितानाम् अत्रेदमनुसन्धेवम्। दशपुराख्यस्य अधिपति: पुण्यश्लोक: कश्चन रन्तिदेव इति राजा बभूव। तदीयानां धेनूनां मध्ये प्रतिदिनं काञ्चनखुरशृङ्गाद्यावयवै; संचरमाणा: काश्चनदेवगव्य: समवतीर्य स्वैर्य विहृत्य गच्छन्ति। तासां रूपं दृष्ट्वा रन्तिदेवधेनव: पप्रच्छु: कुतो युस्माकं ईदृशं रूपं सञ्जातमिति। ता: पुनरब्रुवन् पुरा यज्ञेषु संज्ञापिता वयं ईदृशो जाता इति। ताश्चधेनव: स्वामिनं रन्तिदेवमुपागम्य अब्रुवन हे राजन् एतावन्तं कालं भवतो वयं उपकृतवत्य:। तस्मात् अस्मान् क्रतुषु त्वमालभेथा:। येन दिव्यरूपा भवामेति। सोऽपि ता यज्ञेषु विशस्य तासां चर्माणि पर्वतमिव क्वापि संबभार। तस्मात् सरक्तनिष्यन्दात् चर्मपर्वतात् कापि नदी प्रवहति। या चर्मप्रभवत्वात् चर्मण्वतीमाहुरिति भारतीयमुपाख्यानम् (प्रदीप, द्र० **चर्मण्वती** के ऐतिह्य में रन्तिदेव-कथा); वीणा: सन्ति येषां इति वीणिभि: (चरित्र०); वीणावद्भि:, 'व्रीहादित्वात् इनि:' (संजी०); विपञ्चीसहितै:। व्रीह्यादित्वादिनि:। 'व्रीहि: शिखाष्टका माला पताका कर्मवर्मणी। मेखला वडवा वीणा संज्ञाच्छद्मबलाकयो:' इति व्रीह्यादिगण: (विद्युल्लता); वीणावद्भिरर्थात् स्कन्दमुपवीणयितुमागच्छद्भि: (सुबोधा); वीणा: एषां सन्ति इति वीणीनि, तै:। वीणाधारी।

1434 वृन्दानि (**उ० 38.3.13.34**) वृन्द+शस्; संज्ञा; द्वितीया, बहुवचन; समूहान् (चरित्र०); सङ्घान् (संजी०); समूहान्, यो वृन्दानीत्यादिना प्रोषितभर्तृकाणामहमुपकारी, (सुबोधा); वृन्दानीति बाहुल्यात् तत्कारिताभ्यासं कथयति (वक्रोक्तिजीवित)।

1435 वृष्टिमन्त: (**उ० 14.2.9.25**) वृष्टि+मत् (मतुप्); प्रथमा; बहु० व०; विशेषण; वर्षशीला:। बरसने वाले। यह 'करिण:' का विशेषण है। यहाँ पर उपमान-वाचक पद 'त्वम्' एकवचनान्त और उपमेय-वाचक 'करिण:' बहुवचनान्त होने में 'ज्योत्स्ना इव सिता कीर्ति: इसके समान भग्न-प्रक्रम-दोष हुआ है।

1436 वेणीभूतप्रतनुसलिला (**पू० 30.1.1.9**)वेणीभूतप्रतनु +सु+सलिल+टा+सु; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा एकवचन; वेणीशब्देन स्तोतश्च केशबन्धश्च विवक्षित: (प्रदीप); वेणीभूतं प्रतनु अल्पतरं सलिलं पानीयं यस्या: सा (चरित्र०); अवेणीवेणीभूतं वेण्याकारं प्रतनु स्तोकं च सलिलं यस्या: सा, तथोक्ता—'अन्यत्र वेणिभूतकेशपाश इति च ध्वन्यते (संजी०); त्रिधा पञ्चधा वा विभज्य दोराकारेण ग्रथित: केशकलापो वेणी। सलिलस्य प्रतनुत्वात् वेणीत्वोपपत्ति:। 'वेणी तु केशबन्धे जलस्तुतौ' इति वैजयन्ती। वेणीधारणं च विरहिणीनां प्रसिद्धम् (विद्युल्लता); वेणी भूता प्राप्ता वेण्या भूता युक्ता वा वेणीभूता, प्रकृष्टम् अतिशयं तनो: शरीरस्य एकदेशे समुदायस्योपचारात् नेत्रस्य, सलिलं जलं अश्रु यस्या: सा तथा, तत: कर्मधारय:, पुंवद्भावादापो निवृत्ति:। (सुबोधा); वेणी केशबन्धभेदस्तद्भूतं तत्प्रायं प्रतनु स्वल्पं सलिलं जलं यस्या: सा तथा, भूतशब्दोऽत्र सादृश्यार्थ: "युक्ते क्ष्मादावृते भूतं प्राण्यतीतेसमे त्रिष्वि" **त्यमर:**।" (सुबोधा)

न वेणी अवेणी। अवेणी वेणी सम्पन्नमिति वेणीभूतम्। वेणीभूतं प्रतनुं सलिलं यस्या: सा। यहाँ पर वेणी से 'एक वेणी' का अभिप्राय है; क्योंकि प्रोषितभर्तृकाएँ एक ही वेणी धारण करती हैं। देखो—शाकु० 7.21—नियमक्षाममुखी धृतैकवेणि:। गरमी के कारण नदी की धार संकुचित ओर पतली हो गई है। अत: वह प्रोषितभर्तृका की एक वेणी (चोटी) के समान मालूम पड़ती है। वेणीभूत से अभिप्राय 'एक-वेणीभूत' का है। अभि०शा० V II.21, 'नियमक्षाममुखी धृतैकवेणी'।

1437 वेत्रवत्या: (पू० 25.4.19.56) वेत्रवती+ङस्; संज्ञा, षष्ठी, एकवचन; वेत्रवत्या: नद्या: (चरित्र०); वेत्रवत्या: नाम नद्या: (संजी०); वेत्रवतीति नद्या: संज्ञा, (विद्युल्लता)।

यह आधुनिक वेतवा नदी का प्राचीन नाम है। यह विन्ध्य के उत्तर से निकलती है। पर मालवा प्रदेश में लगभग 340 मील तक बहती है। यह काल्पी के समीप यमुना नदी से मिल जाती है। इस नदी का बहुत-सा भाग मालव प्रान्त में से होकर जाता है। देखिये—कादम्बरी I—"मज्जन् मालवविलासिनीकुचतटास्फालन-जर्जरितोर्मिमालया वेत्रवत्या परिगता विदिशाभिधाना नगरी राजधान्यासीत्।

1438 वेश्या: (पू० 38.3.8.31) वेश्या+जस्; संज्ञा, प्रथमा, बहुवचन; पण्यस्त्रिय: (चरित्र०); महाकालनाथमुपेत्य नृत्यन्त्यो गणिका: (संजी०); परिवारवारवनिता: (विद्युल्लता); वेशेन शोभमाना: स्त्रियो गणिका वा (सुबोधा)।

वेशे भवा: वेश्या:। वेश+यत्। वेश—वेश्याओं का घर। अथवा वेशेन शोभते इति वेश+यत्। वेश-सुन्दर वस्त्रादि से युक्त भेस, कृत्रिम आकार। अत: जो सुन्दर वस्त्रादि पहनकर और कृत्रिम रचना करके अपने रूप को आकर्षक बनाती हैं।' यहाँ पर देवदासियों से अभिप्राय है। देवदासियों की प्रथा जाति के लिए बड़ी हानिकारक थी। कुछ समय हुआ जब मद्रास सरकार ने एक नियम द्वारा इसकी रोक-थाम की है। यह भी प्रथा है कि प्रात: और सायं देवताओं की पूजा में वेश्याओं को नाचने के लिए बुलाया जाता है।

1439 वैभ्राजाख्यम् (उ० 10.3.9.44) वैभ्राज+सु+आख्या+अम्; बहुव्रीहि; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; विभ्राजस्य इदं वैभ्राजम्, वैभ्राजमिति आख्या यस्य तत् वैभ्राजाख्यम्, 'विभ्राजेण गणेन्द्रेण त्रातं वैभ्राजमाख्यया' इति शम्भुरहस्ये; चैत्ररथस्य नामान्तरमेतत् (संजी०); यह कुबेर का चैत्ररथ नाम का उद्यान है। देखो पू०मे० 7 बाह्योद्यान पर टिप्पणी। विभ्राज नाम का कुबेर का (कर्मारकर) अथवा, शिव का (काले) गण इसकी रक्षा करता है। अत: इसे वैभ्राज कहते हैं। महाभारत में इसे गन्धमादन पर स्थित तथा राक्षसों द्वारा रक्षित बताया गया है। देखिये—शम्भुरहस्य—'विभ्राजेन गणेन्द्रेण त्रातं वैभ्राजमाख्यया'। वल्लभ कहता है—वैभ्राजम् चैत्ररथम्' वैभ्राज उद्यान का दूसरा नाम चैत्ररथ है।

1440 वैरिणा (उ० 41.4.18.60) वैरिन्+टा; संज्ञा, तृतीया एकवचन; विरोधिना (संजी०); विधुरेण (पंचिका); प्रतिकूलेन (सुबोधा); वैरम् अस्य अस्ति इति, तेन। भाग्य इसलिए वैरी था कि उसने शाप द्वारा यक्ष को उसकी प्रिया से वियुक्त कर दु:ख और सन्ताप में मग्न कर दिया। वीर के कर्म को वैर कहते हैं और वैरयुक्त को 'वैरिन्' (इनि)। पहले आर्यो के कबीले के वीर वैरनिर्यातन में ही वीरता या वीरकर्म की इतिश्री समझते थे। अत: वीरकर्म के अर्थ के 'वैर' शब्द का धीरे-धीरे अर्थसङ्कोच हुआ और वह शत्रुता तक सीमित रह गया। वैरी के द्वारा रुद्धमार्ग व्यक्ति किस तरह बचकर निकल सकता है और फिर वह भी अगर विधि ही वैरी हो तो बचना और भी कठिन हो उठता है।

1441 व्यक्तम् (पू० 58.1.2.4) वि+अञ्ज्+क्त्+अम्; विशेषण; नपुं० द्वितीया, एकवचन; स्पष्टम् (चरित्र०); प्रकटम् (संजी०); भसितलिप्तत्वादिलिङ्गै: स्पष्टम् (विद्युल्लता); प्रभावातिशयात् पङ्के इव विस्पष्टं (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में एक बार (6.23) हुआ है।

1442 व्यञ्जयन्ती (पू० 30.3.12.54) वि+अञ्ज्+णिच्+शतृ+ङीप्+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; प्रकटयन्ती (चरित्र०); प्रकाशयन्ती (संजी०); न केवलं मनसा निरूपयन्ती; अपितु त्रपानाशलक्षणेन दशान्तरेण सर्वजनसाक्षिकं प्रकाशयन्तीत्यर्थ: (विद्युल्लता); प्रकाशयन्ती (सुबोधा)।

1443 व्यपगतशुचः (उ० 15.4.16.52) व्यपगता+सु+शुच्+जस्; बहुव्रीहि; विशेषण; प्रथमा: बहुवचन; व्यपगता शुक् शोको येषां ते (चरित्र०); वर्षाकालेऽपि व्यपगतकलुषजलत्वात् वीतदुःखाः सन्तः (संजी०); तत्रैव उपद्रवाभावात् निर्दुःखाः (पंचिका); विशेषेणापगता पलायिता शुक् शोकः क्लेशो येषां तादृशाः (सुबोधा); व्यापगता शुक् येषां, ते। जिनका दुःख छूट चुका है। दुःखरहित। दुःख दूर होने का कारण यह है कि इस बावड़ी में मानसरोवर और कुबेर के सरोवर के समान सुवर्णकमल उत्पन्न करने की शक्ति है। अतः इसका जल मानस के जल से भिन्न नहीं है। वह वर्षा में भी मैला नहीं हो सकता है। जब मानस के समस्त गुण यहाँ हैं, तो वे व्यर्थ यात्रा क्यों करें। वर्षा के प्रारम्भ में हंसों का मानसरोवर में चले जाना स्वाभाविक ही है; क्योंकि उस समय और सब स्थानों का जल गन्दला हो जाता है, परन्तु अलका में यक्ष के घर की बावड़ी बहुत ही रमणीय है और उसका जल सदा स्वच्छ ही रहता है। इसी कारण हंस वहाँ प्रसन्न रहते हैं और उन्हें मानस सरोवर जाने की चिन्ता ही नहीं रहती।

1444 व्यवसितम् (उ० 53.1.3.7) वि+अव+सो+क्त+सु; कृदन्त क्रिया, प्रथमा, एकवचन; अङ्गीकृतम् (पंचिका); कर्तव्यतयाऽङ्गीकृतमित्यर्थः (सुबोधा); निश्चय कर लिया है, अंगीकार कर लिया है, करना स्वीकार कर लिया है। भाव यह है कि यक्ष मेघ से प्रश्न करता है–'हे भद्र मेघ! क्या तुमने मेरा काम करना स्वीकार कर लिया है? मुझे आशा है तुमने अवश्य मेरी प्रार्थना स्वीकार कर ली है। वि+अव+√षो अन्तकर्मणि (दिवादि०)+क्त=व्यवसितम्। 'व्यवसाय' शब्द निश्चयार्थक है; और व्यवसित का यहाँ पर अर्थ 'निश्चित' है। पूर्णसरस्वती ने इसका यह प्रसङ्गापेक्षी अर्थ किया है–'व्यवसितम् अवश्यकर्तव्यत्वेन अङ्गीकृतम्।"

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० में एक बार (2.1) हुआ है।

1445 व्यवस्येत् (पू० 23.4.22.61) वि+अव+षो+लिङ्; प्रथम पुरुष, एकवचन; तिङन्त, व्यवसायं उद्योगं कुर्यात् (चरित्र०): उद्युञ्जीत; प्रार्थने लिङ्; 'शेषे' प्रथमाः', इति प्रथमपुरुषः, शेषश्चायं भवच्छब्दो युष्मदस्मच्छब्दव्यतिरेकात् (संजी०); उद्योगं कुर्यात्, दाक्षिण्यनिघ्नत्वादिति भावः (विद्युल्लता); व्यवसायं कुर्यात् (सुबोधा); प्रार्थनायांगी (सुबोधा)।

वि+अव्+√सो (समाप्त करना, अन्त करना)+विधिलिङ्; प्रथम पु० एकव०। इसके अन्य रूप स्यति, स्यतु, स्येत्, अस्यत्, सास्यति, ससौ (लिट्) तथा असात् या असासीत् (लुङ्) साता (लुट्), सेयात् (आ० लिङ्) आस्यत् (लृङ्) और सित (क्त) होते हैं।

1446 व्याजहार (पू० 4.4.16.63) वि+आङ्+हृ+लिट्; तिङन्त; अप्राक्षीत् (चरित्र०); पप्रच्छ (संजी०); प्रयुयुजे (विद्युल्लता); उक्तवान् (सुबोधा); वि+आ+√हृ+लिट् प्रथम पु० एकव०।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (11.83) तथा कुमार० में एक बार (6.64) हुआ है।

1447 व्यालम्बेथाः (पू० 48.3.10.35) वि+आङ्+लम्ब+लोट्; मध्यमपुरुष, एकवचन; विनम्यप्राप्नुभिः (प्रदीप); विलम्बं कुर्याः (चरित्र०); आलम्ब्य अवतरे इत्यर्थः (संजी०); गगनतलात् अवतरेः (विद्युल्लता); अवलम्बिष्यसे जलग्रहणाय आश्रयिष्यसीत्यर्थः। पुष्करिण्यादिवदियं नदी कीर्तिस्तत्कृतत्वात् (सुबोधा)

1448 व्यालुम्पन्ति (उ० 9.4.10.79) वि+आङ्+लुम्प्+लट्; प्रथम पुरुष, बहुवचन; तिङन्त; अपहरन्ति। चन्द्रपादैः स्फुटजललवस्यन्दिन इत्यन्वयः (प्रदीप); नाशयन्ति (चरित्र०); अपनुदन्ति (संजी०); प्रशमनन्ति (पंचिका)।

1449 व्योमगङ्गाजलार्द्रैः (पू० 46.2.8.33) व्योम+ङि+गङ्गा+ङस्+जल+टा+आर्द्र+भिस्; तत्पुरुष; विशेषण,

तृतीया, बहुवचन; व्योम्नि आकाशे या गङ्गा तस्याः जलं तेन आर्द्रास्तैः (चरित्र०); मन्दाकिनीजलसन्दोहसंमिश्रिततया सरसैः। 'व्योमगङ्गा' इत्युक्तेः कल्पतरूत्पन्नत्वं पुष्पाणां गम्यते। अत्र पुष्पाणां प्राधान्यप्रतीतावपि सामर्थ्यात् गगनगङ्गाजलस्यैव तत्प्रकाराधिवासितस्य प्राधान्यं वेदितव्यम्, 'सा सपुष्पजलवर्षिभिर्घनैः' इत्यत्रेव, अन्यथा अवकिरणमात्रमेव वक्तव्यम्, 'अथ प्रभावोपनतैः कुमारं कल्पद्रुमोत्थैः इत्यत्रेव।। ततश्च सुरभितरसुरतरुकुसुमसह-चरितशुचिशिशिरगगनसरिदुदकस्नपनेन भगवतः प्रसादातिशयलाभः, ततः प्रकृष्टप्रयोजनप्राप्तिरिति द्योतितम्, 'अभिषेकप्रियः शिवः', 'अलङ्कारप्रियो हरिः' इति पुराणवचनात् (विद्युल्लता); व्योमगङ्गाया मन्दाकिन्या जलेनार्द्रैः स्तिमितैः। देवता च सपुष्पजलेनैव स्नप्यते इति किञ्चिज्जलयोगसूचनाय जलार्द्रैरित्युक्तम्। तत्रापि स्कन्दस्य गङ्गाप्रभवत्वात् तज्जलप्रीत्यातिशयाद् गङ्गोल्लेखः (सुबोधा); व्योम्नि गङ्गा, तस्याः जलं, तेन, आर्द्राः, तैः। आकाशगङ्गा। गङ्गा को तीनों लोकों में बहने वाली माना है—क्षितौ तारयते मर्त्यान्नागांस्तारयतेऽप्यधः। दिवि तारयते देवांस्तेन त्रिपथगा स्मृता।। आकाश में इसे मन्दाकिनी कहते हैं; पृथ्वी पर भागीरथी और पाताल में भोगावती या पातालगङ्गा।

1450 व्योम्नि (पू० 54.1.5.7) व्योमन्+ङि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; आकाशे (प्रदीप); गगने (विद्युल्लता)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (12.67; 12.98) हुआ है।

1451 व्रज (त्रिवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 16.4.16.65; 27.1.3.5; 50.1.3.5)** व्रज+लोट्, मध्यमपुरुष, एकवचन; तिङन्त; गच्छ (चरित्र 16); याहि (चरित्र 50); गच्छ (संजी० 16); गच्छ (संजी० 27); गच्छ (संजी० 50); गमिष्यसि। आशंसायां भविष्यति गी (सुबोधा 16); गमिष्यसि (सुबोधा 27); गमिष्यसि (सुबोधा 50)।

श

1452 शक्ष्यति (पू० 20.3.15.40) शक्+लृट्; प्रथम पुरुष, एकवचन; तिङन्त; शक्तो भविष्यति (चरित्र०); शक्तो भविष्यति (संजी०); पारयिष्यति (सुबोधा)।

1453 शङ्कास्पृष्टा (उ० 8.3.9.43) शङ्का+टा+स्पृष्ट+जस्; तत्पुरुष, विशेषण, प्रथमा, बहुवचन; आलेख्यविनाशं दृष्टवा कोऽप्यस्मान् ग्रहीष्यति इति शङ्कमान इत्यर्थः (प्रदीप); भयभीताः (चरित्र०); चित्रविनाशं विलोक्य अस्मान् कोऽपि ग्रहीष्यतीति शङ्कमानः (चरित्र०); सापराधत्वात् भयाविष्टा; 'शङ्कावितर्कभययोः' इति शब्दार्णवे (संजी०); शङ्किता (पंचिका); सापराधत्वात् भयाक्रान्ता इव सन्तः (सुबोधा); यहाँ शङ्का का अर्थ 'भय' है। भय मेघों को अपराध करने पर हुआ। तस्वीरों का जल की बूँदों द्वारा खराब किया जाना ही उनका अपराध है और इसी भय से वे झरोखों या खिड़कियों में से जर्जर हो—बिखर-बिखर कर—निकल भागते हैं।

1454 शङ्के (द्विधा प्रयुक्तम्) **(उ० 27.2.7.21; 34.3.13.55)** शङ्क्+लट्; तिङन्त; उत्तम पुरुष; एकवचन; सम्भावयामि (चरित्र 34); तर्कयामि, 'शंकावितर्कभययोः' इति शब्दार्णवे (संजी० 27); तर्कयामि (संजी० 34); संभावये (पंचिका 27); आशङ्के सम्भावयामीति शुभसूचनमत्र (पंचिका 34); तर्कयामि (सुबोधा); इत्यहं शंङ्के सम्भावयामि (सुबोधा); अनुमान करता हूँ, उत्प्रेक्षा करता हूँ।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में दो बार (6.3; 506.2), रघु० (13.64), विक्रम० (124.12) तथा मालवि० (153.4) में एक-एक बार हुआ है।

1455 शङ्खपद्मौ (उ० 19.2.8.22) शङ्ख+सु+पद्म+औ; संज्ञा; इतरेतर द्वन्द्वः द्वितीया, द्विवचन; शङ्खपद्माख्यौ

निधिविशेषौ। निधिर्ना शेवधिर्भेदा: शङ्खपद्मादयो निधे:। इत्यमर: (प्रदीप); शङ्खपद्माख्यौ निधी; निधिर्ना-शेवधिर्भेदा पद्मशङ्खादयोनिधे' इत्यमर: (चरित्र०); शङ्खपद्मौ नाम निधिविशेपौ। 'निधिर्ना शेवधिभेदा:' पद्मशङ्खादयो निधे:' इत्यमर: (संजी०); निधी। दृढ़ीकरणमिदं, अन्यैरपि मङ्गलाचारत्वात् कुत्रचित् शङ्खपद्मौ लिख्येते, मम तु धनादेरनुभावाद् द्वारोपान्ते लिखितावित्युत्कर्षो व्यज्यते (सुवोधा); ये कुवेर की नौ निधियों में से दो निधियों के नाम है। इन नव निधियों के नाम ये हैं—

"महापद्मश्च पद्मश्च शंखो मकरकच्छपौ।
मुकुन्दकुन्दनीलाश्च खर्वश्च निधयो नव।।"

कुछ लेखकों ने 'कुन्द' के स्थान पर 'नन्द' नाम रक्खा हैं। इस विपय में श्री विल्सन लिखते हैं कि इन निधियों के नाम बहुमूल्य या पवित्र वस्तुओं के ही हैं। ये पुरुपाकार से युक्त माने जाते हैं। लक्ष्मी आदि की पूजा में इनको भी भाग मिलता है। इनकी पूजा के लिए भी गुप्त मन्त्र बने हुए हैं। यक्षपत्नी ने दरवाजे के दोनों तरफ इन दो निधियों को पुरुषाकार में चित्रित कर रक्खा था, क्योंकि ये माङ्गलिक होते हैं और इनको चित्रित करके वह बेचारी अपने पति के आगमन-दिवस की प्रतीक्षा कर रही थी। देखिये—सारो० 'तौ हि अधोभागे पुरुषरूपौ गृहद्वारशाखासु मङ्गलार्थमालिख्येते।' तान्त्रिक-सिद्धान्तानुसार निधियाँ व्यक्तित्वसम्पन्न (personified) बनाई जाती हैं और विशेष—विशेष अवसरों पर धन-सम्पत्ति की मूर्त्ति भगवती लक्ष्मी की तरह भक्ति-भाव के साथ पूजी जाती हैं।"—विल्सन।

1456 **शङ्खशुक्ती: (पू० 34.1.5.9)** शङ्ख+सु+शुक्ति+शस्; द्वन्द्व: संज्ञा, द्वितीया, वहुवचन; शङ्खांश्च मुक्तास्फोटांश्च; मुक्तास्फोट: स्त्रिया शुक्ति: शङ्ख: स्यात्कम्वुरस्त्रियाम्' इत्यमर: (संजी०)।

1457 **शनकै: (उ० 5.4.13.52)**शन्+अकच्+ऐस्; अव्यय; मन्दम् (संजी०); मन्दम् गाननृत्यानुकूलं यथास्यात्तथा। शनकैरित्यनेन सङ्गीतानुगतमिदमिति सूचितम्। शनकै: क्षणं मधु पीयते क्षणं मृदङ्गा वाद्यन्ते इत्यर्थ:, इति च वदन्ति (सुबोधा)।

धीमा। अत: मधुर। **मधुरम्**—पा०भे०—इससे पुष्कर ध्वनि की मधुरता का भाव सीधा ही निकल आता है। परन्तु धीमी गति का नहीं। यह साभिप्राय शब्द है। एक टीकाकर ने इसका अभिप्राय यह कहा है—'शृङ्गाराङ्गत्वात् पानगोष्ठ्यां कठोरवादित्रं नोपयुज्यते' इति भाव: अर्थात् पानगोष्ठी (Drinking Symposium) के समय गीत और नृत्य के साथ-साथ मृदङ्ग या तबला भी धीमे-धीमे बजाया जाता है, क्योंकि शृङ्गार रस कोमल भावों में गिना जाता है। इसमें गीत और वाद्य की कठोरता नहीं होनी चाहिए, अन्यथा इसकी कोमलता नष्ट हो जाती है। पानगोष्ठी में 'पुष्कर' इसी कारण 'शनकै:' वजाए जाते थे।

1458 **शब्दाख्येयाम् (उ० 42.1.1.5)** शब्द+टा+आख्येय्+अम्; तत्पुरुष, विशेषण; द्वितीया, एकवचन; शब्दा एव आख्येयमभिधेयं यस्य तच्छब्दास्येयं निरर्थकमित्यर्थ: (प्रदीप:); शब्द एव आख्येयो अभिधेयो यस्य; यद्वचनं आननशब्देन उच्चैश्शब्देन आख्येयं वा (चरित्र०); शब्देन रवेण आख्येयं उच्चैर्वाच्यम् (संजी०); प्रकटवाच्यम् (पंचिका); शब्देन ध्वनिना आख्येयं व्यक्त कथनार्ह, न रहस्यभूतं (सुवोधा); शव्देन आख्येयम् (आख्यातुं योग्यम्)। जोर से कहने योग्य, साधारण, जिसमें रहस्य की कोई वात न थी। आ+ख्या प्रकथने (अदा०)+यत्=आख्येयम्। अत्रापूर्वकचक्षिङादेशतोऽपि यत्प्रत्यये कृते रूपासिद्धिर्भवितुमर्हति। शब्दैराख्येयम्, शब्दाख्येयम्। यद्वा 'शब्द एव आख्येयो यस्मिन् तत् तथोक्तम्'। इसका अर्थ टीकाकारों ने दो प्रकार से किया है। मल्लिनाथ और उनके साथियों ने 'शब्दों के द्वारा कहने योग्य' अर्थ किया है। दक्षिणावर्तनाथ ने इसका अर्थ 'निरर्थक' किया है। पहले अर्थ का सौन्दर्य यह है कि जो वस्तु जोर से कहने योग्य थी, उसे भी कानों में कहने का बहाना बनाया गया। दूसरे अर्थ की विशेषता यह है कि निरर्थक बात कहने के बहाने मुँह को

कान के पास ले जाया गया। वस्तुत: उद्देश्य मुखचुम्बन लेना या आननस्पर्श करना था, न कि कानों में कुछ कहना। अत: दोनों ही अर्थ हो सकते हैं; क्योंकि नायक की 'लोलता' दिखानी अभीष्ट है।

1459 **शब्दायन्ते (पू० 59.1.1.1)** शब्द+क्यङ्+लट्; प्रथम पुरुष, बहुवचन; तिङन्त; शब्दवैरकलहाभ्रकण्वमेघेभ्यः कर्णे (3.1.17) इति क्यङ्; शब्दायन्ते गीयत इति च वर्तमाननिर्देशः (प्रदीप); शब्दं विदधते (चरित्र०); शब्दे कुर्वन्ति, स्वनन्तीत्यर्थः 'शब्दवैरकलहाभ्रकण्वमेघेभ्य: करणे' इति क्यङ्; अनेन वंशवाद्यसम्पत्तिरुक्ता (संजी०); शब्दंकुर्वन्ति (सुबोधा); शब्दं कुर्वन्ति इति। शब्द से नामधातु का लट् प्रथम पु० बहु०व०।

1460 **शमयितुम् (पू० 56.3.11.41)** शम्+णिच्+तुमुन्; अव्यय; निर्वापयितुम् (चरित्र०); निर्वापयितुम् (विद्युल्लता); शान्ति नेतुं निर्वापयितुम् किंवा शान्तियुक्तं कल्याणिनं कर्तुम् (सुबोधा); √शम् (शान्त होना)+णिच्+तुमुन्।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (17.55) तथा शाकु० (24.4) में एक-एक बार हुआ है।

1461 **शम्भुना (पू० 63.1.4.9)** शम्भु+टा; संज्ञा, तृतीया, एकवचन; शिवेन (संजी०); महादेवेन (सुबोधा)।

1462 **शम्भोः (पू० 53.4.13.49)** शम्भु+ङस्; संज्ञा; षष्ठी, एकवचन; महेशस्य (चरित्र०); महादेवस्य (सुबोधा); यहाँ कवि शिव के कल्याणकारी प्रसन्नरूप को प्रकट करना चाहता है। अत: इस पद का प्रयोग बड़ा उत्तम हुआ है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग छह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में पाँच बार (2.59; 2.60; 3.58; 5.66; 6.13) हुआ है।

1463 **शयने (उ० 50.1.6.6)** शयन+ङि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; तल्पे (पंचिका); शय्यायां (सुबोधा); "न तूद्यानविहारादौ। अनेन विजने वासमन्दिरे मद्द्वितीया हंसतूलिकातल्पगतेति सखीभिरपि अविदितस्य द्वाभ्यामेव ज्ञातत्वं द्योत्यते" (विद्युल्लता)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (19.38) तथा ऋतु० (2.11) में एक एक बार हुआ है।

1464 **शय्योत्सङ्गे (उ० 32.2.6.26)** शय्या+ङस्+उत्सङ्ग+ङि; तत्पुरुष, संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; शय्यायाः उत्सङ्गे पृष्ठे (चरित्र०); तल्पपृष्ठे (पंचिका); शय्याया उत्सङ्गे-क्रोडे, (सुबोधा); बिस्तर की गोद में, अर्थात् बिस्तर पर। उ०मे० 29 में यक्षपत्नी अवनिशय्या के एक पार्श्व मे बैठी चित्रित की गई है। अत: यहाँ 'बिस्तर के एक किनारे पर'–अर्थ हुआ।

1465 **शरणम् (पू० 7.1.4.6)** शरण+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; आश्रयः (चरित्र०); पयोदानेन आतपखिन्नानां प्रोषितानां स्वस्थानप्रेरणया च रक्षकः; शरणं गृहरक्षित्रोरित्यमरः (संजी०); रक्षिता, 'शरणं गृहरक्षित्रोः, इत्यमरः (विद्युल्लता); रक्षिता (सुबोधा); सन्तप्तानां शरणमिति सामान्यप्रतीतत्वाद् विरहिसन्तापशान्तयेऽपि त्वं प्रभुः, त्वन्निवेदितावस्थस्य ममापि प्रियायाः कृते सन्देशमवश्यं हरिस्यसीति भावः। "शरणं गृहरक्षित्रो" रित्यमरः। आश्रय, रक्षक। प्रथम को वर्षा द्वारा ठण्डक पहुँचा कर, दूसरों को प्रवासियों को घर लौटा कर। देखो– 'प्रवासिनो यान्ति नराः प्रदेशान्' (रामायण); तथा कः सन्नद्धे विरहविधुरां त्वय्युपेक्षेत जायाम्। (मेघ० 8)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में दो बार (147.2; 6.32), विक्रम० में दो बार (1.3.; 34.4), रघु० (4.64) तथा कुमार० (1.12) में एक-एक बार हुआ है।

1466 **शरभाः (पू० 57.2.7.28)** शरभ+जस्+संज्ञा; प्रथमा, बहुवचन; अष्टापदाः। शरभः कुञ्जरोत्पादकोऽष्टपादपीत्य-भिधानचिन्तामणिः (चरित्र०); अष्टापदमृगविशेषाः; 'शरभः शलभेचाष्टापदे प्रोक्तो मृगान्तरे' इति विश्वः

(संजी०); पादाष्टकविशिष्टा: दुष्टमृगा:। 'शरभश्च गजारातिरुत्पादश्चाष्टपादपि 'इति वैजयन्ती। बहुवचनेन एकस्य मोहादपाचारे क्षन्तव्येऽपि बहूनां बुद्धिपूर्वमैकमत्येन करणे क: क्षमाया: प्रसङ्ग इति व्यज्यते (विद्युल्लता); पशुभेदा:। शरभो नाम जन्तुरुद्वर्ताधोभागेनाष्टचरण: "शरभोऽष्टापद: स्मृत:" इति भागुरि: (सुबोधा); इसके अर्थ करने में टीकाकारों ने बड़ी कल्पना दौड़ाई है। महाभारत के 'अष्टापद: शरभ: सिंहघाती' के आधार पर आठ पैरों के एक भयानक हिंसक पशु की कल्पना की गई है। श्री शंकरराम शास्त्री लिखते हैं–"कि वास्तव में ऐसा प्रसिद्ध है कि हिरण्यकशिपु के वध के पश्चात् नृसिंहावतार–रूपधारीविष्णु के उत्पात को शान्त करने के लिए शिवजी ने शरभ का रूप धारण किया। मल्लिनाथ ने 'शरभ: शलभे चाष्टपदे प्रोक्तो मृगान्तरे' के प्रमाण के आधार पर इन्हें मृग विशेष माना है। वास्तव में यह एक हरा–हरा सा जीव है, जो वर्षा ऋतु में बहुत होता है। ये बड़ी संख्या में पंक्तिबद्ध होकर वेग के साथ उड़ते हैं। साधारण भाषा में इसे 'राम जी की गाय' कहते हैं। इसके चार पाँव होते हैं। जो कमर के ऊपर तक लम्बे होते हैं। इस प्रकार प्रत्येक पैर को दो मानने से इसके आठ पाद हो जाते हैं। शरभ के आठ पैरों में चार उसकी कमर पर माने जाते हैं और इसीलिए उसे कभी–कभी ऊर्ध्वपाद भी कहते हैं। श्री कर्मार्कर का भी यही मत है। इस विषय में मल्लिनाथ का प्रमाण 'शरभशलभे' भी ध्यान देने योग्य है। हिमालय पर न कोई आठ पैरों का पशु मिलता है न प्रकरण में वैसे पशु का कोई अर्थ लगता है। इसका सिंहघाती नाम सम्भवत: इस प्रकार के किसी विचार पर आधारित हो, जिस प्रकार चींटी को हाथी का घातक कहा जाता है।

1467 **शरवणभवम् (पू० 48.1.3.9)** शरवण+ङि+भव+अम्; तत्पुरुष; विशेषण; द्वितीया एकवचन; शरजन्मानम् (चरित्र०); शराबाणतृणानि, 'शरो बाणे बाणतृणे' इति शब्दार्णवे, तेषां वनं शरवणम्; 'प्रनिरन्त: शर' इत्यादिना णत्वं, 'तत्र भवो जन्म यस्य तं शरवणभवम्; 'अवर्ज्यो: बहुव्रीहिर्व्यधिकरणो जन्माद्युत्तरपद' इति वामन:, अवर्ज्यो अगतिकत्वात् आश्रयणीय इत्यर्थ:; 'शरजन्माषडानन' इत्यमर: (संजी०); मेरुमेखलावस्थितकनक–मयकाशकाननप्रदेशे प्रसूतत्वात् (विद्युल्लता); शरस्य वने भव उत्पत्तिर्यस्य तम्। शरवणभुवमिति पाठे शरवणं भूरुत्पत्तिस्थानं यस्य तम् (सुबोधा); स्कन्द सरकण्डों से उत्पन्न हुए हैं। इसमें 'शर' के कारण 'वन' के 'न' को 'ण' हो गया है। शरवणे भव: जन्म यस्य तम्। यह व्यधिकरण बहुव्रीहि है।

1468 **शशिनि (उ० 43.2.6.19)** शशिन्+ङि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; चन्द्रे (संजी०); मृगाङ्के (पंचिका); चन्द्रे (सुबोधा); शशिनीति पाण्डुरत्वात् (अभिनवगुप्त); कलङ्क की याद करा देने के लिए इस पद को कवि ने रखा है, तभी तो व्यतिरेकध्वनि प्राप्त होगी। पूर्णसरस्वती का कथन है–"चन्द्रमस: पूर्णत्व एव मुखसादृश्यलाभा–दस्थिरत्वम्। तदानीञ्च स्फुटविकटकलङ्कपङ्काङ्कतया तत्सामग्र्यविरहो ध्वन्यते।"

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० (4.3) तथा विक्रम० (1.7) में एक–एक बार हुआ है।

1469 **शश्वत् (पू० 58.2.6.18)** अव्यय; अनवरतम् (चरित्र०); सदा (संजी०); व्रतत्वेन (विद्युल्लता);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में छह बार (2.48; 4.70; 5.5; 6.64; 17.74; 19.52) हुआ है।

1470 **शष्पश्यामान् (पू० 34.2.6.12)** शष्प+सु+इव+श्याम+शस्; विशेषण; द्वितीया, बहुवचन; शष्पवत् बालतृणवत् श्यामान् नीलवर्णान्। शष्पं बालतृणं घासम्' इत्यमर: (चरित्र०); शष्पं बालतृणं तद्वत् श्यामान्; 'शष्पं बालतृणं घासो यवसं तृणमर्जुनमित्यमर: (संजी०); हरी घास के समान हरे। शष्पवत् श्याम:, तान्। मरकतमणियों और हरी घास का सादृश्य साहित्य में प्राय: वर्णित किया गया है।

1471 **शान्तिम् (पू० 42.2.6.8)** शान्ति+अम्; संज्ञा, द्वितीया एकवचन; उपरतिम् (प्रदीप); शान्तिं नेयम्; प्रणिपातादिप्रसादनोपायप्रयोगेणावेगापनयनान्निवारणीयम् (विद्युल्लता); उपशम (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में तीन बार (6.46; 9.66; 11.62) हुआ है।

1472 **शान्तोद्वेगस्तिमितनयनम् (पू० 39.4.14.59)** शान्त+सु+उद्वेग+सु+स्तिमित+औ+नयन+अम्; बहुव्रीहि; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; भयङ्करस्य गजाजिनस्य अदर्शनात् देव्याः शान्त उद्वेगाः (प्रदीप); शान्तोद्वेगेन गतक्लमेन स्तिमिते निश्चले नयने यत्र दर्शनं तत्तथा। स्तिमितोऽचंचलार्द्रयोरिति मेदिनी। उद्वेगं क्लमकीलके। (चरित्र०); शान्त उद्वेगो गजाजिनदर्शनभयं ययोस्ते अतएव स्तिमिते निश्चले नयने यस्मिन् कर्मणि तत्तथोक्तम्; 'उद्वेगस्त्वरिते क्लेशे भये मन्थरगामिनि' इति शब्दार्णवे (संजी०); शान्तोद्वेगः प्रचण्डताण्डवोद्दण्डभुजतरुषण्डस्य खण्डपरशोर्जगदण्डखण्डनक्षमेषु मण्डलभ्रमणसम्भ्रमेषु धैर्यावलम्वेन नियन्त्रितभावविकारः। स्तिमितनयनं कामचारिणो विषयरसिकस्यास्य कथमीदृशी भक्तिरुत्पन्नेति विस्मयविकसितनिभृतनयनकुवलयम् (विद्युल्लता), शान्तेन दूरीकृतेन उद्वेगेन मनोविकारविशेषेण स्तिमितनयनम् स्निग्धनिश्चललोचनं यथा स्यात् तथा। शान्तेति क्रियाविशेषेण विस्मिता दृष्टिः सूचिता तथा च—

किञ्चिदुद्भूतनेत्रान्ता दृष्टोद्भटभटाञ्चला।
स्फीता विक्रमिता दृष्टिर्विस्मिता विस्मये रसे।। इति

शान्तोद्वेगेति मेघसम्बोधनं शान्त उपशमित उद्वेगो येनेति केचित्। "स्तिमितो निश्चले क्लिन्ने" इति धरणिः। शान्तः उद्वेगः ययोस्ते। शान्तोद्वेगे स्तिमिते च नयने यस्मिन् कर्मणि तत् तथा। उद्वेगे का अर्थ 'घबराहट'—'भय' है। पार्वती स्त्री हैं। अतः गजचर्म को देखकर गजासुरवध की स्मृति से घबरा जाती हैं। परन्तु बादल को देखकर उसकी घबराहट दूर हो जायेगी; क्योंकि गजचर्म न होने से उसको गजासुर वध की स्मृति न आयेगी। अथवा पार्वती स्त्री हैं। 'स्त्री स्वभावस्तु कातरः'। वह मेघ गर्जन को सुनकर घबरा जाती होंगी। परन्तु सान्ध्या पूजा उपस्थित हो जाने से उन्हें मेघ की सेवा को देखकर प्रसन्नता हुंई होगी। कवि ने यही कल्पना यहाँ चित्रित की हो सकती है। परन्तु इस भाव में दूरान्वय, क्लिष्ट कल्पना आदि दोष हैं। यह पद्य स्वतन्त्र है और पूर्वपद्य भी । अतः इस भाव में भी दोनों पद्यों को अलग रखना उचित होगा।

1473 **शापस्य (उ० 31.2.8.13)** वर्षविरहरूपस्य (सुबोधा) संज्ञा।

1474 **शापान्तः (उ० 49.1.1.3)** शाप+ङस्+अन्त+सु; तत्पुरुष, संज्ञा; प्रथमा, एकवचन; शापावसानम् (संजी०); शापस्यान्तः परिसमाप्तिर्भविष्यति (सुबोधा); 'शापस्य अन्तः शापान्तः' यहाँ 'शाप' शब्द अपराध या प्रमाद के कारण उत्पन्न आक्रोश से दिये गये दण्ड के अर्थ में आया है और 'अन्त' शब्द अवसान अर्थ में। 'शाप' का अर्थ चरित्रवर्धन ने 'कोपवचः' लिखा है। यह एक सामान्य अर्थ हुआ। 'कोपवचन' साधिकार-निरधिकार, भले-बुरे, बड़े-छोटे सभी बोल सकते हैं। यहाँ पर कैसे कोपवचन से आशय है? यह चरित्रवर्धन के अनुसार कुछ स्पष्ट नहीं होता। अन्य सभी टीकाकारों ने निग्रहवचन यानी दण्डादेश (Sentence) के अर्थ में इसे बताया है। भरतमल्लिक ने लिखा है—"शापेन निग्रहविधिना"। दक्षिणावर्तनाथ ने "निग्रह वचनं शापः" और पूर्णसरस्वती ने "शापो निग्रहवचनम्" लिखा है। इन अर्थों से भी यह बात पुष्ट हो जाती है कि जब कोई साधिकार व्यक्ति—जैसे राजा, महाराज, स्वामी, ऋषि, महर्षि या देवता अथवा गुरु—किसी अपराधी को दण्ड सुनाते थे, तो उस 'निग्रह वचन' (punishment) को 'शाप' कहा जाता था। यह शब्द ही √'शप् आक्रोशे' धातु से घञ् प्रत्यय लगाने पर निष्पन्न होता है। मेदिनीकोश का कथन है—"शाप आक्रोशदिव्ययोः।" 'मेघदूत' में नायक को, जो कि राजराज कुबेर का अनुचर था, उसके प्रमाद (culpable negligence) के

कारण एक वर्ष के रामगिरिप्रवास का 'शाप' दिया गया था। यह 'शाप' स्वयं धनाधिप यक्षेन्द्र ने दिया था। यह एक प्रकार का साल भर का देशनिकाला या 'शहरबदर' (transportation for one year) था। सारा दण्ड भुगत लेने पर ही उस शाप का अवसान हो सकता था। यक्ष ने यहाँ उसी की ओर इङ्गित किया है। 'अन्त' के भी कई अर्थ हैं—'अन्तःस्वरूपे निकटे प्रान्ते निश्चयनाशयोः।' अतः यहाँ पर 'शापान्त' का अर्थ 'दण्डभोगावसान' है।

1475 **शापेन (पू० 1.2.5.23)** शाप+टा, संज्ञा, तृतीया एकवचन, शापफलेन। निग्रहवचनं शापः (प्रदीपः); कोपवचस्तस्मात् (चरित्र०); शापो निग्रहवचनम् (विद्युल्लता); निग्रहविधिना (सुबोधा); शापेन वसतिं चक्रे इति च योजयन्ति, (सुबोधा०); क्रोधवश दण्डरूप) शाप से। कुबेर ने यक्ष को शाप दिया था कि वह एक वर्ष तक अपनी पत्नी से अलग रहे। भरत, सनातन, रामनाथ, हरगोविन्द और कल्याणमल्ल की टीकाओं में यक्ष के शाप के कारण बताते हुए कहा है कि कुबेर ने उसे अपना उद्यानपाल नियुक्त किया था, किन्तु पत्नी के साथ विलास करने के कारण उसने अपने कार्य में असावधानी की। किसी दिन इन्द्र का ऐरावत हाथी कुबेर के उद्यान में आकर उसे विध्वंस करने लगा, जिससे कुबेर कुपित हुए और अपराधी यक्ष को शाप दिया। सारोद्धारिणी टीका में शाप का कारण इस प्रकार लिखा है—कुबेर की आज्ञा थी कि प्रतिदिन प्रातःकाल यक्ष शिव की पूजा के लिए मानसरोवर से कमल लाकर दिया करे। पर प्रातःकाल अपनी प्रियतमा का साथ न छोड़ने से वह रात के रखे हुए कमल ही देने लगा। एक दिन ऐसा हुआ कि कमल-कोष में बैठे हुए भौंरे ने कुबेर की उँगली में डँस लिया। भेद खुलने पर कुबेर ने यक्ष को शाप दिया।

1476 **शार्ङ्गपाणौ (उ० 49.1.5.13)** शार्ङ्गपाणि+ङि, संज्ञा, सप्तमी, एकवचन, शार्ङ्गपाणौ यस्य स तस्मिन् शार्ङ्गपाणौ, विष्णौ। 'सप्तमी विशेषणे' इत्यादिना बहुव्रीहिः। 'प्रहरणार्थेभ्यः परे निष्ठासप्तम्यौ भवतः; इति वक्तव्यात् पाणिशब्दस्य उत्तरनिपातः (संजी०); हरौ (पंचिका); विष्णौ (सुबोधा); शृंगस्य विकारः, शार्ङ्गपाणौ यस्य सः। तस्मिन्। शार्ङ्गपाणि विष्णु का नाम है, क्योंकि उनके हाथ में शर्ङ्ग=शृङ्ग का वना हुआ धनुष रहता है। ब०व्री० होने से वास्तव में 'पाणिशार्ङ्गः' समास होना चाहिए था, क्योंकि इसका विग्रह 'पाणौ शाङ्र्गं यस्य सः' है, किन्तु सप्तमी विभक्तिवाले पदों का प्रहरण (शस्त्र) अर्थ वाले शब्दों से साथ समास होने से 'प्रहरणार्थेभ्यः परे निष्ठासप्तम्यौ' नियम से पाणि शब्द के परनिपात होने पर 'शार्ङ्गपाणि' वना, "पाणिशार्ङ्गः' नहीं। कवि ने 'शार्ङ्गपाणि' शब्द का बड़ा ही सप्रयोजन उपयोग किया है। 'शार्ङ्ग' नामक धनुष को हाथ में धारण करने वाले विष्णु भगवान् की ओर इङ्गित दण्डधारिता की दृष्टि से किया गया है। राजराज कुबेर से भी दण्डशक्ति की दृष्टि से अधिक शक्तिमान् व्यक्ति को द्योतित करने के लिए कवि ने 'शार्ङ्गपाणि' शब्द का प्रयोग किया है। इसका एक दार्शनिक पहलू भी है। विष्णुपुराण में कहा गया है कि 'ईश्वर' दो प्रकार के 'अहङ्कार' को धारण करता है—पहला है भूतादि—जिसे शंख के रूप में धारण करते है और दूसरा है इन्द्रियादि—जिसे शार्ङ्ग के रूप में धारण करते हैं—"भूतादिमिन्द्रियादिं च द्विधाऽहङ्कारमीश्वरः। बिभर्ति शङ्खरूपेण शार्ङ्गरूपेण च स्थितम्।।" पूर्णसरस्वती ने इस दार्शनिक पहलू की व्यञ्जनायें इस प्रकार स्पष्ट की हैं—तत्त्वदृष्ट्या निखिलेन्द्रियकारणभूततैजसाहङ्काररूपशार्ङ्गधरात् सकलेन्द्रियप्रवर्त्तकत्वेनापरिप्लुतदृक्स्वरूपस्य, लोकदृष्ट्या दुष्टनिष्टापनप्रकृष्टदिव्यायुधवहनाल्लोककण्टकखण्डनव्यापृतस्य कुतो निद्राप्रसङ्गः, कुतस्तरां च प्रबोधशङ्केति व्यज्यते। अतश्चातीतशरत्कालप्रारम्भे शापस्योपलम्भ इति गम्यते। तदानीञ्च तत्प्राप्तिः वर्षयन्त्रितानां प्रवर्तकत्वाच्छरदस्तदारम्भेऽप्यस्य दयितादिसङ्गेन निधिपालनादौ स्वाधिकारे प्रमादादित्यवसेयम्।

1477 **शार्ङ्गिणः (पू० 49.1.5.9)** शार्ङ्ग+इनि+ङस्; संज्ञा, षष्ठी एकवचन; कृष्णस्य (संजी०); विष्णोः (विद्युल्लता); विष्णोः (सुबोधा); शृङ्गस्य विकारः, शार्ङ्गम्। तदस्य अस्ति इति शार्ङ्गी, तस्य। सींग के धनुष को धारण करने

वाले, विष्णु। विष्णु नीले या काले (=साँवले) रंग के हैं। प्रत्येक देवता का शस्त्र अलग हैं। शिव पिनाक=धुनर्ष धारण करते हैं, विष्णु शार्ङ्गधनुष, तो कृष्ण सुदर्शन चक्र चलाते हैं। इन्द्र का आयुध वज्र है, तो कामदेव का फूल। इसी प्रकार अन्य देवताओं के शस्त्र भी पृथक्-पृथक् हैं। ग्रीक और रोमन पौराणिक कथाओं में भी देवताओं के शस्त्र आदि पृथक्-पृथक् ही माने गये हैं।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (12.70; 15.4) हुआ है।

1478 **शिखरम् (पू० 18.2.6.24)** शिखर+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; शृङ्गम् (चरित्र०); शृङ्गम् (संजी०); शृङ्गम् (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार में एक बार (5.7) हुआ है।

1479 **शिखरिदशना (उ० 21.1.3.5)** शिखरिन्+जस्+दशन+टाप्+सु; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; शिखरीणि कोटिमन्ति दशनानि यस्याः सा शिखरिदशना तथा सामुद्रे-स्निग्धः समानरूपः सुपंक्तयः शिखरिणः श्लिष्टः। दन्ताः भवन्ति यासां आसां पादे जगत्सर्वम् इति। पक्वदाडिमबीजाभं माणिक्यं शिखरं विदुः (प्रदीप); शिखराणि दाडिमबीजानीव दशना यस्याः सा। शिखरिणः कोटिमन्तो दशना दन्ता यस्या इति वा। शिखरं वज्र तद्वदुज्वलदर्शनाः इति वा। 'पक्वदाडिमबीजाभं माणिक्यं शिखरं विदुः' इत्यभिधानचिन्तामणिः (चरित्र०); शिखराणि येषां सन्ति इति शिखरिणः कोटिमन्तः, 'शिखरं शैलवृक्षाग्रकक्षापुलककोटिषु' इति विश्वः, शिखरिणो दशना दन्ता यस्याः सा, एतेन अस्याः भाग्यवत्त्वं पत्यायुष्करत्वं च सूच्यते, तदुक्तम् सामुद्रिके—

स्निग्धाः समानरूपाः सुपंक्तयः शिखरिणः श्लिष्टाः।
दंता भवन्ति यासां तासां पादे जगत्सर्वम्।।
ताम्बूलरसरक्तेऽपि स्फुटभासः समोदयः।
दन्ताः शिखरिणो यस्याः दीर्घं जीवति तत्प्रियाः।। (संजी०);

तीक्ष्णदन्ता (पंचिका); शिखरवत् कुन्द कुट्मलवत् दशना यस्या तादृशी, शिखरं शृङ्गमग्रच्चशिखरं कुन्दकुट्मल इति बलः। केचित्तु शिखरमग्रं तदतिशयेनाश्रास्तीति अतिशयेऽशीदित्वादत्; शिखरा अतिशयिताग्रा दशना यस्याः सा तथा दशनानां तीक्ष्णाग्रत्वेन शुभलक्षणं सूचितं; तदुक्तं पराशरसंहितायां स्त्री शुभलक्षणे समशितशिखरदशना चेती' त्याहुः। अन्ये तु शिखरदशना पक्वदाडिमबीजाभमाणिक्यसमदन्ता; यथा च विश्वः—

शिखरिदशना

शिखरं शैलवृक्षाग्रकक्ष्या पुलककोटिषु।
पक्वदाडिमबीजाभमाणिक्यशकलेऽपि चे" ति।।

"पक्वदाडिमबीजाभं माणिक्यं शिखरं विदु" रित्यनेकार्थकोषश्च।अतएवात्र शिखरशब्दो लोहित माणिक्य-वाचीत्याहुः। किन्तु दन्तस्य शुभ्रत्वमेव कविभिर्वर्ण्यते (सुबोधा)।

इससे यक्षपत्नी का सौभाग्य और सौन्दर्य व्यक्त किया गया है। 'समस्त उत्कृष्ट सामुद्रिक लक्षणों से युक्त होने पर भी उसे और मुझे यह विरह सहन करना पड़ा। कितनी विडम्बना है।' यह भाव भी इससे निकलता है। **शिखरदशना**—पा०भे०—शिखर मणि के समान दाँतों वाली।' यह मणि अनार के पके हुए दानों के समान होती है। अतः चिकने, सफेद और लाल दाँतों वाली। लाल दाँत करने के लिए पान चबाया हो सकता है। परन्तु प्रोषितभर्तृका के लिए यह कार्य वर्जित है। अतः 'मसूढों की और अधर की किरणों से लाल'—यह अर्थ ही करना पड़ेगा। अनुचित व्यञ्जना निकलने से यह पाठ प्रशस्त नहीं। साथ ही इस

पाठ में अधरों की लाली भाव लेने में 'पक्वबिम्बा०' के भाव की पुनरावृत्ति होती है। **अशिखरदशना**—पा०भे०—अविषमदशना (सारो)। अर्थात्—एक जैसे बराबर दाँतों वाली। इस पाठ में कोई विशेष सौन्दर्य नहीं है। नुकीले (तीखे) दाँतों वाली। शिखरिदशना पाठ पर सारो० ने "अथ च शिखरं पक्वदाडिमवीजाकारं माणिक्यं तद्वदुज्वलतया दशना: दन्ता: यस्या: सा इत्यधरौष्ठरागित्वम्" यह अर्थ दिया है। मल्लि० समुद्धत (शिखरिदशना की टीका में) सामुद्रिक शास्त्र के दो श्लोकों से यह निश्चित है कि नुकीले दाँतों वाली स्त्री भाग्यवती होती है और उसका पति चिरायु होता है। शिखराण्येषां सन्तीति शिखरिण:। शिखर+इन् (मत्वर्थे) तथाभूता: दन्ता: यस्या: सा (ब०व्री०)। मल्लिनाथ ने 'शिखरिदशना' पाठ माना है और 'शिखरिन्' का अर्थ 'कोटिमान्'। सारोद्धारिणीकार ने 'अशिखरदशना' पाठ मानकर 'अविषमदशना' यानी मिले हुए 'वरावर-वरावर दाँतों वाली' अर्थ किया है। परन्तु ये दोनों ही पाठ असमीचीन हैं। प्राचीनतम पाठ वल्लभदेव का है और उन्होंने 'शिखरदशना' ही दिया है। दूसरे इसके बड़े ही सुन्दर और साहित्यिक अर्थ निकलते हैं। भरतमल्लिक ने उन अर्थों को प्रस्तुत किया है। 'शिखर' शब्द 'कुन्दकुड्मल' के अर्थ में वलकोश के आधार पर आता है। कुन्दकुड्मल से दाँतों की तुलना प्रायश: प्रस्तुत की जाती है। दूसरा अर्थ 'अत्यन्त तीक्ष्ण नोक वाले' का है। साथ ही पराशरसंहिता में इस प्रकार के दाँतों की प्रशंसा भी की गई है। 'विश्वप्रकाश' के अनुसार पके हुए अनार के दानों के तुल्य माणिक्य के टुकड़ों को 'शिखर' कहते हैं। 'अनेकार्थकोश' में भी यह अर्थ दिया हुआ है। यह तीसरा अर्थ और भी अधिक हृदयग्राही है। पूर्णसरस्वती ने हलायुधकोश को उद्धृत करके इसी तीसरे अर्थ की पुष्टि की है और 'शिखरदशना' पाठ माना है—"शिखरदशना। 'पक्वदाडिमवीजाभं माणिक्यं शिखरं विदु:।' इति हलायुध:। शिखराख्यमाणिक्यविशेषवत् स्निग्धधवलारुणदन्तीत्यर्थ:। 'श्लक्ष्णै: स्निग्धै: सितैर्दन्तै: शोभनत्वं च गच्छति'—इति सामुद्रोक्ते:।" 288040

1480 शिखरिषु (पू० 13.3.13.36) शिखरिन्+सुप्; संज्ञा, सप्तमी, वहुवचन; पर्वतेषु (चरित्र०); पर्वतेषु (संजी०); न पुनर्नगमात्रेषु; गगनसरणिविततततुङ्गभृङ्गाणामेव त्वदुपगमयोग्यत्वमितिभाव: (विद्युल्लता); सखेदस्य विश्रामो युक्त इति शिखरिषु पदं न्यस्येत्युक्तुम्। तथाहि—"पथि विश्रम्य गन्तव्यं" विश्रामाज्जायते वल" मिति: अन्यथा अबलत्वाद् गमनाभावे मत्कार्यस्यासिद्धिरित्याकूतम्। सोऽयं नभोगामित्वादस्य शिखरवास एवोचित:? ननु कथं कथं शिखरिष्विति प्रतिज्ञायते? "हर्म्येष्वस्या: कुसुमसुरभिष्वध्वखिन्नान्तरात्मा त्यक्त्वा खेद" मिति, "तां कस्यांचिद् भवनवलभौ सुप्तपारावतायां नीत्वा रात्रि" मिति चाशिखरिण्यपि वासं वक्ष्यति? उच्यते समुचितमार्गे गिरय एव वक्तव्या: असमुचितमार्गे अन्यत्रापि स्थिति:। वक्ष्यति च "वक्र: पन्था यदपि भवत: प्रस्थितस्योत्तराशां सौधोत्सङ्गप्रणयविमुखो मा च भूरुज्जयिन्या" इति। अतएव समुचितमार्गापेक्षया शिखरिष्विति प्रायेवृत्या वा बोद्धव्यम् (सुवोधा)।

कुछ विद्वान् इसका अर्थ 'वृक्षों पर' करते हैं। यह उचित नहीं; क्योंकि वृक्ष वादलों के विश्राम के उपयुक्त नहीं।

1481 शिखादाम (उ० 31.1.5.10) शिखा+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; शिखादाम; चूडाशेखरम् (पंचिका); शिखादामचूड़ामणि (सुबोधा); शिखादामचूड़ास्रजमिति च व्याचक्षते। पुष्परचितचूडामणि: शिखादामपुष्प चूड़ामणिधीरै: शिखादामिनि कीर्त्यते इति रन्तिरिति केचित्। कुसुमवन्धनी केशलता शिखा, तत्र दाम माल्यमिति (सुबोधा०); चोटी, वाल, वेणी। (सुधीर०)

मल्लिनाथ ने 'शिखा' और 'दाम' को अलग-अलग पद माना है। मल्लिनाथ ने 'शिखादाम' को समस्त न मानने का कोई हेतु नहीं दिया है। दक्षिणावर्तनाथ ने कुछ हेतु दिये हैं। परन्तु उन्होंने 'शिखादाम' की जगह 'शिरोदाम' पाठ माना है—"शिरोदाम हित्वेति पाठ:। शिखादाम हित्वेति पाठे शिखाशब्द: शिर: शब्दपर्यायो न

भवति। 'घृणिज्वाले अपि शिखे' इत्यमरसिंहवचने शिखा ज्वालाकेकि मौल्यो' रिति यादवप्रकाशवचनेऽपि शिखाशब्दस्य शिर: शब्दपर्यायत्वादर्शनात्। आशय यह कि अमरकोश या यादवकोश दोनों में 'शिखा' का अर्थ सिर नहीं होता। अत: 'शिखादाम' का अर्थ शिरोमाल्य नही हो सकेगा और त्याग उसी का हो सकता है। अत: उन्होंने अपनी ओर से 'शिरोदाम' पाठ कर दिया। परन्तु यह पाठ-परिवर्तन का ढंग नितान्त स्वातन्त्र्यपूर्ण एवं अवैज्ञानिक है। भरतमल्लिक ने 'शिखादाम हित्वा' पाठ माना है और दो-दो कोशों का साक्ष्य प्रस्तुत किया है। 'शिखादाम' का अर्थ 'शर्वकोश' के अनुसार 'चूड़ामणि' है तथा 'रन्तिकोश' के अनुसार 'पुष्प चूड़ामणि' है। 'कौमुदी' के अनुसार अलकों की पुष्पगुम्फिनी लट को 'शिखा' कहते हैं और उसमें खोंसी जाने वली माला को 'शिखादाम' कहेंगे। यही अर्थ पूर्णसरस्वती ने भी लिया है-"धम्मिल्ल भूषणभूतनवकुसुममालिकाम्।" वल्लभदेव ने भी 'चूडाशेखर' अर्थ करके इसी पक्ष का समर्थन किया है। दक्षिणावर्तनाथ की बात यों भी ठीक नहीं है। क्योंकि हलायुधकोश के पञ्चमकाण्ड के 799वें श्लोक में 'शिखा' शब्द को शिरोवाची भी माना गया है-"चूडाशिखे शिरस्यापि।" भरहुत की यक्षी की चोटी में मौलसिरी के फूलों की माला है (कनिंघम-'भरहुत' प्लेट 52)। डा० मोतीचन्द्र का कहना है ("गन्धार की मूर्तियों और अर्धचित्रों से पता चलता है कि) स्त्रियाँ अक्सर अपने बाल शेखरक से सजाती थीं।" ["प्राचीन भारतीय वेशभूषा"-पृ० III]। अत: 'शिखादाम' पद अधिक उपयुक्त एवं सत्य पर प्रकाश डालने वाला है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में एक बार (5.2) हुआ है।

1482 **शिखिनाम् (उ० 43.2.7.20)** शिखिन्+आम्; संज्ञा, षष्ठी, बहुवचन; मयूराणाम् (चरित्र०); बर्हिणाम् (संजी०); मयूराणाम् (पंचिका); मयूराणां, यद्यपि बर्हशब्देनैव मयूरपिच्छमुच्यते तथापि शिखिनामिति तत्र स्थित्यर्थमुक्तम् (सुबाधा); "न पुन: शिखिन:। तेन तेषामपि प्रावृषि प्रभूतमदानाम् अरोगाणां बहूनाम्मध्ये केषाञ्चिदेव शबराद्यनुल्लुञ्चितेषु पिच्छकलापेषु केषुचिद् धनतरायतस्निग्धनीलमृदुलेष्वेव साम्यसिद्धे: तथात्वस्य दु:खोपलभ्यत्वं प्रकाश्यते।" पूर्णसरस्वती ने इस प्रकार इस 'पद' की उपयोगिता स्पष्ट कर दी है; अन्यथा बर्ह-मात्र से पिच्छ अर्थ उपलब्ध हो जाने के कारण यह स्पष्ट ही 'अधिकपद' माना जाता।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (13.27) तथा ऋतु० (2.14) में एक-एक बार हुआ है।

1483 **शिञ्जावलयसुभगै: (उ० 18.3.10.52)** शिञ्जाप्रधान+जस्+वलय+भिस्+सुभग+भिस्; मध्यमपदलोपि तत्पुरुष; विशेषण, तृतीया, बहुवचन; शिञ्जा शिञ्जितम्। शिञ्जावन्ती वलयानि शिञ्जावलयानि। शाखावृक्षवत्समास: (प्रदीप); शिञ्जा शिञ्जितम्। तद्युक्तानि वलयानि तै: सुभगै: रम्यै: (चरित्र०); शिञ्जा भूषणध्वनि:। 'भूषणानां तु शिञ्जितम्' इत्यमर:। भिदादित्वात् अङ्। शिञ्जिधातुरयं तालव्यादिर्न तु दन्त्यादि:। शिञ्जाप्रधानानि वलयानि तै: सुभगा रम्यास्तै: (संजी०); शिञ्जान कनककटकमनोहरै: (पंचिका); शिञ्जेरात्मनेपदित्वात् शिञ्जतीति प्रयोग: प्रमादज:, अनित्यो वा अनुदात्तेदात्मनेपदविधि: (पंचिका) क्वणत्कङ्कणमनोहरै:। शिञ्जादिति क्वचिदात्मनेपदिनोऽपि परस्मैपदं स्यादिति शतृ:। परिष्वजति पाञ्चाली मध्यमं पाण्डुनन्दन "मित्यादयो बहव: प्रयोगा दृश्यन्ते। शिञ्जेर्घञर्थेक:, तत: क्वि:, तत: शतृरित्यन्ये (सुबोधा); सिञ्जद्वलय, शिञ्जद्वलय-पा०भे०। मल्लिनाथ ने ठीक ही लिखा है कि यह धातु √शिञ्ज् है। √सिञ्ज् नहीं। अपि च-यह धातु आत्मनेपद है। अत: ये दोनों ही पाठ अशुद्ध हैं। सिञ्जद् रूप की तो कल्पना ही नहीं की जा सकती। सिञ्जद् के स्थान पर शिञ्जान रूप होना चाहिए। वल्लभ लिखते हैं कि यह प्रयोग कवि ने प्रमाद से किया है। अथवा, यह समझना चाहिए कि आत्मनेपद विधायक नियम की विधि अनित्य है। उस नियम के प्रतिकूल भी प्रयोग मिल

सकते हैं। अतः शिञ्जद् पाठ को भी स्वीकार किया जा सकता है। अन्य टीकाकार शिञ्जः (√शिञ्ज्+अच्) इव आचरति इति शिञ्जति।' इस नामधातु से शतृप्रत्यय लगाकर 'शिञ्जद्' रूप सिद्ध करते हैं। परन्तु माधव इस प्रक्रिया से असन्तुष्ट होकर लिखते हैं—'ननु शिञ्जाजृम्भादिभ्यः शब्देभ्यः आचारक्विबन्तेभ्यश्च परस्मैपदानि' सिध्यन्ति। तत्किमनेन। सत्यं शब्दाः सिध्यन्ति अर्थास्तु सहृदयहृदयंगमा न भवन्ति।' भाव यह है कि इस प्रकार शब्द तो सिद्ध हो जाता है, पर उससे उचित भाव नहीं निकल पाता है। अतः यह प्रकार माननीय नहीं। **सभ्रूभंगं करतललयैः**—पा०भे०। लय का लक्षण—'गीतवाद्यपादन्यासानां क्रियाकालयोः साम्यम्' किया जाता हैं। तबले के बजाने और पैरों के रखने के साथ संगीत के विरामों को 'लय' कहते हैं। अतः इस पाठ का अर्थ—भौओं के भंग (=मटकाने) के साथ हाथों की लय से'—हुआ। यह पाठ यक्षपत्नी की मयूर में आसक्ति और उसे नचाने में आनन्द तथा भावानुसारी अभिनय को प्रकट करता है। (तुलना करो उ०रा० 3.19)

भ्रमिषु कृतपुटान्तर्मण्डलावृत्तिचक्षुः प्रचलितचतुरभ्रूताण्डवैर्मण्डयन्त्या।
करकिसलयतालैर्मुग्धया नर्त्यमानं सुतमिव मनसा त्वां वत्सलेन स्मरामि।।

भवभूति के इस पद्य पर कालिदास के प्रकृत पद्य की छाप है। इसका 'करकिसलयतालैः पाठ 'तालैः शिञ्जा०' पाठ की प्रामाणिकता को पुष्ट करता है। अपि च इस पाठ के 'ताल' पद से भी उपयुक्त सभी ध्वनियाँ निकल आती हैं।

यह 'तालैः' का विशेषण है। 'शिञ्जा' भूषणों की ध्वनि (झनझनाहट) को कहते हैं; देखिये अमरकोश—'भूषाणानान्तु शिञ्जितम्' तथा विक्रमो० IV.14. 'नेदं नूपुरशिञ्जितम्'। इसके पाठान्तर 'शिञ्जद्वलय-सुभगैः' या 'सिञ्जद्वलय' है। श्री मोरेश्वर काले 'शिञ्जद्वलय सुभगैः' इस पाठ में शिञ्ज् धातु बताते हैं, किन्तु यह अदा० की आत्म० धातु है। अतएव व्याकरणानुसार इसका शत्रन्त 'शिञ्जत्' न होकर शानजन्त 'शिञ्जान' होना चाहिए था। सम्भवतः इसी कठिनाई से बचने के लिए मल्लिनाथ ने 'शिञ्जावलयसुभगैः' यह पाठ दिया है। वल्लभ जो मल्लि० से प्राचीनतर है कहता है—शिञ्जेरात्मनेपदित्वाच्छिञ्जदिति प्रयोगः प्रमादजः। अनित्यो वानुदात्तेन आत्मनेपदविधिः।' सारोद्धा० में 'शिञ्जद्वलयसुभगैः' इस पाठ के सम्बन्ध में ऐसा विवेचन किया गया है—*शिञ्जतेरात्मनेपदित्वात् शानचा भवितव्यम्। अतः शिञ्जदित्यसाधुपदम्। अत्र* समधीयते। √शिजि अव्यक्ते शब्दे। अतएव शिङ्क्ते। पचादित्वादच् (शिञ्जः)। स इवाचरतीति। क्विब्लोपे सति परस्मैपदम्। शिञ्जदिति वर्तमाने शतृ। श्री वसन्त रामचन्द्र नेरूरकर भी 'शिञ्जत् और 'सिञ्जत्' को शिवज ओर सिवज (झनझनाहट) इन शब्दों से नामधातु (शिवज इवाचरति) बनाकर उसका शत्रन्त रूप देते हैं। इसका पाठान्तर 'सभ्रूभंगं करतललयैः' मोरेश्वर काले ने दिया है। 'सभ्रूभङ्गम्' का अर्थ है—तेवरी चढ़े हुए, इसका यहाँ क्रियाविशेषण के रूप में प्रयोग हुआ है। 'करतललयैः' में 'लयैः' का अर्थ है—'गीतावाद्यपादन्यासानां क्रियाकालयोः साम्यम्।' अर्थात् संगीत में बाजे तथा पैरों का क्रिया और समय की दृष्टि से चमत्कारपूर्ण साम्य—समन्वय—, एवं 'करतललयैः' का अर्थ हुआ तालियों द्वारा क्रिया और काल की दृष्टि से साम्य। शिञ्जद्व०—व्याकरण की दृष्टि से इस पाठ की अपेक्षा 'शिञ्जावलयसुभगैः' ही ठीक है। दोनों का समास विग्रह—(क) 'शिञ्जन्ति तानि वलयानि च शिञ्जद्वलयानि; तैः सुभगाः तैः शिञ्जद्वलयसुभगैः।' (ख) शिञ्जा प्रधानानि वलयानि शिञ्जावलयानि। समानाधिकरणाधिकारे शाकपार्थिवादीनामुपसङ्ख्यान-मुत्तरपदलोपश्च"—इति वार्तिकेन प्रधानलोपः। तैः सुभगास्तैः शिञ्जावलयसुभगैः। यहाँ पर √'शिजि' आत्मनेपद धातु है। अतः शत्रन्त रूप को टीकाकारों ने प्रमादज या च्युतसंस्कृति माना है; क्योंकि '√शिजि अव्यक्ते शब्दे' और 'पृच्यन्ता अनुदात्तेतः' के आधार पर आत्मनेपद है और इसी से उसका शानजन्त रूप होना चाहिए

1488 **शिलावेश्मभि: (पू० 26.4.16.69)** शिला+आम्+वेश्म+भिस्; तत्पुरुष, विशेषण, तृतीया, बहुवचन; शिलाग्रहै:। अयमभिसन्धि:—पण्यस्त्रीरतिपरिमलोद्गारीणि यस्य शिलावेश्मानि दृष्ट्वा तत्रत्या: जना: एवं विस्मयन्ते—'अहो नागरिकाणां यौवनानि' यत: पण्याङ्गना अपि पणप्रदानं विना स्वसौभाग्येन वशीकृत्य स्वैरं एतेषु शिलागृहेषु भुञ्जन्ते (प्रदीप); पाषाणगृहै:। पाषाणप्रस्तरग्रावो पलाशमान: शिलादृशत्' इत्यमर: (चरित्र); कन्दरै: (संजी०); दरीगृहै: (विद्युल्लता); पाषाणगृहै: कन्दरै: (सुबोधा)।

1489 **शिशिरमथिताम् (उ० 22.4.21.37)** शिशिर+टा+मथित+टाप्+अम्; तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; हिमसम्पर्कविशीर्णाम्। अस्यार्थस्य मूलं 'हिमहतनलिनीव नष्टशोभामिति वचनात्। अनेन श्रीरामायणवचनार्थानुसारेण कवे: पूर्वोक्तो रामकथाभिलाष: स्पष्ट: (प्रदीप); शिशिरेण शिशिरकालेन मथिताम् (संजी०); शिशिरदग्धाम् (पंचिका); हिमविलोडितां (सुबोधा); मल्लिनाथ ने शिशिर को शिशिर ऋतु= सर्दी ही माना है। सु० वि० इसका अर्थ 'हिम-दग्धा' करते हैं। सारो० का पाठ 'तुहिनमथिताम्' है। 'पद्मानां शिखिरो भयम्' इस सुभाषित में शिशिर ऋतु को पद्मों के लिए दु:खदायी माना है। शिशिर का अर्थ हिम, तुहिन (=पाला) भी किया जा सकता है। तुलना करो—रघु० 8.45; 16.7; मृच्छ० 9.19; स्वप्नवासवदत्ता 5.1 आदि। इस कल्पना को कवि ने वाल्मीकि की इन पंक्तियों से ग्रहण किया है—

हिमहतनलिनीव नष्टशोभा व्यसनपरम्परया निपीऽयमाना।
सहचररहितेन चक्रवाकी जनकसुता कृपणां दशाम्प्रपन्ना।।

—वाल्मीकीय रामायण (सु० 16.30)

1490 **शीघ्रसम्पातहेतो: (उ० 20.1.4.12)** शीघ्रसम्पात+सु+हेतु+ङस्; कर्मधारय; संज्ञा, षष्ठी, एकवचन; तीव्रसम्पातहेतो: (प्रदीप); शीघ्रं यथा स्यात्तथा सम्पात: संचरणं तद्धेतो: (चरित्र०); शीघ्रसम्पात एव हेतुस्तस्य, शीघ्रप्रवेशार्थमित्यर्थ:, 'षष्ठी हेतुप्रयोगे' इति षष्ठी; 'सम्पात: पतने वेगे प्रवेशे वेदसाम्विद' इति शब्दार्णवे (संजी०); **तत्परित्राणहेतो:**—तस्यास्त्वत् सख्या: परित्राणहेतो रक्षाकारणात्। तत्परित्राणहेतोरिति अन्तर्भवनपतितां कर्तुमित्यत्रापि योज्यम् (सुबोधा); हेतु पद के प्रयोग में षष्ठी आती है। अत: यहाँ षष्ठी विभक्ति का प्रयोग है। मल्लिनाथ के मत में 'शीघ्र प्रवेश करने के निमित्त'। छोटे शरीर से यक्षगृह में प्रवेश सुकर और सम्भव था, बड़े शरीर से नहीं। श्री काले 'संपात' का अर्थ 'उतरना' लगाते हैं। छोटे आकार वाली और गठीली वस्तु बहुत जल्दी नीचे उतर आती है। मेघ को आकाश में से उतरना था। अत: उसे अपना आकार छोटा बनाना आवश्यक था। वस्तुत: यहाँ दोनों ही भाव अभिप्रेत है; मेघ का प्रधान उद्देश्य यक्षपत्नी के पास पहुँचना था। यक्ष-गृह में प्रवेश के लिए भी लघु आकार की आवश्यकता थी। अत:—'शीघ्रता से उतरने और घर में प्रवेश के निमित्त'—यही अर्थ उपयुक्त है। **तत्परित्राण**हेतो:—'पा०भे० तस्या: मत्प्रियाया: परित्राणस्य हेतो:। मेरी प्रिया को बचाने के निमित्त। इस पाठ से 'कलभतनुतां गत्वा' का प्रयोजन ज्ञात नहीं होता। अपि च—यह पाठ कालिदास की शैली का प्रतीत नहीं होता। सम्पूर्ण काव्य में अन्यत्र कहीं भी इस प्रकार सीधे शब्दों में 'परित्राण' की प्रार्थना यक्ष ने नहीं की है। वह सन्ताप-निवारण (पू०मे० 7), सुख देने (उ०मे० 28), आश्वासन देने (उ०मे० 53) और धैर्य बँधाने (उ०मे० 49) तथा अपने जीवन और प्रेम के विषय में विश्वास दिलाने (उ०मे० 52) के लिए ही सन्देश भेजता है। पू०मे० 4 के 'दयिताजीवितालम्बनार्थी' पद का व्याख्यान भी इसी धारा में करना उचित होगा। उसे तो विश्वास है कि वह 'अव्यापन्ना' (पू०मे० 9) होगी, परित्राण की रक्षा की प्रार्थना कैसे करता।

शीघ्रं सम्पात: शीघ्रसम्पात: [अत्र "सह सुपा" (2.14) इत्यनेन सुप् सुपेति समास:]। 'शीघ्रसम्पातस्य हेतो:'—इति प्रयोगस्थाने समस्त: प्रयोग: कृत: कविना। शीघ्रसम्पात एव हेतुरिति शीघ्रसम्पातहेतुस्तस्य।

शीघ्रसम्पातहेतो:। यहाँ पर षष्ठी मल्लिनाथ के अनुसार "षष्ठी हेतुप्रयोगे" सूत्र के अनुसार है। परन्तु इस पर शारदारञ्जन राय ने कुछ कटाक्ष करने का प्रयास किया है। उनका कथन है कि यह नियम यहाँ लगता ही नहीं और विस्तारार्थ "विश्रामहेतो:" की टिप्पणी की ओर निर्देश किया है। उनके द्वारा वहाँ दिया गया हेतु यह है—"Here the rule षष्ठी हेतुप्रयोगे dose not at all apply, for this rule does not regulate the षष्ठी in हेतुशब्द but that in the word of which the हेतुत्व is implied (द्योत्य)" परन्तु यह कथन नितान्त भ्रामक है। काशिकावृत्ति में सूत्र को इस प्रकार स्पष्ट किया गया है—"हेतो: प्रयोगो हेतुप्रयोग: हेतुशब्दस्य प्रयोगे हेतौ द्योत्ये षष्ठी विभक्तिर्भवति अन्नस्य हेतोर्वसति।" यहाँ पर हेतुशब्द का प्रयोग और हेतु की द्योत्यता अर्थात् सूचनीयता दोनों अभीष्ट हैं। भट्टोजि दीक्षित ने काशिका के अनुसार लिखा है--हेतुशब्द प्रयोगे हेतौ द्योत्ये षष्ठी स्यात्। अन्नस्य हेतोर्वसति।" इसी पर ज्ञानेन्द्र सरस्वती ने दो मत उद्धृत किये हैं। एक के अनुसार--अन्न शब्द में षष्ठी 'हेतौ द्योत्ये' के कारण होती है। दूसरे के अनुसार--अन्य शब्दों से षष्ठी न हो, इसलिए 'हेतौ द्योत्ये' कहा गया है। यहाँ हेतु शब्द में भी षष्ठी इसी सूत्र से होती है। ज्ञापक है "सर्वनाम्नस्तृतीया च" की वृत्ति। अपेक्षित उक्तियाँ हैं--"अत्र 'हेतौ'—इत्यनुवर्तते तदाह हेतौ द्योत्य इति। अन्नस्येति। 'हेतौ'—इति तृतीयायां प्राप्तायामनेन षष्ठी। हेतु--प्रयोगे किम्? अनेन वसति। हेतौ द्योत्ये किम्? अन्नशब्दात् षष्ठी यथा स्यादित्येके। अन्नस्य हेतो स्तुभ्यं नम इत्यत्र युष्मच्छब्दान्मा भूदित्यन्ये। × × × पंचम्यां तु हेतुशब्दात् षष्ठी-तृतीये न स्यातामित्याशयेनाह-सर्वनाम्नो हेतुशब्दस्य चेति।" अतिः स्पष्ट है 'पदान्त' में षष्ठी इसी सूत्र से हुई है न कि शारदारंजन राय के अनुसार यहाँ षष्ठी "शेषे षष्ठी" से है (पृ० 103)। श्री शारदारञ्जन राय जी को ज्ञात होना चाहिए कि सूत्र "षष्ठी शेषे (2.3.50)" है, न कि 'शेषे षष्ठी' जैसा कि वे उद्धृत करते हैं। यहाँ कारक और प्रातिपादिकार्थ से व्यतिरिक्त स्व-स्वामिभावादि सम्बन्ध है ही नहीं। यहाँ तो हेत्वर्थक षष्ठी होने से कारकता का विषय है। इस प्रकार यह 'षष्ठी शेषे' का विषय नहीं है और यहाँ मल्लिनाथ ने शास्त्रानुसार लिखा है। 'सम्पात' का यहाँ पर 'प्रवेश' अर्थ अभीष्ट है—"सम्पात: पतने वेगे प्रवेशे वेदसंविदे" (शब्दार्णव)। जिस प्रकार मल्लिनाथ ने स्पष्ट किया है। समास में भी कोई बाधा नहीं है। अत: शारदारञ्जन जी का समास-क्षेप भी अनुचित ही है। भरतमल्लिक के अनुसार यहाँ पर "तत्परित्राणहेतो:" पाठ है और वहाँ भी षष्ठी उक्त सूत्र से ही है।

1491 **शीत:** **(पू० 45.4.11.38)** शीत+सु, विशेषण, प्रथमा, एकवचन त्वन्निष्यन्देत्यनेनैव शैत्यहेतो: प्रसङ्गात् (विद्युल्लता); इतस्ततो विकीर्ण निष्यन्दशीतलीभूत: (सुबोधा)।

1492 **शुक्लापाङ्गै:** **(पू० 23.3.12.27)** शुक्लापाङ्ग+भिस्, संज्ञा, तृतीया बहुवचन; मयूरै: 'मयूरो बर्हिणो बर्ही शुक्लापाङ्ग: शिखावल:' इति **यादव:** (प्रदीप); मयूरै: (चरित्र०); मयूरै:; 'मयूरो बर्हिणो बर्ही शुक्लापाङ्ग: शिखावल' इति **यादव:** (संजी०) "शुक्लापाङ्ग; शिखावल:' इति **वैजयन्ती** (विद्युल्लता); मयूरै: (सुबोधा); "शुक्लापाङ्गो मयूर: स्यात् प्रचलाकी भुजङ्गभुक्" इति **केशव:** (सुबोधा)

शुक्लौ अपाङ्गौ येषां तै:। मोर। यह भारत के अनेक स्थानों में पाया जाता है। वर्षा ऋतु में इसे विशेष मस्ती आती है। मयूरों के अपाङ्ग (नेत्र-प्रान्त, कनखियाँ) श्वेत होते हैं। इसलिए उनको शुक्लापाङ्ग कहते हैं।

1493 **शुद्धस्नानात्** **(उ० 30.2.4.15)** शुद्ध+सु+स्नान+ङसि; कर्मधारय; संज्ञा पंचमी, एकवचन; गन्धामलकादिरहित-स्नानात् (प्रदीप); तैलादिरहितस्नानात् (संजी०); पानीयमात्र भिषेकेण (पंचिका); यदि हि सा मङ्गलार्थ कदाचित् स्नाति तत्सुरभितैलामलकादिशून्येन तोयमात्रेण (पंचिका); ऋतुशुद्ध्यर्थ स्नानाद्धेतो: ऋतुस्नाता हि रागवती भवति (सुबोधा); शुद्धस्नानादित्यस्य निश्वासेनेत्यनेन च पुरुषमित्यनेन काकाक्षिगोलकन्यायेन सम्बन्धो बोध्य: प्रोषितभर्तृकाणामृतुस्नाने दु:खनिश्वासो भवत्येव। तथा च—

ऋतुस्नाताः सनिःश्वासं स्मरन्ति गतभर्तृकाः
कान्तमत्यन्तसंजातमदनावेशविक्लवाः।। इति।।

विरहिण्या अलकपुरुषत्वादिकं युक्तमेव; तथा च–

न भूषणं नैव मृजा नालकानाञ्च कर्तनम्
नानुलेपं न संस्कारं कुर्वन्ति प्रोषिते पतौ।। इति।। (सुबोधा)

तेल, उबटन, गन्धमय द्रव्य आदि के प्रयोग से रहित केवल जल से स्नान के कारण। प्रोषितभर्तृका स्त्री के लिए केवल शुद्धस्नान का विधान है। देखिये–याज्ञ० स्मृ० 1.84 क्रीडां शरीरसंस्कारं समाजोत्सवदर्शनम्। हास्यं परगृहे यानं त्यजेत्प्रोषितभर्तृका।।' अथवा इस श्लोक में आगे 'मत्सम्भोग' पाठ की उपपत्ति के लिए यहाँ 'शुद्धस्नान' से ऋतुकालानन्तरीय स्नान लेना चाहिए; क्योंकि 'ऋतुस्नाता' के लिए पति-सम्भोग का विधान है। मल्लिनाथ ने शुद्ध स्नान का अर्थ तैलादि से रहित स्नान माना है–"शुद्धस्नानात् तैलादिरहितस्नानात्।" इनके अनुसार इसका समासविग्रह–"शुद्धंच तत् स्नानंच शुद्धस्नानं तस्मात्।" पूर्णसरस्वती के अनुसार शुद्धस्नान का तात्पर्य तैल; आमलकी आदि के प्रयोग से रहित व्रत के लिए किये गये स्थान से है– "शुद्धस्नानात् स्नेहायञ्जनस्नानीयलेपविरहेण नियमार्थम् अभिषेकात्।" इन दोनों टीकाकारों ने शुद्ध का अर्थ केवल लिया है, परन्तु भरतसेन ने इसका अर्थ 'पूत' लिया है–"शुद्धः केवलपूतयोः"–(अनेकार्थसंग्रह)। उन्होंने पवित्र होने के लिए किये गये स्नान का अर्थ लिया है। उनका आशय ऋतुस्नान से है। उनके अनुसार समासविग्रह–'शुद्धाय स्नानं शुद्धस्नानम्' है। परन्तु इस प्रकार के अर्थ को देने के बाद उन्होंने भी मल्लिनाथ और पूर्णसरस्वती आदि की तरह का ही अर्थ किया है। वस्तुतः मल्लिनाथादि का अर्थ कम समीचीन नहीं है। दूसरी अर्थ की अन्विति कवि को कम अभीष्ट नहीं; क्योंकि दूसरे दल का अर्थ उसी पर पूर्णतः आधारित है।

1494 **शुभ्रत्रिनयनवृषोत्खातपङ्कोपमेयाम्** (**पू० 55.4.18.55**) शुभ्र+सु+त्रिनयन+ङस्+वृष+टा+उत्खात+टा+पङ्क+टा+उपमेया+अम्; तत्पुरुष; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; कामपि वधूं भुक्त्वा तस्या एव जन्मगृहे गन्धादिभिः श्रममपहर्तुः जामातुः कान्तिरत्र ध्वन्यते (प्रदीप); शुभ्रो दीपश्च असौ त्रिनयनस्य शम्भोर्वृषेण वलीवर्देन उत्खातश्चासौ पङ्कश्च तेन उपमेयां उपमातुमर्हा योग्याम् (चरित्र०); शुभ्रमुद्दीपशुक्लयो इत्यमरः (चरित्र०); शुभ्रो यः त्रिनयनय स्यत्र्यम्बकस्य वृषो वृषभः, 'सुकृते वृषभे वृषः' इत्यमरः; तेन उत्खातेन पङ्केन सह उपमेयां उपमातु महीम्; त्रिनयन इत्यत्रपूर्वपदात् संज्ञायामगः इति णत्वं न भवति; 'क्षुम्नादिषु च' इति निषेधात् (संजी०); कैलासगौरेण परमेश्वरवाहनपुङ्गवेन क्रीडया शृङ्गाग्रोद्धृतनदीतटपङ्केनोपमातुयोग्याम्। वृषाणां पङ्कोत्खननं च स्वभावः; यथा रघुवंशे–'मेदोदग्राः ककुद्मन्तः सरितां कूलमुद्रुजाः' इति, 'शृङ्गाग्रलग्नाम्बुदवप्रपङ्कः' इति च। हर्षचरिते च 'प्रकटकलङ्कमुदयमानं विशङ्कटविषाणोत्कीर्णपङ्काङ्क-शाक्वरककुदसंकाशम्' इति। (विद्युल्लता); शुभ्राम, उज्जवलां त्रिनयनस्य महादेवस्य वृषेण उत्खात उत्पाटितः शृङ्गाग्रधारितो यः पङ्कः कर्दमस्तेन उपमेयाम् उपमार्हां सदृशीम्। "शुभ्रमुद्दीप्तशुक्लयो" रित्यमरः। त्रिनयनवृषोत्खातेत्यत्र पङ्कोत्खननस्यान्यथा असम्भवादुपमानोपमेयवलाच्च शृङ्गप्रतिपत्तिः उपमानोपमेयता च हिमालयस्य शुक्लत्वात् शृङ्गलग्नस्य मेघस्य श्यामत्वात्। केचित्तु शुभ्रत्रिनयनवृषोत्खातपङ्कोपमेयामिति पठित्वा शुभ्रशब्दस्य उज्जवलार्थस्य पङ्कविशेषणत्वेन सङ्गतिः कार्या; त्रिनयनवृषस्य शुभ्रत्वाव्यभिचारेण विशेषणसमासासम्भवात्, पङ्कस्य उद्दीप्तत्वं श्यामत्वोत्कर्ष इति व्याचक्षते। पङ्केनोपमानात् "भर्तृभक्तो भटः श्ववे" त्यादिवत् हीनोपमा दोषो न वाच्यः, "वृषोऽयं भगवान् धर्म" इति नन्दिकेश्वरपुराणम्" तेन तदुद्धृतपङ्कस्य प्रशस्तत्वात् (सुबोधा०); शुभ्र; यः त्रिनयनस्य वृषः, तेन उत्खातः या पंकः तेन सह उपमेयाम्। शिवजी की तीन आँखें मानी गई हैं (देखो

त्र्यम्बक पद)। उनका बैल भी सफेद रंग का है। अपनी खिलवाड़ में वह मिट्टी के टीले आदि से टक्कर मारता है। अतः उसके शरीर पर काली-काली कीचड़ लग जाती है। इधर हिमालय सफेद है और काला बादल उसकी चोटियों पर बैठा हुआ है। अतः दोनों समान दिखाई पड़ते हैं। शिवजी की तीसरी आँख के सम्बन्ध में श्री कर्मकर ने महाभारत के अनुशासन-पर्व से यह कथा दी है—एक बार पार्वती ने उपहास में शिवजी की दोनों आँखों को ढक लिया। पार्वती के ऐसा करते ही जगत् अंधा हो गया। शिवजी ने अपनी तीसरी आँख खोली। इससे आग की लपटें निकलने लगीं। हिमालय ही सबसे पहिले उसका ग्रास बना था। कामदेव भी शिव की तीसरी आँख से जला था (देखो—कु०स० 3.72)।

'तस्याः प्रभवम्' से मल्लिनाथ और दक्षिणावर्त ने भी हिमालय पर मेघ की क्रीड़ा को श्वशुरालय की क्रीड़ा होने की ध्वनि निकाली है। भाव यह है—गंगा नदी है। अतः वह मेघ की पत्नी है। हिमालय उसकी पत्नी का पिता होने से उसका श्वसुर है। अतः हिमालय पर आगमन मेघ का ससुराल में आना है। ससुराल में साले-सालियों आदि से मनोविनोद किये जाने की प्रथा प्राचीन ही है। शिवजी का बैल (नन्दी) श्वेत वर्ण का है। वह अपने सींगों से खोदकर कीचड़ अपने ऊपर फेंका करता है। उसके शरीर पर फेंके गये कीचड़ की हिमालय पर्वत की चोटी पर स्थिल बादल के साथ उपमा दी गई है। नन्दी के श्वेतरंग के लिये देखिये—'कैलासगौरं वृषमारुरुक्षोः' रघु० II.35. हाथियों के समान बैल या साँड भी टीलों से या पहाड़ों के अग्रभाग से मिट्टी खोद-खोद कर अपने ऊपर डालते हैं। देखिये उ०मे० 53—'शैलादाशु त्रिनयनवृषोत्खात-कूटान्निवृतः'। और देखिये—रघु० XIII.47. शृंगाग्रलग्नाम्बुदवप्रपङ्कः बध्नाति में बन्धुरगात्रि चक्षुर्दृप्तः ककुद्मानिव चित्रकूटः'। पूर्वमेघ श्लो० 2 में भी बादल की उस हाथी के साथ तुलना की गई है, जो टीले से मिट्टी उखाड़कर तिरछे दाँतों से प्रहार कर रहा हो (वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयम्')।

1495 **शूलिनः (पू० 37.3.15.31)** शूलिन्+ङस्; संज्ञा, षष्ठी एकवचन; महेश्वरस्य (चरित्र०); शिवस्य (संजी०); तीक्ष्णतरदण्डसाधनविशिष्टत्वोक्तेर्जगदण्डदण्डधरस्य खण्डपरशोः प्रसादे जगत एव प्रसाद इति भावः, 'ब्रह्माण्डस्याधिपत्यं हि श्रीकष्ठस्य न संशयः। न स चेदीशतां कुर्याज्जगतां कथमीश्वरः।। इति, 'वृक्षस्य मूले सेकेन शाखाः पुष्यन्ति वै यथा। शिवस्य पूजया तद्वत्पुष्यत्यस्य वपुर्जगत्।। इति च वायूक्तेः (विद्युल्लता); महाकालायतने महादेवस्य (सुबोधा)।

1496 **शृङ्गम् (पू० 14.1.2.2)** शृङ्ग+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; शिखरम् (चरित्र०); शृङ्गं प्राधान्यम्; 'शृङ्गं प्राधान्यसान्वोश्च 'इत्यमरः (संजी०); न तु शिलामात्रम्। एतेन तुङ्गत्वविस्तृतत्वोक्तिः (विद्युल्लता); शिखरम् (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (9.62; 13.26) तथा कुमार० में एक बार (6.72) हुआ है।

1497 **शृङ्गे (पू० 55.3.15.34)** शृङ्ग+ङि; संज्ञा; सप्तमी; एकवचन; शिखरे (चरित्र०); शिखरे विषाणे इति च स्फुरति। 'क्रीडाम्बुयन्त्रे शृङ्गोऽस्त्री पर्वताग्रप्रभुत्वयोः। पश्वङ्गे च' इति वैजयन्ती (विद्युल्लता); शिखरे (सुबोधा);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में एक बार (6.19) हुआ है।

1498 **शृङ्गोच्छ्रायैः (पू० 61.3.9.57)** शृङ्ग+आम्+उच्छ्राय+भिस्; तत्पुरुष; संज्ञा, तृतीया, बहुवचन; शृङ्गाणां उच्छ्रायैः औन्नत्यैः (संजी०); शिखरोन्नतिभिरुच्छ्रयवच्छिखरैः (सुबोधा); शृंगाणाम् उच्छ्रायाः तैः। चोटियों की उँचाई से। विल्सन ने इसके स्थान में 'तुङ्गोच्छ्रायैः' यह पाठ दिया है, किन्तु 'शृङ्गोच्छ्रायैः' पाठ ठीक है, क्योंकि उच्छ्राय का अर्थ औन्नत्य होता है। अतः तुङ्ग (उन्नत) के साथ 'शृङ्ग' ही ठीक बैठता है।

1499 शृणु (पू० 13.1.3.3) श्रु+लोट्; मध्यम पुरुष, एकवचन; तिङन्त; आकर्णय (चरित्र०); श्रवणमेव प्रार्थ्यते, ग्रहणादीनि महामेघाविनस्तवानुषङ्गिकानीति भाव: (विद्युल्लता); आकर्णय (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग आठ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में दो बार (4.40; 6.64), विक्रम० दो बार (4.33; 146.2), रघु० (8.77), शाकु० (94.3), ऋतु० (5.1) में एक-एक बार हुआ है।

1500 शेषान् (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(उ० 26.1.18.18; 49.2.6.14)** शेष+शस्; विशेषण, द्वितीया, बहुवचन; गतशेषान् (प्रदीप); आषाढमासाधिकान् आश्वयुज् मासान्तानित्यर्थ:। ननु आषाढस्य प्रथमदिवसे इत्युक्तम्। आषाढ श्रावणो प्रावृट् तत: परं शरदिति प्रसिद्धम्। तस्मात् कथं आषाढात् प्रभृति मासचतुष्टयात् पर: शरत्काल इत्युक्तम्। उच्यते। ऋतूनां कल्पना द्विधा। केचित् षड्तव इति वदन्ति। अपरे त्रय इति। तथा श्रीरामायणे—चत्वारो वार्षिका: प्रोक्ता: गतावर्षशतोपमा: इति (प्रदीप 49); गतावशिष्टान् (संजी०); अवशिष्टान् (संजी०); अतश्च अद्यारभ्य (पंचिका 49); अतिक्रान्तेभ्योऽवशिष्टान (सुबोधा); बचे हुए अर्थात् चार मासों को। देखो—शेषान् मासान् गमय चतुर: (उ०मे० 501) शेष—शिष्यते इति शेष:। √शिष् (विशेषणे)+घञ्। इसके अर्थों के लिए देखो—'शेषाऽनन्ते वधे सीरिण्युपयुक्तेतरेऽपि। शेषा निर्माल्यदाने स्यात्।।' इति हैम:। (ऋषि दयानन्द ने सत्यार्थप्रकाश (प्रथम समु०पृ० 12 तथा 8 म समु० पृ० 147) में 'शेष' का अर्थ 'परमात्मा' भी किया है।

प्रारम्भिक छन्दों में ही कवि ने कह रखा है—"शापेनास्तङ्गमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तु:।" कुल वियोग की अवधि है एक वर्ष; और अब अवशिष्ट हैं चार मास—शेषान् मासान् गमय चतुरो लोचने मीलयित्वा"। आठ महीने यक्ष ने आषाढ़ के पूर्व ही समाप्त कर लिए हैं-रामगिर्याश्रमों में। आर्थर बेरिडेल कीथ ने इस थोड़े समय के वियोग पर कुछ कटाक्ष किया है—

At first sight the effect of the poem seems to be marred by an element of unreality in the longing of the YAKSHA whose separation is but temporary and who as an attendant of SHIVA cannot in truth fear either death or even injury for his beloved from his absence" (p. 86, HSL) बड़ा ही हार्दिक क्लेश होता है, ऐसी बेबुनियाद आलोचनाओं को पढ़कर। संस्कृत-साहित्य के एक इतिहासकार को कुछ तो रसों का अध्ययन कर लेना चाहिए, और फिर एक बार उस ग्रन्थ को भी देखने का कष्ट उठाना चाहिए, जिसकी कि वह समीक्षा करना चाहता है। विप्रलम्भशृङ्गार रस और करुण रस के बीच अन्तर ही यही होता है कि पहले में विरह आल्पकालिक होता है और दूसरे में शाश्वत। आल्पकालिक या 'टेम्परारी' विरह में ही दूत-प्रेषण का प्रश्न उठता है, नित्य या सनातन में नहीं। खैर, यह तो शास्त्र-चर्चा का विषय है। कीथ साहब को नहीं पता हो तो कोई बात नहीं। परन्तु सबसे अधिक कष्ट का विषय यह है जो उन्होंने यक्ष को शिव का अनुचर लिखा है, जबकि स्वयं कालिदास ने लिखा है—"अन्तर्बाष्पश्चिरमनुचरो राजराजस्य दध्यौ।" और "सन्देशं मे हर धनपतिक्रोधविश्लेषितस्य।" इस प्रसङ्ग में सर्वाधिक उपयोग इन बीतने से बचे हुए (गतशेष) चार मासों को गिनने का है। कवि उसे उसी में लगी हुई दिखाता है—"विन्यस्यन्ती भुवि गणनया देहलीदत्तपुष्पै:।" जब चार ही महीने बाकी हैं, तो उन्हें गिनने में कितना समय लगेगा। वास्तव में यह गणना मासानुसारी न होकर दिवसानुसारी है। कवि पूर्वमेघ में ही कह चुका है— "ताञ्चावश्यं दिवसगणनातत्परामेकपत्नीम्।" उसे दुहराने की क्या जरूरत? अत: आषाढ़ के प्रथम दिन अथवा जब मेघ अलका पहुँचेगा उस दिन, वह लगभग साढ़े आठ महीने पूरे कर चुकेगी और उस काल के दो सौ पचास या दो सौ पचपन दिनों के प्रतीक पुष्पों को गिनती होगी। फिर पूरे वर्ष भर के दिनों में से उन्हें घटाती होगी और तब निष्कर्ष तक पहुँचती होगी। फिर उनमें भी तिथिक्षय, तिथिवृद्धि,

अधिकमास, आदि का भी चक्कर हो सकता है। यह सब पर्याप्त-समयापेक्षी है। जरा गिनती करने के तरीके को देखिये—

देहल्यां द्वाराधः स्थितफलकायामनुदिनमेकैकशो निहितैः पुष्पैः, कतिपयदिनावसाने तैः सम्पिण्डितैर्गणितैर्गत-दिवसेयत्तापरिज्ञानसौकर्यात्।"—

पूर्णसरस्वती के कथन का तात्पर्य यह है कि प्रवास के दिन से रोज-रोज एक-एक फूल दहलीज में डालती जाती थी। कुछ दिन बीत जाने पर उन इकट्ठा फूलों को गिनकर बीते दिनों की संख्या जान लेती थीं; फिर वर्ष भर की दिनसंख्या से घटाकर शेष अवधि का हिसाव निकाल लेती थी। कवि ने 'शेषे' शब्द बड़ा ही व्यञ्जक रखा है। 'शेष' का अर्थान्तर 'अनन्त' और 'वध' भी है। "शेषोऽनन्ते वधे सीरिण्युपयुक्तेतरेऽपि च" (अनेकार्थसंग्रह)। महीने चाहे तीन ही चार हों, पर प्रथम विरह और मेघों की ऋतु के आ जाने से अनन्त परिमाण लगते हैं या 'वध परिमाण' से कष्टदायी लगते हैं। जिसका परिमाण किया जाता है उसे मास कहते हैं। अतः उसके परिमाण में यदि वराबर लगी हो, तो पूर्णतः समीचीन ही प्रतीत होता है।

1501 **शेषविस्तारपाण्डुः (पू० 18.4.18.69)** शेषविस्तार+ङि+पाण्डु+सु; तत्पुरुष, प्रथमा एकवचन; मध्यादन्यत्र हरिणवर्णः। हरिणः पाण्डुरः पाण्डु इत्यमरः (प्रदीप); स्तनस्थानीयः पर्वतः श्यामिकास्थानीयो मेघः पाण्डुतास्थानीयाः काननाम्राः (चरित्र०); शेषे मध्यादन्यत्र विस्तारे परितः पाण्डुर्हरिणः; 'हरिणः पाण्डुर" इत्यमरः (संजी०); तद्व्यतिरिक्ते निजमण्डलाभोगे तारुण्यजनितलावण्यपाण्डिमा; तथा रघुवंशे—'अथास्य रत्नग्रथितोत्तरीयमेकान्तपाण्डु-स्तनलम्बिहारम्' इति (विद्युल्लता); अवशिष्टपरिणाहे पाण्डुः यौवनभेदात् पाण्डुरः (सुबोधा); "पाण्डुस्तु पीतभागार्हः केतकीधूलिसन्निभः" इति **शब्दार्णवः** (सुबोधा)।

शेषे यो विस्तारः; तस्मिन् पाण्डुः। कालिदास ने रघु० (4.51) में भी पर्वतों को पृथिवी का स्तन बताया है—स्तनाविव दिशस्तस्या शैलो मलयदर्दुरो।।

मल्लिनाथ यहाँ पर ध्वनि निकालते हैं—परिश्रान्तः कश्चित् कामी कामिनीनां कुचकलशे विश्रान्तः सन् स्वपिति तद्वद् भवानपि भुवो नायिकायाः स्तन इति।

1502 **शेषैः (पू० 31.4.14.49)** शेष+भिस्; विशेषण तृतीया, बहुवचन; अवशिष्टैः (चरित्र०); भुक्तशिष्टैः (संजी०); स्वर्गार्थानुष्ठितकर्मशेषाणां स्वर्गदानावश्यं भावादिति भावः (संजी०); फलदेभ्योऽन्यैः। 'अथ शेषास्त्रिष्वन्य-स्मिन्नुपयुक्ततः' इति वैजयनती। 'ताः पिवन्ति मदायुक्ता जलदादिषु ये स्थिताः। वर्षे तु ते जनपदाः स्वर्गाभ्येत्य मेदिनीम्।।' इति श्रीविष्णुपुराणे; 'प्राप्यपुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वती समाः। शुचिनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टो विजायते।।' इति भगवद्वचने च पुण्यशेषज्ञापनात् (विद्युल्लता); भुक्तावशिष्टैः (सुबोधा)।

1503 **शैलम् (पू० 12.1.6.12)** शैल+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; चित्रकूटाद्रिम् (संजी०); रामगिरिम् (सुवोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघूदत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (4.71) हुआ है।

1504 **शैलराजावतीर्णाम् (पू० 53.1.4.12)** शैलराज+ङसि+अवतीर्ण+टाप्+अम्; तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; हिमवतः प्रवृतां हिमवतः प्रसूतां च (प्रदीप); शैलराजात् हिमालयात् अवतीर्णा प्रवृत्ताम् (चरित्र०); शैलराजात् हिमवतः अवतीर्णाम् (संजी०); हिमवतो भारतवर्षप्रारम्भेऽवतीर्णमात्राम् अवतीर्णा न तु जाताम्। अनेन त्रिभुवनविक्रममाणस्य बलिरिपोरुर्ध्वप्रवृत्तचरणपुण्डरीकवेगखण्डितब्रह्माण्डविवरनिष्ठ्यूतवारिपूरपरिपोषित-विरिञ्चिकरकुण्डिकाजलोपोद्बलितधर्मदेवताद्रवरूपायाः शिवजटाजूटविधृतवेगायाः सुमेर्वादिक्रमेण हिमवन्तं यावदगतायाः सुरसरितो भगीरथतपोनुरोधेन भारतेऽवतारः; न तु नद्यन्तरवत् क्वचन गिरिकुडुङ्गे संभूतिरिति ध्वन्यते; तेन

तीर्थान्तरेभ्य प्रकृष्टसुकृतप्रसावकत्वं च (विद्युल्लता); शैलराजात् हिमालयात् अवतीर्णा प्रादुर्भूतां लम्वितां (सुबोधा); अवतीर्ण—अव+√तृ (तैरना आदि)+क्त।

1505 **शैलात्** (**उ० 52.2.6.28**) शैल+ङसि; संज्ञा, पंचमी, एकवचन; कैलासात् (संजी०); कैलास की ओर संकेत हैं।

1506 **शैलोदग्राः** (**उ० 14.2.5.20**) शैल+ङस्+इव+उदग्र+जस्; तत्पुरुष, विशेषण, प्रथमा, वहुवचन; शैलवत् उन्नताः (संजी०)।

1507 **शोभाम्** (द्विवारं प्रयुक्तम्) (**पू० 55.4.17.38; 62.3.7.47**) केचित्तु शोभामित्यत्र लीलामिति पठित्वा लीलां विलासं छलोक्त्या यदा कदाचित् शृङ्गारवशात् स्वस्कन्धे वस्त्रं निक्षिपति तदैवेति सूचितमित्याहुः (सुबोधा 62)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग पाँच वार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० (1.19) मालवि० (192.2) तथा ऋतु० (6.13) में एक-एक वार हुआ है।

1508 **श्यामः** (द्विवारं प्रयुक्तम्) (**पू० 18.4.14.59; 60.4.16.48**) श्याम+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; कृष्णवर्णः (संजी० 60); चुचुकयोगान्नीलः (सुवोधा 18); पाद इह ऊरुजङ्घासमुदायार्थस्तेन श्याम इत्युक्तम्। अधःस्थितैरूर्ध्वभूतः श्याम इव दृश्यते इति वा। त्वमपि श्यामः (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन वार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक वार (13.53) हुआ है।

1509 **श्यामम्** (**पू० 15.3.11.33**) श्याम+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; श्याममिति साधारणो धर्मः (विद्युल्लता); नीलम् (सुबोधा); श्याममित्यादिना स्पर्शनमपि ध्वनितम्। यदुक्तं—

"दर्शनं स्पर्शनं शस्तं मङ्गलानां श्रुतिस्तथा।
रत्नानां कीर्तनं शस्तं तथा विष्णोश्च कीर्तनम्।।" इति। (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो वार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग विक्रम० में एक वार (2.7) हुआ है।

1510 **श्यामा** (**उ० 21.1.2.2**) श्याम+टाप्+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; स्यामवर्णा हरितवर्णा इत्यर्थः। अस्यार्थस्य अनुकूलमेव वक्ष्यति श्यामास्वङ्गमिति। यद्वा 'श्यामायौवनमध्यस्था प्रौढातिक्रान्तयौवना' इति उत्पलमालायाम्। अस्यार्थस्य अनुकूलद्योतकं युवतिविषय इति पदम् (प्रदीप); यौवनमध्यस्था हरितवर्णा वा षोडशवार्षिकी। 'श्यामा यौवनमध्यस्था' इति वाक्यात् (चरित्र०); युवती, 'श्यामायौवनमध्यस्था' इति उत्पलमालायाम् (संजी०); एकवारप्रसूता तरुणी इत्यर्थः (पंचिका); सौकुमार्यादि गुणवती; यदुक्तं—

शीते या चोष्णगात्री स्यादुष्णे च स्पर्शशीतला।।
प्रकृत्या सुकुमाराङ्गी सा श्यामा कथिता बुधैरिति।।

श्यामा प्रियङ्गु मञ्जरीवत् श्यामदेहा वा। श्यामा प्रियङ्गुकलिकेव श्यामवर्णेति केचित्। श्यामा षोडशवार्षिकी। तथा च "द्वयष्टवर्षा भवेच् श्यामे" ति केचित्। अप्रसूतेति केचित्। (सुवोधा); इसके ये अर्थ हैं—1. यौवनमध्यस्था (म०) 2. जिसको अभी कोई वच्चा नहीं हुआ है—अप्रसूता 3. षोडशवर्षीया युवती 4. मनोहर साँवले रंग की स्त्री 5. मधुर कण्ठवाली स्त्री।

विद्युल्लता का मत है कि अगले पद्य के 'वालाम्' पद में यक्षपत्नी की अवस्था वता दी गई है। अतः मल्लिनाथ का अर्थ अनुपयुक्त है। परन्तु यह युक्ति विशेष वलशालिनी नहीं है। प्रकरण में सव ही अर्थ

उपयुक्त है। केवल तीसरा अर्थ ठीक नहीं लगता। आर्य जाति में लड़कियों का विवाह 16 वर्ष की अवस्था से पूर्व नहीं होता था। वियोग से पूर्व यक्ष वहुत दिनों तक वैवाहिक जीवन का सुख भोग चुका था। अत: यक्षपत्नी कम से कम लगभग 17–18 वर्ष की होगी।

युवति। मल्लि० के अनुसार 'श्यामा' युवति को कहते हैं, देखिये उत्पलमाला—"श्यामा यौवनमध्यस्था"। कुछ टीकाकार श्यामा से विशेष प्रकार की स्त्री को लेते हैं। इस सम्बन्ध में भट्टिकाव्य के टीकाकार **(V.18)** निम्न श्लोक उद्धृत करते हैं—'शीते सुखोष्णसर्वाङ्गी ग्रीष्मे या सुखशीतला। तप्तकाञ्चनवर्णाभा सा स्त्री श्यामेति कथ्यते।।" मोरेश्वर काले ने श्यामा का अर्थ—'अप्रसूता' (वह स्त्री जिसके अभी बच्चा नहीं हुआ) दिया है। इसके लिए देखिए—'भवेत् श्यामा तन्वी च नवयौवना' अप्रसूता भवेच्छ्यामा श्यामा षोडशवार्षिकी। श्यामा च श्यामवर्णा च श्यामा मधुरभाषिणी।। श्यामा का प्रथम (सौकुमार्यादिगुणवती) अर्थ पूर्णत: असमीचीन है; क्योंकि यह एक असम्भावित वस्तु किंवा सर्वगत सत्य है। यदि यह स्त्रीगत वास्तविक वैशिष्ट्य के रूप में माना जाय, तो असम्भव है और यदि कान्त के हृदय की आत्मानुभूति के रूप में माना जाय, तो समस्त प्रियतमाओं में प्राप्त होने वाला तत्त्व है। दूसरा अर्थ (षोडशवर्षीया) लेने पर इसी युग्मक में आया हुआ 'बाला' शब्द पुनरुक्ति का घटक अथ च अधिकपद हो जायगा; क्योंकि 'रतिरहस्य' का कथन है—"बाला तु षोडशब्दात् तदुपरि तरुणी त्रिंशतं यावत्।" तीसरा अर्थ (अप्रसूताङ्गना) मुग्धा, प्रौढ़ा, वृद्धा सबका वाचक हो सकता है, बशर्ते कि सन्तान न हुई हो; साथ ही यह अमङ्गलव्यञ्जक भी होगा; क्योंकि कवि का अभीष्ट 'अपुत्रप्रसवा' या प्रौढ़ादि नहीं। यहाँ 'परिमितकथाम्' के होने से चौथे अर्थ (मधुरभाषिणी) से भी कवि का आशय नहीं हो सकता। मल्लिनाथ का अर्थ तो कवि की कल्पना से एकदम विरुद्ध है। एक तरफ कवि उसे "बाला' कह रहा है, दूसरी ओर महान् टीकाकार की सहृदयता उसे आधी जवानी के पार बैठाये दे रही है। तन्वी में उद्धृत षड्वर्जिताओं में 'अति गौरी' और 'अतिकाली' आ जाती हैं। अत: इसमें तनिक भी अनौचित्य नहीं, यदि कालिदास की कल्पना में कुवलय के दलों की तरह अथवा प्रियङ्गु की मञ्जरी या कलिका की तरह साँवली कामिनी का निवास हो। सीता, द्रौपदी, आदि श्यामा एवं कृष्णा वर्णित थी हीं। दक्षिणावर्तनाथ ने लिखा है—"श्यामा श्यामवर्णा हरितवर्णेत्यर्थ:।" पूर्णसरस्वती बड़ा ही मनोरम विवेचन करते हैं। प्रमाणस्वरूप "श्यामास्त्रङ्गम्" की मेघदूत की उक्ति स्वयं प्रस्तुत है। प्रियङ्गुलता, उसकी मञ्जरी और उसकी कलिकायें सभी तो श्यामल होती हैं। "श्यामा कुवलयदलश्यामवर्णा। ××× श्यामा यौवनमध्यस्थेत्यर्थोऽत्र न वक्तव्य:, वर्णस्य अवश्यवक्तव्यत्वात्। 'बाला' इति चानन्तरमेवावस्थाया वक्ष्यमाणत्वात्।।" कालिदास जैसे मानवतावादी महाकवि की दृष्टि यदि श्यामा के सौन्दर्य की प्रशस्ति करती है, तो सर्वथा उचित ही है। वैद्यक-शास्त्र के अनुसार भी यक्षाङ्गना का श्लेष्मप्रकृतिक तथा श्यामा होना सर्वथा समीचनी है।

"श्यामा कफप्रकृतिका बडवा मृगी वा गन्धर्वयक्षसुरकिन्नरसात्त्विका या।
बालाऽथवाऽभिनवयौवनभूषिताङ्गी सा भामिनी भवमुदां परमं रहस्यम्।।"

जिस श्लेष्मप्रकृति युवतिजन की आयुर्वेद में प्रशसा है, उसका स्वरूप भी श्यामा माना गया है।

"स्निग्धनखदशननयना निरनुशया मानिनी स्थिरस्नेहा।
सुस्पर्शशिशिरमांसलवराङ्गविवराऽङ्गना श्यामा।।"

'श्यामा' में हम रतिरहस्य के 'कुवलयदलकान्ति:' (कुवलयदलकान्ति: काऽपि चाम्पेयगौरी...) का रहस्य प्राप्त करते हैं, जिसका उल्लेख नन्दिकेश्वर ने 'पद्मिनी' के लक्षण में किया है (दृष्टव्य—'चकितहरिणी प्रेक्षणा' पर टिप्पणी)।

1511 **श्यामासु** (उ० 43.1.1.10) श्यामा+सुप्, संज्ञा, सप्तमी, बहुवचन; अत: परं चतुर्भि: श्लोकै: विरहिणां कामतंत्रोक्तानि विरहिणीसदृशावलोकनचित्रकर्मस्वप्नसमागमतदङ्गस्पृष्टस्पर्शनानि चत्वारि विनोदनानि उक्तानीत्यनुसन्धेयम्। यथा गुणपताकायाम्—

वियोगे चायोगे प्रियजनसदृक्षानुगमनं; ततश्चित्रालोकं स्वपनसमये दर्शनमपि।

तदङ्गस्पृष्टानामुपगतवतां स्पर्शनमिति; प्रतीकार; कामन्यवितमनसां कोऽपि गदित:।। इति।

तेषु प्रियासदृशावलोकनमाह—श्यामास्विति। श्यामासु प्रियङ्गुलतासु: (प्रदीप:); प्रियङ्गुलतासु; श्यामत्वतनुताभ्यां अङ्गसादृश्यम् (चरित्र); प्रियङ्गुफलिनीश्यामा' इत्यभिधानचिन्तामणि: (चरित्र०); प्रियङ्गुलतासु 'श्यामा तु महिलाह्वया। लता गोवन्दनी गुन्द्रा प्रियङ्गु: फलिनी फली।' इत्यमर: (संजी०); श्यामलतासु (पंचिका); श्यामलतासु, प्रियंगुष्वित्यन्ये (सुबोधा); यहाँ श्यामा से तुलना यक्षपत्नी के छरहरे शरीर, कोमलता और ललित तथा श्याम रूप को द्योतित करती है। कभी-कभी प्रेमी (=नायक) को भी श्यामाङ्ग कहा जाता है। देखो—मालतीमाधव 3.9; रघु० 6.65; माल० 2.6; (सुधीर०)। यहाँ केवल पतलेपन का ख्याल करके ही श्यामा लता (प्रियङ्गु) में यक्ष-पत्नी के शरीर की समानता बतलाई है; अन्यथा रंग में वह गौर (गोरी) थी, श्यामा लता की तरह काली नहीं। विपरीत तुलना के लिए देखिये—ऋतु० IV-10—'प्रिये प्रियङ्गु: प्रियविप्रयुक्ता विपाण्डुतां याति विलासिनीव।' कभी-कभी प्रेमी को भी 'श्यामाङ्ग' कहा जाता है। देखिये—मा०मा० III.9—'प्रियङ्गुलतासुपाण्डिम्ना तनिम्ना कण्टकितत्वेन च योगात् (अभिनवगुप्त)। अभिनवगुप्त ने इसमें पाण्डिमा, तनिमा और कण्टकितता की अभिव्यक्ति प्राप्त की है। जैसी विरह-पाण्डुता यक्षप्रिया में है, वैसी ही कभी-कभी जेठ की धूप से कुम्हलायी प्रियङ्गुलता में भी हल्की पीतिमा दिखायी दे जाती है। क्षीणता भी उभयत्र एक-सी कभी-कभी दिखती है। और यक्षाङ्गना यदि रोमाञ्च पूर्ण है, तो प्रियङ्गुलता भी कण्टकाञ्चिता है। पूर्णसरस्वती के शब्दों में—"अनेन देशकालदशाविशेषवशात् तासां वैविध्येनाप्रयत्नतोऽन्विष्य कस्याञ्चिद् वर्णकान्तिम्, अन्यस्यां कोमलत्वम्, अपरस्यां तनुत्वमित्यादि द्योत्यते।"

1512 **श्रद्दधाना:** (पू० 58.4.18.67) श्रत्+धा+शानच्+जस्; विशेषण; प्रथमा, बहुवचन; श्रद्धावन्त: प्राणिन: (चरित्र०); विश्वसन्त: पुरुषा:; श्रद्धाविश्वास:; आस्तिक्यबुद्धिरिति यावत्; 'श्रदन्तरोरुपसर्गवत् वृत्तिर्वक्तव्यमिति श्रत्पूर्वात् दधाते: शानच्' (संजी०); आस्तिक्यार्द्रीकृतचेतस:। 'तथेति प्रत्यय: श्रद्धा' इति हलायुध:। श्रद्धापूर्विकाया एव प्रवृत्ते: सर्वत्र साफल्यमिति भाव:; 'हतमश्रद्धयेतरत्' इति स्मृते: (विद्युल्लता); श्रद्धावन्तो जना: (सुबोधा); श्रत्+√धा (धारण करना) शानच्+पु० प्रथमा बहुव०। सत्य भाव को धारण करते हुए। श्रद्धा और सत्य का अटूट सम्बन्ध है।

1513 **श्रवणपरुषै:** (पू० 64.4.17.57) श्रवण+ङि परुष+भिस्; विशेषण; तत्पुरुष; तृतीया, बहुवचन; कर्णकर्कशै: (चरित्र०); श्रवणकटुभि: (संजी०); श्रुतिकटुभि: कर्णभेदिभिर्वा (सुबोधा०); श्रवण कान।

1514 **श्रवणविषयम्** (उ० 42.3.16.32) श्रवण+ङस+विषय+अम्; तत्पुरुष, संज्ञा, द्वितीया एकवचन; श्रवणदेशम्; अन्योन्यवार्त्ताश्रवणदेशमित्यर्थ: (प्रदीप:); अन्यान्यवार्ताश्रवणदेशम् (चरित्र०); कर्णपथम् (संजी०); कर्णगोचरम्, (सुबोधा) (अतिक्रान्त:); श्रवण विषय-कान का विषय। अत: न मेरे वचन सुने जा सकते हैं, न मेरा समाचार मिलता है। श्री कर्मार्कर इस पद को अनावश्यक समझते हैं। उनका मत मानना सम्भव नहीं। विषय शब्द का अर्थ साधारणत: ज्ञानेन्द्रियों के पदार्थ—रूपरसगन्धस्पर्शादि—है, किन्तु यहाँ विषय से अभिप्राय—इन्द्रियों की पहुँच से है। यक्ष विरह-काल में रामगिर्याश्रमों में रहता था और उसकी पत्नी अलका में। इस तरह उन दोनों का एक दूसरे की कर्णेन्द्रिय तथा चक्षुरिन्द्रिय की पहुँच से दूर होना स्वाभाविक ही था।

1515 **श्रवणसुभगम्** (पू० 11.2.11.23) श्रवण+ङे+सुभग+अम्; तत्पुरुष; विशेषण, द्वितीया एकवचन; राजहंसानां

श्रवणसुभगमित्यर्थ:, परुषं मेघगर्जितं इति प्रसिद्धम्। वक्ष्यति च 'यस्यास्तोये कृतवसतय इत्यादिकं, तस्मात् कथं हंसानां श्रवणसुभगामियुक्तं, सत्यम्। इदम् परिगृहीततटाकादिपरित्यागात् किंचित् परुषम्। स्तेषां निवासस्थानभूतस्य मानसतटाकस्य गमनहेतुत्वात् अतीव प्रियं च। उक्तं च 'क्वचित्खगानां प्रियमानसानां' इति। ननु च हंसा प्रियमानसाश्चेत् कुतो हेतोस्तद् विहाय देशान्तरे परिभ्रमन्ति। उच्यते 'हिमालये एकदेशस्थं मानसं हिमदूषितसलिलादिकत्वात् अनुपभोग्यं भवति। ततस्तेषां देशान्तरगमनं भवति। वर्षसमये तु वर्षजलविरलितहिमत्वात् तस्य हंसनिवाससयोग्यत्वमस्ति। नित्यप्रसन्नत्वात् देशान्तरतटाकादिवत् कालुष्यं न भवतीत्युदीच्या उपदिशन्तीति अनुसन्धेयम् (प्रदीप); श्रोत्रसुखम् (चरित्र०); श्रोत्रसुखम्। लोकस्येति शेष: (संजी०); निदाघदाहकदर्थितानां जनानामपेक्षायां सन्निकृष्टवृष्टिसुखसूचकतयोदीर्णत्वात् कर्णामृतायमानम् (विद्युल्लता); कर्णसुखदायि मधुरम् (सुबोधा); देखिये—ऋतु०सं० II.3 'बलाहका: श्रोत्रमनोहरस्वना:।'

1516 **श्राम्यताम् (उ० 38.3.16.37)** श्रम्+णिच्+शतृ+आम्; विशेषण, षष्ठी, बहुवचन; शांतिमापन्नानाम् (संजी०); खेदं भजताम् (पंचिका); खिद्यमानानां, पथि: श्राम्यतां विश्रामकुर्वताम् उपसर्ग विनायि श्रमे विश्रामार्थतेत्याहु: (सुबोधा); मार्ग में पत्नीवियोग के कारण सन्तप्त होते हुए, खिन्न होते हुए, थकते हुए। "स्थपुटगिरिकटकसरिद्वटतरुविटपादिसङ्कटे मार्गे सीदताम्। अनेन तादृशक्लेशशतनिरूपणेनैव तेषामविश्रमं प्रवृत्तिर्व्यज्यते" (विद्युल्लता); त्वरायामसमर्थानामपि (वक्रोक्तिजीवित)।

1517 **श्री: (उ० 2.2.9.29)** श्री+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; लक्ष्मी: (चरित्र०); शोभा (संजी०); लक्ष्मी: (पंचिका); मुखशोभा (सुबोधा);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग नौ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु में छह बार (3.36; 5.38; 6.29; 12.2; 17.46; 18.8), कुमार० (7.78) तथा विक्रम० (1.12) में एक-एक बार हुआ है।

1518 **श्रीविशालाम् (पू० 31.2.7.31)** श्री+टा+विशाला+अम्; विशेषण, तत्पुरुष; द्वितीया, एकवचन; श्रिया लक्ष्म्या विशालां पृथुलां परिपूर्णा (चरित्र०); सम्पत्तिमतीम्; 'शोभासम्पत्तिपद्माषु लक्ष्मी श्रीरिव दृष्यते' इति शाश्वत् (संजी०); विशालेति उज्जयिन्या: संज्ञान्तरम्। 'विशालोज्जयिनी समे' इत्यमर:। तस्या: भुक्तिमुक्तिक्षेत्रत्वात्पूजायां श्री शब्दप्रयोग:। अथवा श्रिया धनधान्यादिलक्षणया लक्ष्म्या विस्तृताम् (विद्युल्लता); श्रिया सम्पत्या शोभया वा विशालामतिशयिताम् (सुबोधा); श्रीविशालामित्यत्र श्रीर्विशाला महती यत्रेति विगृह्णन्ति अन्ये। किन्त्वत्र बहुव्रीहौ विशेषणस्य परनिपातो यत्नसाध्य: (सुबोधा)।

1519 **श्रुत्वा (पू० 11.2.9.17)** श्रु+क्त्वा; अव्यय; निशम्य (चरित्र);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सत्रह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—रघु० (87), शाकु० (3), विक्रम० (2), मालवि० (2), कुमार० (1), ऋतु० (1)।

1520 **श्रेणीभूता: (पू० 22.2.4.17)** श्रेणि+च्वि+भू+क्त+जस्; तत्पुरुष; विशेषण, प्रथमा, बहुवचन; कृतपंक्ती: (चरित्र०); बद्धपंक्ती:, अभूततद्भावे च्वि (संजी०); पंक्तिभूत: (सुबोधा)।

1521 **श्रोणीभारात् (उ० 21.3.9.33)** श्रोणी+ओस्+भार+ङसि; तत्पुरुष, संज्ञा, पंचमी, एकवचन; न तु जघनदोषात् (संजी०); नितम्बभारात् (पंचिका); श्रोणी एव नितम्ब एव भारस्तस्मात्; श्रोणी भारादिति गुरुत्वात् रूपकं; 'श्रोणीभारभरादिव, मन्दगमनेत्युत्प्रेक्षेयम् (सुबोधा)।

श्रोण्या: भार:, तस्मात्। अभिप्राय यह है कि मन्दगति के कारण उसके नितम्बों का भार था, जन्य कोई शरीरिक दोष नहीं। इस प्रकार का भाव काव्यों में अनेक बार आया है। देखो—शाकु० 2.2; अमरु

शतक 34 आदि। कुमार०-I में भी इसी प्रकार का वर्णन है—'न दुर्वहश्रोणिपयोधरार्ता भिन्दन्ति मन्दां गतिमश्वमुख्य:।'

1522 **श्रोत्रपेयम् (पू० 13.2.11.33)** श्रोत्र+भ्याम्+पा+यत्+अम्; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; श्रोत्राभ्यां पेयं पानार्हम्; अतितृष्णया श्रोतव्यमित्यर्थ:, पेयग्रहणात् सन्देशस्य अमृतसाम्यं गम्यते (संजी०); श्रोतव्यशब्दसन्दर्भम् अतिकरुणार्थपरिपोषितविप्रलम्भरससुधानिर्भरगर्भत्वात्। श्रृणोते: 'ओरावश्यके' इति ण्यत् प्रत्यय: (विद्युल्लता); श्रोत्राभ्यां पेयं सादरमाकर्णनीयम् (सुबोधा); श्रोत्रपेयमिति सुखवाच्यत्वसूचनम्। अर्हार्थे य: श्रवणयोग्यं शब्दस्वरूपमित्यर्थ:। एतेन दुर्वहचिन्ता निरसता (सुबोधा); श्रोत्राभ्यां पेय:, तम्। जो बात कानों को परम प्रिय लगती है, उसे श्रोत्रपेय कहते हैं। श्राव्यबन्ध—सुनने योग्य रचना वाला। पार्श्वाभ्युदय का यह पाठ ठीक नहीं; क्योंकि यक्ष के मन की अवस्था रचना के सौन्दर्य को समझने के उपयुक्त नहीं है। इसका पाठान्तर 'श्रव्यबन्धम्' है, जिसका अर्थ 'जिस (सन्देश) का शब्द विन्यास (कानों को) तृप्त करने वाला है।' इस पाठार्थ का 'श्रोत्रपेयम्' वाले पाठार्थ से विशेष भेद नहीं है।

1523 **श्रोष्यति (उ० 39.3.14.38)** श्रृ+लृट्; प्रथम पुरुष, एकवचन; तिङन्त; आकर्णयिष्यति (पंचिका); त्वदुच्यमानवार्तामित्यर्थात् (सुबोधा)।

1524 **श्रोष्यसि (पू० 13.2.10.30)** श्रु+(भ्वा० प०) लृट् मध्यमपुरुष, एकवचन आकर्णयिष्यसि। सुनोगे।

1525 **श्लाघनीयाम् (पू० 37.8.16.32)** श्लाघनीय+टाप्+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; स्तवनीयम् (चरित्र०); प्रशस्याम् (संजी०), सज्जनप्रशंसायोग्याम् (विद्युल्लता); प्रशंस्याम् (सुबोधा)।

ष

1526 **षट्पदज्यम् (उ० 12.2.13.22)** षट्पद+जस्+ज्या+अम्; बहुव्रीहि; विशेषण; द्वितीया; एकवचन; षट्पद: भ्रमरा: एव ज्या यस्य तम् (चरित्र०); षट्पदा एव ज्या मौर्वी यस्य तम् (संजी०); षट्पद: मौर्वीकम् (पंचिका); भृङ्गगुणं पौष्यमित्यर्थ:, तेनैव पूर्वकृतापराधत्वात् (सुबोधा); षट् पदानि अस्य असौ षट्पद:। भौंरा। त एव ज्या यस्य तम्। काव्यों में कामदेव की धनुष की डोरी को भौंरों से बनी हुई बताया गया है। त्वामपि प्रेक्ष्य काम:—पा०भे० तुम्हें देखकर भी कामदेव अपना धनुष धारण नहीं करता है। इससे मेघ की अवमानना है। यक्ष यह कभी नहीं कर सकता। उसे मेघ से काम लेना है। अत: यह पाठ उपयुक्त नहीं। देखिये—कुमार० IV. 15—'अलिपंक्तिरनेकशस्त्वया गुणकृत्ये धनुषो नियोजिता। विरुतै: करुणस्वनैरियं गुरुशोकामनुरोदितीव माम्।।' भ्रमरों को षट्पद इसलिए कहते हैं कि वे छ: पैरों वाले होते हैं। 'षट् पदानि येषान्ते षट्पदा:। त एव ज्या यस्य तत्।' कामदेव का धनुष पौष्प है और उसकी प्रत्यञ्चा भ्रमरनिर्मिता है। इसके पाँच फूलों के बाण भी हैं—"अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका। नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायका:।" किसी के पास ऐसा धनुष हो, जिसमें कोई शब्द न हो तो वह उसे छिपाये भी रख सकता है। परन्तु यहाँ तो सबसे बड़ी आपत्ति है झङ्कारमय गुञ्जार करते हुए भ्रमरों का धनुष। इसी से भय भी अमित है। इस वस्तुध्वनि को पूर्णसरस्वती के शब्दों में देखें—"षट्पदज्यम् मधुकरमालामौर्वीकम्। अनेन झङ्कारमुखरभृङ्गावलिकोलाहलशङ्का-कुलितत्वादिति व्यञ्जते।" इसके स्थान पर दक्षिणावर्तनाथ ने 'त्वामपि प्रेक्ष्य काम:' पाठ सही माना है। उनका कहना है—'त्वामपि प्रेक्ष्येत्यनेन मेघ-सम्बन्ध उक्त:। मन्मथ: षट्पदज्यमिति पाठे पूर्वश्लोकेष्विव मेघसम्बन्धो न स्यात्।" इसके विरुद्ध इतना ही कहना है कि पूर्वश्लोक की तरह का यह भी एक श्लोक है। अत: 'त्वाम्' की कोई अपेक्षा नहीं है।

स

1527 स: (पञ्चवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 2.1.5.21; 4.3.8.31; 30.4.17.59; 42.3.16.24; उ० 42.3.14.24);** यक्ष: (चरित्र०, संजी०); 4.3.8.31 यक्ष:। यश्चिरं दध्यौ स इत्यर्थ: (संजी००); यक्ष: (चरित्र 42); विधि: (संजी० 30); भानु: (संजी० 42); तव प्रिय: (पंचिका); यक्ष: (विद्युल्लता 4); यक्ष: (सुबोधा 4); भानु: (विद्युल्लता 42); स विधिर्वृष्टिलक्षण: (सुबोधा 30); भानु: (सुबोधा 42) उस

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार सौ एकतालीस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—रघु० (327), कुमार० (48), शाकु० (29), मालवि० (11), विक्रम० (10), ऋतु० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश:'।

1528 संकल्पै: (उ० 41.4.14.56) सङ्कल्प+भिस्; संज्ञा, तृतीया, बहुवचन; संकल्पैमनसिकर्मीभूतैस्तनुत्वता-पादिविशिष्टै: शरीरावस्थान्तरै: (प्रदीप:); मनोव्यापारै: (चरित्र०); मनोरथै: (संजी०); उत्कण्ठावशात् (पंचिका 41); संकल्पैमानसिकर्मभिर्भावनाभि; मानसिक विचार, कल्पनायें, मनोरथ। इसके सम्भवत: दो अर्थ हो सकते हैं—1. विशेष मनोरथ, जिनका यक्ष ने सहवास-काल में अनुभव कर रखा था और वे मनोरथ, जो अब उसके हृदय में विरह के कारण उथलपुथल मचाते हैं। 'तत्' सर्वनाम यहाँ पूर्वानुभव के अर्थ में है। 2, वे मनोरथ, जो सामान्यत: विरहकाल में प्रेमियों के हृदय में स्वभावत: जागृत हुआ ही करते हैं। एक टीकाकार के अनुसार—'चुम्बन-दर्शन-स्पर्शनादि व्यापार' हैं।

1529 संक्रीडन्ते (उ० 6.4.11.44) सम्+क्रीड्+लट्; प्रथम पुरुष, बहुवचन; दीव्यन्ति; क्रीडोऽनुसम्परिभ्यश्च इति तन् (चरित्र०); गुप्तमणिसंज्ञया दैशिकक्रीडया सम्यक्क्रीडन्तीत्यर्थ:; 'क्रीडोऽनुसम्परिभ्यश्च, इति आत्मनेपदम्, 'रत्नादिभिर्वालकादौ गुप्तैर्द्रष्टव्यकर्मभि:। कुमारीभि: कृता क्रीडा नाम्ना गुप्तमणि: स्मृता।। रासक्रीडागूढमणिर्गुप्त-केलिस्तुलायनम्। पिच्छकन्दुकदण्डाद्यै: स्मृता: दैशिककेलय:।।' इति शब्दार्णवे (संजी०)

1530 संयुगे (उ० 14.3.31.40) संयुग+ङि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; युद्धे (संजी०)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में एक बार (2.57) हुआ है।

1531 संयोगम् (पू० 12.3.17.30) संयोग+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; सम्बन्धम् (चरित्र०); सम्पर्कम् (संजी०;) सम्पर्कम् (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० में एक बार (5.18) हुआ है।

1532 संरम्भोत्पतनरभसा: (पू० 57.1.2.10) संरम्भ+टा+उत्पतन+ङी+रभस+जस्; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, बहुवचन; संरम्भ: कोप:। कोपोत्पतनवेगिन इत्यर्थ (प्रदीप); संरम्भेण क्रोधेन उत्पतनरभसोर्ध्वगमना: वेगिन: सन्त: (चरित्र०); संरम्भ: कोप:; 'संरम्भ: संभ्रमे कोपे' इति शब्दार्णव:; तेन उत्पतने उत्प्लवने रभसो वेगो येषाम् ते तथोक्ता:; 'रभसो वेगहर्षयोरित्यमर: (संजी०); शिखरितुङ्गस्य भवतो लङ्घनोद्योगे प्रथममशक्यतया भग्ने, पुन: सरोषनिर्बन्धं यलङ्घनार्थमुत्प्लवनम्, तत् संरम्भेणोत्पतनं तस्मिन्, स्वनाशमप्यनवेक्षमाण: क्रममुल्लङ्घयन् य: सत्वरो व्यापार:, स रभसो येषाम्। 'आवेश एव विषये प्रतिघातिनि रोषवान्। अनुबन्धी च भूयोऽपिसंरम्भत्वं प्रपद्यते।। इति 'सर्वात्ययानवेक्षी तु त्वरायाम् लङ्घितक्रम:। अशक्य: सोढुमन्यैश्च व्यापारो रभस: स्मृत:।। इति च दिवाकर: (विद्युल्लता); **असहना:**—सोढुमसमर्था: सन्त: (सुबोधा); संरम्भेण उत्पतने रभस: येषां ते।

सरंम्भ-क्रोध। देखो—प्रणिपातप्रतीकारः संरम्भो हि महात्मनाम् (रघु० 4.64); रभस-वेग-क्रोध। यह पद अकारान्त है।

1533 **संलक्ष्यन्ते (पू० 34.4.15.39)** सम्+लक्ष्+लट्, प्रथम पुरुष, बहुवचन, कर्मवाच्यः अनुमीयन्ते (संजी०)।

1534 **संश्रयाय (पू० 17.3.13.67)**संश्रय+ङे; संज्ञा, चतुर्थी, एकवचन; निवासाय (प्रदीप); संश्रयणाय (संजी०); स्वगृहनिवासार्थम् (विद्युल्लता); स्थिताय (सुबोधा); संश्रयायेति तादर्थ्ये, चतुर्थी तुमर्थे वा, आश्रयं आश्रयं कर्त्तुमित्यर्थः। (सुबोधा)

1535 **संसक्ताभिः (पू० 59.2.6.8)** सम्+पच्+क्त+टाप्+भिस्; विशेषण, तृतीया, बहुवचन; भक्तिमतीभिः (प्रदीप); भक्तियुक्ताभिः (चरित्र०); संयुक्ताभिर्वशवाद्यानुसक्ताभिर्वा (संजी०); **संरक्ताभिः** तद्दर्शनात् सम्यगनुरक्ताभिर्मधुरस्वाभिर्वा। रक्तोऽनुरक्ते नील्यादि रञ्जिते मधुरस्वरे' इति सर्वः (सुबोधा०); इसका मल्लिनाथ ने पाठान्तर संसक्ताभिः दिया है और उसका अर्थ 'सम्मिलित हुई अथवा वंश-वाद्यों के बजाने में लगी हुई' किया है। वास्तव में मीठी-मीठी बाँसुरी (वंश) तो वायु ही बजा रहा था, किन्नरियाँ नहीं। मीठी बाँसुरी के साथ गाथ गान भी मीठा ही होना चाहिए और वह किन्नरियाँ कर रही हैं। इसलिए 'संरक्ताभिः' (=प्रेमभरी अर्थात् मीठे कण्ठ वाली) वाला पाठ ही ठीक है। सम्+सञ्ज् (लगना)+क्तः स्त्री० आ+तृतीया बहुवचन 'मिलकर' अथवा 'वाद्य सामग्री से युक्त'। पहला अर्थ ही अच्छा है। ईश्वर के गुणगान मिलकर ही किए जाते हैं। इन्हें ही कीर्तन कहते हैं। इसका अर्थ 'भावमग्न' भी किया जा सकता है। कीर्तन आदि भक्तिभाव में विभोर होकर ही किये जाते हैं। प्रकरण में दोनों भाव लेने अच्छे रहेंगे। मल्लिनाथ ने 'संरक्ताभिः' पाठ भी दिया है। इसका अर्थ सुन्दर, मनोहर स्वर में, अथवा, भक्तिभाव से युक्त किया जा सकता है। परन्तु यह पाठ बहुत अच्छा नहीं। इसमें सम्मिलित कीर्तन का भाव नहीं आता।

1536 **संसर्पन्त्या (पू० 54.3.13.31)** सम्+सृप्+शतृ+ङीप्+टा; विशेषण, तृतीया, एकवचन; अवगाहमानया सपदि संसर्पन्त्या इत्यवः (प्रदीप); अवगाहमानया (चरित्र०); संक्रामन्त्या (संजी०); सम्यक् व्याप्नुवत्या (विद्युल्लता); सञ्चरन्त्या (सुबोधा)।

1537 **संसर्पन्त्याः (पू० 29.2.2.39)** संसर्पन्ती+ङस्; विशेषण, षष्ठी एकवचन; अनेन विलासगमनमपि ध्वन्यते (प्रदीप); गच्छन्त्याः (चरित्र); प्रवहन्त्याः गच्छन्त्याश्च (संजी०); वहन्त्या अथचाभिसाराय सञ्चरन्त्याः (सुबोधा); सम्+√सृप्++शतृ+स्त्री० ई+षष्ठी, एकवचन।

1538 **सकलम् (उ० 13.4.17.54)** सकल+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; सर्वम् (संजी०); चतुर्विधमपि इत्यर्थः। 'कचधार्य देहधार्य परिधेयं विलेपनम्। चतुर्धा भूषणं प्राहुः स्त्रीणामन्यच्चदेशिकम्।। इति **रसाकरे** (संजी०)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग विक्रम० में एक बार (4.16) हुआ है।

1539 **सखीनाम् (उ० 42.1.7.12)** समक्षं साक्षाद् (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में दो बार (1.29; 5.15) तथा रघु० में एक बार (7.69) हुआ है।

1540 **सखीम्** (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(उ० 27.2.11.32; 52.1.4.26)** सखी+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; मद्वल्लभाम् (चरित्र०); स्वप्रियाम् (संजी०); मत्प्रियां; केचित्तु प्रीतिप्रतिपादनम्, अतो द्रक्ष्यसि भ्रातृजायामित्यनेन न विरोध इति बोध्यम्; (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में तीन बार (63.5; 183.4; 403.6) तथा कुमार० में दो बार (5.61; 6.1) हुआ है।

1541 **सखे** (चतुर्वारं प्रयुक्तम्) (**पू० 23.1.4.6; 44.3.14.36; 64.3.12.46; उ० 16.3.11.33**) सखि+सु; संज्ञा, सम्बोधन, एकवचन; भो मेघ (चरित्र 23); मित्र (चरित्र 16); हे मेघ (संजी० 23); मित्र (संजी० 64); निर्व्याजप्रेमास्पद (विद्युल्लता 23); हे मित्र (सुबोधा 23); सखे इति सम्बोधनावश्यककर्त्तव्यताद्योतनार्थम्। ननु भ्रातृजायामिति प्रागुक्तम्, न च भ्राता सखे इति सम्बोध्यते। उच्यते कल्पितसम्बन्धात् प्रियोक्तिमात्रमेतदिति, विह्वलत्वादिति न दोषः (सुबोधा 23); सखे इति, प्रियवयस्येन त्वया न विस्मर्त्तव्या मद्दशेति द्योतयति (विद्युल्लता 44); हे मित्र, सखे इति प्रार्थनायाम् प्रियवाक्यम् (सुबोधा 44); हे मित्र (सुबोधा 64); हे मित्र (सुबोधा 16)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चौवन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—शाकु० (18), विक्रम० (15), मालवि० (15), रघु० (1), कुमार० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1542 **सख्याः** (द्विवारं प्रयुक्तम्) (उ० 17.3.11.24; 32.1.2.2;) सखी+ङस; संज्ञा, षष्ठी, एकवचन; वल्लभायाः (चरित्र 17); मत्प्रियायाः (चरित्र 33); मद्गेहिन्याः (पंचिका 17); वयस्यायाः (पंचिका 33); सख्या इति प्रेमपात्रोपलक्षणम् (सुबोधा); मत्कान्तायाः (सुबोधा 33); सख्याः (तव)—तुम्हारी सखी (=सहेली) अर्थात् भाभी। मित्र को पत्नी को मित्र की मित्रता के नाते 'सखी' भी कहा जाता है। इस परिपाटी के आधार पर पू०मे० 9 में 'भ्रातृजाया' पद को देखकर कुछ विद्वान् उसे प्रक्षिप्त समझते हैं। परन्तु वहाँ यक्ष मेघ को अपना छोटा भाई बनाकर उसके प्रति परम आत्मीयता प्रकट कर रहा है। तब ही तो उसका प्रयोजन सिद्ध हो सकेगा। स्वभाव से पवित्र आचरणवाली होने के नाते मेरी प्रियतमा तुम्हारी सखी होने योग्य है। यक्ष कहता है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह ऐसी-वैसी स्त्री नहीं है, जो अपनी धोखेबाजी से मुझे प्रवञ्चित करके स्नेहभाजन बन गई हो। वह तो वाल्मीकि के शब्दों मे "अनन्या" है (अनन्या राघवेणाहं भास्करेण प्रभा यथा) उसका हृदय मेरे प्रति सम्भृतस्नेह है। कालिदास का यह एक प्रिय पदोच्चय है। उदाहरणार्थ देखें—"एकः सख्यास्तव सह मया वामपादाभिलाषी।" मेघ आपत्तिमित्र होने के कारण उत्तमकोटि का सखा है। अतः यक्ष उसका सखा हुआ। उसकी पत्नी भी मेघ की इसी सम्बन्ध से सखी ही होगी। ऐसे व्यवहार पुरातन हैं। महाभारत में—तव कृष्ण प्रिया सखी।' विष्णुपुराण में भी—"इत्युक्तो वै निववृते देवराजः तथा द्विज। प्राह चैनामलञ्चण्डि! सखि! खेदातिविस्तरैः।।" एक और भी पदोपादान सौन्दर्य यहाँ उपलब्ध होता है और वह है 'सखी' का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ। "समानाख्याते जनैः। 'समाने ख्यः स चोदात्तः' (उणादि० 4.137) इतीण् डित् समानस्य स च। ' सख्यशिश्वीति भाषायाम्' (4.1.62) इति ङीष्।" वह मेरे प्रति सम्भृतस्नेह है और तुम भी; वह है नयनसलिलोत्पीडरुद्धावकाशा और तुम भी हो सलिलोत्पीडसम्भृत; वह भी नयनसलिलमोचिनी है और तुम भी नवजलमयास्रमोची होने वाले हो। अतः 'तव सख्याः' सार्थक है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग नौ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में तीन बार (427.1; 429.4; 440.1), मालवि० में तीन बार (130.5; 152.3; 160.12) तथा विक्रम० में एक बार (106.12) हुआ है।

1543 **सगन्धः** (**पू० 10.2.16.20**) सह+गन्ध+टा, तत्पुरुष, विशेषण, प्रथमा एकवचन; सगन्धः 'सगन्धो बन्धुरिष्यते' इति हलायुधः। 'पितृपैतामहानमात्यान्कुर्वीत, दृष्टापदानत्वात्। ते हि एनं अपचरन्तमपि न त्यजन्ति। सगन्धत्वात् (अधिकरण 1, अध्याय, 8, प्रकरण 4) इति कौटिल्येन बन्धुविषये सगन्धः शब्दः प्रयुक्तः (प्रदीप); सगर्वः

साभिमान: (चरित्र०); सगर्व:; सम्बन्धीति केचित्; गन्धो गन्धक आमोदे लेशेसम्बन्धगर्वयो: इति उभयत्रापि विश्व: (संजी०); अत्रापि यथाशब्दोऽनुपज्यते। तव प्राणभूत: समीरणो यथा त्वां चोदयति, त्वच्छरणजीवनैक-शरणस्त्वदन्यवदान्यविमुखश्चातकश्च यथा प्रशस्तभागस्थित: 'गम्यतामर्थलाभाय क्षेमाय विजयाय च' इतिवत् श्रवणसुभगमाभाषते। तथा शब्दोऽध्याहर्त्तव्य:, गम्यत्वान्नोपात्त:। तेन प्रकारणे लिङ्गेन उन्नीयते; यथोक्तं हर्षचरिते—

"निधिस्तरुविकारेण सन्मणि: स्फुरता धाम्ना।
शुभागमो निमित्तेन स्पष्टमाख्यायते लोके।।"

तथा शाकुन्तले—'हला सउन्दले एदाए अब्भुवपत्तिए सूइदा दे भत्तुणो गेहे अणुहोदवा राअकच्छी" इति (विद्युल्लता); सगर्व: गर्भस्थजलसम्वर्धनीयत्वात् सदर्पो हृष्ट: सन् (सुवोधा), प्राप्ताभीष्टजलकत्वात् सगर्व:। तदाह कोहल:—

'गर्वो वामकुलैश्वर्यरूपविद्यावलादिभि:।
इष्टार्थ विषयोत्पत्तेर्जायते नीचगोचर:।। इति।

सगर्ध इति क्वचित् पाठ:, तत्र गृधुं अभिकांक्षयां यत्र, गर्धस्तृष्णा तत्संहित:' किन्त्वेवं शाकुनविरोधो दुष्परिहार: (सुवोधा)।

गर्वयुक्त, मस्त। क्योंकि उसे जल मिलने की आशा हो गई है। यही अर्थ उपयुक्त है। इसकी पुष्टि सहर्ष: आदि पाठभेदों से भी होती है। मल्लिनाथ द्वारा अन्यों का दिया 'सम्वन्धी' अर्थ भी काम दे सकता है; क्योंकि वादलों और चातकों का सम्वन्ध कविसमय में ख्यात है। चोली-दामन का साथी (सा०)। श्री कर्माकर के मत में 'तोयगृध्नु:' पाठ ही कठिन होने से मूलपाठ हो सकता है। परन्तु यह युक्ति ठीक नहीं। कालिदास कठिनता लाने में विश्वास नहीं करते हैं। इसका दूसरा अर्थ 'सम्वन्धी' भी है, जो इस स्थल में भी ठीक वैठता है, क्योंकि कविता की दृष्टि से 'वादल' और 'चातक' का परस्पर वड़ा सम्वन्ध है। देखिये—अभि०शाकु० V 'सर्व सगन्धेषु विश्वसिति'।

1544 सगरतनयस्वर्गसोपानपंक्तिम् (पू० 53.2.7.26) सगर+ङस्+तनय+आम्+स्वर्ग+ङस्+सोपान+आम्+पंक्ति+अम्; तत्पुरुष; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; सगरनाम्नो भूपस्य तनयानां पुत्राणां स्वर्गसोपानपंक्तिं स्वर्गारोहणनिश्श्रेणीं (चरित्र०); सगरतनया नाम स्वर्गसोपानपंक्तिम्, स्वर्गप्राप्तिसाधनभूतामित्यर्थ: (संजी०); सगरपुत्राणां षष्टिसहस्रस्य कपिलमुनिकोपजातवेदसि शलभीभूतानामलब्धपुण्यगतीनां स्वर्गारोहणस्य सोपानपरम्परा-भूताम्; तज्जलस्पर्शानन्तरं तेषां चिताभस्मभूतानां पुण्यलोकारोहणदर्शनात्। अनेनावुद्धिपूर्वकमासेवनेऽपि तस्या: प्रभूतदुरितप्रक्षालनक्षमत्वम्; प्रवलभक्तिश्रद्धापुर: सरत्वे तु किं पुनरिति प्रकाश्यते। 'अपहत्य तमस्तीव्रम् यथा भात्युदये रवि:। तथापहत्य पाप्मानं गङ्गा भाति सरिद्वरा'।। इति, 'श्रुताभिलषिता दृष्टा पृष्टा पीतावगाहिता। या पावयति भूतानि कीर्त्तिता च दिने दिने।।' इत्यादिपुराणवचनानि (विद्युल्लता); सगरस्य राज्ञस्तनयानां पुत्राणां स्वर्गीय स्वर्गारोहणाय सोपानापंक्तिम् आरोहणपरम्पराम् (सुवोधा); सगरस्य तनया: सोपानाम् पंक्ति:। सोपान: पंक्ति:। सगरतनयानां स्वर्गस्य सोपानपंक्तिम्। सगर सूर्यवंशी राजा थे। इनकी विमाता ने इनकी गर्भवती माता को विष दिया था। अत: ये सगर कहलाते हैं। इन्होनें जव 100वाँ अश्वमेध यज्ञ आरम्भ किया, तव इन्द्र ने अपने पद के छिन जाने के भय से यज्ञ के घोड़े को चुरा लिया और पाताल में कपिल मुनि के पास वाँध दिया। सगर के 60,000 पुत्र अश्व की खोज में वहाँ पहुँचे। उन्होनें समझा कि कपिल ही चोर हैं। अत: उन्होनें ऋषि का अपमान किया और उनके तप में विघ्न डाला। ऋषि ने क्रुद्ध होकर सव को भस्म कर दिया। सगर का पोता अंशुमान् घोड़े को तो ले आया, परन्तु उसके पितृगण सौ वर्षों तक इसी अवस्था में

पड़े रहे; क्योंकि इनका उद्धार गंगा के जल के छूने पर ही हो सकता था। अंत में बड़े घोर तप के पश्चात् भगीरथ गंगा को पृथिवी पर लाने और फिर पाताल में ले जाने में सफल हुए। तब इन सभी जले हुये सगर के पुत्रों का उद्धार हुआ। भगीरथ के परिश्रम के कारण ही गंगा भागीरथी कहलाती है। विसतार के लिए देखो—रामायण, बालकण्ड, सर्ग 35-44. सगर सूर्यवंशी राजा था। उसकी विमाता ने जन्म से पूर्व उसकी माता को विष (गर, गरल) दे दिया था। जन्म के बाद उसका नाम सगर (स-गर)—विषवाला पड़ा। सगर की दो रानियाँ थीं, जिनका नाम केशिनी और सुमति था। उन्हें भृगु से दो वर प्राप्त हुए। पहले वर से केशिनी के असमञ्जस नाम का पुत्र हुआ और दूसरे वर से सुमति के 60,000 पुत्र हुए। असमञ्जस के पुत्र का नाम अंशुमान्, उसके पुत्र का नाम दिलीप और उसके पुत्र का नाम भगीरथ था। सगर के पर प्रपौत्र भगीरथ ने यह काम अपने हाथों में लिया और वे कठोर तपस्या करके गङ्गा की धारा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाने में सफल हुए एवं उन्होंने गङ्गा-जल से अपने 60,000 चचरे प्रपितामहों का उद्धार किया। इस सम्बन्ध में देखिये उत्तर० 1.23 'तुरगविचयव्यग्रानुर्वीभिदः सगराध्वरे कपिलमहसा रोषात्प्लुष्टान्पितुश्च पितामहान्। अगणिततनूतापांस्तप्त्वा तपांसि भगीरथो भगवति तव स्पृष्टानद्भिश्चिरादुदतीतरत्।।'

1545 **संकल्पन्ते (पू० 54.1.16.49)** सम्+कृप्+लट् प्रथम पुरुष, बहुवचन; नमःस्वस्तिस्वाहास्वधालम्' (2.3.16) इति सूत्रे त्वलं शब्दस्यार्थग्रहणात् पर्याप्तवाचिनः क्लृपिधातोर्योगे स्थिरगणपदप्राप्तये इति चतुर्थीनिर्देशः (प्रदीपः); साधुशक्ता भवन्ति (चरित्र०); समर्था भवन्ति (संजी०) 'कल्पिष्यन्ते' इति पाठः। योग्या भविष्यन्ति। 'तदङ्गसंसर्गमवाप्य कल्पते ध्रुवं चिताभस्मरजोऽपि शुद्धये' इति वत् (विद्युल्लता), **कल्पन्ते**—समर्था भवन्ति। "शक्तार्थवषडि" त्यादिना शक्तार्थे चतुर्थी (सुबोधा); **कल्पिष्यन्ते**—√क्लृप् (समर्थ होना)+लृट् प्रथम पु० एकव०। समर्थ होंगे। इसके स्थान पर 'संकल्पन्ते' और 'कल्पन्तेऽस्य' पाठ मिलते हैं। ऊर्ध्वम्' के साथ समता के लिए इन दोनों पाठों को भविष्यत् काल में लेना होगा। अतः पहला पाठ ही अच्छा है। इसकी अपेक्षा वल्लभ या विल्सन के द्वारा दिया गया 'कल्पन्तेऽस्य' यह पाठ भी अच्छा प्रतीत होता है। इस पाठ में 'अस्य' का अर्थ 'शिवजी के' है, किन्तु वर्तमान काल मानने के लिए विल्सन को सारो० और म०सि० की तरह द्वितीय पाद में आये 'ऊर्ध्वम्' के स्थान में 'दूरम्' पाठ मानना पड़ा है; 'ऊर्ध्वम्' वाले पाठ में शरीर छूटने के बाद ही 'स्थिर-गण-पदप्राप्ति' के योग्य हो सकेंगे। यह भविष्यकालीन प्रयोग ही ठीक है। 'कल्पिष्यन्ते' के स्थान में सारो० मे०सिं० तथा सुमति० ने सङ्कल्पन्ते पाठ दिया है, परन्तु सम् पूर्वक √कल्प का अर्थ प्रायः निश्चय करना होने से 'कल्पिष्यन्ते' ही ठीक है।

1546 **संक्षिप्येत (उ० 47.1.13)** सम्+क्षिप्+लिङ्, कर्मवाच्य; प्रथमपुरुष, एकवचन; प्रार्थनायां लिङ् (प्रदीपः); लघु क्रियेत् (संजी०); गच्छेयुः (पंचिका)।

1547 **संगमम् (उ० 44.4.24.41)** सङ्गम+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; संयोगम् (चरित्र०); सहवासम् (संजी०); समागमम् (पंचिका); पादप्रणामेन मिलनं (सुबोधा)।

1548 **संगमात् (उ० 39.4.22.57)** सङ्गम+ङसि, संज्ञा, पञ्चमी एकवचन; अतः परमवधाने किं कारणमित्यपेक्षायामाह- सङ्गमात् (प्रदीपः); संयोगात् (चरित्र०); कान्तसम्पर्कात् (संजी०); सम्मिलनात् (सुबोधा); यहाँ संगम का अभिप्राय मिलन; संयोग और सम्भोग से है।

1549 **संगीताय (उ० 1.2.5.19)** संगीत+ङे; संज्ञा, चतुर्थी, एकवचन; नृत्तवाद्यगीतानां त्रयं संगीतम् (प्रदीप); संगीतस्य नृत्यगीतवाद्यादित्रयस्य अर्थाः हेतवः (चरित्र०); तौर्यत्रिकायाः (संजी०); गुणनिकार्थम् (पंचिका); गानार्थ (सुबोधा); नृत्य, वाद्य और गीत के सम्मिलित कार्यक्रम को संगीत कहते हैं—नृत्यं वाद्यम् तथा गीतं त्रयं संगीतमुच्यते। संगीतरत्नाकर।

कामसूत्र 13.15 में परिगणित 64 कलाओं में गीत, वाद्य, नृत्य और आलेख्य को क्रम से पहली चार कलाएँ माना है। अत: संगीत और चित्रकर्म कामियों के लिए दो मुख्य कलायें हैं। इनके वर्णन से अलका के निवासियों की कामुकता का परिचय दिया गया है। इस पद्य के 'वनिता' और 'मणिमयभुव:' पद भी इसी का उल्लेख करते हैं। इस भाव का सविस्तार वर्णन उ०मे० 2.4.5.6.7.10.11 पद्यों में किया गया है। इसका आरम्भ पू०मे० 67 में ही हो चुका है। चतुर्थी विभक्ति यहाँ 'सङ्गीतङ्कर्त्तुम्' के अर्थ में "क्रियार्थोपपदस्य च कर्म्मणि स्थानिन:" (अ० 2.3.14) के अनुसार सङ्गत है। श्लोक में प्रकृति विशेषण को छोड़कर सभी एकपदात्मक ही हैं। इस जगह दो पद हो जाने से 'प्रक्रमभङ्ग' दोष आ गया है। वस्तुत: रचना को जैसी उठान कवि ने दी है, उसको उसे निभाना चाहिए; अन्यथा प्रस्तावौचित्य बिगड़ जाता है। भग्नप्रक्रम का लक्षण है—"भग्न: प्रक्रम: प्रस्तावौचित्यं यत्र तत्" (काव्यप्रदीप)। नागेश ने 'प्रस्तावौचित्य' को इस प्रकार स्पष्ट किया है 'येन रूपेणोपक्रमस्तेनोपसंहार:'। यहाँ पर एकपदात्मक उपक्रम को अन्त तक निभाना चाहिए। कवि ने उसे यहाँ 'सङ्गीताय' और 'प्रहतमुरजा:' लिखकर भग्न कर दिया। इस प्रकार 'भग्न-प्रक्रम' दोष आ गया है। दक्षिणावर्तनाथ के पाठ 'सङ्गीतार्थप्रहतमुरजा:' में इस दोष के लिए कोई गुंजाइश नहीं रह जाती। अत: उसे काव्यसौष्ठव की दृष्टि से बेहतर पाठ माना जा सकता है।

1550 संगीतार्थ: (पू० 59.4.18.35) सङ्गीत+सु+अर्थ+सु; कर्मधारय, संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; सङ्गीतस्य हेतु:। सङ्गीतं नाम प्रेक्षणीयनृत्तगीतवाद्यात्मकं त्रयम्। ननु सङ्गीतशब्दस्य नृत्तादित्रवाचकत्वं नास्ति, नाटकेषु संगीतकमनुतिष्ठामीति दर्शनात्। संगीतशब्दस्तु गायनमात्रे प्रयुज्यते तथा कुमारसम्भवे-वनान्तसंगीतसखीररोदयत इति। वक्ष्यति च संगीताय प्रहतमुरजा इति कथमत्र संगीतस्य नृत्तादित्रयवाचकत्वमस्तीति व्याख्यायते इति। उच्यते संगीतशब्दस्यैव नृत्तादित्रयवाचकत्वं यादवेनोक्तम् 'नृत्तं गीतं वाद्यमिति नाट्यं तौर्यत्रिकं त्रिकम्। संगीतं प्रेक्षणादर्थेऽस्मिन् इति (प्रदीप); गीतनृत्यवाद्यत्रयं नाट्यं तौर्यत्रिकंच तत्। संगीततं प्रेक्षणीयार्थेऽस्मिन' इत्यभिधानचिन्तामणि: (चरित्र०); सङ्गीतं सम्यग्गीतं; तौर्यत्रिकं तु संगीतं न्यायारम्भे प्रसिद्धके। तुर्याणां त्रितये च इति शब्दार्णव:; तदेवार्थ: संगीतार्थ: संगीतवस्तु:; अर्थोऽभिधेय रयि वस्तु प्रयोजननिवृत्तिषु इत्यमर: (संजी०); सङ्गीताभिधेयं सङ्गीतमेव किंवा सङ्गीतप्रयोजनं। वंशकण्ठस्वरमुरजध्वनिमेलक: सङ्गीतमिति वंशकण्ठस्वर दर्शयति। "कण्ठवंशमृदङ्गानां शब्दै: सङ्गीतकं विदु" रिति पुरुषोत्तम: (सुबोधा); संगीत में तीन वस्तुएँ होती हैं—गीत, वाद्य और नृत्य। यहाँ कीचकों का शब्द नृत्य है, 'किन्नरियों का गान' गीत है और बादल का 'गजर्न' वाद्य है। अत: सगीत की सभी वस्तुएँ उपस्थित हो जाती हैं। नृत्यस्तत्र पूर्ण: पाठ सम्भवत: मूल में संशोधन के अभिप्राय के कल्पित किया गया है। परन्तु वह कवि को अभीष्ट प्रतीत नहीं होता। सारो० में इसकी व्याख्या इस प्रकार की गई है—'तथा वादनृत्यस्यार्थ:=समुदाय:। इसका यह अर्थ किया जा सकता है 'संगीत की सामग्री' संगीत का शाब्दिक अर्थ वह गायन है, जिसके साथ वादन तथा नृत्य भी हो; परन्तु इस श्लोक में नृत्य का उल्लेख ही नहीं है; अतएव मल्लिनाथ ने 'पशुपते:=शिवस्य नृत्ये इति शेष: लिखकर नृत्य का अध्याहार किया है।

1551 सचित्रा: (उ० 1.1.4.15) सह+चित्र+टा+जस्; बहुव्रीहि, प्रथमा, बहुवचन; आलेख्यसहिता: (प्रदीप:); चित्रेण आलेख्येन सह वर्तन्त इति; आलेख्याश्चर्ययोश्चित्रम् इत्यमर: (चरित्र०); सहचित्रैर्वर्त्तन्ते इति सचित्रा:; 'आलेख्याश्चर्ययोश्चित्तम्' इत्यमर:, 'तेन सहेति तुल्ययोगे' इति बहुव्रीहि:; 'वोपसर्जनस्येति' सहशब्दस्य सादेश: (संजी०); सालेख्या (पंचिका); चित्रेणालेख्येन सहिता: (सुबोधा); चित्रै: सह वर्तन्ते इति सचित्रा:। उन भवनों की दीवारों पर रंग-बिरंगे चित्र बने हुए थे। इस कारण वे बड़े सुन्दर थे।

1552 सजलनयनै: (पू० 23.3.13.33) सजल+जस्+नयन+भिस्, बहुव्रीहि, संज्ञा, तृतीया बहुवचन; मेघसन्दर्शनानन्देन

साश्रुजलनयनैः। अनेन शुक्तिपात्रगतं पाद्यजलं सूचितम् (प्रदीपः); स्नेहत्वात् जलेन स्नेहाश्रुपानीयेन सह वर्तन्त इति सजलानि नयनानि येषां ते तैः। अथ च उक्तिः। यथा कश्चित् स्नेहाश्रुजलं मुञ्चन् स्वागतमिति वाक्यं ब्रुवन् परदेशादागतं मित्रं प्रत्युद्याति (चरित्र०); सजलानि सानन्दवाष्पाणि नयनानि येषां तैः (संजी०); चिरसन्दर्शनसंभृतानन्दवाष्पविन्दुभिः संस्तम्भितनयनैः (विद्युल्लता); भवद्दर्शनानुरागात् सानन्दाश्रुभिः (सुबोधा); सनयनजलत्वमत्र चिरेण मित्रालोकनात् (पञ्चिका)।

अनुवाद में तथा टीकाकारों ने इसे शुक्लापाङ्गैः का विशेषण बनाया है। इसे स्वतन्त्र पद लेकर 'सजलनयनैः पाद्यम् परिकल्प्य' आँसुओं से भरी हुई आँखों से पैरों को धोने का जल तैयार करके यह अर्थ भी लिया जा सकता है। ये आँसू हर्ष के हैं। मोर वर्षा ऋतु में परम प्रसन्न होता है। दन्तकथा है कि वर्षाऋतु में मोर गर्भाधान करते हैं। यह गर्भाधान मोरनी को मोर के आँसू पीने से हो जाता है। सर्वत्र कवि सम्भोगरत प्राणियों के वर्णन में कृतप्रयत्न है। अतः यहाँ सम्भोगरत होने के कारण आँसुओं से भरी हुई आँखों से वा, वाले—अर्थ पद्य के अर्थ को अत्यन्त ही चमत्कृत कर देगा।

1553 सततगतिना (उ० 8.1.3.8) सततगति+टा; संज्ञा, तृतीया, एकवचन; वायुना (प्रदीप); मरुता (चरित्र०); सदागतिना वायुनाः 'मातरिश्वा सदागतिः' इत्यमरः (संजी०); वायुना (पंचिका); वायुना (सुबोधा); सततं सतता वा गतिर्यस्य तेन। जो सदा चलती रहती है। वायु। सदा चलती रहने से वह तो निरपराध है। मेघ ही दोषी ठहरता है। सतत—सम्+√तन्+क्त। इसके सतत और सन्तत दोनों ही रूप होते हैं। इसी प्रकार सम्+√धा+क्त के 'संहित' और सहित रूप होते हैं। सम्+√तन्, तना० उभ० (ले जाना)+त (क्त)। सम् के 'म्' का तत या हित के पूर्व विकल्प से लोप हो जाता है। सम्+तनु विस्तारे+क्तः 'समो वा हिततत्योः' (वा० 6.1.144) इत्यनेन समो मलोपः। सततम्। सततं गतिर्यस्य स सततगतिर्वायुः। 'सतत' अव्यय 'सदा' के अर्थ में आता है और 'सदागति' 'पवन' की संज्ञा है। " शश्वद्भीक्ष्णं नित्यं सदा सततमजस्रीमिति सातत्ये" तथा "मातरिश्वा सदागतिः"—ये कोशवाक्य प्रमाण रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। बादलों को ले आने व ले जाने वाला पवन ही हुआ करता है; वही उनका प्रेरक है। पूर्वमेघ में कालिदास ने लिखा है—"मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो तथा त्वाम्।"

1554 सताम् (उ० 53.4.23.43) सत्+आम्; संज्ञा, षष्ठी, वहुवचन, उत्तमानाम् (प्रदीप); सत्पुरुषाणाम् (संजी०); महताम् (पंचिका); साधूनाम् (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सत्रह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष काव्यों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—रघु० (7), शाकु० (3), कुमार० (3), विक्रम० (3)।

विसतृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1555 सति (पू० 62.4.12.66)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग नौ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में चार बार (7.71; 8.40; 8.69; 16.10), कुमार० में दो बार (1.59; 3.28), विक्रम० (4.10), तथा मालवि० (1.36) में एक-एक बार हुआ है।

1556 सद्यः (चतुर्वारं प्रयुक्तम्) **(पू० 25.2.6.13; उ० 8.2.8.40; 20.1.2.2; 46.1.2.2;)** अव्यय; तत्क्षणात् (चरित्र 25); सपदि (संजी० 20); तत्क्षणम् (पंचिका 20); तत्क्षणम् (पंचिका 36); तत्क्षणम् (पंचिका 46); गमनानन्तरमेव (विद्युल्लता 25); तत्क्षणम् (सुबोधा 28); तत्क्षणं गमनवात्रमेव (सुबोधा 20); तत्क्षणं (सुबोधा 36); तत्क्षणं (सुबोधा 47)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सत्ताइस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों

में इसका प्रयोग इस प्रकार है—रघु० (13), कुमार० (3), शाकु० (2), मालवि० (2), ऋतु० (2), विक्रम० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1557 **सद्यः कण्ठच्युतभुजलताग्रन्थि (उ० 36.4.21.51)** सद्यः+कण्ठ+ङसि+च्युत+सु+भुजलता+ङस्+ग्रन्थि+सु; बहुव्रीहि; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; सद्यः कण्ठात् प्रच्युतो बाहुलताग्रन्थिः पाशो यस्त तत् (चरित्र०); सद्यः तत्क्षणं कण्ठात् च्युतः स्रस्तो भुजलतयोर्ग्रन्थिः बन्धो यस्य तत, कथंचित् लब्धस्यालिंगनस्य सद्यो विघातो भाभूदित्यर्थः (संजी०); गलभ्रष्टबाहुवल्लिपाशं माभूत; अश्लेषविच्छेदो मास्म भव इत्यर्थः (पंचिका); भुजावेव बाहुएव लते वल्यो तयोग्रन्थिर्बन्धऽन्योन्यमिलनं कण्ठात् गलात् च्युतस्रस्तो यस्त (सुबोधा०)।

1558 **सद्यःकृत्तद्विरददशनच्छेदगौरस्य (पू० 62.2.5.30)** सद्यः+कृत्त+सु+द्विरद+ङस्+दशन+ङस्+छेद+सु+इव+गौर+ङस; तत्पुरुष, विशेषण, षष्ठी बहुवचन; सद्यः कृत्तश्छिन्नश्चासौ द्विरदस्य दन्तस्य छेदस्तद्वत् गौरस्य (चरित्र०); सद्यः कृत्तस्य छिन्नस्य द्विरददशनस्य गजदन्तस्य छेदवदगौरस्य धवलस्य (संजी०); सद्यस्तत्क्षणं कृत्तश्छिन्नो यो द्विरदस्य हस्तिनो दशनो दन्तस्तस्य यश्छेदः खण्डं तद्वद गौरस्य शुभ्रस्य; छेदोपमानेनातिस्निग्धशुभ्रत्वं सूचितम् (सुबोधा);

हाथी के दाँत प्रतिवर्ष फुट-डेढ़ फुट बढ़ते हैं। उन्हें वर्ष में एक बार आरी से कटवा देते हैं। जिस जगह से दाँत काटा जाता है, वह छेद (हिन्दी छेवा) कहलाता है। दाँत के ऊपरी रंग की अपेक्षा इस कटे हुए छेवे का रंग एकदम गोरा-चिट्टा होता है। उसी के रंग से कैलास के रंग की तुलना की गई है। (अग्र०) सद्यः कृत्तस्य द्विरददशनस्य छेदवत् गौरस्य। कृत्त √कृत् (काटना)+क्त। तुरन्त के काटे हुए हाथी दाँत के टुकड़े के समान सफेद।

1559 **सद्यःपाति (पू० 9.4.15.25)** सद्यः+पत्+णिनि+सु; विशेषण; प्रथमा, एकवचन; तत्क्षणादेव पतनशीलं (चरित्र०); सद्यो भ्रंशनशीलम् (संजी०); यस्मिन् क्षणे दुःखप्राप्तिः, तत्क्षण एव पाते नाशे प्रणयि वद्योद्योगम् (विद्युल्लता); तत्क्षणपतनशीलम् (सुबोधा), सद्यः पातप्रणयीति पाठे पातप्रणयि पतनायत्तम् (सुबोधा); सद्यः पतितुम् शीलमस्य। देखो—स्त्रीस्वभावस्तु कातरः। वियोगिनियाँ प्रेमी के विषय में अनेक प्रकार की कल्पनाये करती हैं। अतः छोटी-सी बात भी उनके दिल को तोड़ देती है।

1560 **सद्यस्सीरोत्कषणसुरभिः (पू० 16.3.9.44)** सद्यः सीरोत्कषण+टा+सुरभि+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; इदमारोहणं क्रियाविशेषणम्। वर्षानन्तरं हलोत्कषणसुरभिगन्धमित्यर्थः (प्रदीप); तत्क्षणात् सीरेण हलेन उत्कर्षणंविदारणं तेन सुरभीणि क्षेत्राणि यस्य तत् (चरित्र०) सद्यः तत्कालमेव सीरैः हलैः उत्कर्षणेन सुरभिघ्राणतर्पणं यथां तथा; 'सुरभिर्घ्राणतर्पणम्' इत्यमरः (संजी०); समनन्तरमेव हलमुखोल्लिखितेषु घर्मवप्तेषु प्रदेशषु त्वदुपगमजनितनव-वर्षावसेकात् घ्राणेन्द्रियप्रीणनयुक्तम्। 'अथौ फलम्'। तत्क्षणं सीरेण हलेन यदुत्कर्षणं तेन सुरभिः सुगन्धिः (सुबोधा); सद्य इति तत्क्षणहलकर्षितभूमौ जलविन्दुसंयोगेन सुगन्धित्वमुत्पद्यते इत्युक्तम्। सुगन्धित्वञ्चान्यथानुपपत्या भूमेर्दग्धत्वं जलबिन्दुयोगित्वञ्चोन्नेयम्। सौरभोपलम्भेन परमानन्दस्तव संपत्स्यते इति ध्वनितम् (सुबोधा); निरीषं कूटकं फालः कृषिको लाङ्गलं हलम्। गोदारणं च सीरः' इत्यमरः; 'सुरभिर्घ्राणतर्पणः' इति च (विद्युल्लता);

अनुवाद में 'अभी-अभी' का अर्थ है—अभी तुम्हारे भूमि पर प्रथम वर्षा के पश्चात्। मल्लिनाथ ने इसे क्रिया-विशेष रक्खा है—सद्यस्तत्कालमेव सीरैर्हलैरुत्कषणेन कर्षणेन घ्राणतर्पणं यथा तथा। यही उचित प्रकार हैं; क्योंकि इसी में तुरन्त जोते हुए खेत का वर्षा के कारण सुगन्धित होना सम्भव है। इसे विशेषण के रूप में लेने से—'केवल जोतने मात्र से सुगन्धित'—यह भाव निकलेगा और बादल का इस सुगन्धि से

कोई सम्बन्ध न होगा। यदि सुरभिक्षेत्रम् एक शब्द लिया जाय (देखो, पार्श्वाभ्युदय, विल्सन) तो यह 'मालम्' का विशेषण बन जायगा और बहुव्रीहि समास तब 'अभी तुम्हारी वर्षा के पश्चात् जोतने के कारण सुगन्धयुक्त खेतों वाले' यह अर्थ होगा। यही अर्थ और पाठ सत्य प्रतीत होते हैं।

1561 सन् (पू० 27.1.2.24)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग नौ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में पाँच बार (1.9; 2.61; 5.16; 8.72; 19.53), कुमार० (5.77), शाकु० (4.1), तथा विक्रम० (5.18) में एक-एक बार हुआ है।

1562 सन्तप्तानाम् (पू० 7.1.1.3) सन्तप्त+आम्; विशेषण, षष्ठी, बहुवचन; आतपसन्तप्तानां कामसन्तप्तानां च। ननु कामसन्तप्तानां मेघालोकनं विरोधि? उक्तं च 'कण्ठाश्लेषप्रणयिनिजने किं पुनर्दूरसंस्थे' इति। तत्कथं कामसन्तप्तानामिति गृह्यते? उच्यते मेघः खलु प्रोषिताप्रियतमप्रेरणया तान्प्रोषितान्प्रियतमाभिः सङ्गमय्य तेषां मिथुनानां सन्तापं हरति, तस्मात् सन्तप्तानां त्वमसि शरणभित्युक्तम् (प्रदीप); आतपेन स्मरेण च संतप्तानां पीडितानां प्राणिनाम् (चरित्र०); आतपेन वा प्रवासविरहेण वा संज्वरितानाम्; 'सन्तापः संज्वरः समौ' इत्यमरः (संजी०); कर्कशतरनिदाघार्ककिरणदावसम्पर्कनितान्ततप्तानाम् अविशेषोक्त्या स्थावराणां जङ्गमानां च भूतानामिति सिध्यति (विद्युल्लता); 1. गरमीं से तङ्ग आये हुए। 2. पति या पत्नी के वियोग से दुःखी।

1563 सन्देशम् (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 7.2.8.14; 13.2.6.22)** सन्देश+ अम्, संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; श्यामास्वङ्गमित्यादिना वक्ष्यमाणाम् (प्रदीप); वार्ताम् (चरित्र०); वाचिकम् (चरित्र 13); वार्त्ताम् (संजी० 7); वाचिकम्; 'सन्देशवाग्वाचिकं स्यात्' इत्यमरः (संजी० 13); सन्देशमिति सन्देशस्यानन्तरश्रवणेनाविस्मरणं ध्वनितम्। एवं हि लोकव्यवहार इति च (सुबोधा 13)।

1564 सन्देशार्था (पू० 5.2.5.23) सन्देश+जस्+अर्थ+जस्; कर्मधारय समास; संज्ञा, बहुवचन; सन्देश एव अर्थः सन्देशार्थ इति कर्मधारयः (प्रदीप); सान्देश्यन्त कथ्यन्ते इति सन्देशा ते च ते अर्थाश्च (चरित्र०); सान्देश्यन्ते इति सन्देशा ते एव अर्थाः (संजी०); सन्दिश्यमान वस्तूनि (सुबोधा); सान्देश्मानस्य वचनस्य अभिधेयाः (विद्युल्लता); सान्देश्यन्त इति सन्देशाः, कर्मणि घञ्, ते च ते अर्था वस्तूनि चेति ते तथा, सान्देश्यमानवस्तूनि इत्यर्थः। यद्वा सन्देशः संवादः तदर्थास्तद्रूपतया वाच्यानि वस्तूनि, किंवा सन्देशः संवादः सः एवार्थः प्रयोजनं यासां ताः सन्देशार्थाः वच इत्यर्थः। (सुबोधा)

1565 सन्ध्याबलिपटहताम् (पू० 37.3.14.29) सन्ध्याबलि+ङि+पटहता+अम्; तत्पुरुष; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; सन्ध्यासमयभूतवलीप्रदानार्थः पटहः (प्रदीप); देवपूजानकत्वम्। 'बलिः पूजोपहारे च' इति वैजयन्ती। 'आनकः पटहोऽस्त्री स्यात्' इत्यमरः (चरित्र०); सन्ध्यायां बलिः पूजा तत्र पटहताम् (संजी०); सन्ध्याबलिः सायं सन्ध्याकालपूजोपहारः। 'बलिः पूजोपहारे च दैत्यभेदे करेऽपि च' इति वैजयन्ती। पटहः आनकवाद्यविशेषः। 'आनकः पटहो ज्ञेयः' इत्यमरः (विद्युल्लता); सायंसमयपूजावाद्यभेदभावं। "बलिः पूजोपहारे स्यात् कर-चामरदण्डयों" रिति धरणिः। पटह शब्देनात्र कार्यकारणयोरभेदोपचारात् तत्कृतो ध्वनिरुच्यते, किंवा पटहतां पटहभावमेव कुर्वन् तत्तुल्यध्वनिकरणादित्याक्षेपात्। आनकः पटहोऽस्त्री स्यादि'त्यमरः। केचित्तु सन्ध्यावलिपटहतां वृषोत्सर्गवाद्यम्:' तथा चोत्तरतन्त्रं, "ये शिवायतनोत्सृष्टास्ते सन्ध्यावलयो वृषा" इतीति व्याचक्षते, किन्त्वत्र नयनविषयं यावदभ्येति भानुरिति व्यर्थ स्यात् वृषोत्सर्गवाद्ये कालनियमाभावात्। सन्ध्यासमयेऽङ्कितो वृषः सन्ध्यावलिरित्यत्र तु प्रमाणं नास्ति (सुबोधा); सन्ध्यावलीत्यत्र सन्ध्याशब्देन प्रातःसन्ध्योच्यते प्रातःकाले हि देवालये पटहो वाद्यते, तत्र त्वमेव आमन्द्रपटहो भावीत्यर्थः, इति व्याचक्षते (सुबोधा);

पौराणिक सम्प्रदाय में त्रिकाल सन्ध्या मानी गई है—प्रातः, मध्याह्न और सायंकाल में। शाम की संन्ध्या

में विशेष उत्साह होता है। अत: सायंकालीन सन्ध्या में नगाड़े का काम देने को कहा गया है। महाकाल की पूजा के समय मेघ अपनी गम्भीर गर्जना से बजते हुए नगाड़े का काम देगा, यह कवि की कल्पना है।

1566 **सन्नद्धे (पू० 8.3.10.33)** सम्+नह्+क्त+ङि; विशेषण, सप्तमी, एकवचन; प्रोषितनिर्वर्तनोद्युक्ते (प्रदीप); समागते सति (चरित्र०); व्यापृते सति (संजी०); बद्धोद्योगे (विद्युल्लता); संजी०भूते उदिते वा उपस्थिते वा सति (सुबोधा); सन्नद्ध इत्यनेन स्निग्धविद्युद्युक्तत्वादि ध्वन्यते (सुबोधा); सम्+नह्+क्त। तैयार। अपने काम के लिए अपनी गर्जन, बिजली, जल आदि सामग्री सहित उद्यत होने पर। 'सन्नद्धे' की सारोद्धारिणी में इस प्रकार व्याख्या है—'प्रकटितसुरधनुतडिल्लतागर्जितादि सामग्रीके'। देखिये विक्रम० VI.1. नवजलधर संनद्धोऽयं न दृप्तनिशाचर:।'

1567 **सन्निकृष्टम् (उ० 15.3.13.40)** सन्निकृष्ट+अम्; विशेषण; द्वितीया; एकवचन; समीपम् (चरित्र०); सन्निहितम्, सुगममपीत्यर्थ: (संजी०); निकटम् (पंचिका); समीपमपि (सुबोधा); सम्+नि+√कृष्+क्त। समीप।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० में एक बार (152.3) हुआ है।

1568 **सन्निपत्य (पू० 29.3.9.71)** सम्+नि+पत्+क्त्वा, अव्यय, सङ्गमं कृत्वा। एवं विलासं आविष्कुर्वत्या: निर्विन्ध्याया: रतिमनुभव इत्यर्थ: (प्रदीप); एकस्थीकृत्य (चरित्र०); संगत्य (संजी०); संगम्य (विद्युल्लता); प्राप्य अनुभूय (सुबोधा)।

1569 **सन्निपात: (पू० 5.1.2.15)** सम्+नि+पत्+घञ्; विशेषण, प्रथमा एकवचन; समुदाय: (प्रदीप); समुदायरूप: (चरित्र०); संघात: (संजी००); समवाय: मेघक: तद्रूप: (सुबोधा); संश्लिष्ट: समुदाय:, 'गुणसन्निपाते निमज्जति' इतिवत् (विद्युल्लता); समवायो मेलक:, तद्रूप: (सुबोधा)।

1570 **सन्निवृत्तम् (उ० 29.2.8.30)** सम्+नि+वृत्+क्त+अम्; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; स्वयमेव सन्निवृत्तम् (प्रदीप); यथा गत तथैव प्रतिनिवृत्तम्, तदा तेषां अतीव दु:सहत्वादिति भाव: (संजी०); ततो मद्विरहेण खेदकारित्वात् तथैव सन्निवृत्तम्, यद्वदेव रभसात् गतं तद्वदेव प्रत्यागतमित्यर्थ: (पंचिका); यदैवं गतं तदैव सम्यग्व्यावृत्तम् (सुबोधा); हट जाती है। क्योंकि विरह में चन्द्रमा की किरणें आग के समान हो जाती हैं और जलाने लगती हैं तो अमृत सूर्य (श० 10.2.6.19) की बनी हुई ही फिर क्यों न जलातीं। समान भाव के लिए विक्रमो० 3.30 और शाकु० 3.3 देखें। पति के सहवास के समय चाँद की किरणें यक्ष-पत्नी को बड़ा आनन्द देती थीं। उसी अनुभव के आधार पर वियोग में भी ज्यों ही उसने चन्द्र-किरणों की ओर नजर डाली कि वे ही किरणें उसके तन को जलाने लगीं। इसलिए उसे उनकी ओर से अपनी नजर उसी क्षण मोड़ लेनी पड़ी। विचारसाम्य के लिए देखिये—अभि०शाकु० III.3 विसृजति हिमगर्भैरग्निमिन्दुर्मयूखै:' तथा काव्यप्रकाश—यस्य न सविधे दयिता दवदहनस्तुहिनदीधितिस्तस्य। यस्य च सविधे दयिता दवदहनस्तुहिनदीधितिस्तस्य।।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (7.71) हुआ है।

1571 **सन्निषण्णैकपार्श्वाम् (उ० 28.1, 3.21)** सन्निषण्ण+सु+एक+सु+पार्श्व+टाप्+अम्; बहुव्रीहि; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; सन्निषण्णं एकं वामदक्षिणयोरन्यत् पार्श्व यस्या: सा ताम् (चरित्र०); सन्निषण्णं एकं पार्श्व यस्या: ताम् (संजी०); सम्यक् निक्षिप्तम् एकं पार्श्व यया तादृशीम् विस्मृतपार्श्वान्तरपरिवर्तनामित्यर्थ:। एतेन विषयान्तरव्याप्ततया चतुर्थीयमवस्था (सुबोधा); संनिषण्णा—सम्+नि+सद्+क्त। भाव यह है कि वह

पतिचिन्ता में इतनी मग्न थी कि वह बिस्तर के एक ओर ही पड़ी रहती थी। करवटें लेना भूल गई थी। अथवा वह इतनी दुबली हो गई थी कि करवट भी नहीं बदल सकती थी। (क्षामत्वात् परिवर्तितुमसमर्थेति भाव:) सन्निकीर्णैक पार्श्वाम्—पा०भे० इस पाठ को वल्लभदेव और भरतसेन आदि ने समीचीन माना है। मल्लिनाथ ने 'सन्निषण्णैकपार्श्वाम्' पाठ मानकर उसका विग्रहमात्र प्रस्तुत किया है—'सन्निषण्णम् एकम् पार्श्वं यस्यास्ताम्।' "√कृ विक्षेपे" (तुदादि०) से क्त-प्रत्यय लगने पर "रदाभ्यां निष्ठातो न: पूर्वस्य च द:" (8.2.42) सूत्र के नकार और फिर "रषाभ्यान्नोण: समानपदे" से णत्व होने पर और 'ऋृत इद्धातो:' (7.1.100) से 'कीर्ण' निष्पन्न होने पर 'निकामं कीर्णम्' (प्रादितत्पुरुष)। "सम्यग् निकीर्णम्, सन्निकीर्णम्" भी "प्रादयो गताद्यर्थे प्रथमया" (वा०) से सिद्ध होगा। फिर 'सन्निकीर्णम् एकं पार्श्वं यया' यह बहुव्रीहि समास होगा। कवि का आशय यह है कि यक्षी एक करवट पड़ गई तो उसी करवट पड़ी रह गई। उसे प्रियतमगतहृदय होने के कारण करवट बदलने की सुध-बुध ही नहीं रह गई। वह चित्रलिखित सी वैसी की वैसी पड़ी रह गई। पूर्ण सरस्वती के शब्दों में—'प्रियतमगतहृदयतया पार्श्वान्तरपरिवृत्तिविरहेण एकेनैव पार्श्वेन लिखितवदवस्थानं व्यज्यते।"

1572 **सन्नयस्ताभरणम्** (उ० 32.1.2.10.) सन्न्यस्त+सु+आभरण+अम्; बहुव्रीहि, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; शरीरसादात् त्यक्ताभरणम् (प्रदीप); सन्न्यस्तानि त्यक्ताभरणानि यस्य तत् (चरित्र०); कृशत्वात् परित्यक्ताभरणम् (संजी०); त्यक्तमण्डनम् (पंचिका); संत्यक्तालंकारम्, सन्न्यस्ताभरणत्वेनानुस्मृत्यवस्था चोक्ता: तथा च विद्वेषादन्यकार्याणामनस्मृतिरुदाहृते' ति (सुबोधा०); यक्षपत्नी ने दुर्बलता के कारण आभूषण उतार दिये थे। वास्तव में विरहिणी होने के कारण उसके लिए आभूषण पहनना निषिद्ध था। अत: उसने आभूषणों को त्याग दिया था। सम्+नि+असु+क्षेपणे (दिवादि)+क्त=सन्न्यस्तम्। सन्न्यस्तानि आभरणानि यस्य तत् सन्न्यस्ताभरणम्। आ+डुभृञ् धारणपोषणयो: (जुहोत्यादि)+ल्युट् (करणे)=आभरणम्।" व्युत्पत्ति से स्पष्ट है कि सौन्दर्य के पोषक अलङ्करणों को आभरण कहेंगे। प्रोषितपतिका के लिए ऐसे अलङ्करणों का उपयोग नितान्त वर्जित है। विद्युल्लताकार ने शास्त्र का उद्धरण दिया है—गतवति दयिते तु क्वापि माङ्गल्यमात्राण्यपचितगुरुविप्रा धारयेद् मण्डनानि।" मङ्गलसूत्रादि विवाहिता के अनिवार्य अलङ्करणों को छोड़ कर शेष शोभामात्रार्थ आभूषणों का परित्याग कर दिया जाता था। पूर्णसरस्वती ने लिखा है—कण्ठसूत्रादिमङ्गलाभरणव्यतिरेकेण सन्न्यस्तानि त्यक्तानि आभरणानि केवल-शोभार्थानि येन।" इसके विषय में मल्लिनाथ का कथन है कि कृश हो जाने के नाते नहीं पहनती थी, तनिक भी समीचीन नहीं प्रतीत होता। कृशत्वात् परित्यक्ताऽभरणम्" से प्रोषितपतिका के पतिव्रत-धर्म के पालन की बात और मजबूरी की बात अधिक टपकती है। ऐसा ही अनौचित्यपूर्ण अर्थ भरतसेन ने भी लिया है। उन्होंने तो विकल्प से 'द्वेषाद्" की बात प्रस्तुत करके विपरीत व्यभिचारभाव की भी ध्वनि करानी चाही है।

1573 **सपदि** (द्विवारं प्रयुक्तम्) (पू० 54.3.14.32; 57.2.6.27) अव्यय; शीघ्रम् (चरित्र 54); अवतरणानन्तरमेव (विद्युल्लता 54); अचिन्तितमेव (विद्युल्लता 57); तत्क्षणं (सुबोधा 15)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चौदह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—रघु० (9), कुमार० (2), शाकु० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश:'।

1574 **सभ्रूभंगप्रहितनयनै:** (उ०12.3.14.34) सभ्रूभङ्ग+टा+प्रहित+जस्+नयन+भिस्; बहुव्रीहि; विशेषण, तृतीया, बहुवचन; मयि तं देशं प्रविष्टे मदनव्यापार: कथं भविष्यतीत्याशङ्क्याह सभ्रूभङ्गप्रहितनयनैरिति (प्रदीप); सभ्रूभङ्गं भ्रूकुटिलं यथा स्यात्तथा प्रहितनयनै: प्रेषितनेत्रै: (चरित्र०); सभ्रूभङ्गं प्रहितानि प्रयुक्तानि

नयनानि दृष्ट्यो येषु तैस्तथोक्तैः (संजी०); सभ्रूभङ्गानि प्रहितानि क्षिप्तानि नयनानि येषु (पंचिका); सभ्रूभङ्ग यथा स्यात्तथा, प्रहितानि प्रेरितानि नयनानि यत्र तैः, एतेन भ्रूवल्ली चापः कटाक्षाः शराः कामिनो लक्ष्याणीति ध्वनितम्। एतच्च कामकारणमन्यनाप्युक्तम्। यथा–सन्मार्गे तावदास्ते प्रभवति पुरुषस्तावदेवेन्द्रियाणां

लज्जां तावद्विधत्ते विनयमपि समालभ्यते तावदेव।

भ्रूचापाकृष्टमुक्ताः श्रवणपथगता नीलपक्ष्माण एते

यावल्लीलावतीनां न हृदि धृतिमुषो दृष्टिबाणाः पतन्ती"ति।। (सुबोधा); भ्रुवोः भङ्गा। तं सहितं यथा तथा सभ्रूभंगम्। सभ्रूभंगम् प्रहितानि नयनानि येषु तैः।

1575 **सभ्रूभङ्गम्** (पू० 25.4.11.51) भ्रूभङ्ग+टा+सहित+अम्, अव्ययीभाव, विशेषण, द्वितीया एकवचन; भ्रूभङ्ग सहितम् (प्रदीप); भ्रूभङ्गसहितम् (चरित्र०); भ्रूकुटियुक्तम्, दशनपीडया इति भावः (संजी०); रसावेशविवशेन प्रेयसा हठात्कारे पीयमानेन मुखाम्बुजेनाभिनीतललितकोपोल्लसितचिल्लीवल्लीमनोहरमित्यर्थः (विद्युल्लता); भ्रूभङ्गेन भृकुट्या सह वर्तमानम् (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० (69.1) में एक बार हुआ है।

1576 **समग्रः** (पू० 59.4.23.43) समग्र+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; सम्पूर्णः (चरित्र०); सम्पूर्णः (संजी०); सम्पूर्णः (सुबोधा); अग्रेण सहितः इति। कोने के साथ, अतः सम्पूर्ण।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० में एक बार (2.12) हुआ है।

1577 **समधिकतरोच्छ्वासिना** (उ० 41.3.12.47) समधिकतर+सु+उच्छ्वास+इनि+टा; विशेषण; तृतीया, एकवचन; समाधिका तीक्ष्णः उच्छ्वासो यस्य तेन (चरित्र०); समधिकतरमधिकमुच्छ्वसितीति समधिकतरोच्छ्वासि तेन। दीर्घनिःश्वासिन इत्यर्थः। ताच्छील्ये णिनिः (संजी०); अतिशयतोर्ध्वश्वासयुक्तेन (सुबोधा)

समधिकतरम् उच्छ्वसिति इति, तथाभूतेन। उच्छ्वासाः सन्ति–अस्येति, उच्छ्वसि (–इनि प्रत्ययः)। समधिकतरञ्चासावुच्छ्वासि च समधिकतरोच्छ्वासि तेन। यद्वा, समधिकतराश्च ते उच्छ्वासाश्च समधिकतरोच्छ्वासाः। ते सन्त्यस्येति तथोक्तम्, तेन।

1578 **समम्** (उ० 37.2.6.22) अव्यय; 'साकं सत्रा समं सह' इत्यमरः (संजी०);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सत्रह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है–रघु (12), कुमार० (1), शाकु० (1), विक्रम० (1), मालवि० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रगष्टव्य सम्पाकद की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1579 **समरविमुखः** (पू० 52.2.6.22) समर+ङसि+विमुख+सु; तत्पुरुष; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; त्यक्तसमरः (प्रदीप); युद्धनिस्पृहः (संजी०); युद्धपराङ्मुखः सन् (सुबोधा); समरात् विमुखः। महाभारत युद्ध से विमुख।

1580 **समर्थः** (पू० 44.4.21.57) संज्ञा,

शक्तो भवति अपितु न कोऽपि न कोऽपि (सुबोधा)।

1581 **समुचितः** (उ० 35.3.13.33) समुचित+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; करोपमर्दनयोग्यः (पंचिका); योग्यः समवेतः (सुबोधा)

1582 **सम्पत्स्यन्ते** (द्विवारं प्रयुक्तम्) (पू० 11.4.16.44; 24.4.10.76) सम्+पत्+लृट्, प्रथम पुरुष, बहुवचन; भविष्यन्ति (चरित्र०); सम्पन्ना भविष्यन्ति (चरित्र 24); भविष्यन्ति (संजी० 11) भविष्यन्ति (संजी० 24);

अहो ते दैवानुकूल्यम्, यदनायासेन गुणवत्सहायसंपदिति भाव: (विद्युल्लता 11); भविष्यन्ति (सुबोधा); भविष्यन्ति (सुबोधा 24)।

1583 **सम्पद: (पू० 56.4.15.62)** सम्पत्+जस्; संज्ञा, प्रथमा, बहुवचन; समृद्धय: (संजी०); द्रविणादिविभूतय:। सम्पद इति बहुवचनेन यया कयापि विधया विविधया वर्त्तमाना सर्वापि विभूति: शरीरादिकमपि परोपकरणमौशीनरादिवदिति द्योत्यते (विद्युल्लता); सम+√पद्+क्विप्+प्रथमा बहुवचन। समान भाव के लिए देखो—

पिबन्ति नद्य: स्वयमेव नाम्भ: खादन्ति न स्वादुफलानि वृक्षा:
नन्दन्ति सस्यं खलु वारिवाहा: परोपकाराय सताम् विभूतय:।।

तथा— सा लक्ष्मीरुपकुरुते यया परेषाम्।। (किरातार्जुनीय 7.28)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग छह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में तीन बार (1.64; 10.59; 17.65;) तथा शाकु० में दो बार (473.2; 7.39) हुआ है।

1584 **सम्भाव्य (उ० 39.2.11.35)** सम्+भू+णिच्+क्त्वा; अव्यय; सम्भावनां च कृत्वैवेत्यर्थ:। अन्योऽयमिति न तूष्णीमास्ते, भर्त्तुर्मित्रं इति बुद्ध्वा सा निशङ्कमेव त्वां प्रेक्षिष्यते सम्भावयति चेत्यर्थ द्योतयितुं एवकार: प्रयुक्त:; सम्भावनीयं विधाय (चरित्र०); सत्कृत्य (संजी०); धिया च उपपद्यते तद्दूतत्वं अस्य इति सम्भाव्य विचार्य (पंचिका); स्वागतं भवत् इत्यादिना आलब्य च (सुबोधा); प्रारम्भ में जब हनुमान् जी सीता के पास पहुँचे, तो सीता ने उनको वेश बदलकर आया हुआ रावण ही समझा था, परन्तु जब हनुमान् जी ने सीता को अपना पूरा-पूरा परिचय दिया और अपने आपको रामचन्द्र जी का दूत बतलाया, तो कहीं उन्हें उन पर विश्वास हुआ और फिर उसने उनका स्वागत किया। देखिये—रामा० सुन्द०का० 36.9-10—

न हि त्वां प्राकृतं मन्ये वानरं वानरर्षभ।
यस्य ते नास्ति संत्रासो राघवादपि संभ्रम:।।
अर्हते च कपिश्रेष्ठ मया समभिभाषितुम्।
....।।

सम्भाव्य का पाठान्तर 'संभाष्य' भी है। यह पाठ भी भला ही मालूम होता है। सम्+√भू+णिच्+ल्यप् सम्भाव्य। अप्रस्तुत पक्ष की सम्भावना का स्वरूप वाल्मीकि रामायण (सुन्दर० 36.9.10) के इन श्लोकों से स्पष्ट है। सीता जी का कथन है—"न हि त्वाम् प्राकृतम्मन्ये वानरं वानरर्षभ। यस्य ते नास्ति सन्त्रासो रावणादपि सम्भ्रम:। अर्हसे च कपिश्रेष्ठ! मया समभिभाषितुम्।।"

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग पाँच बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में तीन बार (6.50; 7.8; 18.31) तथा कुमार० में एक बार (7.59) हुआ है।

1585 **सम्भृतम् (पू० 46.4.15.59)** सम्+भृ+क्त+सु; कृदन्त (क्रिया) प्रथमा, एकवचन; निक्षिप्तम् (चरित्र०); सञ्चितम् (संजी०); सम्भावितमिति पितुर्देवस्य बुद्धिपूर्वकमिति सकलशक्तिसमर्पणं द्योत्यते (विद्युल्लता); अर्पितम् निक्षिप्तम् (सुबोधा); सम्+भृ+क्त+नपुंसक प्रथमा० एक०व०

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूतम् के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (5.5; 19.43) हुआ है।

1586 **सम्भृतश्री: (उ० 54.3.18.45)** सम्भृता+सु+श्री+सु; बहुव्रीहि; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; सम्भृतशोभ: (प्रदीप); उपचितशोभा सन् (संजी०); अर्जितदेहोन्नति: (पंचिका); प्रवृद्धलक्ष्मीक: सन् (सुबोधा०); ग्रन्थसमाप्तौ महाकविभिर्मङ्गलार्थ श्री शब्दो दीयते इति श्री शब्दोपन्यास: (सुबोधा); संभृता श्री: यस्य स:। जिसकी शोभा बढ़ गई है। 'सम्भृता श्रीर्यत्र स सम्भृतश्री:।' कवि ने इसमें 'श्री' पद को लाकर अन्त्य मंगल कर दिया है।

भतरसेन ने इसकी ओर इङ्गित किया है। ग्रन्थ के आदि में महाकवि ने 'जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु' में भगवती सीता और आगे 'पुण्यैः पुंसां रघुपतिपदैरङ्कितं मेखलासु' में भगवान् राम का नाम लेकर मङ्गलसम्पादन किया है। मध्य में 'स्त्रस्तगङ्गादुकूलाम्' में गङ्गा और आगे 'सेन्द्रचापम्' में इन्द्र का नाम लेकर मङ्गलाचरण किया है। यहाँ पर आशीः भी कवि ने प्रस्तुत कर दी है—"मा भूदेवं क्षणमपि च ते विद्युता विप्रयोगः।" मल्लिनाथ उद्धृत करते हैं—"अन्ते काव्यस्य नित्यत्वात् कुर्यादाशिषमुत्तमाम्। सर्वत्र व्याप्यते विद्वान् नायकेच्छानुरूपिणीम्।"

1587 **सम्भृतस्नेहम्** (उ० 33.1.6.10) सम्भृत+सु+स्नेह+अम्; विशेषण, बहुव्रीहि, द्वितीया, एकवचन; सञ्चितानुरागम् (संजी०); अतिप्रीतिमत् (पंचिका); उपचितप्रेम (सुबोधा); सम्भृतः स्नेहः यस्मिन् तत्। जिसमें प्रेम इकट्ठा, केन्द्रीभूत हो गया है। सम्भृत—सम्+भृ+क्त। अतः परमस्निग्ध, अत्यधिक अनुराग से युक्त। यह मनः का विशेषण है। यक्षपत्नी पतिव्रता स्त्री है, तो यक्ष भी उसके लिए आदर्श पति है। यदि यक्षपत्नी स्वाधीन पतिका है, तो यक्ष 'अनन्यासक्तपति' है। अतः यक्ष और उसकी पत्नी जैसे पति-पत्नियों का परस्पर हठानुराग होना स्वाभाविक ही है।

1588 **सम्भोगम्** (उ० 26.3.9.31) सम्भोग+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; रतिम् (संजी०); संयोग पाठान्तर; मम सङ्गम् (सुबोधा); संयोगस्तु मुखप्रसादादिना मेघेनावधार्यः अन्यथा तस्यानुपलम्भात्। 'कथमेवश्यं' सा करिष्यतीत्याशंक्य विरहिणी स्वभावमर्थान्तरन्यासेनाह (सुबोधा); संयोगम् वा, मत्संगं वा, मत्सम्भोग, मत्संयोगम् पा०भे०—संग, संयोग और सम्भोगों में 'सम्भोग' पद ही मूल पाठ हो सकता है। यक्ष यहाँ सम्भोगशृङ्गार का वर्णन कर रहा है। उसी का आस्वादन यक्षपत्नी करती है। मत्संयोगम्—पा०भे० मम संयोगः, मत्संयोगः, तम्। मल्लिनाथ ने 'मत्सम्भोगम्' पाठ माना है। परन्तु वह उतना सुन्दर पाठ नहीं माना जा सकता; क्योंकि उसकी तो स्मृमितात्र होगी। उसका हृदयनिहित आरम्भ इव वियोगावस्था में क्या और क्यों होगा? इसी से यहाँ पर वल्लभदेव, पूर्णसरस्वती, भरतसेन और दक्षिणावर्तनाथ के द्वारा प्रदत्त पाठ ही साधीयान् है। पूर्णसरस्वती का कथन है कि समस्त व्यापारों में मन से अनुभव किये जाते हुए पतिसंयोग की ही विकल्पहीन अनुभूति करती हुई तुम्हारे दृष्टिपथ में आयेगी—"सर्वव्यापारेषु तत्समागमस्य मनसा अननुभूयमानस्य निष्प्रत्यूहतयाऽनुवृत्तेः विकल्पानुपादानम्।।" वाल्मीकि ने 'रामायण' में इसकी भावमातृका प्रस्तुत कर रखी थी—नैषा पश्यति राक्षस्यो नेमान् पुष्पफलद्रुमान्। एकस्थहृदया नूनं राममेवानुपश्यति।।" और नैव दंशान्न मशकान्न कीटान सरीसृपान्। राघवापनयेद् गात्रात् त्वद्गतेनान्तरात्मना।।" इस प्रकार के भगवती सीता के पतिविरह के समय की अवस्था को ध्यान में रखकर ही कालिदास ने इस पदोच्चय की रचना की होगी। 'भार्याधिकार' में शास्त्र का पतिविरह में पत्नी की चर्चा के विषय में यह कथन है—

"गतवति दयिते तु क्वापि माङ्गल्यमात्राण्यपचितगुरुविप्रा धारयेन् मण्डनानि।
उपगुरु शयनञ्च स्वल्पताञ्च व्ययस्य प्रतिदिनमपि कुर्यादस्य वार्तानुसारम्।।
अनवहितविधानं स्वस्थ्यनिर्वाहयत्नं प्रतिदिननियमञ्च क्षेमसिद्ध्यै विदध्यात्।"

मल्लिनाथ का कथन है कि 'सङ्कल्पावस्था' को कवि ने इस रचना द्वारा उपन्यस्त किया है और उसका स्वरूप है—"सङ्कल्पो नामविषये मनोरथ उदाहृतः।"

1589 **सम्भोगान्ते** (उ० 35.3.11.28) सम्भोग+ङस्+अन्त+ङि; तत्पुरुष, संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; सम्भोगस्य सुरतस्य अन्ते अवसाने (चरित्र०); सुरतसमाप्तौ (पंचिका); रतावसाने; (सुबोधा)।

1590 **सरति** (पू० 56.1.4.4) सृ+शतृ+ङि; विशेषण; सप्तमी; एकवचन; सरति सति (चरित्र); वाति सति (संजी०); प्रवर्त्तमाने इति (विद्युल्लता); वहति सति (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० में एक बार (4.11) हुआ है।

1591 **सरलस्कन्धसङ्घट्टजन्मा (पू० 56.1.5.13)** सरल+आम्+स्कन्ध+आम्+संघटट+टा+जन्मन्+सु; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; सरलो वृक्षविशेष:। स्कन्धशब्देन स्कन्धशाखा विवक्षिता (प्रदीप); सरलस्य देवदारोः स्कन्धानां प्रकाण्डानां संघट्टात् संघर्षात् जन्म यस्य स तादृशः (चरित्र०); सरलानां देवदारुद्रुमाणां स्कन्धाः प्रदेशविशेषः; 'अस्त्री प्रकाण्डः स्कन्धः स्यात् मूलाच्छाखावधेस्तरोः' इत्यमरः तेषां संघट्टेन संघर्षणेन जन्म यस्य तथोक्तः; जन्मोत्तरपदत्वात् व्यधिकरणोऽपि बहुव्रीहिः साधुरित्युक्तम् (संजी०); सरलाः तरुविशेषाः तत्प्रकाण्डानां परस्परनिष्पेषनिष्पन्नः (विद्युल्लता); सरलानां स्वनामख्यातवृक्षाणां स्कन्धस्य प्रकाण्डस्य संघर्षात् जन्म उत्पत्तिर्यस्य तादृशः (सुबोधा); सरलानां स्कन्धाः, तेषां संघट्टने जन्म यस्य सः। सरल–देवदारु के समान एक वृक्ष जो हिमालय पर बहुत होता है। चीड़ (?) हिमालय में सरल (देवदारु) के वृक्षों की बहुलता है और इनके बिना हिमालय का वर्णन अधूरा रहता है। देखिये–कुमार० I.9. रघु० IV.75 'सरलासक्त मातङ्गग्रैवेयस्फुरितत्विषः। आसन्तोषधयो नेतुर्नक्तमस्नेहदीपिकाः।।' सरल के वृक्षों, बाँसों तथा अन्य प्रकार के वृक्षों की शाखाओं के परस्पर टकराने से पर्वतों में आग लग जाना कोई नयी बात नहीं। घने जङ्गलों में भी वृक्षों की रगड़ से आग लग जाती है। मल्लि० ने सरल से देवदारु वृक्ष लिया है, किन्तु सरल देवदारु नहीं होता, प्रत्युत देवदारु की जाति का ही एक अन्य वृक्ष होता है (शारदारञ्जन राय)।

1592 **सरसकदलीस्तम्भगौरः (उ० 35.4.17.50)** सरस+सु+कदली+ङस्+स्तम्भ+सु+इव+गौर+सु; तत्पुरुष, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; आर्द्रकदलीस्तम्भपाण्डुरम्। उर्व्योगौरत्वं च निवातवर्तित्वात् (प्रदीप); कदलीस्तम्भवत् गौरः पाण्डुः (चरित्र०); सरसो रसार्द्रः परिपक्वो। शुष्कश्च सेव विवक्षितः तत्रैव पाण्डिमसम्भवात् स चासौ कदलीस्तम्भश्च स इव गौरः पाण्डुरः, 'गौरः करीरे सिद्धार्थे शुक्ले पीतेऽरुणेऽपि च' इति **मालतीमालायाम्** (संजी०); अभिनवकदलीकाण्डवच्च गौरः श्वेतः (पंचिका); रसयुक्तरामकदलीप्रकाण्डवद् गौरः पाण्डरः वस्त्रावृतत्वादीषत् पाण्डुरित्यर्थः, कनककदलीति पाठे कनककदली–कदली विशेषस्तद्वद् गौरः पीतवर्णः तन्वी श्यामेत्यत्र श्यामा स्त्री विशेषः नतु श्यामवर्णेति पीतवर्णत्वे विरोधाभावः; कनककदलीति पाठे तन्वी श्यामेत्यत्र तस्या उत्तमश्यामत्वं बोध्यमित्यन्ये (सुबोधा); सरस–रसयुक्त, रसीली। अर्थात् न सूखी, न पकी हुई। **कदलीगर्भगौर**–श्री काले का विचार है कि कदली का अन्दर का भाग अधिक सफेद होता है। इसलिए यह पाठ अधिक अच्छा है। परन्तु यहाँ पर कवि 'गौर' को श्वेत के अर्थ में प्रयुक्त करता प्रतीत नहीं होता। गौर के अन्य अर्थ गेंहुआ, 'पीला सा लाल' भी है। देखो आप्टे संस्कृत-अंग्रेजी कोष। इस अर्थ में कवि ने इस पद का प्रयोग कु०स० 7.17; रघु० 6.65 में किया है। कनककदली पाठ भी इसकी पुष्टि करता है। अतः सरसकदलीस्तम्भ पाठ ही अच्छा है। सरस पद से 'ऊरूः' के रतिक्रीड़ा में परम सुखदायी, स्निग्ध और शीतल होने की ध्वनि निकलती है। कनककदली० पाठ से यह ध्वनि प्राप्त नहीं होती है। इसका पाठान्तर 'कदलीगर्भगौरः' है। यह पाठ साधुतर प्रतीत होता है, क्योंकि केले के स्तम्भ (तने) का अन्दर का भाग बाहरी भाग से श्वेत होता है। पण्डित ईश्वरचन्द्र इस श्लोक में दिए गये पाठ (अर्थात्–कदलीस्तम्भगौर) का समर्थन करते हुए कहते हैं–"अयमेव पाठः साधीयान्। 'कनककदलीवेष्टनप्रेक्षणीयः' इत्यत्र अलकायां कनककदलीनां बाहुल्यदर्शनादुपमितिकाले तासामेव बुद्धिस्थत्वात्।" परन्तु यह तो कवि की कल्पना में अप्रस्तुतोद्भावना का अभावमात्र प्रस्तुत करेगा। उसी तत्त्व को पहले प्रस्तुत करके फिर ग्रहण करने में क्या चमत्कृति होगी? सबसे बड़ी बात तो यह है कि 'गौर' शब्द स्वयं 'पीत' का वाचक है–"गौरः करीरे सिद्धार्थे शुक्ले पीतऽरुणेऽपि च" (सञ्जीवन्युद्धृतमालतीमाला) और वह कदलीस्तम्भ में अनायास सिद्ध है, तो

'कनक' विशेषण लगाकर अधिक पद करने से क्या लाभ? यदि 'अरुण' अर्थ लेना अभीष्ट हो, तो इस अप्रसिद्ध अप्रस्तुत का सहारा लेना तो एक दोष होगा ही, "तन्वी श्यामा" और "श्यामाष्वङ्गम्" आदि से विरोध भी पड़ेगा। अत: 'सरस'—पाठ ही अधिक उचित है। सूखी कदली का स्तम्भ इस हल्की पाण्डिमा को छोड़कर गाढ़ा लाल होकर काला पड़ जाता है। ऊरूगत गौरता का कारण आच्छादित रहना—"ऊर्वोर्गौरत्वं च निवातवर्तित्वात्" (दक्षिणावर्तनाथ)। विद्युल्लता में और भी हेतु दिये गये हैं—सारोत्तरधरातलावस्थानात् समयावसेकाच्च अविदितशोषदण्डकदलीकाण्डवत् श्लक्ष्णवृत्तविपुलत्वसहचरितविमलवर्णविशिष्ट:। गौरवर्णत्वं च वरवर्णिनीनां गण्डमुकुरकुचमण्डलोरूकाण्डेषु स्मरेण यौवनोष्मणा च काव्येषु प्रसिद्धम्।" पाण्डुता का अन्य कारण विरहज्वर स्वयं है। 'सरसा च सा कदली च सरसकदली। सरसकदल्या: स्तम्भ: सरसकदलीस्तम्भ:। सरसकदलीस्तम्भ इव गौर: सरसकदलीस्तम्भगौर:। "उपमानानि सामान्यवचनै:" (2.1.55) इति समास:।'

1593 **सरसनिचुलात् (पू० 14.3.13.33)** सरस+जस्+निचुल+ङसि; बहुव्रीहि; विशेषण, पंचमी एकवचन; आर्द्रवानीरक्त:। सरसनिचुलादित्यत्र निचुलपदेन निचुलाभिधान: कश्चन कवि: विवक्षित:, यस्य सूक्ति: सुभाषिते श्रूयते—

संसर्गजादोषगुणा भवन्तीत्येतन्मृषायेन जलाशयोऽपि।
स्थित्वानुकूलं निचुलश्चलन्तं आत्मानमारक्षति सिन्धुवेगात्।। इति।

अनया निचुलोपवर्णनयन् तस्य कवेर्निचुलाभिधानत्वं आसीत् इति अनुसन्धेयम्। स तु निचुलकविरास्थानत: कालिदासस्य सूक्ती: सम्भावयति। तस्मात् सरसपदेन तं कविं स्तौति (प्रदीप); सरसा अशुष्का पल्लवपुष्पफलसहिता: निचुला: हिज्जलाख्यस्तरवो यत्र यत् तस्मात् (चरित्र); सरसा आर्द्रानिचुला: स्थलवेतसा: यस्मिंस्तस्मात्; वानीरे कविभेदे स्यात् निचुल: स्थलवेतसे' इति शब्दार्णवे; रसिक: निचुलो नाम महाकवि: कालिदासस्य सहाध्यायी पराणादितानां कालिदासप्रबन्धदूषणानां परिहर्त्ता; यस्मिन् स्थाने तस्मात्; संसर्गतो दोषगुणाभवन्तीत्येतन्मृषा येन जलाशयेऽपि। स्थित्वाऽनुकूलं निचुलश्चलन्तमात्मानमारक्षति सिन्धुवेगात्।। इत्येतत् श्लोकनिर्माणात् तस्य कवेर्निचुलसंज्ञा इत्याहु: (संजी०); विमलसलिलवहुलतया सतततरुणवेतसतरुविशेषात्। 'निचुलो हिज्जलोऽम्बुज:' इत्यमर:। एवच्च मदजलनिर्झरोद्गारमण्डितगण्डमण्डलतया चण्डतापविनोदनाय शीतलतमममुं प्रदेशमुद्दिश्य तेषामागमनं संभाव्यत इति व्यंजयति; इदानीमत्र वृष्टिर्नापेक्षिता, तत् गमन एवोद्युज्यतामिति वा; त्वत्कृतेदानीन्तनवर्षगनवीकृततरुतया यावदागमनमिह न शोषशङ्केति वा (विद्युल्लता)।

1594 **सरित: (पू० 43.1.3.3)** सरित्+ङस्; संज्ञा, षष्ठी, एकवचन; नद्या: (चरित्र०); नद्या: (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (4.24; 5.59) तथा कुमार० में एक बार (6.69) हुआ है।

1595 **सर्व:** (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 20.4.18.43; उ० 32.4.18.47.)** सर्व+सु; सर्वनाम, प्रथमा। प्रथमा, एकवचन; सर्वदा माननीयो सुहृत् भ्राता पिता वन्धुर्गुरूरित्यादिरपि (विद्युल्लता 20); सर्व: जन: (सुबोधा 20)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (7.59; 8.8) शाकु० में दो बार (105.1; 315.2) तथा ऋतु० में एक बार (6.25) हुआ है।

1596 **सर्वावस्थासु (उ० 47.2.7.17)** सर्वा+जस्+अवस्था+सुप्; कर्मधारय; संज्ञा, सप्तमी, वहुवचन; ग्रीष्ममध्यन्दिनावस्थासु (प्रदीप); ग्रीष्ममध्यदिनाषु (चरित्र०); सर्वकालेषु इत्यर्थ: (संजी०) ग्रीष्ममध्याह्नादिष्वपि सकलासु दशासु (पंचिका); पूर्वाह्नमध्याह्नपराह्नेषु (सुबोधा); सब अवस्थाओं में, सब स्थितियों में, सब भागों में, अत: सब ऋतुओं में। सारो० के अनुसार ग्रीष्म-मध्याह्नादिषु दशाषु' अर्थात् ग्रीष्म ऋतु के मध्याह्न आदि अवस्थाओं में। आदि पद से पूर्वाह्न (प्रात:) तथा अपराह्न (सांयकाल) ही लिये जा सकते हैं। दिन की ये

तीन अवस्थायें होती हैं। स्मरण रहे कि यक्ष ग्रीष्म अवसान और वर्षा के आरम्भ में ही मेघ द्वारा अपनी प्रिया के प्रति सन्देश भेज रहा था। ग्रीष्म में तो दिन वैसे ही लम्बे होते हैं। विरह ने उन्हें और भी अधिक लम्बा और गर्म बना दिया था। सर्वाश्च ता अवस्थाश्च सर्वावस्था:, तासु। मल्लिनाथ इसका अर्थ 'सर्वकाल' करते हैं। आशय यह कि ग्रीष्म, पावस आदि सभी ऋतुओं में दिन में उष्णता अत्यन्त मन्द ही रहे। इससे कवि का अभिप्राय यह विरहोष्मा को समृद्ध करने की शक्ति उसमें हर ऋतु में–विशेषत: वसन्त व ग्रीष्म में–क्षीणातिक्षीण होती जाय। भरतसेन ने इसका अर्थ प्रात:, मध्याह्न और सायंकाल किया है। उनका आशय यह कि दोपहरी में आतप अतिसमृद्ध हो उठता है। वह हर समय अतिमन्दातप रहे, तभी विरही को सहन करने में सुगमता होगी। पूर्णसरस्वती ने दोनों को उपयोग में लाने का सत्प्रयास किया है–"सर्वावस्थासु, ग्रीष्मे शरदि मध्याह्ने च।" यही उचित भी है।

कालिदास की कृतियो में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में एक बार (413.3) प्रथमा, हुआ है।

1597 सलिलगुरुभि (उ० 29.3.13.38) सलिल+भिस्+गुरु+भिस्; तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया; बहुवचन; अश्रुदुर्भरै: (संजी०); सवाष्पत्वात् गुरुभि: दुस्सहै: (पंचिका); क्रन्दनजलदुर्वहै: (सुबोधा)।

1598 सलिलनिधय: (पू० 34.4.16.44) सलिलनिधि+जश्; संज्ञा; प्रथमा, बहुवचन; समुद्रा: (चरित्र०); समुद्रा: (संजी०)।

1599 सलिलम् (पू० 65.1.2.16) जलम् (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में दो बार (3.2; 441.1) तथा ऋतु में एक बार (9.2) हुआ है।

1600 सलिलवसनम् (पू० 44.2.8.23) सलिल+सु+वसन्+अम्; संज्ञा; तत्पुरुष; द्वितीया, एकवचन; सलिलमेव वसनं वस्त्रम् (चरित्र); सलिलमेव वसनम् (संजी०); सलिलम् जलमेव वसनम् वस्त्रम् अथ च स्वच्छत्वात् सलिलवद्वसनं (सुबोधा)।

1601 सलिलशिशिरै: (उ० 6.1.2.4) सलिल+टा+शिशिर+भिस्; तत्पुरुष, विशेषण; तृतीया, बहुवचन; सलिलेन शिशिरै: शीतलै: (चरित्र०); सलिलेन शिशिरै; शीतल: (संजी०)।

1602 सलिलोद्गारम् (पू० 66.3.18.33) सलिल+अम्+उद्+गृ+अण्+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; सलिलं उद्गिरतीति सलिलोद्गार:। कर्मण्यण् (3.2.1) इति अणप्रत्यय: (प्रदीप); सलिलमुद्गिरति सलिलोद्गार:। कर्मण्यण् (3.2.1) तम् (चरित्र०); सलिलमुद्गिरतीति सलिलोद्गारं स्रवत्सलिलधारमित्यर्थ: (संजी०); जलोद्गारि। सलिलमुद्गिरतीति सलिलोद्गारं "ढात् षन्निति षण्" (सुबोधा); सलिलम् उद्गिरतीति सलिलोद्गारम्। यह 'अभ्रवृन्दम्' का विशेषण है।

1603 सवितु: (उ० 11.4.15.49) सवितृ+ङस्; संज्ञा, षष्ठी, एकवचन; आदित्यस्य (चरित्र०), सूर्यस्य (सुबोधा) √सू (प्रेरित करना, उत्पन्न करता)+तृच्+षष्ठी एक व० । प्रेरक, उत्पादक। भानुजि दीक्षित इसे √सू उत्पन्न करना धातु से व्युत्पन्न नहीं मानते। देखो अमरकोश 1.3.31 की सुधा व्याख्या। परन्तु उनका मत माननीय नहीं। ब्राह्मण-ग्रन्थों ने 'सवितृ' के उत्पादक गुण पर ही विशेष बल दिया है। देखो सविता वै प्रसविता (कौ० 6.14) आदि; तथा वै०ए० सं० 774। वेद में इसके अर्थ परमात्मा, सूर्य, अग्नि, प्रजापति, वरुण, विद्युत्, वायु, स्तनयित्नु चन्द्रमा, यज्ञ, पृथिवी, बादल, वेद, दिन, पुरुष, पशु, प्राण, मन, यकृत् (=तिल्ली), राष्ट्रपति आदि हैं। देखो–वै०को०, पृ० 584-585 प्रकृत पद्य में 'प्रकाश का उत्पादक सूर्य' अर्थ है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इनका प्रयोग ऋतु० (1.19; 5.15) में दो बार हुआ है।

1604 सव्यापाराम् (उ० 27.1.1.7) सह+व्यापार+टा+टाप्+अम्; अव्ययीभाव; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; सविनोदाम्। रात्रौ निर्विनोदां तव सखीं यथा विप्रयोगः पीडयति अहनि सव्यापारो न तथा पीडयेत्इत्यर्थः। (प्रदीप); पूर्वोक्तबलिचित्रलेखनादिव्यापारवतीम् (संजी०); व्यापारो गृहकृत्यं पूर्वोक्तविनोदो वा तेन सह वर्तमानम्। (सुबोधा०); दैनिक कार्य तो करने ही पड़ते हैं। उनमें व्यापृति के कारण उत्कण्ठा कम हो जाती है और कुछ काल के लिये विस्मृत भी। दिन में मनवहलाव के अनेक साधन भी हैं। विरहिणी यक्षपत्नी दिन में तो कुछ न कुछ काम कर ही लेती थी। इस कारण दिन के समय उसको विरह उतना नहीं सताता था, जितना कि रात को; क्योंकि रात को उसके पास मनोविनोद के लिए, करने को कोई काम ही नहीं होता था। भाव-साम्य के लिए देखिये—विक्रमो० III.4. 'कार्यान्तरितोत्कण्ठं दिनं मया नीतमति कृच्छ्रेण। अविनोददीर्घयामा कथं नु रात्रिर्गमयितव्या।।' और देखिये—शाकु० IV.15—'एषाऽपि प्रियेण विना गमयति रजनीं विषाददीर्घतराम्।'

सह व्यापारैर्वर्तत इति स्त्रियां सव्यापारा, ताम्। "तेन सहेति तुल्ययोगे (2.2.28) इति बहुव्रीहिः; "वोपसर्जनस्य" (6.3.82) इति सहस्य सः।" यहाँ व्यापार से दोनों अर्थ लिए जा सकते हैं—गृहकृत्य और ऊपर बताये गये विनोद। परन्तु अधिक अच्छा होगा यदि विनोद अर्थ लिया जाय। "प्रायेणैते रमणविरहेष्वङ्गनानां विनोदाः" के द्वारा बताये गये व्यापारों (दृष्टव्य—विनोदाः पद पर टिप्पणी) को यहाँ भी परामृष्ट करने में कवि का संरम्भ है; क्योंकि विपर्यास को प्रस्तुत करते समय 'निर्विनोदाम्' पद का प्रयोग किया गया है।

1605 सस्वरम् (उ० 50.2.15.19) स्वर+टा+सह+सु; अव्ययीभाव; अव्यय; सशब्दम् (प्रदीप); सशब्दम्, उच्चैरित्यर्थः (संजी०); सशब्दम् (पंचिका); **सत्वरम्**। शीघ्रम्। सत्वरमित्यत्र सस्वरमिति पठित्वा सध्वनीति व्याचक्षते केचित् (सुबोधा०); स्वरेण सहितं यथा स्यात् तथा: जोर से। **सस्वनम्**०—पा०भे० स्वनेन सहितम् यथा स्यात् तथा। यहाँ वाक्य में 'र' का अनुप्रास होने से 'सस्वरं' पाठ अच्छा है।

1606 सह (द्विवारं प्रयुक्तम्) (उ० 13.2.7.26; 17.3.13.26) समः। सहित।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सड़सठ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—रघु० (24), शाकु० (13), मालवि० (13), विक्रम० (8), कुमार० (6), ऋतु० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1607 सहचर (उ० 40.2.12.16) सहचर+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; पति (चरित्र०); भर्त्ता (संजी०); पति (पंचिका); प्रियो, सहचर इत्यनेन तदासक्तता सूचति (सुबोधा); साथी, जीवनसंगी, सुख-दुखः में एक समान। (तुलना करो—विवाह-संस्कार का सप्तपदीगमन। ऋ० 10.85.47; गोभिलगृह्यसूत्र 2.3.17.21 आदि।) इस पद के प्रयोग से यक्ष अपनी पत्नी के समान अधिकार और मित्र-भाव को प्रकट कर रहा है।

1608 सहचरे (उ० 22.2.9.18) सहचर+ङि; संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; सहचारिणि, अनेन वियोगासहिष्णुत्वं व्यज्यते (संजी०); पत्यौ (पंचिका); प्रिये (सुबोधा)।

1609 सहते (उ० 44.4.23.38) सह्+लट्; प्रथम पुरुष, एकवचन; क्षमते (चरित्र०); क्षमते (पंचिका); क्षमते (सुबोधा)।

1610 सहस्व (उ० 36.2.12.28) सह्+लोट्; मध्यम पुरुष, एकवचन; प्रतीक्षेथाः (चरित्र०); प्रतीक्षस्व, प्रार्थनायां लोट् (संजी०); प्रतीक्षेथाः मास्य तां बोधयेः (पंचिका); सहेथाः प्रतीक्षिष्यसे (सुबोधा); श्री काले के मत में

'सहेथा' (विधिलिङ्ग) से विनम्र प्रार्थना का प्रकाशन होता है। परन्तु यहाँ कवि नम्र प्रार्थना नहीं कर रहा है। वह तो पू०मे० 64 के समान आचरण का विधान कर रहा है। अतः सहस्व पाठ ही उपयुक्त है। इसका पाठान्तर 'सहेथाः' है। 'सहस्व' लोट् और 'सहेथाः' विधिलिङ्ग है। विधिलिङ्ग का प्रयोग साधुतर है, क्योंकि इसमें नम्र प्रार्थना है, न कि लोट् की तरह आज्ञा।

1611 **सहायाः (पू० 11.4.20.50)** सहाय+जस्; विशेषण, बहुवचन; सार्द्धम् (चरित्र); सयात्राः, 'सहायस्तु सयात्रस्स्यात्' इति शब्दार्णवे (संजी००); 'अनुप्लवश्यानुचरः सहायोऽभिसरः समाः' इत्यमरः। विरुद्धानामपि हंसानां सहायतोक्तिः, वर्षकलुषितजलाशयमात्रे तेषां द्वेषात् जलधरेण सह साक्षाद्विरोधाभावात् समानदेशगमनाच्चेति मन्तव्यम् (विद्युल्लता); सहचराः (सुबोधा); सह अयन्ते गच्छन्तीति सहायाः। पचादित्वादन्। **केचित्तु** ध्वनिनाऽत्रार्थान्तरमपि तद्यथा राजहंसा राजश्रेष्ठा आ कैलासात् पृथिव्यन्तं यावत् तव सहायाः सम्पत्स्यन्ते, निःस्वतया मृणालादिजीविनः, गर्जितं अन्येषां शत्रुभूपानामहङ्कारप्रधानतर्जनवचनं श्रुत्वा मानसेन उत्काः समुत्सुकाः कातरा उन्मनस इत्यर्थः, यद्गर्जितं महीम्। उद्यतानि शिलीन्ध्रवत् श्वेतानि छत्राणि यत्र तादृशी सैन्यातपत्रशतसंकुलां कर्त्तु प्रभवति, श्रवणसुभगं श्रोतुमशक्यम्। अयं भावः, विजिगीषवो राजानः सच्छत्रसैन्याः सन्तः परान् जेतुं वर्षास्वपि यान्ति तत्प्रतापात्तच्छत्रवः कैलासान्तं पलायिष्यन्ते; तदन्वेषिणः पथि कैलासपर्यन्तं तव सहाया भविष्यन्तीति मेघप्रोत्साहनम् (सुबोधा)।

1612 **सा (चतुर्वारं प्रयुक्तम् उ० 24.1.5.9; 32.1.1.1; 36.1.5.7; 39.1.7.13;)** तत्+टाप्+सु; सर्वनाम; प्रथमा, एकवचन; स्त्री (चरित्र 24); प्रेयसी (चरित्र 39); मत्प्रिया (संजी० 24); त्वत्सखी (संजी० 32); मत्प्रिया (संजी० 36); मत्प्रिया (संजी० 39); मत्कान्ता (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो सौ पचपन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शेष ग्रन्थों में इस प्रकार हुआ है—रघु० (73), कुमार० (46), शाकु० (15), विक्रम० (13), मालवि० (4)।

विस्तृत जानकारी के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1613 **साक्षात् (उ० 12.1.5.10)** अव्यय; प्रत्यक्षम् (चरित्र०); सखिस्नेहात् निजरूपेण (संजी०); प्रत्यक्षरूपेण न तु प्रतिमादिरूपेण (सुबोधा); सह अक्षेण (=इन्द्रियेण) साक्षः। तम् अतति इति साक्षात्। साक्ष+√अत्+क्विप्, स्वयं, सशरीर। देवाधिदेव महादेव जी अलका में प्रत्यक्ष रूप से विराजमान हैं, न कि प्रतिमारूप से। प्रतिमारूप से विद्यमान होते तो कोई बात न थी, मन्मथ अपने धनुष को डाल न देता। यहाँ पर तो विग्रहधारी स्वयं कामारि वर्तमान हैं, जिन्होंने कि—

> तपःपरामर्शविवृद्धमन्योर्भ्रूभङ्गदुष्प्रेक्ष्य मुखस्य तस्य
> स्फुरन्नुदर्चिः सहसा तृतीयादक्ष्णः कृशानुः किल निष्पपात।। 72।।
> क्रोधं प्रभो संहर संहरेति यावद् गिरः खे मरुतां चरन्ति।
> तावत् स वह्निर्भवनेत्रजन्मा भस्मावशेषं मदनश्चकार।। 73।।

—(कुमारसम्भव—3)

इन सारे अर्थों की व्यञ्जनायें बड़े ही निपुण ढङ्ग से पूर्णसरस्वती ने स्पष्ट की है—साक्षाद् भक्तजनध्यानपूजनार्थमवलम्बितेन पञ्चकृत्योपयुक्तपञ्चब्रह्मात्मकेन वपुषा न तु प्रतिमारूपेणेत्यर्थः। 'साधकस्य तु लक्षार्थं तस्यरूपमिदं स्मृतम्। तद्वपुः पञ्चभिर्मन्त्रैः पञ्चकृत्योपयोगिभिः।। इति।। ईशतत्पुरुषाघोरवा-माद्यैर्मस्तकमादिकम्' इति चागमत्।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सत्रह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—रघु० (6), कुमार (5), शाकु० (3), मालवि० (2)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पाकद की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1614 **सादरम् (पू० 36.1.5.11)** आदर+टा+सह+सु; अव्ययीभाव, विशेषण; अव्यय; सादरं यथा तथा, प्रियवस्तुसादृश्यत्वात् अतिप्रियत्वं भवेदितिभावः (संजी०); सानुरागं यथा स्यात् तथा (सुबोधा)। आकाश शिव की आठ मूर्तियों में से एक है (देखो शाकु० 1.1)। वहाँ नीले बादल छा जाने से गणों को आकाश में शिव का भ्रम होना स्वाभाविक है। अतः वे बादल को सादर देखते हैं।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में दो बार (129.9; 511.2) हुआ है।

1615 **सादृश्यम् (उ० 43.4.21.49)** सादृश्य+सु, संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; सदृशमेव सादृश्यम्। पूर्वोदाहृतानां सदृशवाचित्वात् (प्रदीपः); 'आलेख्येऽपि च सादृश्यमिति यादवः (चरित्र०); साम्यम् (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में (15.67) एक बार हुआ है।

1616 **साधु (पू० 17.1.3.30)** अव्यय; साधुयथास्यात् (चरित्र०); सम्यक् (संजी०); सम्यक् (विद्युल्लता); साधुमूर्ध्ना प्रशस्तशिरसा साधु यथा स्यात्तथा मूर्ध्ना (सुबोधा); भक्तिपूर्वम् (विद्युल्लता 46)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग बीस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में सात बार, मालवि० में छह बार, विक्रम० में तीन बार, कुमार० में दो बार तथा रघु० में एक बार हुआ है।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1617 **साधो (उ० 19.1.2.2)** साधु+सु; संज्ञा, सम्बोधन, एकवचन; साधो विद्वन् (प्रदीप); जलद (चरित्र०); निपुण, 'साधुः समर्थो निपुणो वा' इति काशिकायाम् (संजी०); हे शुद्धबुद्धे। साधो इत्यनेन परहितपरत्वं सूचितम् (सुबोधा); श० 14.12.23 में इसे √सिध् या √साध् से व्युत्पन्न माना है। देखो—वै०ए० 782; वै०को० पृ० 588. उ० 1.1 में इसे √साध् (साध्नोति धर्म्य कर्मेति साधुः सज्जनः दयानन्द की टीका) से सिद्ध किया है। अतः इसका अर्थ हुआ—'कुशल, प्रयत्न में सिद्धि प्राप्त करने वाला चतुर'। यही अर्थ यहाँ अभिप्रेत है। 'साधु' होने के कारण मेघ अपने प्रयत्न में अवश्य सफल होगा और यक्ष गृह को पहचान सकेगा।

साधु शब्द कई अर्थों में आता है—"साधुर्जैने मुनौ वार्द्धुषिके सज्जनरम्ययोः" (अनेकार्थसंग्रह)। इस शब्द का बड़ा ही उपयोगी विग्रह सिद्धान्तकौमुदी में प्रस्तुत किया गया है। प्रथम उणादि सूत्र है—"कृवापाजिमिस्वदिसाध्यशूभ्य उण्।" इसके अनुसार '√साध् संसिद्धौ (स्वादि०)' धातु से उण् प्रत्यय करने पर साध शब्द निष्पन्न होता है। भटटोजि दीक्षित का कहना है—"साध्नोति परकार्यं साधुः।" यहाँ मेघ के परकार्य-साधन में लगे होने के कारण कवि ने उसे यक्ष से 'साधु' सम्बोधन प्रदान कराया है। कवि ने घर की पहचानें बताकर यक्ष-सन्देश प्रापणरूपी परकार्य के साधन की दृष्टि से 'साधु' शब्द का सम्बोधन बहुत ही सुन्दर ढङ्ग से प्रयुक्त किया है। आचार्य आनन्दवर्धन ने ऐसे ही शब्दों को दृष्टिपथ में रखकर कहा था—"यत्नतः प्रत्यभिज्ञेयौ तौ शब्दार्थौ महाकवेः।"

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (2.62); तथा कुमार० (5.52) में एक-एक बार हुआ है।

1618 साध्वीम् (उ० 27.3.17.43) साध्वी+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; पतिव्रताम्, 'साध्वीपतिव्रता' इत्यमरः (संजी०); सुचरित्रां, पतिव्रताम् "सती साध्वी पतिव्रतेत्यमरः (सुबोधा); पतिव्रता होने के कारण तुम आधी रात को भी उसके पास जा सकते हो। इसमें कोई दोष न होगा। वह तुम्हारे साथ भद्र व्यवहार करेगी। रात का दुरुपयोग करने वाली तो पुंश्चलियाँ ही हुआ करती हैं, पतिव्रतायें नहीं। साधु शब्द से 'ङीप्' प्रत्यय लगने पर 'साध्वी' शब्द निष्पन्न होता है। साध्वी और पतिव्रता (अमरकोश)। एकान्त में आधी रात अकेली यक्ष से मिलने में भुवनविदित-वंश में उत्पन्न मेघ को सङ्कोच होना स्वाभाविक है। अतः इस पद का उपादान कवि ने किया है। पूर्णसरस्वती ने स्मृति का उद्धरण दिया है....."पतिप्रियहिते युक्ता स्वाचारा विजितेन्द्रिया। इह कीर्तिमवाप्नोति प्रेत्य चानुत्तमां गतिम्।।" यहाँ ऐसी ही जितेन्द्रिया साध्वी से आशय है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त रघु० में इसका प्रयोग दो बार हुआ है।

1619 सानुमान् (पू० 17.2.7.41) सानुमत्+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; पर्वतः (चरित्र०); पर्वतः (विद्युल्लता); सानुमत् शब्दः पर्वतपर्यायः, "सानुमान्निर्झरीगिरि" रिति **पुरुषोत्तमः**, किंवा सानुमान् प्रशस्तबहुसानुयुक्तः, प्रशंसायां भूम्नि च मतुप्। एतेन विश्रामयोग्यत्वमुक्तम् (सुबोधा); सानवः सन्ति अस्मिन् इति। सानु—चोटियाँ।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० में (510.3) तथा विक्रम० (124.6) में एक-एक बार हुआ है।

1620 सान्तर्हासम् (उ० 50.3.17.30) अन्तर्हास+टा+सह+सु; अव्ययीभाव, अव्यय; समन्दहासं यथातथा (संजी०); सगूढहासं यथा स्यात्तथा; सान्तर्हासमिति स्वप्नकार्यास्यायथार्थत्वात् (सुबोधा); अन्तर्हासेन सहितं यथा स्यात् तथा। अन्दर ही अन्दर हँसते हुए। क्योंकि जागकर उसे अपने भ्रम का ज्ञान हुआ और अपनी भूल पर लज्जा आई। अतः उपहास बनाकर अगले वाक्य को कहा। मन ही मन हँसती हुई, क्योंकि जिसे उसने स्वप्न में अन्य रमणी के साथ रमण करते देखा, उसे तो वह अपने ही गले लगाये हुए है। वह कुछ लज्जित-सी हुई और अपनी गलती पर मन ही मन उसे हँसी आ रही थी। "अन्तः हासः अंन्तर्हासः। सह तेन कथितं यथा स्यात् तथा, सान्तर्हासम्। प्रबोधानन्तरमेव प्रेमकाष्ठाप्रतिष्ठितनिजहदयातिशङ्काऽनुगुणोन्मेषेण स्वप्नदर्शनेन स्वस्याः प्रतारितत्वमवगम्य समुल्लासितमन्दस्मितमिति कथनक्रियाविशेषणम्।"—(विद्युल्लता)

1621 सान्ध्यम् (पू० 39.2.6.13) सन्ध्या+अण्+अम्; विशेषण, द्वितीया; एकवचन; सन्ध्यासम्बन्धी (चरित्र०); सन्ध्यायां भवं सान्ध्यम् (संजी०); सन्ध्याकालसंबन्धि (विद्युल्लता)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (2.23) है।

1622 साभिज्ञानप्रहितकुशलैः (उ० 52.3.10.64)अभिज्ञान+टा+सह+प्रहित+सु+कुशल+भिस्; बहुव्रीहि, विशेषण, तृतीया, बहुवचन; साभिज्ञानं सलक्षणं यथा तथा प्रहितं प्रेषितं कुशलं येषु तैः (संजी०); यक्ष अपनी प्रियतमा के साथ यह आशा रखता है कि जिस प्रकार मैंने सन्देश के साथ-साथ अभिज्ञान—पहिचान की निशानी—भेजी है, इसी प्रकार वह भी मेघ द्वारा अपना कुशल समाचार भेजती हुई कुछ अभिज्ञान भी देगी।

1623 साभ्रे (उ० 29.4.16.43)सह+ अभ्र+ङि; अव्ययीभाव; विशेषण, सप्तमी, एकवचन; मेघच्छन्ने (प्रदीप); नीरदाभिः युक्ते (चरित्र०); दुर्दिने (संजी०); समेघे (सुबोधा); अभ्रैः सह वर्तते इति साभ्रं, तस्मिन्। मेघों से आच्छादित। 'अह्नि' का विशेषण है।

1624 सारङ्गाः (पू० 21.4.17.36) सारङ्ग+जस्, संज्ञा, प्रथमा बहुवचन; हरिणाः। "चातके हरिणे पुंसि सारङ्ग शबले त्रिषु" इति सिंहः। निर्मनुष्येषु अरण्येषु हरिणास्तवाभिनववृष्टिपातोद्भूतं नीपं दृष्ट्वा तथा अनुकच्छं

कन्दलीश्च जग्ध्वा उर्व्या अधिकसुरभिं गन्धं आघ्राय च त्वद्गमनमार्ग त्वदागमनोत्सुकेभ्यः पथिकेभ्यः सूचयिष्यन्ति। ये पुनः सारङ्गशब्देन 'चातकहरिणगजा विवक्षिता' इति व्याचक्षते, तेषां तु मतमुपेक्षणीयम्, सारङ्गशब्दस्य गजवाचित्वादर्शनात्। 'सारङ्गः शवलो वर्णश्चातकः षट्पदोमृगः' इति यादवः। किञ्च एकस्यैव शब्दस्य युगपदनेकार्थत्वस्य भिन्नक्रियासमन्वस्य च क्लिष्टत्वात् कन्दलीश्चेत्यत्र समुच्चयानुपपत्तेश्चेत्यलमतिप्रसङ्गेन (प्रदीपः); चातकभृङ्गकुरङ्गमतङ्गजाः। सारङ्गश्चातके भृङ्गे मृगेऽपि च मतङ्गजे' इति मेदिनीकारः (चरित्र०); सारङ्गाः मतङ्गजाः। कुरङ्गाः भृङ्गा; सारङ्गश्चातकके भृङ्गे कुरङ्गे च मतङ्गज' इति विश्वः (संजी०); सारङ्गशब्देनात्र चातकमधुकरहरिणास्त्रयोऽप्यर्थास्त्रिपु वाक्येपु क्रमात्तन्त्रेणोच्यन्ते। 'सारङ्गः शवलो वर्णश्चातकः षट्पदो मृगः' इति वैजयन्ती। तत्र चातकानां कदम्बकुड्मलखण्डनम्, षट्पदानां कन्दलीमुकुलदलनम्, मृगाणां दग्धस्थलपरिमलाघ्राणम्। अथवा पूर्ववाक्येऽपि भ्रमराणामेव कर्तृत्वम्, चातकानां कदम्बचुम्बनस्याप्रसिद्धत्वात्, उत्तरवाक्ये क्रियान्तरोक्तेर्तरिणानाम्। 'घ्राणे तु सारङ्गा गजा' इति केचित्, 'करीवसिक्तं पृपतैः पयोमुचां शुचिव्यपाये वनराजिपल्वलम्' इत्युक्तत्वात्। अत्र प्रमाणं मृग्यम् (विद्युल्लता); सारङ्गाश्चातकाः पक्षिणः (सुबोधा); व्याख्यान्तरञ्च कुर्वन्ति, तद्यथाः सारङ्गाश्चातका हरिणा मातङ्गाश्च एकशेपेण वाच्याः उक्तञ्च–

"मृगचातकमातङ्गाः सारङ्गा संप्रकीर्तिता" इति।

अन्यच्च "सारङ्गः शवले ख्यातश्चातके हरिणे गजे" इति।

सारं जलं गायन्ति जलं देहीति वदन्तीति सारङ्गाश्चातकाः ऊर्ध्वचरित्वात् नीपं दृष्ट्वा जलकणप्रत्याशया तव मार्ग सूचयिष्यन्ति सारं बलवद्गच्छन्तीति सारङ्गा हरिणाः, अधश्चारित्वात् कन्दलीर्दृष्ट्वा सूचयिष्यन्ति, ता हि तेभ्योऽतिरोचन्ते। सारमुत्कर्ष गच्छन्तीति सारङ्गा गजाः, अन्तरालचालित्वात् उर्व्यागन्धमाघ्राय सूचयिष्यन्ति। स हि तेभ्योऽतिरोचते। त्रय एवैते मेघानुसारिणः, तथाहि, चातको मेघजलपरः प्रसिद्ध एव, मृगाश्च तृषिता मरीचिकामप्यनुसरन्ति के पुनर्मेघम्। गजाश्च दावपीडिताः शुष्कसरः पङ्कप्रवेशमपि कुर्वन्ति मेघानुसरणं पुनः किं वाच्यम्। सर्वेषां त्वामुपकारीति तात्पर्यम् (सुबोधा); **केचित्तु** सारं मधुरं गायन्तीति भ्रमराः तेऽपि कदम्बमर्धविकसितं दृष्ट्वा सम्पूर्णमधुलाभाशया तव मार्ग सूचयिष्यन्ति। "सारङ्गाश्चातके भृङ्गे कुरङ्गे च मतङ्गजे" इति **विश्व** इत्याहुः (सुबोधा)।

मल्लिनाथ के अनुसार सारङ्ग शब्द के तीनों अर्थ भौंरे, हिरण और हाथी, इस श्लोक में लिये गये हैं (अग्र०) उ० 1.122 के अनुसार यह √सृ (जाना) से बनता है। सरति गच्छति इति सारङ्गः। कात्यायन ने इसे सार+अङ्ग से 'पशु' और 'पक्षी' अर्थों में सिद्ध किया है। 'साराणि अङ्गानि सारम् अङ्गं वा यस्य'। यह विग्रह प्रकरणोपयोगी है। सार पद बलवान्, स्थिर, मधुर आदि अर्थों में आता है।

यहाँ पर 'सारङ्गाः' पद के तीन अर्थ टीकाकारों ने माने हैं। उनके अनुसार भौंरे नीप को देखकर, हरिण कंदली के विकास को देखकर और हाथी पृथिवी की गन्ध को देखकर मस्त हो जाते हैं। यह कहा जाता है कि 'सारङ्ग' पद हाथी के अर्थ में नहीं आता। परन्तु यह उचित नहीं जान पड़ता। श्री मोनियर विलियम्स ने अपने संस्कृत-अंग्रेजी कोष के पृ० 1208 कालम 3 में इस अर्थ को स्वीकार किया है। श्री आप्टे ने भी इस अर्थ को माना है। यद्यपि इस स्थल पर वे इस पद को हरिणवाची ही लेना उचित समझते हैं। अतः इसे तीनों अर्थों में लेना उपयुक्त है और भाव के सौन्दर्य को बढ़ाता है। कालिदास ने रघु० 17.15 में इसे चातक के अर्थ में प्रयुक्त किया है। कुछ विद्वानों ने इसका अर्थ 'मोर' भी किया है। यह अर्थ भी प्रकरण में परम उपयुक्त है। मोर मेघागमन पर मस्त हो जाता है और कूकने लगता है। वाक्य में मोरों और चातकों का सम्बन्ध 'गन्धमाघ्राय' से ही किया जा सकता है। यह सम्बन्ध बहुत रोचक नहीं है। अतः अनुवाद में इन अर्थों को ग्रहण नहीं किया गया है। अपि च—इन अर्थों को लेने पर 'कोयल' अर्थ का

व्यावर्तन सम्भव नहीं था। वर्षा ऋतु में उसका भी महत्त्व और प्राधान्य है। कवि को ये तीनों अर्थ अभिप्रेत प्रतीत नहीं होते। मोरों का वर्णन पद्य 23 में हुआ है। यहाँ करने में पुनरावृत्ति हो जाती है। श्री पाठक का मत है कि कालिदास ने सारङ्ग का प्रयोग अधिकतर हरिण के अर्थ में किया है। अत: वही एक अर्थ यहाँ लेना चाहिए। हम उनकी इस युक्ति से सहमत नहीं।

मल्लि० इस शब्द से 'हाथी' या 'हरिण' अर्थ लेता है। सुमति० कहता है कि इससे 'भ्रमर' अर्थ भी लिया जा सकता है। सारोद्धारिणी के अनुसार इससे उपर्युक्त तीनों अर्थो के अतिरिक्त 'चातक' पक्षी भी अर्थ है। वल्लभ इससे 'मोरों' का अर्थ लेता है, परन्तु अपने पक्ष की पुष्टि में कोई प्रमाण नहीं देता। सरस्वती तीर्थ कहता है कि इस श्लोक में सारङ्गा शब्द से हरिण ही लिए जा सकते हैं। केवल यही एक अर्थ ठीक प्रतीत होता है, क्योंकि कालिदास 'सारङ्ग' शब्द का सामान्यत: 'हरिण' के अर्थ में प्रयोग करता है। देखिये—अभि० शाकु० 1.5 एष राजेव दुष्यन्त: सारङ्गेणातिरंहसा। विक्रमोर्वशीय के IV अङ्क, में भी देखिये—इमं तावत्प्रियावृत्तिनिमित्तं सारङ्गमासीनमभ्यर्थये'। चातक के अर्थ में भी कालिदास 'सारङ्ग' का प्रयोग करता है, परन्तु बहुत कम। देखिये—रघु० XV 11.15 'प्रवृद्ध इव पर्जन्य: सारङ्गैरभिनन्दित:'। पाणिनि के अनुसार इस शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है—(सार+अङ्ग=सारङ्ग)। यह बहुव्रीहि समास है। टीकाकारों ने इसके हाथी, भ्रमर, चातक अर्थ लेकर सारं सलीलं गच्छति (हाथी); सारं मधुरं गायति (भ्रमर, चातक, मोर); इस तरह 'सारङ्ग' शब्द की व्युत्पत्ति की है, जो व्याकरण की दृष्टि से काल्पनिक ही है।

1625 **सारयन्तीम्** (उ० 31.3.17.30) सृ+णि्+शतृ+ङीप्+अम्, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; परामृशन्तीम् (प्रदीप); अपसारयन्तीम् (चरित्र०); प्रसारयन्तीम् (सञ्जी०); आलोकार्थमपास्यन्तीम् (पञ्चिका); स्वस्थानं नयन्तीम् (सुबोधा)।

1626 **सारयित्वा** (उ० 25.3.14.37) सृ+णिच्+क्त्वा; अव्यय; करेण परामृश्य (प्रदीप); पाणिना संस्पृश्य (चरित्र०); आर्द्रत्वापहरणाय करेण प्रमृज्य, अन्यथा क्वणनासम्भवादिति भाव: (संजी०); योजयित्वा (पंचिका); मार्जयित्वा, घातयित्वा (सुबोधा); मल्लिनाथ—आँसुओं के पानी को हाथ से पोंछ कर; वल्लभ—जोड़कर (=योजयित्वा, श०रा०—सुखाकर अथवा सस्वर करके। वस्तुत: यहाँ ये सब ही अर्थ लगेंगे। आँसू पोंछकर, सुखाकर, तार कसकर, स्वर निकालकर। इतनी क्रियाओं में ही 'कथंचित्' (=जैसे-तैसे, बड़ी कठिनता से) के प्रयोग की सार्थकता है। तारों के गीलेपन दूर करने के लिए उनको पोंछ कर। वल्लभ ने इसका अर्थ 'योजयित्वा'—ठीक-ठीक करके—किया है। लक्ष्मीनिवास भी वल्लभ के ही अर्थ का अनुसरण करते हैं। मोरेश्वर काले 'कथञ्चित्' शब्द का आश्रय लेकर 'सारयित्वा' का अर्थ—'ठीक-ठाक करके' (Adjust) ही उचित समझते हैं।

वल्लभदेव ने 'सारयित्वा' का अर्थ 'योजयित्वा' अर्थात् मिलाकर। बजाने के पूर्व वीणा के तार मिलाये जाते हैं और तब ग्राम मूर्च्छना आदि उस पर प्रस्तुत की जाती है। चरित्रवर्धन का भी यही आशय है। उनका कथन है—"सारयित्वा पाणिना संस्पृश्य"। दक्षिणावर्तनाथ का भी यही अभिप्राय प्रतीत होता है। उन्होंने भी लिखा है—"सारयित्वा करेण परामृश्य।" परन्तु मल्लिनाथ ने 'आर्द्रा: तन्त्री:' को पोंछने का भाव प्रस्तुत किया है—"सारयित्वा, आर्द्रत्वापहरणाय करेण प्रमृज्य अन्यथा क्वणनासम्भवादिति भाव:।' आँसुओं से तार गीले हो उठे। इसी से आवश्यकता इसकी पड़ी कि उसे पोंछा जाय अन्यथा तार बजेंगे नहीं। वस्तुत: आँसू की बूँदों का तारों के ऊपर टिके रहने का सवाल ही नहीं उठता। तार पर से वे स्वयं झड़ जायेंगी। यदि कोई रह भी गई, तो जैसे ही कोई उन्हें उँगलियों से या मिजराब से छेड़ना आरम्भ करेगा। वह तुरन्त झड़ जायगी। वे सूत के तार नहीं होते, जो आँसू की बूँदों से भीग जायँ या गीले हो जायँ। भरतसेन ने दोनों

अर्थों को स्वीकार किया है—"सारयित्वा मार्जयित्वा घातयित्वा वा"। यहाँ पर तारों को छेड़-छेड़ कर मिलाने से ही आशय है। 'धातु पा०' के अनुसार भी "√सार-कृप-श्रया दौर्बल्ये" (चुरादि०)। 'सारयित्वा' की धातु दुर्बल बनाने के अर्थ में है। जब तन्त्री कस दी जाती है, तो वह दुर्बल हो उठती है। यदि जोर से मिजराव या उँगली लग जाय या थोड़ी भी और खूँटी उमेठ दी जाय, तो वह तुरन्त टूट जायगी। इसलिए यहाँ 'सारयित्वा' का अर्थ 'कसकर' या 'मिलाकर' ही समीचीन माना जाना चाहिए। 'कथञ्चिद्' अव्यय की भी तभी सार्थकता है; अन्यथा पोंछने में क्या कठिनाई हो सकती है?

1627 **सारसानाम् (पू० 32.1.5.9)** सारस+आम्; संज्ञा; षष्ठी, बहुवचन; पक्षिभेदानाम् (चरित्र०); पक्षिविशेषाणाम्; 'सारसो मैथुनी कामी गोनर्दः पुष्कराह्वयः' इति यादवः यद्वा सारसानां हंसानाम्, 'चक्राङ्गः सारसो हंस' इति शब्दार्णवे (संजी०); सारसाः वन्दिनः, तेषाम् (विद्युल्लता); पक्षिविशेषाणाम्, सारसरुतेन प्रार्थयते इत्येतेः; प्रियतमोऽपि सारसादिरुतमातनोति, यदुक्तं

"हारीत-पारावतसारसानां रुतं विदध्यात् कलकूजितादी" ति (सुबोधा); किंवा सह आरसेन सम्यक् रसेन वर्तते इति सारसाः स्त्रियः, तासां कण्ठकूजितं प्रतिकूजितेन दीर्घीकुर्वन्, मिथुनस्यैव सारसादिरुतकारितोक्तत्वात्। (सुबोधा)।

1628 **सारस्वतीनाम् (पू० 52.3.15.34)** सरस्वती+अण्+ङीप्+आम्; विशेषण; षष्ठी, बहुवचन; सरस्वत्या नद्या इमाः सारस्वत्यः तासाम् (संजी०); सरस्वत्यास्यमहानदीसंबन्धिनीनाम् (विद्युल्लता); सरस्वतीनाम् नदीसम्बन्धिनीनाम्। सरस्वत्या इमाः सारस्वैत्यस्तासां, ष्णः। बलभ्रदः वसुदत्तनामानं ब्राह्मणं हतवान्। तदवसरे कुरुपाण्डवानां युद्धम् प्रवृत्तम्। तदा यद्यत्र मया अवस्थीयते कुरुपाण्डवानां युद्धार्थ निमन्त्रणं दुष्परिहरम्। मया बन्धुवधो न कर्तव्यः। अत एवास्मिन्नेवावसरे ब्रह्मवध प्रायश्चित्तं क्रियते इति विचिन्त्य बलभद्रः प्रायश्चित्तार्थ प्रतिस्रोतः सरस्वतीं जगाम। तथाच भारतम्—

'ब्रह्महत्यापनोदाय प्रयतो नियतेन्द्रियः।
मृदूर्भूत्वाऽन्वसरत प्रतिस्रोतः सरस्वती' मिति।।

बलभद्रस्य सारस्वतजलाधिगमात् तादृशपापक्षयोऽभूत्। अतएव तदधिगमेन पापक्षयात् त्वमपि शुद्धो भविष्यसीति गतौ प्रलोभनम् (सुबोधा); सरस्वत्याः इमाः इति सारस्वत्यः, तासाम्। सरस्वती—वेदों में यह एक बड़ी नदी के रूप में वर्णित की गई। अब यह मरुभूमि में ही लुप्त हो जाती है। लोकविश्वास है कि यह प्रयाग में गुप्त रूप से गंगा और यमुना से मिलती है। इसे कुरूक्षेत्र में विशेष रूप से पवित्र माना गया है—

'गंगा कनखले पुण्या कुरुक्षेत्रे सरस्वती।

ग्रामे वा यदि वाऽरण्ये पुण्या सर्वत्र नर्मदा।।' यह वाणी की देवता भी है। सरस्वती भारत की पवित्र नदियों में से एक नदी है। यह हिमालय के दक्षिण भाग से निकल कर कुरुक्षेत्र के कुछ उत्तर पश्चिम में बहती हुई महान् मरुस्थल में लीन हो जाती है।

1629 **सारिकाम् (उ० 24.3.6.40)** सारिका+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; सारिका इति व्यक्तवाक् कापि चटकविशेषस्त्री। 'वाचाला मुखरा सारी' इति यादवः। (प्रदीप); स्त्रीपक्षिविशेषाम् (संजी०); पक्षिविशेषं (सुबोधा); मैना को। प्राचीन काल में विरहिणी स्त्रियाँ अपने अकेलेपन को भुलाने के लिए मैना अथवा तोते आदि को पालती थीं और उनसे वार्तालाप कर विरहकाल में विनोदन किया करती थीं। यह बात 'शुकसप्तति' या 'तोता-मैना के किस्से' से स्पष्ट है। सारिका (मैना) स्त्रियों का प्रातिनिध्य करती है, तो शुक पुरुषों का। सारिका पुरुषों के दोष और शुक स्त्रियों के दोष का उद्भावन करते रहते हैं। विल्सन महोदय के शब्दों में—"स्त्रियाँ पालतू जानवरों को रखने के लिए हमेशा प्रसिद्ध ही हैं और यह बात क्या पूर्व और

क्या पश्चिम एवं क्या प्राचीन काल और क्या वर्तमान—सर्वत्र ही प्रचलित है।" इस सम्बन्ध में देखिये—रघु० V 'अनुवदति शुकस्ते मंजुवाक् पञ्जरस्थ:'।

1630 **सार्द्धम्** (द्विवारं प्रयुक्तम्) (उ० 10.2.8.39; 28.3.14.47) अव्यय; सह (संजी० 10); सह, (सुबोधा);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चौदह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शाकु० में इसका प्रयोग नौ बार मालवि० में दो बार तथा कुमार० में एक बार हुआ है।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश:'।

1631 **सास्रेण** (उ० 41.2.6.13) अस्र+टा+सह+टा, अव्ययीभाव, विशेषण, तृतीया, एकवचन; वाष्पयुक्तेन (चरित्र०); साश्रुणा (संजी०), सनेत्रजलेन (सुबोधा); अस्रै: (आँसू) सह वर्तते इति साश्रम्, तेन। आँसुओं से पूर्ण। तृतीयान्त 'सास्रेण' यक्ष के शरीर का विशेषण है। इस सम्बन्ध में देखिये उत्तरमेघ 45—'अस्रैस्तावन्मुहुरुपचितैर्दृष्टिरालुप्यते मे' इससे विरह में यक्ष का अश्रु-प्रवाह बताया गया है।

1632 **सिञ्चन्** (पू० 27.1.5.16) सिञ्च्+शतृ+सु; कृदन्त; प्रथमा, एकवचन; आर्द्रीकुर्वन्; अत्र सिञ्चतेरार्द्रीकरणत्वात् द्रवद्रव्यस्य करणत्वम् यत्र तु क्षरणमर्थ: तत्र द्रवद्रव्यस्य कर्मत्वम् यथा 'रेत: सिक्त्वा कुमारीषु' 'सुखैर्निषिञ्चनमिवामृतं त्वचि' इत्येवमादि:, एवं 'किरतौत्यादिनामपि रज: किरति मारुत:' 'अवाकिरन्वयोवृद्धास्तं लाजैर्परियोषित' इत्यादिषु अर्थभेदाश्रयणेन रजो लाजादीनां कर्मत्वकरणत्वे गमयितव्ये (संजी०); 'निषिञ्चन्' इति पाठ:। उत्पादयन अथवा नितरां सिंचन्। 'सुखैर्निषिल्चत्तसिवामृतं त्वचि' इत्यत्र सिञ्चतेरमृतं कर्मीभवति। अत्र तु जालकानीति? मैवम्, किरतिसिश्चत्यादीनां कुसुमजालादीनि कदाचित्करणीभवन्ति कदाचित्कर्मीभवन्तीति परिहार: (विद्युल्लता);

निषिञ्चन्—नि+√सिच्+पु० प्रथमा एक०व०। सींचते हुए। जब √सिच् √कृ० √वृष् आदि धातुओं का अर्थ 'खूब भिगोना' होता है। तब इनके योग में तृतीया आती है और जब केवल 'छिड़कने' का भाव हो तो द्वितीया आती है। अत: नवजलकणै: में तृतीया 'जोर की वर्षा' का भाव प्रकाशित करती है।

1633 **सितमणिमयानि** (उ० 5.1.3.5) सितमणि+मयट्+शस्; विशेषण, द्वितीया, बहुवचन; सितमणि: स्फटिकमणि: स्फटिकमणि:। स्फटिकमणीनां प्रसादवत्तया रात्रिषु प्रतिविम्वातिशय:सम्भवतीत्यनुसन्धेयन् (प्रदीप); स्फटिकमणि-रचितानि (चरित्र०); स्फटिकमणिमयानि, चन्द्रकान्तमयानि वा (संजी०); स्फटिकानि (पंचिका); स्फटिकहीरक-घटितानि। सिता विशुद्धा मणय: पद्मरागमरकतादय: सितमणिविशुद्धरत्नं सामान्यस्य विशेषपरत्वात् इन्द्रनीलमणिरिति केचित्। "सितं विशुद्धमाख्यातं सितं शुक्लमुदाहतम्।।" इति रान्त: (सुबोधा);

सिताश्च ते मणय:, तेषां विकार:, तानि, सितमणिमयानि। सितमणि०—स्फटिकमणि। कैलास पर्वत स्फटिक मणि का है। अलका उसकी गोद में बसी हुई है। अत: वहाँ के मकानों में ईंट, पत्थर आदि के स्थान पर स्फटिकमणि का ही प्रयोग हुआ । सितमणि का अर्थ सफेद मणि होता है। इससे या तो स्फटिक (crystal) लिया जा सकता है अथवा चन्द्रकान्त। पहले अर्थ के अनुसार 'हर्म्यस्थल' स्फटिकमणि (बिल्लौर) के बने हुए थे और दूसरे अर्थ के अनुसार वे चन्द्रकान्तमणि (Moonstone gem) से निर्मित थे। देखिये—कुमार०—VI.42 'यत्रस्फटिकहर्म्येषु नक्तमापानभूमिषु। ज्योतिषां प्रतिविम्वानि प्राप्नुवन्त्युपहारताम्।।' मयट् यहाँ पर विकार के अर्थ में आया हुआ है। 'सित' का अर्थ जैसा कि भरतमल्लिक की टीका में उद्धृत 'रन्तिकोश' से स्पष्ट है, शुक्ल लेना ही अधिक उपयुक्त है। 'मणि' से यहाँ अभिप्राय 'पत्थर' से है। 'विश्वप्रकाश' में बताया गया है—"मणि: स्त्रीपुंसयोरश्मजातौ मुक्तादिकेऽपि च।" सफेद पत्थर अर्थात् संगमरमर से बने हुए महलों के स्थलकुट्टिम है। मल्लिनाथ इससे 'चन्द्रकान्त' अथवा 'स्फटिक' अर्थ लेते हैं। ये अर्थ उदात्तालङ्कार की दृष्टि से उपयोगी हो सकते हैं। भरतमल्लिक 'सित' का अर्थ 'विशुद्ध' लेकर

फर्श की सफेदी हटा देते हैं; क्योंकि 'ज्योतिष्' जैसे श्वेत पदार्थ का प्रतिबिम्ब पद्मराग या मरकत आदि पर ही पड़ सकता है। परन्तु प्रतिबिम्बग्राहकता सङ्गमरमर में कतई नहीं कम होती और न स्फटिक में ही। शङ्खक्षीरन्याय के विरुद्ध स्फटिक, दर्पणादि को ध्यान में रखकर उन्हें संगमरमर के प्रतिबिम्ब–ग्राहकता की कल्पना कर लेनी चाहिए थी।

1634 **सिद्ध: (उ० 12.4.21.66)** सिध्+क्त+सु; क्रिया; प्रथमा, एकवचन; सिद्धो भविष्यतीत्यर्थ: (प्रदीप); निष्पन्नो भवेत् (चरित्र०); निष्पन्न: (संजी०)।

1635 **सिद्धद्वन्द्वै: (पू० 48.2.6.20)** सिद्ध+आम्=द्वन्द्व+भिस्; तत्पुरुष, संज्ञा, द्वितीया, बहुवचन; स्कन्दमुपवीणयितुं आगच्छद्भिरिति भाव: (प्रदीप); मिथुनै: (चरित्र०); सिद्धमिथुनै: (संजी०), भगवन्तं स्कन्दमुपवीणयितुमागतैरिति भाव: (संजी०); सिद्धमिथुनै: (विद्युल्लता), सिद्धमिथुनै: (सुबोधा)।

1636 **सिद्धा: (पू० 22.3.12.33)** सिद्ध+जस्; संज्ञा (विशेषण) प्रथमा, बहुवचन; सिद्धपुरुषा: (सुबोधा); सिद्धा इह लब्धसिद्धाञ्जनगुटिकादिसिद्धय इति **टीकाकार:**।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में एक बार (1.5) हुआ है।

1637 **सिद्धै: (पू० 58.2.7.19)** सिद्ध+भिस्; संज्ञा; तृतीया, बहुवचन; सिद्धसंघै: (चरित्र०); योगिभि:; 'सिद्धिर्निष्पत्ति-योगयो:' इति विश्व: (संजी०) देवयोनिविशैषै:। अथवा कपिलादिभि: परमयोगिभि: 'सिद्धानां कपिलो मुनि:' इति भगवद्वचनात् (विद्युल्लता); प्राप्तसिद्धिभि: (सुबोधा); यहाँ पर यह पद 'देवयोनिविशेष' का भी वाचक हो सकता है और योग द्वारा शक्तियाँ प्राप्त करने में मग्न व्यक्तियों (=योगियों) का भी। यहाँ सिद्ध शब्द से किन्नर न लेकर वे लोग लिए गये हैं, जो योगाभ्यास में लीन हैं और साधना के द्वारा सिद्धि तथा अलौकिक शक्ति को प्राप्त करते हैं। इसी कारण उन्हें योगी और सिद्ध–पुरुष भी कहते हैं। हिमालय ऐसे सिद्धों अथवा योगियों के लिए अभीष्ट स्थान है।

1638 **सिन्धु: (पू० 30.1.4.20)** सिन्धु+सु; संज्ञा, प्रथमा एकवचन; सिन्धुर्नदी, अत्र देशे सिन्धुरिति कापि नदी नास्ति: काश्मीरेषु सिन्धु: प्रवहति इति अनुसन्धेयम् (प्रदीप); तामतीतस्य इति पाठमादृत्य सिन्धुरिति नद्यन्तरं उच्यते इति केचित् वदन्ति। तदानीं अर्थश्चापुष्ट: (प्रदीप); सिन्धुर्निर्विन्ध्या (चरित्र०); नदी, निर्विन्ध्या; 'स्त्रीनद्यां ना नदे सिन्धुर्देशभेदेऽम्बुधौ गजे, इति वैजयन्ती (संजी०); सिन्धुर्नाम कश्चिन्नद: काश्मीरदेशेऽस्ति, नदी तु कुत्रापि नास्ति इति उपेक्ष्यम् (संजी०); सिन्धुरिति नाम्ना प्रसिद्धा कापि नदी (विद्युल्लता); सिन्धुनाम्नी नदी नायिकेव (सुबोधा); नद्या: कृशत्वं स्वल्पजलता, प्रोषितभर्तृकासाधर्म्यात् प्रोषितभर्तृकेयं नदीति श्लेष:। तथाच

"नानाकार्याभिसम्बन्धाद् यस्या विप्रोषित: पति:।
सा रुक्षालकवेणी भवेत् प्रोषितभर्तृके" ति।। (सुबोधा)

अयं भाव; यथान्या कामिनी नायकविरहे वेणीं बध्नाति पाण्डुकान्तिं वहति तनुत्वं धारयति तथेयं नदी भवद्विरहे, यथा नायक: समागम्य तादृश्या नायिकायास्यत् सर्व दूरीकरोति तथा त्वमस्या इति। किञ्च तरया अनुकम्पनीयतां दर्शयता स्वकान्ताया अपि कृपापात्रता कटाक्षिता (सुबोधा); मल्लिनाथ ने 'तामतीतस्य' का खण्डन करते हुए लिखा है–'तामतीतस्य' इति पाठमाश्रित्य सिन्धुर्नाम नद्यन्तरमिति व्याख्यानं तु सिन्धुर्नाम कश्चिन्नद: काश्मीरदेशेऽस्ति। नदी तु कुत्रापि नास्तीत्युप्रेक्ष्यम्, अर्थात् निर्विन्ध्या के अतिरिक्त सिन्धुनाम की कोई और नदी है, यह अर्थ ठीक नहीं; क्योंकि 'सिन्धु' कोई नदी नहीं है, किन्तु एक महानदी है, जो कश्मीर में ही बहती है, न कि मालवा में। मल्लि० के पाठानुसार "असौ सिन्धु" यह नदी (निर्विन्ध्या) अर्थ होता

है। मल्लि० के अनुसार 'सिन्धु' शब्द यहाँ नदी सामान्य का वाचक है, न कि नदी-विशेष का। इसके समर्थन में मल्लि० ने वैजयन्ती का "स्त्री नद्यां नदे सिन्धुर्देशभेदेऽम्बुधौ गजे" यह उद्धरण दिया है, किन्तु मल्लि० के पाठ की अपेक्षा 'तामतीतस्य सिन्धुः' यह पाठ अच्छा प्रतीत होता हैं; क्योंकि मालवा में काली सिन्ध नाम की एक नदी भी है, जो चम्बल नदी में आ मिलती है। इसका समर्थन सारोद्धा, और सुमति० के द्वारा हो जाता है। इसके अनुसार 'सिन्धु' शब्द से यहाँ इसी नदी विशेष का ग्रहण होता है, न कि निर्विन्ध्या का। मल्लि० को सम्भवतः इस 'काली सिन्ध' नाम की नदी का पता नहीं था। इसके अतिरिक्त कवि ने 'सिन्धु' को कम जलवाली (प्रतनु सलिला) कार्श्य—प्राप्त और एक धार में बहने वाली (वेणीभूत०) बताया है, किन्तु निर्विन्ध्या को बड़े वेग से क्षुब्ध (वीचिक्षोभ०) चट्टनों से टकराती गिरती (स्खलितसुभग) और भँवरों से भरी हुई (दर्शितावर्तनाभेः) बतलाया है। अतः यहाँ सिन्धु' नदी 'निर्विन्ध्या' नदी से भिन्न ही है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत शब्द का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग० रघु० (4.35) कुमार० (5.85) तथा शाकु० (5.22) में एक-एक बार हुआ है।

1639 **सिन्धोः (पू० 49.2.8.14)** सिन्धु+ङस्; संज्ञा; षष्ठी, एकवचन; चर्मण्वत्याः (चरित्र०); चर्मण्वत्याख्यायाः (संजी०) नद्याः (विद्युल्लता); नद्याश्चर्मण्वत्याः (सुबोधा); चर्मण्वती नदी की। यहाँ सिन्धु पद 'सामान्य नदी' वाचक है। इसे पद्य 30 की 'सिन्धु' समझना भूल है। समान रूप हो जाने से दोनों पद एक ही अर्थ के हों, यह आवश्यक नहीं।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त कुमार० (3.6) तथा मालवि० (213.3) में इसका प्रयोग एक-एक बार हुआ है।

1640 **सिषेवे (पू० 52.2.9.26)** सेव्+लिट्, आत्मने, प्रथमपुरुष, एकवचन; तिङन्त; अपो भक्षयित्वा तपश्चचार इत्यर्थः (प्रदीप) पापप्रशान्त्यर्थ सेवितवान् (सुबोधा०); जिन (जलों) का सेवन किया। मल्लिनाथ ने इस विषय में एक कथा की ओर निर्देश किया है। एक बार बलराम नैमिषारण्य में किसी सत्र में गये। वहाँ सब ने उनका सम्मान किया, परन्तु एक सूत ने उनकी उपेक्षा की। क्रोध में भरकर बलराम ने सूत को मार दिया। अब उन्हें ब्रह्महत्या का पाप लग गया। इसके प्रायश्चित्त के लिए उन्हें तीर्थाटन करना पड़ा। इसी निमित्त सरस्वती-तीर पर आकर उसके जलों से अपने आप को पवित्र किया था। यह भाव 'अन्तःशुद्धः' से पूरा मेल खाता है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त रघु० में इसका प्रयोग तीन बार (5.13; 17.49; 18.16) हुआ है।

1641 **सीमन्तिनीनाम् (उ० 39.3.19.45)** सीमन्तिनी+आम्; संज्ञा; षष्ठी, बहुवचन; स्त्रीणाम् (चरित्र०); वधूनाम्, 'नारी सीमन्तिनी वधू' इत्यमरः (संजी०); स्त्रीणां सौम्यसीमन्तिनीनामिति समस्य सुचरितस्त्रीणामिति च व्याचक्षते (सुबोधा); सीमन्तिनी—सीमन्तः अस्य अस्तीति। माँग वाली। सुहागनें माँग में सिन्दूर डालती हैं। यह उनके सौभाग्य का चिह्न है। अतः उन्हें सीमन्तिनी सौभाग्यवती कहा है। सीमन्+अन्त+इन् (णिनि)+ई (स्त्रियाम्) ष०बहुव०। सीमन् के अन् और 'अन्त' के अ में पररूप सन्धि हुई; अर्थात् अन् और अनियमित रूप से 'अ' में मिल गये। सीमन्त का अर्थ माँग (parting line of hair) "सीम्नोऽन्तः। 'शकन्ध्वादिः' (वा० 6.1.94)। सीमन्तोऽस्त्यस्याः। इनिः (5.2.115)। स्त्रियां ङीप्।" सीमन्त माँग या केशविन्यास को कहते हैं। सुन्दर या प्रशस्त सीमन्तवाली को सीमन्तिनी कहते हैं। यह स्थिति केवल सुहागिनों की हुआ करती थी। विधवाएँ केश-संस्कार आदि नहीं कर सकती थीं। अतः उनके सीमन्तिनी होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

यहाँ कालिदास ने भी सुहागिन के ही अर्थ में इस पद का प्रयोग किया है। कान्त का समाचार उसी को उपलब्ध होगा, जिसके पति होगा। वैसे सभी स्त्रियों को अमरसिंह 'सीमन्तिनी'—शब्दवाच्य मानते हैं।

1642 सीमन्ते (उ० 2.4.15.39) सीमन्त+ङि; संज्ञा सप्तमी, एकवचन; केशसीम्नि (चरित्र०); मस्तककेशवीथ्याम्; 'सीमन्तमस्त्रियां मस्तककेशवीथ्यामुदाहृतमिति शब्दार्णवे (संजी०); सिंथी इति ख्याते केशरचनायां

मस्तक केशवीथी या माँग। उसमें आगे की ओर कदम्ब का फूल सजाया गया था। सीमन्+अन्त+माँग (=केशवेश) के अर्थ में इसकी सन्धि 'सीमन्त' होती है। अन्य अर्थो में 'सीमान्त' होती है।

1643 सुखम् (उ० 48.3.18.22) सुख दु:ख कस्यापि न चिरस्थायिनी सर्वस्यैव कदाचित् अवश्यं विरहदुखगमिष्यति सुखसम्भोगः संयतस्यते (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग नौ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में तीन बार (1.21; 8.69; 18.3), विक्रम० में दो (3.21; 124.5), कुमार० (4.10), मालवि० (5.3) तथा ऋतु० (4.18) में एक-एक बार हुआ है।

1644 सुखयितुम् (उ० 27.3.14.40) अव्यय; आनन्दयितुम् (संजी०); प्रीणयितुम्; (सुबोधा); √सुखय (सुख से नामधातु)+तुमुन्। सुखी करने के लिए।

1645 सुखिनः (पू० 3.3.13.34) सुख+इनि+ङस्, मत्वर्थे इनिः, विशेषण, षष्ठी एकवचन; सुखहेतुमतः, सन्निहितप्रियजनस्येत्यर्थः (प्रदीप०) कान्तासहितस्यापि पुंसः (चरित्र०); प्रियादिजनसंगतस्यापि (संजी०); अभिमतविषयसन्निधाननिर्वृतस्य (विद्युल्लता); सम्भोगिनः सुरतभाजीः (सुबोधा); सुखिन इति सुखमहि सम्भोगः। उक्तञ्च—

"तपस्तप्यति धर्मार्थ धर्माच्च सुखसम्भवः।

सुखमूलं स्त्रियो नित्यं तासु सम्भोगे इष्यते" इति (सुबोधा); सुखी व्यक्ति का। सुखम् अस्य अस्तीति सुखी, तस्य। पत्नी की संगति, सन्तान से मेल आदि गृह के समस्त सुखों से युक्त।

1646 सुचरितफले (पू० 31.3.10.44) सुचरित+ङस्+फल+ङि; तत्पुरुष संज्ञा, सप्तमी, एकवचन; सुचरितस्य स्वर्गाख्येफले (प्रदीप); पुण्यफले (चरित्र०); पुण्यफले, स्वर्गोपभोगलक्षणे (संजी०); सुचरितं अश्वमेघादिकर्मनिष्पाद्यं पुण्यजातं तस्य फलं विशिष्टभोगसाधनसम्पत्तिः तस्मिन् (विद्युल्लता); सुकृतस्य फले स्वर्गसुखादिके (सुबोधा)।

1647 सुप्तपारावतायाम् (पू० 41.1.4.10) सुप्त+जस्+पारावत+टा+ङि, बहुव्रीहि, विशेषण, सप्तमी एकवचन; अनेन विशेषणेन पौरजनस्तावत् वर्षासमयत्वात् वलभिविहायगर्भगृहे शेते। तत्र पारावता एव भवन्ति, तेस्वपि सुप्तेषु निश्शब्दा भवन्तीत्युक्तम् (प्रदीप); सुप्ताः पारावताः गृहकपोताः यस्यां सा तस्याम् (चरित्र०); सुप्ताः पारावताः कलरवा यस्यां तस्याम्, विविक्तायामित्यर्थः; 'पारावतः कलरवः कपोत' इत्यमरः; जनसंचारस्तत्र असम्भावित एव इति भावः (संजी०); सुखसुप्तानां कलरवाणां अनुपमदैनेत्यर्थः। अथवा तत्सवर्णतया कैश्चिदप्यपरिज्ञात इति (विद्युल्लता); सुप्ता निद्राणाः पारावता यस्यां तादृश्यां। सुप्तपारावतत्वेन निर्जनत्वाद्रति-रसोद्दीपनत्वं ध्वनितम् (सुबोधा); सुप्ताः पारावताः यस्यां यस्याम्। कवियों ने वलभियों में कबूतरों के सोने का वर्णन बहुत किया है। देखो—सौधान्यत्यर्थतापाद् वलभिपरिचयद्वेषि पारावतानि' (मालविकाग्निमित्र 2.12, विक्रमोर्वशीय 3.2 भी देखें)।

1648 सुप्ताम् (उ० 29.4.23.54) सुप्त+टाप्+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; मुकुलिताम् (संजी०); निद्राणां (सुबोधा); न सुप्ताम्—एक पद है। और सुप्सुपा समास है। भाव यह है कि स्थलकमलिनी सूर्योदय पर खिलती है और सूर्यास्त पर संकुचित हो जाती है। मेघावृत दिन में सूर्य न छिपा होता है, न चमकता ही है। अतः कमलिनी अधखिली रहती है। न खिलती है न संकुचित होती है। यही अवस्था यक्षपत्नी की थी।

वह न सो सकती थी, न जाग सकती थी। न मर सकती थी, न जी सकती थी। का०बा० पाठक और० मो० काले न सुप्ताम् को समस्त पद लेते है। ऐसी अवस्था में यह पद 'नञ् तत्पुरुष' समझा जा सकता है, परन्तु यदि इसे नञ् तत्पुरुष माना जाय, तो असुप्ताम् यह प्रयोग होना चाहिए। यक्षपत्नी की पूर्वाभ्यस्त आँखें चन्द्र-किरणों को देखने के लिए ज्यों ही उधर गई कि तत्काल उन्हें आग उगलती पाकर बन्द हो जाया करती थीं। इसलिए वे इस तरह प्रतीत होती थीं, जिस तरह कि मेघाच्छन्न दिवस में स्थलकमलिनी के कमल जो पूरा खिल नहीं सकते, क्योंकि मेघों ने सूर्य की किरणों को ढँक रखा है और बन्द भी नहीं हो सकते हैं, क्योंकि वास्तव में उस समय दिन होता है रात नहीं। न सुप्तां निखिलेन्द्रियविश्रमजनकस्य निद्रारसप्रसङ्गस्य भङ्गात्। अन्यत्र दिवसस्वाभाव्यादेव दरदलितदलसम्पुटत्वमात्रविशिष्टत्वात्।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त रघु० में इसका प्रयोग एक बार (2.24) हुआ है।

1649 **सुभग (पू० 30.3.10.41)** सुभग+सु, सम्बोधन, एकवचन; स खलु यं अङ्गनाः कामयन्ते (संजी०); यः सर्वस्यापि सुभगः, तस्मिंस्त्वयि तस्याः प्रार्थना शोभत एवेति भावः (विद्युल्लता); सुभगेत्यनेन त्वं तस्याः सुभगः सापि तव सुभगेति युक्तमकार्श्यकरणम् दुर्भगविरहे हि तथाविधावस्थैव न जायते इति सूचितम् (सुबोधा)।

1650 **सुभगम्मन्यभावः (उ० 33.3.17.35)** सुभग+अम्+मन्+खश्+भू+घञ्+सु; तत्पुरुष; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; सुभगशब्दोपपदात् मन्यतेर्धातोः आत्ममाने खश्च (3.2.83) इति खश्। अरुर्द्विषदन्तस्य मुम् (6.3.67) सुभगम्मन्यः। तस्य भावः सुभगम्मन्यभावः (प्रदीप); सुभगं आत्मानं मन्यते सुभगम्मन्ये तस्य भावः (चरित्र०); सुभगमात्मानं मन्यत इति सुभगम्मन्यः, 'आत्ममाने खश्च' इति खश् प्रत्ययः; 'अरुद्विषार्दित्यादिना' मुमागमः, तस्य भावः सुभगम्मन्यभावः, सुभगमानित्वम् (संजी०); सुभगं इष्टमात्मानं मन्यते सुभगम्मन्यः तद्भावः (पंचिका); कदाचित् सम्बद्धप्रलापादेवमाविष्करोतीत्याह सुभगम्मन्यभावः। सुभगं आत्मनं मन्यते इति सुभगम्मन्य खश्चात्ममैनने इति खः। तस्य भावः स तथा। सुभगं मन्युभाव इति पाठे मन्युः शोको विरहयातनेत्यर्थः तस्य भावः सत्ता सुभगं प्रेयासं मां वाचालं करोति सुभगतया नैवं ब्रवीमीत्यर्थः सुभगं सत्यवादिनम् शोकवानप्यहं सत्यं वदामीत्यर्थः इत्यन्ते (सुबोधा); सुभगं आत्मानं मन्यते इति सुभगंमन्यः तस्य भावः, सुभगम्मन्यभावः। अपने आप को बहुत सुन्दर समझने की भावना। अपने विषय में भावना रखने के अर्थ में खश् और इन् प्रत्ययों का प्रयोग होता है। अतः सुभग+√मन्+खश्—सुभगंमन्यः। पूर्णसरस्वती ने लिखा है—'सुभगं युवतिजनवल्लभम् आत्मानं मन्यते—इति सुभगंमन्यः। 'आत्ममाने खश्च' (2.2.63) इति खश्: 'अरुर्द्विषदज़न्तस्व मुम्' (6.3.67) इति मुमागमः। यस्य भावस्तत्त्वम्।" सुभगम्मन्य उसे कहते हैं, जो अपने विषय में कामिनियों के अनुरक्त होने का वर्णन करता फिरता है। मल्लिनाथ ने लिखा है—"सुभगमानिनामेष स्वभावो यदात्मनि स्त्रीणामनुरागप्रकटनम्" 'सुभग' की व्युत्पत्ति है—'शोभनं भगमस्य स सुभगः।' आशय है सुन्दर श्री काम, माहात्म्य, वीर्य अथवा कीर्तिवाले व्यक्ति से। अमरकोश का कथन है—"भगं श्री काममाहात्म्यवीर्ययत्नार्ककीर्तिषु।" इस शब्द की निष्पत्ति "भजं सेवायाम्" (भ्वादि०) से घ—प्रत्यय लगने पर होती है—"खनो घ च" (3.3.125)। रमणियों के द्वारा सुन्दर श्री, अतिशय काम, अत्यधिक माहात्म्य, अतिशायी वीर्य या अच्छी कीर्ति होने के नाते सेवन किये जाने वाले व्यक्ति को 'सुभग' कहेंगे। 'कामसूत्र' में इसका विशेष विवरण एवं 'सुभगङ्करण' के उपायादि बताये गये हैं। 'सुभग' का भरतसेन ने 'सत्यवादी' अर्थ दिया है। यह अर्थ बहुत समीचीन प्रतीत नहीं होता। 'वाचाल' और 'सत्यवादी' के बीच एक जबरदस्त खाई है, जिसे कभी भी नहीं भरा जा सकता।

1651 सुरगजः (पू० 45.1.1.5) सुरगज+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; दिग्गजः (संजी०) श्यामवर्णः कश्चिद् दिग्गज इव (विद्युल्लता); ऐरावत इव (सुबोधा)।

कुछ टीकाकारों ने इसका अर्थ 'इन्द्र का हाथी ऐरावत' किया है। ऐरावत का रंग सफेद माना गया है। अतः इस अर्थ में इसकी मेघ से उपमा ठीक नहीं बैठती है। अतः यहाँ 'दिग्गज' अर्थ ही उचित रहेगा। यदि केवल टेढ़ा होकर पानी पीने तक ही उपमा को माना जाए, तो 'सुरगजः' का 'ऐरावत' अर्थ भी ठीक रहेगा। परन्तु कालिदास की उपमाओं की विशेषता उसकी सर्वाङ्गीणता में है। अतः 'ऐरावत' अर्थ भी प्रकरण में पूर्णतया संगत नहीं लगती है। दिग्गजों के परिचय के लिए मे० 14 के 'दिङ्नागाम्' पर टिप्पणी देखें। इस अर्थ की पुष्टि कु०स० 6.5 के 'दिङ्नागमदगन्धिषु' पद से भी होती है। मल्लि० ने इसका अर्थ 'दिग्गजइव' किया है। आठों दिशाओं के आठ अधिष्ठातृ देवता हैं, जिन्हें 'दिक्पाल' कहा जाता है। इन दिक्पालों के नाम अमरकोष में इस प्रकार दिए हैं—इन्द्रो वह्निः पितृपतिनैर्ऋतो वरुणो मरुत्। कुबेर ईशः पतयः पूर्वादीनां दिशा क्रमात्।। सारो०, वल्लभ और सुमति, सुरगज का अर्थ 'ऐरावत' लेते हैं। ऐरावत या ऐरावण इन्द्र का हाथी है और इसका पूर्व दिशा से सम्बन्ध है। इन दिग्गजों के नाम अमर० ने इस प्रकार दिए हैं—'ऐरावतः पुण्डरीको वामनः कुमुदोऽञ्जनः। पुष्पदन्तः सार्वभौमः सुप्रतीकश्च दिग्गजाः।।'

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (5; 75; 10.86) तथा कुमार० में एक बार (3.76) हुआ है।

1652 सुरतग्लानिम् (पू० 32.3.11.39) सुरत+ङसि+ग्लानि+अम्; तत्पुरुष; संज्ञा; द्वितीया; एकवचन; रतिश्रमम् (चरित्र०), सम्भोगखेदम् (संजी०) संभोगावसानसंभृतां व्यापार—निःसृताम् (विद्युल्लता); रतिखेदम् (सुबोधा); इस प्रकार के विचार के लिए देखिये, अमरु 58 प्रतिवाति मधो प्रकाशविमसद्राजीवराजीरजो जालामोदमनोहरो रतिरसग्लानिं हरन्मारुतः।

1653 सुरतजनिताम् (उ० 9.2.5.31)

सम्भोगोत्पादिताम् (सुबोधा); सुरतात् जनिताम्; सुप्सुपा समास।

1654 सुरपतिधनुश्चारुणा (उ० 14.2.8.19) सुरपति+ङस्+धनुष्+सु+इव+चारु+टा; तत्पुरुष; विशेषण तृतीया; एकवचन; सुरपतिधनु० इन्द्रचापवत् चारुणा मनोज्ञेन (चरित्र०); मणिमयत्वात् अभ्रंकषत्वाच्च इन्द्रचापसुन्दरेण (संजी०); शक्रचापरम्येण (पंचिका); नानारत्नमयत्वात् इन्द्रायुधवत् सुन्दरेण (सुबोधा)।

भाव यह है कि यक्ष के घर का बहिर्द्वार रंगविरंगी मणियों और चित्रकारियों से इस प्रकार सजा हुआ था कि उस सजावट में इन्द्रधनुष के सभी रंग आ गये थे तथा वे इन्द्रधनुष के क्रम और रूप में रक्खे गये थे। सुरपतेः धनुः तेन चारु, तेन। यहाँ 'सुरपति' पद का प्रयोग सार्थक है। सुर—1. सुरन्तीति सुराः। √सुर् (प्रसवैश्वर्ययोः)+क। 2. शोभनं राजन्ते इति √राज् दीप्तौ+ड। 3. सुनोति सवति उत्पादयति ऐश्वर्यवान् वा भवतीति सुरः। √सु+क्रन् (उ० 2.24.) उत्पादक, शोभाशाली, ऐश्वर्यवान् आदि गुणों वाले 'सुर' होते हैं। उनका पति महान ऐश्वर्यशाली होना निश्चित है। अतः इससे यक्षगृह इन्द्र के ऐश्वर्यो के समान ऐश्वर्यो से परिपूर्ण था—यह ध्वनि निकलती है।

त्वदमरधनु०—पा०भे०। श्री कर्मार्कर इस पाठ को अच्छा मानते हैं; क्योंकि इसमें मेघ का सम्बन्ध सीधा बन जाता है। परन्तु इस पाठ में प्रथम तो दो भावों का संकर है—अमरधनुः+त्वद्धनुः (=मेघधनुनः)। दोनों में से एक ही भाव पर्याप्त था। दूसरे इससे यक्ष की ऐश्वर्यशालिता की कोई ध्वनि नहीं निकलती है। यक्ष के गृह का बाहरी द्वार अर्धमण्डलाकार बहुत ऊँचा तथा विविध रंगों की मणियों से जटित था। इसी कारण उसकी उपमा इन्द्रधनुष से दी गई है। सुराणाम्पतिः सुरपतिः। तस्य धनुः सुरपति—धनुः। तदिव चारु

सुरपतिश्चारु, तेन। "उपमानानि सामान्यवचनैः (2.1.55)"। इह पूर्वपदं तत्सदृशे लाक्षणिकमिति सूचयितुं लौकिकविग्रहे इव शब्दः प्रयुज्यते।' इन्द्र के धनुष की तरह रमणीय। इन्द्रधनुष में सात रंग होते हैं–नील लोहित, नील, गाढ़नील, हरित, पीत, कपिश और रक्त। उसके प्रासाद के तोरण में भी गोमेद, नीलम, मरकत, माणिक्य, पुखराज आदि मणि लगे हैं, जिसके कारण वह भी सतरंगा हो रहा है। अथवा यह भी अर्थ लिया जा सकता है कि तोरण इन्द्रधनुष के कारण अर्थात् उसका प्रतिबिम्ब पड़ने की वजह से सुन्दर लग रहा है (सुरपति धनुषा चारु सुरपतिधनुश्चारु) अथवा सुरपति का धनुष उसके तोरण में उत्कीर्ण है, जिसकी वजह से वह चारु हो उठा है। इनके भाव विद्युल्लता में अच्छी तरह स्पष्ट किये गये हैं–"इन्द्रचापवत् सुन्दरेण प्रत्युप्तविविधरत्नद्युतिशबलोज्ज्वलत्वात्। अथवा त्वदीयेनेन्द्रचापेन लिखितेन रत्नप्रभाजनितेन वा योगाच्चारुणा। इन्द्रायुधद्योतिततोरणाङ्कमितिवत्।"

1655 **सुरभितनयालम्भजाम्** (**पू० 48.3.11.43**) सुरभितनया+आम्+आलम्भ+टा+जन्+ड+टाप्+अम्; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; सुरभितनया धेनवः तासां आलम्भो विशसनं (प्रदीप); सुरभितनयानां कामधेनूत्पन्नगवः आलम्भो मारणं ततो जातः (चरित्र०); सुरभितनयानां गवां आलम्भनेन संज्ञपनेन जायत इति तथोक्ताम् (संजी०); सुरभिर्नाम गोकुलमाता दिव्यधेनुः, 'मथ्यमाने ततस्तस्मिन् क्षीराब्धौ देवदानवैः। हविर्धामाभवत् पूर्व सुरभिः सुरपूजिता' इति श्रीविष्णुपुराणोक्तेः तत्पुत्रीणां गवामालम्भो यज्ञे वधः, तेन जाताम् (विद्युल्लता); सुरभेर्देवधेनो स्तनयानां दुहितृणां कपिलानाभ् आलम्भात् मारणाज्जातां। "आलम्भपिञ्जविशरघातोन्माथवधाअपी" त्यमरः (सुबोधा); सुरभेः (कामधेनोः); तनयाः, तासाम् आलम्भः, तस्मात् जाता, ताम्। पौराणिक कथा है कि रन्तिदेव ने गवालम्भ-यज्ञ में इतनी गौओं की हिंसा की कि उनके खून की नदी बहने लगी और वह चर्मण्वती नदी के रूप में परिणत हो गई। यदि यहाँ पर इस पद का अर्थ गवालम्भ-यज्ञ में (छोड़े गये संकल्प के जलों से) उत्पन्न' अर्थ कर लें, तो वर्णन में विशेष शक्ति और स्वाभाविकता आ जाती है।

महाभारत वनपर्व में दी गई कथा के अनुसार रन्तिदेव की पाकशाला में प्रतिदिन 2000 गौ और 2000 पशु मारे जाते थे और इस मांस के साथ अन्नदान किया जाता था–

राज्ञो महानसे पूर्व रन्दिवस्य वै द्विजः।
द्वे सहस्रे तु वध्येते पशूनामन्वहं तदा।।
अहन्यहनि वध्येते द्वे सहस्रे गवां तथा।
समांसं ददतो ह्यन्नं रन्तिदेवस्य नित्यशः।।
अतुला कीर्तिरभवन्नृपस्य द्विजसत्तम।
चातुर्मास्ये च पशवो वध्यन्त इति नित्यशः।।

(महा० वनपर्व० अ० 208 श्लोक० 8-10)

इसी कीर्ति का उल्लेख कवि ने किया है। विष्णुपुराण में इस सम्बन्ध में कुछ भी नहीं कहा गया है। महाभारत के इस अध्याय में धर्मव्याध अपने हिंसा कर्म को निर्दोष सिद्ध करने के लिए हिंसा की प्रशंसा कर रहा है। वह लिखता है–

अग्नयो मांसकामाश्च इत्यपि श्रूयते श्रुतिः।
यज्ञेषु पशवो ब्रह्मन् वध्यन्ते सततं द्विजैः।। वही, श्लो०।।

यह इस भ्रान्त कथा का मूल है। यज्ञ में या अतिथि-सत्कार में, या अन्य अवसरों पर गोमांस की प्रथा का मूल अ०वे० 9.6 (3) 9 तथा 9.6 (4) 7. अतिथि पद के लिए प्रयुक्त, गोघ्न, तथा यजमानवाची अतिथिग्व, नवग्व, दशग्व, एतग्व (=अश्व भी) आदि हैं। आद्य दो वेद मन्त्रों में 'मांस' पद का अर्थ 'उत्कृष्ट

खाद्य पदार्थ (घी, खोया आदि) हैं। श० 11.7.1.3 में 'एतंदुह वै परममन्नाद्यं यन्मांसम्' कहकर इस अर्थ का प्रतिपादन किया है। इस ब्राह्मण ने पशुबन्ध यज्ञ का अर्थ–पशु=वीर यजमान का बन्ध=परम उत्कृष्ट अन्न आदिक का भक्षण–किया है। इस ब्राह्मण में पशु-यज्ञ का सारा तत्त्व निहित है। इसे न समझ सकने के कारण मध्यकालीन तथाकथित वैदिक विद्वानों और उनके अनुयायी आधुनिक विदेशी तथा एतद्देशीय कतिपय वैदिक विद्वानों ने महान् अर्थ का अनर्थ किया है।

गोध्न, अतिथिग्व आदि का सप्रमाण सविस्तार विवेचन बताता है कि इन पदों से कोई पशुहिंसा द्योतित नहीं होती। अत: महाराज रन्तिदेव द्वारा दो हजार गौओं के मारने की कथा कपोल-कल्पित ही है। इसका वास्तविक स्वरूप इस प्रकार है–

ता० महा० 19.13.1 में 'गोसव: क्रतु:' का अर्थ–'अथैष गोसव: स्वाराज्यो यज्ञ:' किया है। रन्तिदेव का अर्थ–'रन्ति: रमणं देवानां यस्मिन् स:'–जिसमें विद्वान् रुचि लेते हैं; अर्थात् विद्वानों को सुखदायक और उनसे आदृत पुरुष। 'रन्ति' पद य० 22-19 में इसी अर्थ में आया है (देखो श० 13.1.6.2)।

इस प्रकार देवपूज्य महाराज रन्तिदेव की स्वराज्य रक्षा ही 'सुरभितनयालम्भ' यज्ञ है। इसकी कीर्ति की परिचायिका चर्मण्वती नदी है। इसी के किनारे इस महाराज ने अपनी दानवीरता, विद्वत्प्रेम, वीरकर्म, प्रजापालन आदि का परिचय दिया था। 'चर्मण्वती' पद 'चर्मन्+क्त्+ई' से बनता है। चर्म का अर्थ है–चरितं गच्छति येन तत् चर्म–जिससे जाता है–कीर्ति को प्राप्त होता है वह चर्म है। अत: रन्तिदेव की कीर्ति का परिचय देने के कारण यह चर्मण्वती कहलाती है।

इसका एक अन्य अर्थ भी हो सकता है। तै: 3.9.7.5 ने 'सुरमय:' का अर्थ 'प्राणा:' किया है। अत: सुरभितनया: (वीर पुरुषा: इति यावत्) तेषाम् आलम्भ: (प्राप्ति:, स्वीकार:, ग्रहणम्), तस्मात् जाता।–'जो वीर पुरुषों की महती सेना रखता है', अथवा 'जो महान् योधाओं का विजेता है।' इस अर्थ में महाराज रन्तिदेव के अद्भुत विक्रम का परिचय मिलता है, जो सर्वथा असम्भव नहीं।

श्री साधुराम ने एक अन्य सुझाव दिया है। 'सुरभि' (पृथिवी) की 'तनया' (पुत्री)=खेती उसका आलम्भ-यज्ञ । हर ऋतु में होने वाली खेती की समुचित रक्षा आदि करके "पृथिवी की कृषि संस्कृति ही 'गो मेघ' यज्ञ है।" यह सुझाव भी अच्छा है। सम्भव है कि महाराज रन्तिदेव ने अपने यज्ञमय राज्य शासनकाल में चम्बल नदी के प्रदेश को परम उर्वर और सस्यश्यामला बना दिया हो।

1656 **सुरभितशिलम् (पू० 55.1.2.4)** सुरभित+जस्+शिला+अम्; बहुव्रीहि; विशेषण; द्वितीया; एकवचन; सुरभिता: सुगन्धीकृता: शिला: यस्य स तम्। सुरभिशब्दात् तारकादित्वात् इतच् क्त प्रत्ययो न स्यात्। ईदृशस्य धातोरभावात् यद्वा सुरभिशब्दात् प्रातिपदिकणिजन्तात् क्तप्रत्यय: (चरित्र०); सुरभिता: सुरभीकृता: शिला यस्य तम् (संजी०); अधिवासितपाषाणम् (विद्युल्लता); सुररभिता: सुगन्धीकृत: शिला: पाषाणा यत्र तादृशम् सुरभितैति "ले: कृत्याख्याने ञि" रिति कृतौञि:, तत: क्त:। सुरभितशिलामिति रम्यताचिहध्वनि: (सुबोधा); सुरभिता: शिला: यस्य, तम्। सुगन्धयुक्त पत्थरों वाले।

1657 **सुरयुवतय: (पू० 64.2.6.35)** सुरयुवति+जस्+संज्ञा; प्रथमा बहुवचन; देवांगना: (चरित्र०) देवाङ्गना: (सुबोधा);

1658 **सुलभविपदाम् (उ० 40.4.21.61)** सुलभा+जस्+विपद्+आम्; बहुव्रीहि; विशेषण; षष्ठी, बहुवचन; सुलभा विपदो येषां तेषाम् (चरित्र०); अयत्नसिद्धविपत्तीनाम् (संजी०); सुप्रापविपत्तीनाम् (पंचिका); सुलभ: विपद: येषाम् ते। जिनको विपत्ति अनायास आ जाती है, जो अनायास ही विपत्तिग्रस्त हो जाते हैं। 'आपदापदमनुबध्नाति'। 'छिद्रेष्वनर्था बहुली भवन्ति'–इस प्रकार के दु:खी प्राणी। अत: अनिश्चित जीवन

वाले, जिनके जीवन का कोई भरोसा नहीं। इससे यह स्पष्ट है कि न चाहने पर भी प्राणियों पर संकट तथा दु:ख स्वयं आ ही जाते हैं। इनको खोजने की आवश्यकता नहीं पड़ती। ये जीवन पर अनुस्यूत हैं। इसका मूल सिद्धान्त 'संसार दु:खों का मूल है' से मिलता है। हमारे शास्त्र भी यही कहते हैं, देखिये विष्णु०—'सर्व दु:खमयं जगत्'। कई टीकाकार प्रस्तुत चतुर्थ पाद के स्थान पर यह पाठ पढ़ते हैं—'भूतानां हि क्षयिषु करणेष्वाद्यमाश्वस्यमेतत्।'—अर्थात् प्राणियों के शरीरों के नाशवान होने पर यही सर्वप्रथम आश्वासन की बात होती है।

1659 **सुहृद्** **(उ० 18.4.18.72)** सुहद्+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; मित्रं (चरित्र०) सखा (संजी०); मित्रम्। सुहृद इति तत्र तव मित्रदर्शनमपि भावीति ध्वनितम् (सुबोधा);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (9.9) हुआ है।

1660 **सुहृदाम्** **(पू० 41.4.19.43)** सुहत्+आम्; संज्ञा, षष्ठी, बहुवचन; मित्राणाम् (चरित्र मित्राणाम् (संजी०); अशठहृदयानां मित्राणाम् (विद्युल्लता), मित्राणाम् (सुबोधा); सु शोभनं हृदयं येषां, तेषाम्। मित्र के अर्थ में सु+हृदय में हृदय को हृद् हो जाता है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० में एक बार (4.6) हुआ है।

1661 **सुहृदुपनत:** **(उ० 39.4.21.53)** सुहत्+टा+उपनत+सु; तत्पुरुष; विशेषण; प्रथमा, एकवचन; सुहृदा मित्रेण उपहत: आनीत: (चरित्र०); सुहृदा सुहृन्मुखेन उपनत: प्राप्त: सन्, सुहृद् पदं विप्रलम्भशङ्कानिवारणार्थम् (संजी०); मित्रेणानीत: (पंचिका); बन्धुना उपगत आनीत:, (सुबोधा) सुहृदा उपनत: (कान्तोपान्तात्) सुहृदुपगम:—पा०भे०—प्रिय के पास से मित्र का आना। यह तभी सुखकारक होता है, जब सुखद सन्देश लाये। यह भाव छपे पाठ से ही सीधा निकल आता है। 'सुहृदा' उपनत: सुहृदुपनत:। "सुहृदुर्हृदौ मित्रामित्रयो:" (5.4.150) इति सूत्रात् सुदुर्भ्याम् हृदयस्य हृद्भावो निपात्यते। उप+√नम्+क्त:=उपनत:।

1662 **सूचयिष्यन्ति** **(पू० 21.4.20.44)** सूच्+लृट; प्रथम पुरुष, वहुवचन; तिङन्त; अनुमापयिष्यन्ति; यत्र यत्र वृष्टिकार्यं कन्दलोमुकुलनीपकुसुमादिकं दृश्यते तत्र तत्र त्वया वृष्टं इति अनुमीयत इति भाव: (संजी०); ज्ञापयिष्यन्ति; 'मृग्यश्च' दर्भाङ्कुरनिर्व्यपेक्षास्तवागतिज्ञं समबोधयन्माम्। व्यापारयत्त्यो दिशि दक्षिणस्यात्पक्ष्मराजीनि 'विलोचनानि' इतिवत् (विद्युल्लता); कथयिष्यन्ति अग्रेसरत्वात्तव (सुबोधा); एतादृशनीपादिकं त्वदागमनचिह्नम्, अतएव सूचयिष्यन्तीत्युक्तम्। **उक्तञ्च**—"चिह्नैरन्वेषणं सूचनमि" ति। (सुबोधा)

कवि ने यह नहीं बताया कि 'किसको' मार्ग बताया जायगा। सम्भवत: पथिक बादल के मार्ग को जान सके—यही कवि का अभिप्राय मालूम होता है।

अनुवाद में 'तुम्हें मार्ग दिखायें' अर्थ किया है। भाव यह है कि हरिण आदि नीप आदि के भक्षण आदि से मस्त होकर आगे—आगे भागेंगे और इस प्रकार तुम्हें मार्ग दिखायेंगे। मल्लिनाथ ने इसका भाव—जहाँ-जहाँ वृष्टि का फल नीप आदि की उत्पत्ति दिखाई पड़ेगी, वहाँ-वहाँ तुम्हारे बरसने का अनुमान करेंगे।"—दिया है। यदि सूचयिष्यन्ति का अर्थ खोज लेंगे; पता लगा लेंगे' किया जाए तो अर्थ और भाव दोनों ही स्पष्ट हो जाते हैं। अनुमापयिष्यन्ति। किस-किस मार्ग से पानी बरसाता हुआ बादल गया है—इस बात का अनुमान वर्षा के नीप और कन्दली के खिलने आदि कार्य से ही किया जा सकता है।

1663 **सूचिभिन्नै:** **(पू० 24.1.3.19)** सूची+सुप्+भिन्न+भिस्, तत्पुरुष, तृतीया बहुवचन; सूच्याकरिषु मुकुलाग्रेषु भिन्नै: विकसितै: (प्रदीप:) कण्टकमिश्रितै: (चरित्र०); सूचिषु मुकुलाग्रेषु भिन्नै: विकसितै:; केतकीमुकुलाग्रेषु

सूचिस्स्यात् इति शब्दार्णवे (संजी०); सूचि: शस्त्रविशेष:, सूचिवत्तीक्ष्णतया दलाग्राण्यत्र सूचय इत्युच्यन्ते, सूचिमात्रेण विकसितै: अनतिपाकाददलितहतासंपुटैरित्यर्थ: (विद्युल्लता); सूच्याकारा अग्रभागा भिन्ना विदीर्णा स्फुटिता येषां तादृशै: (सुबोधा); सूचिभिन्नैरिति अग्न्याहितत्वात् क्तान्तस्य परनिपात:; सुच्या गर्भद्रोण्या भिन्नैरिति वा विग्रह:। "गर्भदोण्यां स्मृता सूचिस्तीक्ष्णाग्रेषु च वस्तुषु" इति **विश्व**: (सुबोधा)।

सूचिषु सूच्याकारेषु मुकुलाग्रेषु भिन्नै: विकसितै: (सरस्वती तीर्थ); कलियों के अगले भागों में खिले हुए। केतकी को सूचिपुष्प भी कहते हैं।

1664 सूचिभेद्यै: (पू० 40.2.8.22) सूचि+भिस्+भेद्य+भिस्; तत्पुरुष, विशेषण, तृतीया, बहुवचन; अतिबहुलत्वात् सूच्यग्रभेदनार्हैरित्यर्थ: (प्रदीप); निबिडै: (चरित्र०); सूचिभि: भेद्यै:, अति सान्द्रैरित्यर्थ: (संजी०); सूचि: शस्त्रविशेष:, तीक्ष्णाग्र:; तया भेत्तुं योग्यै:, अनेन बहुलत्वातिशय उक्त: (विद्युल्लता); निविडै:, सूचिभेद्यैरिति सूचि: कर्मकारद्रव्यभेद: तया भिद्यन्ते इति च्यण्, सूचिभेदमर्हतीति पण्यो वा, सूचिभेद्यत्वच्च कविसमयस्तमोनिविडतायां न तु वस्तुतस्तमसां सूचिभेद्यता (सुबोधा);

सूचिभि: भेद्यै–सूइयों से तोड़ने योग्य। यह अन्धकार की गहनता को प्रकट करने के लिए प्रयुक्त होता है। इस पर सारो० का लेख यह है–अतिनिबिडत्वात् तमसां कविसमये सूचिभेद्यत्वमिष्यते। औपचारिकोऽयं धर्म:। इतना प्रगाढ़ (अन्धकार) जो कि सुई से छेदा जा सके (pitch dark, inky dark) पंजाबी में इसके लिए 'अन्धेरा घुप' मुहावरा है।

1665 सूच्यते (उ० 11.4.17.51) सूच्+लट्; कर्मवाच्य; तिङन्त; ज्ञाप्यते (चरित्र०); ज्ञाप्यते (संजी०); *मार्गपतितमन्दारकुसुमादिलिङ्गै: अयमभिसारिकाणां* पन्था इति अनुमीयत इत्यर्थ: (संजी०); कथ्यते अनुमीयते वा (पंचिका); प्रकाश्यते। किंवा मन्दारपुष्पादिभिर्हेतुभि: करणैर्वा सूच्यते अर्थाज्जनै:, अनेन यथा अभिसारिका गता इति तत्तत्सन्दर्शनात् विज्ञायते इत्यर्थ:। तामिति सम्बन्ध: (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक बार (17.50) हुआ है।

1666 सूते (13.4.16.35) सू+लट्; प्रथम पुरुष, एकवचन; तिङन्त; जनयति (संजी०)।

1667 सूर्यापाये (उ० 19.4.16.39) सूर्य+ङसु+अपाय+ङि; तत्पुरुष; संज्ञा; सप्तमी, एकवचन; सूर्यापगमे (चरित्र०); सूर्यापाये सति (संजी०); रवेरस्तसमये (पंचिका); सूर्यस्य अपाये अदर्शने (सुबोधा)।

1668 सूर्ये (पू० 41.8.10.30) सूर्य+ङि; संज्ञा; सप्तमी, एकवचन; भास्करे (चरित्र०); सूर्ये दृष्टे, न त्वरुणोदयमात्रे, अनेन तरुणकिरणकवलिततमसि गगनसरणिमशिशिरमहसि समुपसरति सति दिवसमुखविततललितविविधचरितमधिकरुचिरमवनिपनगरं तदतिकुतुकमनुभूयैव गन्तव्यमिति द्योत्यते (विद्युल्लता); सूर्ये दृष्टे सति प्रभाते सति (सुबोधा)।

कुछ टीकाकार इसके स्थान पर 'दृष्टे पूर्वे' पाठ की कल्पना करते हैं और उसका सम्बन्ध पू०मे० 38 के अभ्येति पा०भे० से जोड़ते हैं (सा०)। 'पूर्व दिशा में दिखाई देने पर'। परन्तु यह अर्थ शोभन नहीं। प्रासङ्गिक पाठ–'दृष्टे सूर्ये' ही है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (5.13; 17.26) हुआ है।

1669 सृष्टि (उ० 21.4.17.50) सृष्टि+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; शिल्पम्, प्रथमनिर्मिता युवतिरियमेव इत्यर्थ: (संजी०); निर्माणम्, प्रथमं निर्माणं हि तात्पर्येण भवति। सृष्टिरिति कर्मणि क्ति:। ब्रह्मणा दैवात् सा निर्मिता न पुनरन्या तादृशीति भाव:। (सुबोधा०)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग पाँच बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु में दो बार (1.1; 5.6), विक्रम० (10.24), तथा कुमार० (2.28) में एक बार हुआ है।

1670 **सेन्द्रचापम् (उ० .1.1.3.11)** इन्द्रचाप+टा+सह+अम्; अव्ययीभाव: विशेषण; द्वितीया; एकवचन; इन्द्रचापेन सह वर्तत इति सेन्द्रचापम् (चरित्र०); इन्द्रचापवन्तम् (संजी०); ससुरायुधम् (पंचिका); इन्द्रचापेन शक्रधनुषा सहितम्, इन्द्रधनुषो नानावर्णत्वात् सचित्रमित्यर्थ: (सुबोधा); इन्द्रचापेन सह वर्तत इति सेन्द्रचाप: तम्। इन्द्रधनुष में सात रंग होते हैं—1. बैगनी (=लाल+नीला) 2. नीलका 3. नीला 4. हरा (नीला+पीला) 5. पीला 6. नारंगी (लाल+पीला) 7. लाल। इस प्रकार मूल रंग लाल, नीला, और पीला ही होते हैं। इसकी उत्पत्ति के सम्बन्ध में पू०मे० 15 में 'वल्मीक' पर टिप्पणी देखें। सहेन्द्रचापेन वर्तत इति सेन्द्रचापस्तम्। "तेन सहेति तुल्ययोगे [अ० 2.2.28]"–इति बहुव्रीहि:। "वोपसर्जनस्य" [अ० 6.3.82] इति सहस्य स:।

1671 **सेविष्यन्ते (पू० 10.4.20.49)** सेव्+लृट्, प्रथमपुरुष, बहुवचन; तिङन्त, रागोन्मत्ता स्वयमनुयास्यन्ति, विषयिणश्चात: परं को लाभ इति भाव:। यथा मदनतन्त्रे 'यत्र स्त्री स्वयमेव रतिं प्रार्थयते, तदुत्तमरतम्' इति। एतेन सौभाग्यातिशयोऽस्य ध्वनित: (विद्युल्लता); आश्रयिष्यन्ते, यतो यात्रायां एतादृशशुभसूचकवातानुकूलत्वादिकं तत् तव बहुप्रियालाभो मम कार्यसिद्धिश्च भविष्यतीत्यर्थ: (सुबोधा)।

1672 **सेव्यामाना: (उ० 6.1.1.5)** सेव्+यक्+शानच्+टाप्+जस्; विशेषण, प्रथमा, बहुवचन; सेव्यमाना: सत्य: (संजी०)।

1673 **सोत्कम्पानि (पू० 22.4.13.38)** उत्कम्प+टा+सह+शस्; उत्कम्पपूर्वकाणि; (संजी०); गर्जितभयादिव उद्गतवेपथुसहितानि (सुबोधा); सोत्कम्पानीति एतादृशमालिङ्गनं सात्विकीं प्रीतिं सूचयति—

"रोमाञ्चो वेपथु: स्वेदो वलिते च विलोचने।
मज्जन्त्या इव मात्रेषु संश्लेषस्तृप्तिलक्षणम्।।"

इति उत्कम्पेन सह वर्तमानानि सोत्कम्पानि।

1674 **सोपानत्त्वम् (पू० 63.4.15.44)** सोपान+त्व+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन, नि:श्रेणीत्वम् (चरित्र०); सोपानभावम् (संजी०); आरोहणरूपतां। पदसुखस्पर्शमिति सोपानत्वमित्यस्य विशेषणमित्यन्ये। तन्न युक्तं, धर्मस्य स्पर्शयोगात् (सुबोधा); श्री साधुराम ने 'सोपानत्वम्' को नृत्यशास्त्र की परिभाषा माना है। उन्होंने न इस विषय में कोई प्रमाण दिए हैं, न इस पद की परिभाषा की है।

1675 **सौदामन्या (पू० 40.3.10.24)** सौदामनी+टा; संज्ञा, तृतीया, एकवचन; विद्युता। तडित्सौदामिनी विद्युत् चञ्चलाचपलाऽपि' इत्यमर: (चरित्र०); सुदाम्नाद्रिणा एकदिक् सौदामिनी विद्युत्, तेनैकदिगिति 'अण् प्रत्यय:, तया (संजी०); विद्युता (विद्युल्लता); विद्युता (सुबोधा); वर्त्मदर्शनेन विद्युदल्पतया ता उपकरिष्यसीत्यर्थ: (सुबोधा)।

सौदामिनी सुदाम्नि (मेघे) भवा अथवा 'सुदाम्ना सह वर्तते' इति। यह पद सौदामिनी और सौदाम्नी भी लिखा जाता है। देखो आप्टे संस्कृत-अंग्रेजी-कोष। सुदामन् एक पर्वत (=मेघ; देखो निघ० 1.10) का नाम है और ऐरावत हाथी का भी। दोनों विग्रहों में 'सुदामन्+अण्+स्त्री० ई—यह व्युत्पत्ति होगी।

1676 **सौधवातायनस्थ: (उ० 27.4.22.58)** सौध+ङस्+वातायन+ङि+स्था+क+सुप् विशेषण; प्रथमा, एकवचन; भवनवातायनस्थ इत्यर्थ: (प्रदीप); वातायने गवाक्षे तिष्ठति य: स: तथोक्त: (पंचिका); इसके कई पाठान्तर हैं—1. सद्मवातायन-सद्म का अर्थ घर-भवन है और सौध का अर्थ चूने से बना भवन है। विशेष अर्थभेद कोई नहीं है। 2. अवनिशयनासन्नवातायन—यहाँ सन्न का अर्थ 'पास' है। सारे का अर्थ 'पृथ्वी की शय्या के पास की खिड़की पर बैठा हुआ' है। 3. अवनिशयनां सन्नवातायनस्थ—यहाँ सन्न का अर्थ 'पास के' है।

'सन्न' शब्द का निकटवर्ती' अर्थ में साधारण प्रयोग बहुत कम मिलता है; आसन्न ही अधिक प्रयुक्त होता है। 'सन्न' शब्द की अप्रयुक्तता के कारण ही कुछ टीकाकारों ने 'अवनिशयना सन्नवातायनस्थ:' पाठ दिया है, किन्तु इससे भाव अच्छी तरह स्पष्ट नहीं होता है। एक टीकाकार 'सन्न' का अर्थ 'भग्न' (टूटा हुआ) लेता है और कहता है—इससे प्रकट होता है कि यक्ष का घर उसके वियोग में टूट-फूट गया था, अच्छी हालत में नहीं था।

अवनिशयनासन्नवातायनस्थ:—वातायने तिष्ठतीति वातायनस्थ: (उपपद समास)। वातस्य अयनं वातायनम्। अवनौ शयनम् अवनिशयनम्। तस्यासन्नम् अवनिशयनासन्नम्। अवनिशयनासन्नञ्च तद् वातायनञ्च अवनिशयनासन्नवातायनम्। तत्र तिष्ठतीति कप्रत्यय:—अथवा अवनिरेव शयनं यस्या सा अवनिशयना। तस्य आसन्नवातायनस्थ: तथेति।' पूर्णसरस्वती ने इसका सौन्दर्य इस तरह स्पष्ट किया है— "अवनिशयनासन्न-वातायनस्थ: क्षितितलविततमेध्याजिनादिरूपतदीयशयनप्रदेशसन्निकृष्टगवाक्षवहिर्भागस्थित:। अनेन योग्यस्थानस्थितश्च तव स कश्चिद् तोष इति सूच्यते।

1677 सौधोत्सङ्गप्रणयविमुख: (पू० 28.2.8.24) सौधोत्सङ्गप्रणय+ङस्+विमुख+सु; तत्पुरुष, विशेषण, प्रथमा एकवचन; प्रणय: परिचय, 'प्रणय: स्यात् परिचये याञ्चायां सौहृदेऽपि च' इति यादव:। अनया मार्गवक्रत्व-आलोचनयापि तव उज्जयिनि सौधोत्सङ्गपरिचये वैमुख्यं च मा भूदित्यर्थ: (प्रदीप); धवलगृहपराङ्मुख: (चरित्र०); सौधानां उत्सङ्गेषु उपरिभागेषु प्रणय: परिचय:; प्रणय:, स्यात्परिचये याञ्चायां सौहृदेऽपि च' इति यादव:, तस्य विमुख: पराङ्मुख: (संजी०); ललितविश्रमस्थानसंपत्तिरप्यस्तीति व्यज्यते (विद्युल्लता); सौधानां राजगृहाणां य उत्सङ्ग: क्रोड उपरिभागस्तत्र य प्रणयोऽनुरागस्तत्र विमुख: पराङ्मुख: (सुबोधा)।

सुधालेप: अस्य अस्ति इति सौध: (सौवं वा)। सफेदी से पुता हुआ घर। सौधानाम् उत्संगेषु य: प्रणथ: तस्मात् विमुख:। उत्सङ्ग—महलों के ऊपरी भाग, छज्जे अटारी। ध्वनि से ऊँचे भवनों के गोद की प्रेम (=आलिङ्गन) से वञ्चित। उत्सङ्ग का अर्थ 'गोद' भी होता है। अत: इसका पूरा अर्थ हुआ—ऊँचे भवनों की अटारियों रूपी गोद के प्रेमालिङ्गन के परिचय से घृणा न करना। उसे अवश्य प्राप्त करना।

1678 सौभाग्यम् (पू० 30.3.8.37) सुभग+ष्यञ्+अम्, संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; सुभगत्वम् (चरित्र०); सुभगत्वम् 'हृदभगसिंध्यन्ते पूर्वपदस्य च, इति उभयपदवृद्धि: (संजी०); रमणीयवल्लभत्वम् (विद्युल्लता);

सुभगस्य भाव: सौभाग्यम्। सुभग+ष्यञ्। सिन्धु नदी मेघ के विरह में पतिव्रता स्त्री के समान क्षीण और पीली हो रही है। अत: यह मेघ का सौभाग्य ही है कि उसे ऐसी पतिव्रता पत्नी मिली है। श्री काले 'सौभाग्य' की सत्ता के कारण 'सुभग' पद को पुनरुक्त मानकर ते असुभग ऐसा पदच्छेद करते हैं और इसे 'विरहावस्थया' से समस्त मानते हैं। परन्तु ऐसा करना अनावश्यक है। ऐसी पुनरुक्ति अर्थ को अधिक स्पष्ट करने से रस की पोषक ही है। जिसके लिए स्त्री के हृदय में प्रेम है और जिसे वह चाहती है, वह पुरुष 'सुभग' (भाग्यशाली) होता है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शाकु० (503.4) तथा ऋतु० (6.3) में एक—एक बार हुआ है।

1679 सौम्य (चतुर्वारं प्रयुक्तम् पू० 52.3.14.33; उ० 25.1.4.8; 39.3.18.44; 52.1.2.2;) सौम्य+सु; सम्बोधन; एकवचन; सोम इव सुन्दर: सौम्य तत्सम्बुद्धि: हे सौम्य मेघ (चरित्र 25); हे मेघ (चरित्र 39); सुभग (संजी० 52); साधो (संजी० 25); साधो (संजी० 39) साधो (संजी०); दर्शन (पंचिका 53); शान्तिचित्तेत्यामन्त्रणेन सात्विकतया तव तादृशेष्वेव बहुमतिरिति प्रियप्रकाश्यते (विद्युल्लता 52); सुन्दर, धीर वा (सुबोधा); सुचरित्र; (सुबोधा 25) सच्चरित, (सुबोधा 3.39); साधो (सुबोधा 53); वल्लभ सर्वत्र

'सौम्य' पाठ रखते हैं और इसका अर्थ 'सोम इव' सौम्यः। सोम+यत् (पा० 5.3.103) करते हैं। परन्तु यह स्थिति ठीक नहीं। इस सूत्र का शाखादिगण आकृतिगण नहीं है। इस गण में सोमपद नहीं आया है। अतः यह सूत्र लागू नहीं होता। क्षीरस्वामी ने अ० को 3.3.162 की टीका में इसका व्याख्यान सोमो देवतास्येति सौम्यम्। सोमांहयण् (पा० 4.2.30)। सुन्दरे तूपचारात्' किया है। ऋ० 8.59.4 के भाष्य में अर्थसौम्याः का 'सोमार्हाः' किया गया है। अतः मल्लिनाथ का पाठ और व्याख्यान उचित ही है। इस स्थान पर तथा अन्य स्थानों पर वल्लभ 'सोम्य' पाठ पढ़ता है और इसकी व्याख्या (सोम इव सोम्यः) शाखादिभ्यो यत्, परन्तु शाखादिगण आकृतिगण नहीं है और न ही यह शब्द शाखादिगण में आया हुआ है। अमर० लिखता है 'सौम्यं तु सुन्दरे सोमदेवते'।

सोम ही देवता हैं, जिसके उसके अर्थ में 'सौम्य' शब्द बनता है—"सोमाट्ट्यण्" (4.2.30)। इस सूत्र की वृत्ति में लिखा है—सोमशब्दाट्ट्यण्प्रत्ययो भवति साऽस्य देवतेत्यस्मिन् विषये।" भानुजि दीक्षित ने रामाश्रमी टीका में दूसरी व्युत्पत्ति भी दी है। उसका अनुसरण चरित्रवर्धन ने अपनी टीका में किया है—"सोम इव सुन्दरः सौम्यः, तत्सम्बुद्धिर्हि सौम्य !" दीक्षित ने लिखा है—"यद्वा सोम इव सोमः। ततश्चतुर्वर्णादित्वात् (वा० 5.1.124) ष्यञ्।" परन्तु ये दोनों व्युत्पत्तियाँ शास्त्रप्रतिकूल हैं। पाणिनि का सूत्र है— "गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः कर्मणि च" (5.1.124) इस पर वार्त्तिक है—"चातुर्वर्ण्यादीनां स्वार्थ उपसङ्ख्यानम्।" आशय यह कि 'तस्य भावः' के अर्थ में वर्णविशेषवाची और दृढ़ादि से ष्यञ् होता ही था। गुणवाची और ब्राह्मणादि से 'तस्य भावः' और तस्य 'तस्य कर्म' दोनों अर्थो में ष्यञ् हो। वार्त्तिककार का कथन है कि चातुर्वर्ण्यादि को स्वार्थ में गिनाया जाना चाहिए था; अर्थात् चातुर्वर्ण्य का अर्थ होगा चारों वर्ण। यह तुल्यार्थ या इवार्थ में ष्यञ् का विधान नहीं करता। अतः 'सोम इव' यह व्युत्पत्ति नितान्त अनुचित है। काशिका-वृत्ति में दिये गये चातुवर्ण्यादि गणपाठ में सोम कहीं नहीं है। भट्टोजि दीक्षित ने सिद्धान्तकौमुदी में अलग से चातुर्वर्ण्यादिगण का पाठ दिया नहीं और तद्धित प्रकरण में जो ष्यञन्त पद गिनाये हैं, उनमें 'सौम्य' आता नहीं। इसे आकृतिगण भी नहीं कहा गया। अतः भानुजि दीक्षित की यह व्युत्पत्ति शास्त्रबाह्य ही मानी जायगी। चूँकि सोम को देवता मानने वाले आर्य लोग रमणीय होते थे, अतः धीरे-धीरे इस शब्द की प्रसिद्धि 'मनोज्ञ' अर्थ में भी हो गई; फिर इसी प्रकार उपचार से 'अनुग्र' अर्थ भी लिया जाने लगा होगा। अपत्यार्थक यञ्-प्रत्यय से सौम्य का अर्थ बुध भी होता है। "सौम्यः सोमात्मजेऽनुग्रे मनोज्ञे सोमदैवते—" (अनेकार्थसंग्रह)। यहाँ पर "आलोके ते निपतति पुरा" का प्रसंग अध्याहृत किंवा अनुवृत्त है। अतः 'अनुग्रह' अर्थ सबसे अधिक समीचीन है। वैसे 'मनोज्ञ' अर्थ भी असमीचीन न होगा।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो बार (14.44; 14.59) तथा कुमार० में एक बार (4.35) हुआ है।

1680 **सौहार्दात्** (उ० 54.2.6.20) सौहार्द+ङसि, संज्ञा, पंचमी, एकवचन; एतावन्तं कालं आभाषणादि जनितात्सुहृद्भावादित्यर्थः। उक्तं च 'सम्बन्धमाभाषणपूर्वमाहु इति (प्रदीप); सुहृद्भावात् हृद्भाग सिन्ध्वन्ते पूर्वपदस्य च इति उभयपदवृद्धिः (संजी०); स्नेहेन प्रीत्या (पंचिका); स्नेहात् (सुबोधा०) सुहृदः भाव सौहार्दम्, सुहृद+अण्। मित्रता, मित्र-भाव। जब समास हृद, भग, सिन्धु से अन्त होता हो, तो ञित्, पित्, कित् प्रत्ययों के पूर्व समास के दोनों पदों में स्वरों की वृद्धि हो जाती है। जैसे सौभाग्यम्, साप्तसैन्धवः आदि। सुहृत् शब्द के सम्बन्ध में रंजनराय ने लिखा है सुहृद् दुर्हृदौ मित्रामित्रयोः इति निपातनात् साधुः।

'सुहृदो भावः सौहार्दम्, तस्मात्। "सुहृद्दुर्हृदौमित्रामित्रयोः" (5.4.150) सूत्र से निपातित 'सुहृद्' शब्द से 'अण्' प्रत्यय लगने पर "हृद्भगसिन्ध्वन्ते पूर्वपदस्य च" (7.3.19) सूत्र से उभय पद वृद्धि होने पर

'सौहार्द' शब्द निष्पन्न होता है। इस प्रकार सौहार्द का अर्थ यहाँ पर मित्रता है। हेतु में पंचमी होने के नाते 'सौहार्दात्' का अर्थ हुआ 'मित्रता के नाते'। 'बन्धुकृत्य' इसे पहले ही कहा जा चुका है। बन्धुकृत्य सर्वथा मित्रतावश ही किया जायगा। अतः मित्रकार्य में उचितानुचित चिन्ता की ही नहीं जाती। भगवान् श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर का दौत्य, अर्जुन का सारथ्य, द्रौपदी का सख्य आदि क्या-क्या नहीं निभाया। कवि कहता है-

"सारथ्यपारिषदसेवनसख्यदौत्यवीरासनानुगमनस्तवनप्रणामैः।
स्निग्धेषु पाण्डुषु जगत्प्रणतस्य विष्णोर्भक्तिं चकार नृपतिश्चरणारविन्दे।।"

सौहार्दाद् वा अनुक्रोशबुद्ध्या वेति विकल्पने द्वयोरेकस्यापि प्रवर्तकत्वम्। किं पुनरेकत्र समुदितयोर्द्वयोरपीति ध्वन्यते (विद्युल्लता)।

1681 **स्कन्दम् (पू० 46.1.2.2)** स्कन्द+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; कुमारं स्वामिनम् (संजी०); 'पार्वतीनन्दनः स्कन्दः सेनानीरग्निभूर्गुहः' इत्यमरः (विद्युल्लता), कार्तिकेयम् (सुबोधा); कार्तिकेय, महासेन, गृह, सुब्रह्मण्य। इस नामकरण का कारण महाभारत में इस प्रकार दिया है—स्कन्दत्वात् स्कन्दतां प्राप्तो गुहावासाद् गुहोऽभवत्। ये हिन्दुओं के युद्ध-देवता हैं। ये परवाण नामक मोर की सवारी करते हैं। इनके एक हाथ में धनुष है और दूसरे में तीर। इनकी पत्नी का नाम कौमारी, सेना या देवसेना है।

1682 **स्खलितसुभगम् (पू० 29.2.3.44)** स्खलित+टा+सुभग+सु; बहुव्रीहि; विशेषण; प्रथमा, एकवचन; मनोज्ञं यथा स्यात् (चरित्र०); स्खलितेन उपस्खलनेन मदस्खलितेन च सुभगं यथा तथा (संजी०); स्खलितं उपलादिसंघटटनेन प्रतिहतवेगत्त्वम्, व्याजेन गमनविहतिप्रकाशनं च, तेन सुभगं स्पृहणीयम् (विद्युल्लता); स्खलितेन इतस्ततः पातेन अथच कामोद्गमचिह्नविभङ्गेन सुभगं मनोहरं यथा स्यात्तथा (सुबोधा)।

स्खलित—√स्खल+क्त। स्खलितैः सुभगं यथा स्यात् तथा। लड़खड़ाती चाल अर्थात् मस्त चाल।

1683 **स्तनः (पू० 18.4.15.60)** स्तन+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; ननु स्तनौ द्वौ वर्णनीयौ कथं स्तन इत्युक्तम्? सत्यं, विदग्धा नायिका एकमेव स्तनं दर्शयन्ति अथवा धाष्ट्र्यप्रसङ्गात्। तथाच "आवृणोति प्रयत्नेन विदग्धैकस्तनं सदा। विवृणोति तथा चैकं यूनां चित्तापकर्षणे" इति, "सव्याजमंशुकाक्षेपादेकं प्रदर्शयेत् स्तनमि" ति च। एकस्य स्तनस्य काननाभ्रैरावृतत्वाददर्शनमिति स्तन इत्युक्तमित्यन्ये। किमत्रानेकस्तनवितर्केण यतः स्तनाकारस्तावदयं प्रतिभाति, उक्तञ्च—'किमु तर्क-वितर्काभ्यां प्रतीतिस्तावदीदृशी' ति केचित्। (सुबोधा);

1684 **स्तनपरिसरच्छिन्नसूत्रैः (उ० 11.3.10.38)** स्तन+ओस्+परिसर+ङि+छिन्न+भिस्+सूत्र+भिस्; बहुव्रीहि, विशेषण, तृतीया, बहुवचन; स्तनयोः परिसर, प्रदेशः तत्र छिन्नानि सूत्राणि येषां तैः (संजी०); स्तनपरिमलः कुचामोदो येषां तैः छिन्नसूत्रैः मुक्ताहारैः तदेतेन भ्रष्टाभरणाग्रहणेन समृद्धिरुक्ता (पंचिका); स्तनयोः परिसरैर्वेष्टनैः "वेष्टनं स्यात् परिसर" इति शर्वः। छिन्नानि सूत्राणि ग्रथनतन्तवो येषां तैः। इदं हारैरित्यस्यापि विशेषणम्। स्तनं परिसरन्तीति स्तनपरिसरास्तैः पचादित्वादजिति। स्तनपरिसरैः कञ्चुलिकाभिरिति विशेषणमित्याहुः। स्तनभरस्तेन स्तनपरिसरे स्तनपर्यन्ते वा छिन्नसूत्रं येषां तादृशैः। स्तनपरिसरैरित्यपपाठोऽप्रयोजकदोषापातादन्वयाभावाच्चेति बृहस्पतिः। किन्त्वयमस्य प्रमादः पूर्वटीकाकारैः स्तनपरिसरैरित्यस्यैव व्याख्यातत्वात् प्राचीनबहुपुस्तकेषु तत्पाठस्य दृश्यमानत्वाच्च (सुबोधा);

स्तनयोः परिसरः प्रदेशः, तत्र छिन्नानि सूत्राणि येषां तैः। स्तन परिसर-स्तनों का प्रदेश। अतः निविड, उन्नत और कठिन स्तन। कुछ टीकाकारों ने—स्तनेषु परिसरन्ति ते स्तनपरिसराः (स्तनों पर घूमने वाले) पश्चात् छिन्न-सूत्राः (पीछे टूटे हुए धागे वाले), तैः—यह विग्रह किया है। इसमें स्तनों के गुणों का प्रकाशन नहीं होता। अतः यह अर्थ अच्छा नहीं। स्तनपरिचित—पा०भे०। परिचित=परिचय। अतः स्तनों के परिचय से टूटे हुए इत्यादि। मुक्तालग्नस्तन —पा०भे० मोतियों से चिपटे हुए स्तनों के चन्दन आदि सुगन्धित लेप और

टूटे हुए धागों वाले'। यह पाठ भी अच्छा है, परन्तु इसमें न ऋतुसंहार 1.4 और 2.18 के भाव आये हैं, न स्तनों पर फूलों के आभूषण का वर्णन । अत: पूर्व पाठ ही अच्छा है। अन्य पाठों में 'परिसर' के स्थान में 'परिचय' या 'परिचित' पाया जाता है। इन दोनों का 'सम्पर्क' (मेल) अर्थ है। मुक्तालग्नस्तनपरिमलै:—इसी पाठ को चरित्रवर्धन ने भी स्वीकार किया है। उनके अनुसार—'मुक्तासु मौक्तिकेषु लग्नः स्तनानां कुचानां परिमलः सौगन्ध्यं येभ्यस्तै:। छिन्नानि त्रुटितानि सूत्राणि तन्तवो येषां तै:, केवल मुक्ता के पड़ी रहने से अभिसारिका का अनुमान नहीं किया जा सकता; परन्तु वक्षःस्थल पर लगाये जाने वाले सुरभित लेप, जैसे चन्दनद्रव, केशर या कुमकुम और मृगमद आदि, यदि उन मोती के दानों पर कहीं लगे हों, तो यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि यह किसी अभिसारिका के ही हार का है अत: मोती के दानों में चिपके हुए 'वक्षस्थल के सुगन्ध वाले' यही अभीष्ट अर्थ प्रतीत होता है। भानुजि दीक्षित के द्वारा उद्धृत कोश के अनुसार—

स्यात् परिमलो विमर्दातिमनोहरगन्धयोश्चापि। सुरतोपमर्दविकसच्छरीरसङ्गादिसौरभे पुंसि।" और तीसरे अर्थ की रमणीयता का आस्वाद और भी सहृदय हृदयहारी सिद्ध होगा। "मुक्ताजालैः स्तनपरिसरै:" पाठ तो सर्वथा निराकरणीय है। भरत मल्लिक ने बृहस्पति का खण्डन उद्धृत किया है—'अपपाठः, अप्रयोजकदोषापाताद् अन्वयाभावाच्च।' इसके विरोध में उनका समर्थन निरर्थक है; क्योंकि प्राचीनतम पाठ वल्लभदेव का है, जो इस पाठान्तर के अनुकूल नहीं है। यहाँ पर 'रसाकर' के अनुसार चारों भूषणों को प्रस्तुत किया गया है—

कचधार्य देहधार्यं परिधेर्य विलेपनम्।
चतुर्धा भूषणं प्राहुः स्त्रीणां मन्मथदैशिकम्।।

1685 **स्तनाभ्याम्** (उ० 21.3.12.40) स्तन+भ्याम्; संज्ञा, तृतीया, द्विवचन; न तु वपुर्दोषात् (संजी०); स्तनभोगेन (पंचिका); कुचाभ्यां, स्तनयोः सुवृतघनपीनता सूचिता, उक्तञ्च वृतौ घनाविषमौ कठिनापुरस्या' विति (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में एक बार (3.54) हुआ है।

1686 **स्तनितवचनैः** (उ० 37.4.16.48) स्तनित+जस्+वचन+भिस्; तत्पुरुष; संज्ञा, तृतीया, बहुवचन; गर्जितवचनैः (प्रदीप); स्तनितानि गर्जितानि इव वचनानि तैः (चरित्र०); स्तनितान्येव वचनानि तैः (संजी०); गम्भीरगर्जितेनैव वचसा (पंचिका); ध्वनितवचनैः मन्दगर्जितरूपवाक्यैः, प्रवलगर्जितेन चमत्कृतिः स्यादित्युक्तं ध्वनितवचनैः, धीरध्वनितवचनैः इति पाठे मन्द गर्जितवाक्यः सन् त्वम्। धीरध्वनितमुचकेरिति पाठे क्रियाविशेषणम् (सुबोधा); **धीरस्तनितवचन**—पा०भे०—इसके दो पदच्छेद हो सकते हैं—1. धीरस्तनित, एक समस्त पद है—धीरं स्तनितम् एव वचनं यस्य सः। गम्भीर गर्जन रूपी वचनों वाला 2. धीर (सम्बोधन एकव०) स्तनितवचन ये दो पद हैं। **धीरस्तनितवचनम्**—पा०भे०—यह क्रियाविशेषण ही हो सकता है—धीरं स्तनितम् एव वचनं यस्मिन् कर्मणि तद्यथा स्यात् तथा।—ऐसे रूप में गम्भीर गर्जन शब्दों का काम कर सकें।' प्रथमान्त 'वचन' पाठ में वचनों की स्थिति गौण होती है। ऐसे ही क्रियाविशेषण पाठ में। 'प्रक्रमेथाः' के साथ सम्बोधनात्मक पाठ अधिक उपयुक्त है। 'धीरस्तनितवचनः' वाले पाठ में यह मेघ का विशेषण है।

1687 **स्तनितविमुखः** (उ० 36.2.10.23) स्तनित+ङसि+विमुख+सु; तत्पुरुष; विशेषण; प्रथमा, एकवचन; गर्जितरहित आसीनः सन् (चरित्र०); गर्जितपराङ्मुखो निःशब्दस्सन् अन्यथा निद्राभङ्गः स्यादिति भावः (संजी०); त्यक्तगर्जितः (पंचिका); गर्जितात् विमुखः पराङ्मुखो निवृत्तो निःशब्दसन् (सुबोधा); स्तनितेभ्यः

विमुखः। कवि ने मेघ को चुप रहने का उपदेश पू०मे० 41 में भी किया है। वहाँ कवि रागसन्तप्त अभिसारिकाओं पर दयाभाव से ऐसा उपदेश कर रहा है। यहाँ भी दयाभाव है।

1688 **स्तनितसमये (पू० 22.3.10.31)** स्तनित+ङस्+समय+ङि; तत्पुरुष; संज्ञा, सप्तमी एकवचन; त्वद्गर्जितकाले (चरित्र०); त्वद्गर्जित काले (संजी०); गर्जितावसरे (सुबोधा)।

1689 **स्तम्भम् (पू० 33.3.17.30)** स्तम्भ+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; आलानम् (संजी०)।

1690 **स्तम्भितान्तर्जलौघः (पू० 63.3.14.40)** स्तम्भित+सु+अन्तः+जल+ङस्+ओघ+सु; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; स्तम्भितोऽन्तर्गतस्य जलस्यौघः प्रवाहो येन तादृशः सन् (चरित्र०); स्तम्भितो घनीभावं प्रापितोऽन्तर्जलस्य ओघः प्रवाहो यस्य स तथाभूतः (संजी०); स्तम्भित ऊर्ध्वं निश्चलीकृत्य विधृतोऽन्तर्मध्ये जलौघस्तोयसमूहो येन तादृशः सन्। जलौघे चलति सति पादस्खलनं स्यादिति स्तम्भितान्तर्जलौघ इत्युक्तम् (सुबोधा); स्तम्भितः अन्तः जलस्य ओघः यस्य सः। स्तम्भित—√स्तम्भ् (रोकना)+णिच्+क्त।

यह इसलिए कि पार्वती और परमेश्वर के विहार में बाधा न हो तथा तत्कालीन गर्जन से पार्वती डरे नहीं। अपि च पानी बरसा देने पर भङ्गीभक्ति भी पूर्णतया सफल न हो सकेगी।

1691 **स्तिमितनयनाम् (उ० 37.3.11.36)** स्तिमित+औ+नयन+औ+टाप्+अम्; बहुव्रीहि; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; निश्चलनयनाम् (प्रदीप); स्तिमिते निश्चले नयने यस्याः सा ताम्, भर्तुः सकाशात् कोऽपि आगच्छेदिति उत्कण्ठया वातायनदत्तचक्षुषं (चरित्र०); कोऽसाविति विस्मयात् निश्चलनेत्राम् (संजी०); दिदृक्षयाक्षिप्तचक्षुषम् (पंचिका); स्तिमिते निश्चले, नयने लोचने यस्यास्तादृशीम् (सुबोधा); स्तिमित—√स्तिम् (पास्तीम्) स्थिर होना+क्त। इसके रूप स्तिम्यति, स्तीम्यति, तिष्टेम, तिष्टीम (लिट्) स्तेमिष्यति, स्तीमिष्यति (लृट्), अस्तेमीत्, अस्तीमीत् (लुङ्), आदि होते हैं।

'यह हमारे घर आज खिड़की से कौन आ गया है'—इस विस्मय के कारण यक्षपत्नी की आँखें खिड़की पर गड़ सी गई थीं, अथवा सहसा जागने में ऐसा होना स्वाभाविक ही है; क्योंकि प्रायः देखने आता है कि अकस्मात् नींद खुलने पर आँखें निश्चल हो एकटक देखने लगती हैं।

1692 **स्तिमितनयनप्रेक्षणीयाम् (पू० 62.3.9.55)** स्तिमित+भ्याम्+नयन+भ्याम्+प्रेक्षणीय+टाप्+अम्; तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; उत्पश्यामीत्यनेन सम्बन्धः (प्रदीप); स्तिमितैः निश्चलैः नयनैः प्रेक्षितुं योग्याम् (चरित्र); स्तिमिताभ्यां नयनाभ्यां प्रेक्षणीयां शोभाम् (संजी०); स्तिमितैरद्भुतत्वात् निश्चलैर्हर्षद्रैर्वा, नयनैश्चक्षुभिः प्रेक्षणीयां दर्शनार्हाम् (सुबोधा); स्तिमिते नयने, ताभ्यां प्रेक्षणीयाम्। स्तिमित—√स्तिम् (जमना)+क्त। इसके रूप स्तिम्यति, स्तिम्यतु' अस्तिम्यत्, स्तिम्येत् स्तेमिष्यत्, अस्तेमीत् (लृङ्) तथा तिष्टेम (लिट्)—होते हैं। प्रेक्षणीय—प्र+√इक्ष् (देखना)+अनीय।

1693 **स्तोकनम्रा (उ० 21.3.11.39)** स्तोक+सु+नम्र+टाप्+सु; कर्मधारय, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; ईषत् अवनता (संजी०); स्तोकं मनाङ्नम्रनता (पंचिका); स्तोकल्पं यथास्तथा नम्रा स्तनगौरवान्नमनशीला नताङ्गीत्यर्थः स्तोकनम्रेत्यनेन स्तनयोः सुवृतघनपीनता सूचिता उक्तञ्च "वृतौ धना विषमौ" कठिनावुरस्यातिति (सुबोधा)।

स्तोकं नम्रा। कुछ-कुछ झुकी हुई; अधिक नहीं। स्तनभार से झुकावट स्वाभाविक भी है और सौन्दर्य का कारण भी। तुलना करो कु० सं० 3.54; रत्नावली 1.1.

1694 **स्त्रीणाम्** (त्रिवारं प्रयुक्तम्) **(पू 29.4.10.73; 32.3.9.33); उ० 9.1.2.2** स्त्री+आम्; संज्ञा, षष्ठी, बहुवचन; कामिनीनाम् (चरित्र 29); कामिनीनाम् (चरित्र 32); कामिनीनाम् (पंचिका 9); सहजलज्जा भूषणत्वात् स्वमुखोक्तावैयात्यं द्योतयति (विद्युल्लता 29); प्रियतमानुकूल्यप्रार्थनया सान्त्वप्रयोक्तेति वातेऽपि (विद्युल्लता 32); स्त्यायति इति स्त्री। √स्त्यै शब्दसंघातयोः+डट्। उ० 4.166 दशपाद्यु० 8.88 के मत में 'त्र'

प्रत्यय है। 'जो शब्द करती है, संश्लिष्ट होती है, वह स्त्री' होती है। अतः इस पद से सुरतक्रीडा में प्रत्यालिंगन और सीत्कार की ध्वनि निकलती है। अतः इस पद का प्रयोग प्रियतम आदि विशेषण के अनुरूप ही हुआ है। इस शब्द की उपयोगिता एवं व्यञ्जना भानुजिदीक्षित की इस व्युत्पत्ति से पूर्णतः स्पष्ट हो उठेगी—"स्त्यायति गर्भोऽस्याम्। 'स्त्यायतेर्ड्रट्' (उणादि 4.166), टिलोपः (6.4.143), यलोपः (6.1.66),"टिड्ढाणञ्..... (4.1.15) इति ङीप्।" इस प्रकार दृढालिंगन के फल की ओर भी कलाकार ने मनोरम इंगित इस 'स्त्री' शब्द के प्रयोग द्वारा कर दिया है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग ऋतु० में तीन बार (3.18; 3.25; 6.10), कुमार० (6.45; 7.22), तथा शाकु० (357.3; 5.23) में दो-दो बार हुआ है।

1695 **स्थलकमलिनीम् (उ० 29.4.19.48)** स्थलकमलिनी+अम्; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; स्थलकमलिनी सूर्यकिरणस्पृष्टा विकसित। मेघच्छन्नैर्किरणैरस्पृष्टा निमीलति च (प्रदीप); स्थलपद्मिनीमिव (सुबोधा); यक्षपत्नी पृथ्वी पर लेटी रहती थी। इसलिए उसकी उपमा पृथिवी के कमल से दी गई है।

जल या पङ्क के अतिरिक्त भूमिमात्र में प्ररोहित होने वाले कमल को स्थलकमल कहते हैं। पाणिनि के अनुसार कमलस्थली को 'कमलिनी', 'अब्जिनी', 'पद्मिनी', 'नलिनी', 'सरोजिनी' आदि कहते हैं। सूत्र है—'पुष्करादिभ्यो देशे' (5.2.135)। पुष्करादिगण में आने वाले प्रतिपादिकों से समदाय से देश का अर्थ अभिधीयमान होने पर 'इनि' प्रत्यय होता है। इसी प्रकार स्थलकमलों के समूह वाली स्थली को स्थलकमलिनी कहेंगे। यक्षाङ्गना के अवनिशयना होने के नाते उसकी तुलना स्थलकमलिनी से कवि ने की है। उसके मुख, नयन, करचरणादि के कमलवत् होने के कारण उसे कमलिनी ही बना दिया गया है। सौन्दर्य एवं सौकुमार्य की अतिशयता की व्यञ्जना इस औपम्य से हो जाती है। साथ ही यह प्रश्न उठता है कि कालिदास ने अन्य कवियों की तरह स्थलकमलकान्ति आदि क्यों नहीं लिखा; क्योंकि प्रबुद्धता-सुप्ततादि तो स्थलकमल के धर्म हैं, स्थलकमलिनी के नहीं। यहाँ यह उक्ति अवयवधर्म को अवयविनी के ऊपर आरोपित करके उपचार से प्रसृत हुई है और उसका प्रयोजन है—असमग्रविकास एवं दरदलितदलसम्पुट के आतिशय्य को अभिव्यक्त करना। महाराज श्रीहर्ष ने भी सरोरुहिणी की आश्वासना, मुद्रण व विकास को प्रस्तुत किया है—

"यातोऽस्मि पद्मनयने समयो ममैष सुप्ता मयैव भवती प्रतिबोधनीया।
आश्वासनामयमतीव सरोरुहिण्याः सूर्योऽस्तमस्तकनिविष्टकरः करोति।"

1696 **स्थलीदेवतानाम् (उ० 45.3.15.56)** स्थलीदेवता+आम्; संज्ञा, षष्ठी, बहुवचन; तरुकिसलयेष्विति वक्ष्यमाणत्वात् वनशब्दाप्रयोगः (प्रदीपः); वनाधिष्ठातॄणाम् (चरित्र०); वनदेवतानाम् (पंचिका); वनदेवता। स्थली—स्वाभाविक, प्राकृतिक स्थान, वन आदि। ऐसे स्थलों की अधिष्ठातृ देवताएँ।

1697 **स्थातव्यम् (पू० 37.2.7.11)** स्था+ तव्यत्ः कृदन्त;

त्वया अवस्थेयम् (सुबोधा):

1698 **स्थानात् (पू० 14.3.11.27)** स्थान+ङसि; संज्ञा, पंचमी, एकवचन; अनेन आस्थानं च विवक्षितम् (प्रदीप); आश्रमात् (संजी०); स्थितिदेशात् (सुबोधा)

1699 **स्थितः (पू० 61.6.13.69)**

अस्ति (सुबोधा);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—शाकु० (13), विक्रम० (6), रघु० (5), मालवि० (3), कुमार० (1), ऋतु० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1700 **स्थित्वा** (द्विवारं प्रयुक्तम्) (**पू० 3.1.2.2; 19.1.2.2;**) स्था+क्त्वा, अव्यय; विश्रम्य (संजी०); विश्रम्य (सुबोधा 19); खड़े होकर।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग ग्यारह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग विक्रम० में तीन बार (8.1; 122.2; 122.17), मालविका में तीन बार (60.1.; 4.11; 4.11), शाकु० में दो बार (210.3; 372.6) तथा रघु० में एक बार (16.5) हुआ है।

1701 **स्थिरगणपदप्राप्तये (पू० 58.4.17.58)**स्थिर+सु+गण+आम्+पद+ङस्+प्राप्ति+ङे; तत्पुरुष; संज्ञा; चतुर्थी, एकवचन; स्थिरं च तत् गणानां पदं तस्य प्राप्तये (चरित्र०); अलं शब्दस्य अर्थग्रहणात् पर्याप्तिवाचिनः कृपेर्योगे चतुर्थी (चरित्र०); स्थिरं शाश्वतं गणानां प्रमथानां पदं स्थानं; 'गणाः प्रमथसंख्यौघाः' इति वैजयन्ती; तस्य प्राप्तये; क्लृपेपर्याप्तिर्वचनस्य अलमर्थत्वात्तद्योगे "नमः स्वस्ति" इत्यादिना चतुर्थीः "अलमिति पर्याप्तार्थग्रहणमिति भाष्यकारः (संजी०); नमः स्वस्तिस्वाहास्वधालंवषड्योगाच्च' इति सूत्रे अलंशब्दस्यार्थग्रहणात् पर्याप्तिवाचिनः क्लृपिधातोर्योगे प्राप्तय इति चतुर्थी। इन्द्रादिपदवत् कतिपययुगावस्थानलक्षणास्थैर्यरहितशाश्वतपार्षदस्वरूपोपलब्धये, तत् प्रसादान्मुक्तानामपि पशुत्वास्यमलविरहात् सर्वज्ञत्वादिशिवलक्षणाविशिष्टत्वाच्च शिववन्नित्यत्वमेवेति भावः। 'मुक्तात्मनोऽपि शिवाः किन्त्वेते तत्प्रसादतो मुक्ताः। सोऽनादिमुक्तः एको विज्ञेयः पञ्चमन्त्रतनुः इत्यागमान्तेषामनादि मुक्तत्वस्यैव निषेधान्तदितरगुणानुमतिः (विद्युल्लता); स्थिरा चिरं निश्चला अव्यभिचारिणी गणानां नन्दिभृङ्गिप्रभृतीनां' यत् पदं तस्य प्राप्तये (सुबोधा); स्थिरं गणानां पदं, तस्य प्राप्तये। शिवजी के 'गण' अमर हैं। यहाँ पर 'स्थिर' पद यह प्रदर्शित करता है कि कुछ व्यक्तियों को अस्थायी रूप से भी यह पद प्राप्त हो जाता है, परन्तु चरणन्यास के दर्शन से मुनष्य सदैव के लिए शिव के गणों में स्थान पा जाता है।

1702 **स्थूलमध्येन्द्रनीलम् (पू० 49.4.23.47)** स्थूल+सु+मध्य+ङि+इन्द्रनील+अम्; बहुव्रीहि; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; स्थूलो मध्ये इन्द्रनीलमणिर्यस्य तम् (चरित्र०); स्थूलो महान् मध्यो मध्यमणिभूत इन्द्रनीलो यस्य तम् (संजी०); स्थूलं मुक्त्याभ्योऽधिकसंस्थानं मध्ये नायकत्वेन प्रयुक्तं महानीलरत्नं यस्मिन्। अनेन हारयष्टिनिविष्टस्य तरलमहानीलस्य परभागलाभान्नयनहरत्वं ध्वन्यते (विद्युल्लता); स्थूलं पीवरं मध्ये मध्यभागे इन्द्रनीलं मणिभेदो यस्य तादृशमेकमद्वितीयं श्रेष्ठं वा (सुबोधा०)

मोतियों की माला जिसे गुप्तकाल में एकावली कहते थे। रघुवंश (13.48) में इसे ही मुक्तावली कहा है। एकावली माला के बीच में नीलम का बड़ा लम्बोतरा मनका पिरोया जाता था। इसकी ओर ही कालिदास का संकेत है। गुप्तकालीन अजन्ता के गुफाचित्रों में इन्द्रनील और मोतियों की एकावली के अनेक उदाहरण मिलते हैं। कालिदास ने अन्यत्र भी मुक्ताफल और इन्द्रनील के साहचर्य से बनी हुई माला का उल्लेख किया है—

प्रागेव मुक्ता नयनाभिरामा प्राप्येन्द्रनीलं किमुतो मयूखम्।

(रघु० 16.69)

और भी—

"क्वचित्प्रभालेपिभिरिन्द्रनीलैर्मुक्तामयी यष्टिरिवानुविद्धा।"

स्थूलः मध्येन्द्रनीलः यस्य, तम्।

1703 स्थूलहस्तावलेपान् (पू० 14.4.20.54) स्थूल+जस्+हस्त+आम्+अवलेप+शस्; तत्पुरुष, संज्ञा, द्वितीया, बहुवचन; पीवरशुण्डादण्डसम्पर्कान, (चरित्र०); स्थूला: ये हस्ता: करा: तेषां अवलेपान् आक्षेपान् परिहरन्; 'हस्तो नक्षत्रभेदे स्यात् करेभकरयोरपि' इति, अवलेपस्तु गर्वे स्यात् क्षेपणे दूषणेऽपि च' इति विश्व:; हस्तावलेपान् हस्तविन्यासपूर्वकाणि दूषणानि परिहरन्; 'अवलेपस्तु गर्वे स्यात् लेपने दूषणेऽपि च' इति विश्व: (संजी०); प्रतिगजधिया समराय वा, गिरितटबुद्धया वप्रक्रीडनार्थ वा; समाक्रष्टुं प्रसरतां महतां शुण्डादण्डानां मदभरजनितान् यत्किञ्चित्कारितालक्षणान् व्यापारान्, यथा कुमारसंभवे–'तदीयास्तोयदेष्वद्य पुष्कलावर्त्तकादिषु। अभ्यस्यन्ति तटायातं निर्जितैरावता: गजा: इति (विद्युल्लता); करप्रहारान् (सुबोधा); स्थूलहस्तशब्देन शुण्डार्धमुच्यते, तथा च **धरणि**: "हस्तो गजस्य नासायां शुण्डार्धे स्थूलपूर्वक" इति। अश्वहस्तात् परं स्थूलहस्त:; यदुक्तम्–

"अंगुलीमुखगण्डुषं स्त्रोतसोरन्तरा गतम्।
अश्वहस्तं ततो विद्यात् स्थूलहस्तं तत: पर" **मित्यन्येऽपि।**

अवलेप: प्रहार:, तथाच **रंतिदेव**:"गर्वप्रहारयोरुक्तमवलेपपदं बुधै"रिति। स्थूलहस्तेन स्थूलहस्तस्य वा अवलेपा: स्थूलहस्तावलेपा: तान् स्थूलहस्तावलेपान् पीवरशुण्डदण्डप्रहारान्, स्थूलेत्यनेन प्रहाराणां दु:सहत्वमभिमतम्, तस्मादवश्यं परिहरणीयमिति ध्वनितमित्यन्ये, परिहरन् परिहरिष्यन् गमिष्यसीत्यर्थ:। गजाश्व प्रतप्ता मेघे कराघातं कुर्वन्ति; यदुक्तं गजशास्त्रे–

"अवस्थां पञ्चमीं प्राप्ता दृष्ट्वा कृष्णाम्बुदं गजा:।
सन्तापशान्तये तप्ता: क्षिपन्ति स्थूलहस्तकान्।।" इति।।
पुष्टशुण्डादण्डस्पर्शम् (सु०वि०) पीवरकराधातान् (सारो०)

1704 स्नपयतु (पू० 46.2.6.25) स्ना (अदा०प० नहाना, अभिषेक करना)+णिच् लोट् मध्यम पुरुष, एकवचन। स्नानं कारयिष्यति (सुबोधा); √स्ना+णिच्+लोट् प्रथम पुरुष, एकवचन। इसका दूसरा रूप 'स्नापयतु' है।

1705 स्निग्धगम्भीरघोषम् (उ० 1.2.7.29) स्निग्ध+सु+गम्भीर+सु+घोष+अम्; बहुव्रीहि; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; स्निग्धो मधुरो गम्भीरो धीरो घोषो गर्जितं यस्य स तम् (चरित्र०); स्निग्ध: श्राव्यो गंभीरो घोषो गर्जितं यस्य तम् (संजी०); मधुरधीरध्वनितम् (पंचिका); स्निग्धा मधुरा गम्भीरा मन्द्रा घोषा ध्वनयो यस्य तम् (सुबोधा); स्निग्ध: गम्भीरश्च घोष: यस्य तम्। √स्निह्+क्त=स्निग्ध। बादल की गर्जन स्निग्ध इसलिए है कि वह वर्षा द्वारा मनुष्यों की कामनाएँ पूरी करता है। वेद ने पर्जन्य को 'वृषभ:' और 'जीरदानु:' (ऋ० 5.38.1) कहा है। ब्राह्मणों ने इसे वसु (=धन आदि) की धारा (तै० 3.11.10.3) अन्नादि सब कुछ उत्पादक (श० 6.1.3.15) और अग्नि (श० 14.9.1.13) कहा है। प्रकरण में इसके 'मधुर और सुखदायी' अर्थ ही अभीष्ट है। यही पाठ सरल और प्रकरणोचित है। कवि ने इसी प्रकार का प्रयोग रघु० 1.36– 'स्निग्धगभीरनिर्घोषं (पयोवाहम्)' में किया है।

स्निग्धपर्जन्यघोषम्–पा०भे०। श्री पाठक 'पर्जन्यघोष' का अर्थ मेघ का घोर गर्जन (peals of thunder) करते हैं और इसे भी उपयुक्त पाठ मानते हैं। परन्तु इस अर्थ में दो दोष हैं। प्रथम तो 'पर्जन्य' मेघ का ही पर्याचवाची है। मेघ का उल्लेख 'त्वाम्' में हो गया है। अपि च–यहाँ शब्द की गम्भीरता अनुमानगम्य है, स्पष्ट नहीं। 'स्निग्धगम्भीरघोषम' मुरज के पक्ष में भी लग जाता है। 'पर्जन्यघोष' नहीं लग सकता। श्री कर्मार्कर 'पर्जन्य' का अर्थ ही 'पर्जन्यघोष' करते हैं और घोष पद को अनावश्यक समझते हैं। परन्तु ऋ० 5.83.1.9. में पर्जन्य को 'कनिक्रदन्' ऋ० 5.83.2.9. में 'स्तनयन् कहा गया है। ऋ० 5.83.6 में स्तनयित्नु (=गर्जन) को 'पर्जन्य' का सहचर कहा गया है। अत: मूलत: 'पर्जन्य' 'पर्जन्यघोष' का पर्यायवाची नहीं। अत: 'पर्जन्यघोषम्' पाठ प्रकरण में बहुत अच्छा नहीं। यहाँ स्निग्ध का अर्थ कर्णप्रिय–कानों

को सुख लगने वाला (agreeable to the ear) है और 'गम्भीर' का अर्थ गहरा (deep) है। "स्निग्धः श्राव्यो गम्भीरो घोषो गर्जितं यस्य तम्" मल्लि०। पूर्णसरस्वती, दक्षिणावर्तनाथ आदि टीकाकारों ने 'स्निग्ध पर्जन्यघोषम्' पाठ दिया है। पूर्णसरस्वती ने उस पाठ की सुन्दर व्याख्या की है 'स्निग्धः पर्जन्यघोषम् अपरुषवृष्ट्युद्योगस्तनितयुक्तम्। अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः। यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः।।' इति भगवद्वचने। [श्रीमद्भगवद्गीतायाम्] पर्जन्यशब्दस्य वृष्टिवाचकत्वावगतेः। वैजयन्त्या तु—'पर्जन्यो गर्जदभ्रेऽपि स्वाने शक्रेऽर्थयन्त्रके'—इति श्रवणात् तदानीं स्निग्धगर्जनमिति व्याख्येयम्।" इस पाठ में पर्जन्य शब्द के दो अर्थ लिए जा सकते हैं—एक तो 'सुन्दर गरजते बादलों की गड़गड़ाहटवाले' और दूसरा मीठी-मीठी गरजने की आवाज वाले'। दोनों अर्थो में मेघ के विशेष्य होने के नाते 'अधिकपदत्व' अथवा 'पुनरुक्त' दोष प्रसक्त होगा। इसका परिहार करने का असन्तोषजनक प्रयास पूर्वप्रयोग के बल पर दक्षिणावर्तनाथ ने किया—"अत्र मेघगर्जितवाचिनः पर्जन्यशब्दस्य प्रयोगेणैव सिद्धेऽप्यर्थे घोषशब्दप्रयोगः 'केकारवैर्बर्हिण' इत्यत्र केकारववत् सोढव्यः।" पाठ तो कोई भी हो सहन करना ही पड़ेगा, परन्तु पहले के अपप्रयोग क्या उसे दोषावह होने से रोक सकेंगे। इस प्रसङ्ग में तो वल्लभदेव, मल्लिनाथ, चरित्रवर्धन, भरतसेन आदि का गृहीतपाठ प्राचीनता एवं दोषहीनता दोनों ही दृष्टियों से अच्छा है। इस गृहीतपाठ के पक्ष में यह प्रमाण भी उपन्यस्त किया जा सकता है कि, कालिदास ने अपने अन्य काव्य 'रघुवशं' में पयोवाह के विशेषण के रूप में "स्निग्धगम्भीरघोषम्" (1.36) लिखा है। इस तरह ग्रन्थकार के प्रिय प्रयोग की दृष्टि से भी गृहीतपाठ 'स्निग्धगम्भीरघोषम्' ही ज्यायान् है।

1706 स्निग्धच्छायातरुषु (पू० 1.4.12.55) स्निग्ध+जस्+छायातरु+सुप; कर्मधारय; विशेषण, सप्तमी बहुवचन; स्निग्धः लावण्यशालिनः छायाप्रचुरास्तरवो येषु (प्रदीप); स्निग्धाः शाद्वलदलाः छायाऽनातपः तत्प्रधानास्तरवो वृक्षा येषु तेषुः, अनेन वियोगिनः योग्यं स्थानं ध्वन्यते (चरित्र०); स्निग्धाः सान्द्राः छायातरवो नमेरुवृक्षाः येषु तेषु वसतियोग्येषु इत्यर्थः (संजी००); सीतास्वहस्तोम्भितकुम्भाम्भः सम्भृतसमृद्धिकाः 'प्रभावस्तिमितच्छायाम्' इतिवत्, ततस्तत्करप्रभावादविरतकिसलयकुसुमफलभरभरितविकटविटपास्तत एव स्निग्धाः लावण्यशालिनः छायाप्रचुरास्तरवो येषु। छायातरव इति शाकपार्थिवादित्वात् समासः। रघुवंशे च—'छायावृक्षमिवाध्वगाः' इति। विशेषणाभ्यां 'पापहरत्वं मनोहरत्वं च युगपदेकत्र न संभवति, तदुभयमत्र समुदितम्; अतोऽत्रैव वसामः' इति तस्य बुद्धिरुत्पन्नेति द्योत्यते (विद्युल्लता); अत्र उदात्तमलङ्कारः (विद्युल्लता); स्निग्धा सारसाश्छायातरवः सर्वदा पुष्पादियुक्तास्तरवो यत्र तेषु; किंवा स्निग्धाश्छायातरवोरुद्राक्षवृक्षा यत्र तेषु; किंवा स्निग्धाश्छायातरवः पङ्क्त्युपलक्षितवृक्षाः श्रेणीभूतवृक्षा वृक्षश्रेण्यो यत्र तादृशेषु; किंवा छाया शोभा पुष्पफलादिसमृद्धिरूपा तत्प्रधानास्तरवो येषु तेषु; किंवा छायायै शोभायै तरवश्छायातरवस्ते स्निग्धा यत्र तेषु; स्निग्धछायातरवो वटवृक्षा यत्र तेषु; वटवृक्षा हि यक्षावसानाः, 'यक्षस्तु राजा वटवृक्षवासी' ति हारावलीत्यन्ये (सुबोधा); स्निग्धेत्यनेन विरहियोग्यशीतलस्थानकिसलयशय्यादिसौलभ्यं विरहजन्युदःसहदाहादिकश्च सूचितम्—

सुशीतानि सुगन्धीनि वनानि च सरांसि च।
सम्भोगेष्वनुकूलानि दहन्ति विरहे भृशम्।। इति भरतः।।
'छायातरुः स्थिरच्छाय' इति त्रिकाण्डशेषः।
मध्याह्न संस्थितेऽप्यर्के छाया येषामवस्थिताः।
स्तम्भिता इव तिष्ठन्ति ते छायातरवो मताः।। इति रन्तिः।

'छायातरुः सदा पूर्णः पुष्पैः किसलयैः फलैः' इत्यन्यः। 'छायातरुर्नमेरुः स्यात्' इति बलः।

छाया पङ्क्तौ प्रतिमायामर्कयोषित्यनातपे।

उत्कोचे चाप्यनारम्भे शोभायाश्च तमस्यपि।। इति विश्वलोचन: (सुबोधा);

गहन छाया वाले वृक्षों से भरे हुए।

छाया प्रधाना: तरव: छायातरव:। मध्यमपद लोपी तत्पुरुष समास। स्निग्धा: छायातरव: येषु तेषु। मल्लिनाथ छायातरु का अर्थ नमेरु वृक्ष करते हैं। यह वृक्ष अपनी छाया की बहुलता के लिए विख्यात है। परन्तु इस प्रकार अर्थ को सीमित करने में कोई विशेषता प्रतीत नहीं होती। अत: घनी छाया वाले वृक्ष—यह अर्थ ही उपयुक्त रहेगा। एक टीकाकार ने लिखा है—'पूर्वापरदिग्भागे अपि सवितरि येषु छाया न परिवर्तते ते छायातरव उच्यन्ते'। अर्थात् जिन वृक्षों में सूर्य की छाया नहीं पड़ती है, वे छायातरु होते हैं। स्निग्ध—√स्निह्+क्त। चिकने आनन्ददायक, रमणीय, गहन। मल्लि० ने 'स्निग्ध' का अर्थ सान्द्र (धना) लिया है। छायाप्रधानास्तरवश्छाया तरव: शाकपार्थिवादिवत् मध्यमपदलोपि समास है। इस प्रकार 'छायातरव:' से नमेरु वृक्षों का अर्थ लिया है। इसका 'घने छाया देने वाले वृक्ष' यह अर्थ करना अच्छा है। स्निग्ध का अर्थ रम्य, सुन्दर भी लिया जा सकता है; इस प्रकार यह छाया का विशेषण है। एक टीकाकार 'छायातरव:' की इस प्रकार व्याख्या करता है—'पूर्वापरदिग्भागेऽपि सवितरि येषां छाया न परिवर्त्तते ते छायातरव उच्यन्ते'।

1707 **स्निग्धभिन्नाञ्जनाभे (पू० 62.1.4.14)** स्निग्ध+सु+भिन्न+सु+अञ्जन+ङस्+आभा+ङि; बहुव्रीहि, विशेषण, सप्तमी, एकवचन, भग्नस्निग्धाञ्जनशिलासन्निभे (प्रदीप); स्निग्धश्चतद् भिन्नं विदारितं यदञ्जनं तद्वद् भाति (चरित्र०); स्निग्धं मसृणभिन्नं मर्दितं च यदञ्जनं कज्जलं तस्य आभा इव आभा यस्य, तस्मिन् (संजी०); स्निग्धं अरुणं चिक्कणं भिन्नं मर्दितं किंवा स्निग्धेन तैलादिना भिन्नं मिश्रीकृतं यदञ्जनं कज्जलं तद्वदाभा छविर्यस्य तादृशे, अतिस्निग्धश्यामे इत्यर्थ। नायिकागतचिन्तत्वात् पूर्वानुभूतकज्जलमेव दृष्टान्तयति स्म (सुबोधा); स्निग्धं भिन्नं च यत् अञ्जनं, तस्य आभा इव आभा तस्य, तस्मिन्। त्वयि का विशेषण है। स्निग्ध—चिकना, चमकीला। भिन्न—मसला हुआ, मला हुआ, चूरा किया हुआ। अञ्जन—आँखों में काजल लगाने की प्रथा समस्त पूर्वी देशों में पाई जाती है। बादल की पीसे हुए सुरमे तथा चिकने काजल से समानता दिखाई गई है।

1708 **स्निग्धवेणीसवर्णे (पू० 18.2.8.34)** स्निग्धवेणी+ङस्+सवर्ण+ङि; तत्पुरुष, विशेषण, सप्तमी, एकवचन; श्यामत्वात् चिक्कणवेणिकादृशे (चरित्र०); मसृणकेशबन्धछायै: (संजी०); श्यामवर्ण इत्यर्थ:, वेणी तु केशबन्धे जलस्रुतौ इति यादव: (संजी०); सर्ववेणीसवर्णे; सर्ववेणी नाम मेचकरुचि: कश्चित् पदार्थ: सर्पदृशाकार:। नीलालके मेघचये मेचके स्तनचूचुके। मण्डले कृष्णसर्पाणां सर्पवेणी निगद्यते।। 'इति दिवाकर:। कामिनी केशबन्धविशेषो वा तत्समानच्छाये। सर्पवेणीति कृष्णभुजंगभोगमण्डलमिति केचित् (विद्युल्लता); स्निग्धवेणीसवर्णे चिक्कणकेशविन्यासविशेषसमाननीलवर्णेत्वयि (सुबोधा); गिरे: स्तनाकारतां तर्कयन् स्वनारीवेणीं स्मृतवानिति वेण्या दृष्टान्तयति, तद्वेण्याश्च शापसमये अरूक्षत्वात् स्निग्धेति विशेषणम्। विरहित्वाद्वा तामेव पश्यतीति कार्ष्ण्ये वेणीमेव दृष्टान्तयति, तथाच "सङ्गे सैव तथैका त्रिभुवनमपि तन्मयं विरहे" इति। अन्यच्च "पश्यामि तामित इत: पुरतश्च पश्चादन्तर्बहि: परित एव च वर्तमानामि" ति। स्निग्धश्चासौ वेणीसवर्णश्चेति **केचित्** (सुबोधा); स्निग्धा चासौ वेणी। तया सवर्ण:। तस्मिन् चिकने, चमकीले बालों के समान काले-काले रंग वाला। स्निग्ध—चिकनी, अत: चमकीली। सर्पवेणी०—कोष में सर्पवेणी का अर्थ यह दिया है—

नीलालके मेघचये मेचके स्तनचूचुके।

मण्डले कृष्णसर्पाणां सर्पवेणी निगद्यते।।

अत: इसका अर्थ 'काले बाल के समान रंग वाले' होगा। दक्षिणावर्त 'रंग और बन्धन में काले सर्प के समान' ऐसा अर्थ करते हैं। तैलचिक्कणा या वेणी केशपाश: तस्या: समान: वर्ण: यस्य स:, तस्मिन् (ब० व्री०) सारोद्धा०, सुमतिविजय तथा सरस्वतीतीर्थ के अनुसार 'स्निग्ध' का अर्थ 'कान्तिमत्' है।

1709 **स्निग्धवैदूर्यनालैः (उ० 15.2.8.28)** स्निग्ध+जस्+वैदूर्य+जस्+नाल+भिस्; कर्मधारय; विशेषण, तृतीया: बहुवचन; स्निग्धानि द्युतिमन्ति वैदूर्याणि विदूररत्नमयानि नालानि येषां तैः (चरित्र०); विदूरेभावा वैदूर्याः, 'विराञ्च' इति 'ञ्च' प्रत्ययः, वैदूर्याणां विकारः वैदूर्याणि, विकारार्थे अण्प्रत्ययः, स्निग्धानि वैदूर्याणि नालानि येषां तैः (संजी०); स्निग्धैः वैडूर्यमणिभिरेव नालो गन्धो येषां तैः (पंचिका); स्निग्धं चिक्कणं वैदूर्यवत् प्रवालमणिवत् नालं येषां तादृशैः (सुबोधा); 'स्निग्ध' पाठ में नालों की चिकनाहट और चमक का अर्थ निकलता है। ये वैदूर्यमणि के तो थे ही। अतः अत्यधिक चिकने और चमकीले भी थे। दीर्घ–पा०भे०। लम्बे, बड़े। इससे अतिशय चिकनाहट और चमक के भाव नहीं निकलते हैं। ये दोनों भाव कवि को अभिप्रेत प्रतीत होते हैं। तुलना करें–मरकतशिला०। वैदूर्य–नीलम। भोज के मत में ये विदूर नामक पर्वत पर मेघों की गर्जन से उत्पन्न होते हैं–

अस्ति शैलो विदूराख्यः पर्यन्ते तत्र काचन।
महीं रत्नाकरीभूता वैदूर्य तत्र जायते।।
मेघशब्देन जायन्ते तत्र रत्नवांकुराः।
क्रमात् परिणतास्ते स्युर्मणयो राजपूजिताः।।

CENTRAL LIBRARY J.N. VYAS UNIVERSITY JODHPUR

मल्लिनाथ ने भी कु० स० 1.24 की टीका में लिखा है–

अविदूरे विदूरस्य गिरेस्तुङ्गरोधसः।
काकतालीयसीमान्ते मणीनामाकरो भवेत्।। इति वुद्धः।

श्री पाठक लिखते हैं कि ये 'वालवाय' नामक पर्वत से आते हैं और विदूर या विडूर नामक नगर में संस्कृत किये जाते हैं। क्षीरस्वामी ने अ०को० 2.9.93 की टीका में इसका पर्यायवाची वालवायज दिया भी है। कु०स० 1.24 में कालिदास इन्हें 'विदूर पर्वत' से ही उत्पन्न मानते हैं (सुधीर०)। विदूर अथवा विडूर मणि विदूर या विडूर पर्वत से प्राप्त होती है। इसलिए इसका नाम वैदूर्य (वैडूर्य) पड़ गया। विदूर नाम का पर्वत लंका-द्वीप में बताया जाता है। वालवायज विदूर पर्वत का नामान्तर प्रतीत होता है। देखिये–कुमा०सं० 1.24 'विदूरभूमिर्नवमेघशब्दादुद्भिन्नया रत्नशलाकयैव।'

'स्निग्धानि वैदूर्याणि नालानि येषान्तैः।' पूर्णसरस्वती आदि 'दीर्घवैदूर्यनालैः' पाठ मानते हैं। प्राचीनतम होने एवं स्वाभाविक अर्थ देने के कारण 'स्निग्ध' पाठ उत्कृष्टतर है। कृतकनालों में दीर्घता-अदीर्घता से क्या लाभ-हानि? 'स्निग्धता' वैदूर्यमणि की प्राकृतिक विशेषता है। इस विशेषण से भी 'उदात्त' प्रकाशित होता है। 'वैदूर्य' शब्द 'विदूर' से 'ञ्य' प्रत्यय लगने पर निष्पन्न होता है। 'वैदूर्य' से 'अण्' करके 'वैदूर्य विकार' का अर्थ यहाँ लिया गया है। विदूर पर्वत को 'वैदूर्यमणि' का उत्पत्ति-स्थान माना गया है। मार्कण्डेयपुराण के रूपान्तर के प्रसंग से एफ०ई० पार्जिटर ने विदूर-पर्वत को 'सतपुड़ा' ठहराया है। "विदूराञ्ञ्यः (4.3-34)" पर पतञ्जलि ने लिखा है कि वैदूर्यमणि की खान वालवाय पर्वत में थीं, जहाँ से लाकर वैकटिक, जो विदूर के रहने वाले थे, इसे काटते-बींधते थे। इसी से उसे वैदूर्य कहते थे। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल का यह मत है–"सम्भव है कि दक्षिण का बीदर विदूर हो।" परन्तु पतञ्जलि के मत से काशिकाकार सहमत नहीं हैं–'विदूरशब्दाद् ञ्यः प्रत्ययो भवति ततः प्रभवतीत्येतस्मिन् विषये। अणोऽपवादः। विदूरात् प्रभवति वैदूर्यो मणिः। ननु च वालवायादसौ प्रभवति न विदूरात् तत्र तु संस्क्रियते, एवं तर्हि–वालवायो विदूरं च प्रकृत्यन्तरमेव वा। न वै तत्रेति चेद् ब्रूयाज्जित्वरीवदुपाचरेत्।"

1710 **स्नेहव्यक्तिः (पू० 12.4.19.38)** स्नेह+ङस्+व्यक्ति+सु; संज्ञा, प्रथमा, एकवचन; प्रेमाविष्करणम् (प्रदीप); प्रेमप्रादुर्भावः (चरित्र); प्रेमाविर्भावः (संजी०); प्रेमप्रकाशनम्, स्निग्धवर्णोदयश्च (विद्युल्लता); वृष्टिसंजातमनोहरा-

कारत्वं भवति; अन्य: सखापि वाष्पं नयनजलं मुञ्चति तस्य स्नेहव्यक्तिः प्रेमाभिव्यक्तता भवति (सुबोधा)। "स्नेहतैलादिकप्रेम्णोरिति" ध्वनि: (सुबोधा)।

1711 **स्नेहान्** (उ० 51.3.12.24) स्नेह+शस्, संज्ञा, द्वितीया, बहुवचन; प्रीति: (संजी०) प्रेमाणि। अयं भावः, स्नेह: संयोगे कदाचित् स्फुटतां कदाचित् अस्फुटतां प्राप्नोति। विरहे तु स्नेह: सततं मनस्यासक्तत्वाद् वर्तते, किन्तु स्नेहकार्यं न भवति। अतएव स्नेहपात्रस्य दर्शनेन स्नेह: सम्पद्यते इति। स्नेहप्रेम्णो: पर्यायत्वेन राशीभवन्तीति सिद्धे प्रेमग्रहणं साक्षाच्छब्देन कीर्तनादुक्तिपोषालङ्कारसूचनार्थम्। स्नेह: प्रियत्वमात्रम्, अतिशयित: स्नेह: प्रेमेति च वदन्ति (सुबोधा०); केचित्तु विरह एव व्यापद् विपत्तिर्येषां ते स्नेहा अभोग्या सन्त: प्रेमराशीभवन्तीत्याहु:। केचित्तु विरह एव व्यापद् यस्य तस्य जनस्य, ते स्नेहा इति व्याचक्षते। केचित्तु विरह एव व्यापद् विपत्तिर्येषां जनानां ते जना विरहिण: इति व्याचक्षते (सुबोधा०); प्रेम की भावनाओं। लक्षणा से इसे स्नेहीजन का भाव भी लिया जा सकता है। उस अवस्था में इसका अर्थ होगा—'परम आसक्त, साधुव्रत, प्रेमीजन, भी प्रेमपथ से विचलित हो जाते हैं।

1712 **स्पर्शक्लिष्टाम्** (उ० 31.3.14.28) स्पर्श+टा+क्लिष्ट+टाप्+अम्; तृतीया तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया एकवचन; स्पर्शने सक्लेशाम्; परस्परव्यतिषक्तकेशविश्लेषणार्थ हस्तस्पर्शे कृते केशमूलेषु सव्यथामित्यर्थ: (प्रदीप:); स्पर्शस्य त्वगिन्द्रियस्य क्लिष्टां बाधिकाम् (चरित्र०); स्पर्शे सति मूलकेशेषु सव्यथामित्यर्थ: (संजी०); स्पर्शेक्लिष्टां परुषाम् (पंचिका); अङ्गसङ्गे क्लिष्टां क्लेशदायिनीम् किंवा स्पर्शेन घर्षणेन क्लिष्टां क्षीणां, (सुबोधा); स्पर्शे क्लिष्टाम्। √क्लिश्+क्त। छूने में दु:खदायी, क्योंकि वह कठिन और विषम थी। इससे यक्षपत्नी की अतिशय कोमलता प्रदर्शित की गई है। जब कोई सहेली यक्ष-पत्नी की 'एकवेणी जटा' को छूती थी, तो उसे बालों की जड़ों में बड़ी वेदना हुआ करती थी, क्योंकि सब बाल एक ही वेणी के रूप में थे। इसलिए कहीं से भी छूते ही वे खींचे से जाकर पीड़ा देते थे। इससे यह अर्थ निकलता है कि बार-बार मुख पर से सरकाने व छूते रहने से बाल क्लिष्ट हो गये थे, अर्थात् दब से गये थे एवं वे दृढ़ हो गये थे। इस प्रकार अर्थ करने से 'कठिनविषमाम्' विशेषण भी ठीक बैठ जाता है। हमें यह तृतीया तत्पु० वाला अर्थ अधिक अच्छा लगता है।

छूने पर कष्ट होने लगता है। बाल रूखे और खुरदुरे हो चले हैं। न तो केशसंस्कार होता है न तैलादि डाला जाता है। आठ महीनों में वे जटा की तरह सख्त और कड़े हो उठे हैं। एक ही जूड़े से सारे बाल बँधे हुए हैं। मल्लिनाथ का कहना है कि छूने पर नीचे के बालों के अन्दर दर्द होने लगता है। इसलिए एकवेणी स्पर्शक्लिष्टा है—"स्पर्शे सति मूलकेशेषु सव्यथामित्यर्थ:"। शारदारञ्जन का साहित्यसंस्कार विहीन विवेचक "स्पर्शेन क्लिष्टा पीडिता" विग्रह करके सारी साहित्यिक मधुरता विनष्ट कर देता है। उनका कहना है कि वह बार-बार लटों को गालों से हटाकर जूड़े को दबाती रहती थी। इस कसने-दबाने के कारण बालों के जूड़े को तकलीफ होती थी। भरतसेन ने दो अर्थ किये हैं—पहला है 'छू जाने से दु:ख देने वाली' और दूसरा है, 'छू-रगड़ जाने से बालों के झड़ने के कारण क्षीण हो उठी हुई। पर इसमें साहित्य की आत्मा एवं कालिदास की कल्पना के चित्र का अभाव है। वस्तुत: कवि का अभिप्राय यह है कि फूलों की माला की तरह सुकुमार अङ्गों में काँटे की तरह तेज पीड़ा की अनुभूति कराने वाले रूखे बालों के स्पर्श से क्लेश पाने वाली साध्वी को देखना। पूर्णसरस्वती इसे साध्वी प्रोषितपतिका यक्षी का विशेषण मानते हैं—"स्पर्श क्लिष्टां कुसुमदामकोमलेष्टासङ्गे कण्टकवत्प्रचण्डतोदवेदनासम्पाकदकेन तस्या: स्पर्शेन म्लानीकृताम्।"

1713 **स्फटिकफलका** (उ० 18.1.3.7) स्फटिक+सु+फलका+सु; बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; स्फटिकमयीनिवासफलका यस्या:। स्फटिकफलकोपादानं मयूरस्य शीतप्रियत्वापेक्षया कृतम् (प्रदीप); स्फटिकमयं

फलकं यस्याः सा (चरित्र०); स्फटिकं स्फटिकमयं फलकं पीठं यस्या सा (संजी०); स्फटिकमयं फलकं पीठं यस्याः सा (पंचिका); स्फटिकस्य फलकम् आधारभूतं चतुरस्रखण्डं यस्यास्तादृशी। फलकं वर्म शस्त्राग्रं यष्टेरुपरि पीठिकेति शर्वः (सुबोधा); फल का तख्ता, छत्ता। बैठने का स्थान। श्री पाठक ने इसका अर्थ 'डण्डा' (stand) किया है। यह ठीक नहीं। यह 'वास-यष्टिः' का विशेषण है; अर्थात् ऐसी यष्टि, जिस पर बैठने का फट्टा बिल्लौर का बना हुआ था। फलक शब्द का कोश भरतमल्लिक ने दे रखा है। यहाँ पीठिका अर्थ ग्राह्य है। पाये के ऊपर छोटी सी स्फटिक की 'चौकी' या 'पिढ़िया' अर्थात् 'पटरी' है। उसी को 'फलक' कहा गया है। उसी पर मयूर बैठा करता था। 'पाया' नीचे की ओर तो भूनिविष्ट है और ऊपर इसी 'फलक' में लगा है। 'स्फटिक' का आशय बिल्लौर पत्थर से है। स्फटिक की पटियाँ ही यहाँ पीठिका का काम दे रही हैं। समासविग्रह स्फटिकस्य शिला स्फटिकशिला। स्फटिकशिला फलकं यस्याः सा स्फटिकफलका। "समुदायविकारषष्ठ्याश्च बहुव्रीहिरुत्तरपदलोपश्चेति वक्तव्यम्।" इति वार्तिकेन शिलालोपः समासश्च।"

1714 **स्फुटजललवस्यन्दिनः (उ० 9.4.11.87)** स्फुट+सु+जल+ङस्+लव+शस्+स्यन्द+णिनि+जस्; विशेषण; प्रथमा; बहुवचन; स्फुटान् जललवान् स्यन्दिनः (चरित्र०); उल्बणाम्बुकणस्राविणः (संजी०); प्रकटतोयकणमुचः (पंचिका); प्रव्यक्ततोयबिन्दुस्राविणः (सुबोधा); स्फुटान् जललवान् स्यन्दते इति। स्फुट—साफ-साफ, अलग-अलग। अतः मोटी-मोटी। चन्द्रमा की किरणों से चन्द्रकान्त मणियों से पानी निकलने लगता है। देखो—शिशुपालवध 3.44; 4.58; कु० स० 8.67; उ० रा० 6.12 आदि। 'जलानां लवा जललवाः। स्फुटाश्च ते जललवाश्च स्फुटजललवाः। तान् स्यन्दन्त इत्येवं शीलाः स्फुटजललवस्यन्दिनः; ताच्छील्यार्थकणिनियोगात्'। यहाँ स्फुट शब्द उल्बण के अर्थ में आया है—"स्पष्टं स्फुटं प्रव्यक्तमुल्बणम्" (अमरकोश)। णिनि—प्रत्यय के कारण चन्द्रकान्त मणियों का निरन्तर स्यन्दन करते रहने का शील व्यक्त होता है। विशेष्यगत बहुवचन के द्वारा अत्यायत सुरतजन्य श्रम की प्रबलता ध्वनित होती है; क्योंकि स्वतः शीतल रात्रिसमय के द्वारा भी न दूर होने वाली अंगग्लानि चन्द्रकान्त की जलधाराओं की समुच्छ्रित हिमशीतलता से दूर की जा रही है।

1715 **स्फुटितकमलामोदमैत्रीकषायः (पू० 32.2.7.21)** स्फुटितकमलामोदमैत्री+टा+कषाय+सु; तत्पुरुष, विशेषण, प्रथमा, एकवचन; वातानुधावनेन विकसितकमलपरिमलसम्पर्कसुरभिः। 'रागद्रव्ये कषायोऽस्त्री निर्यासे सौरभे रसे' इति यादवः; स्फुटितानां विकसितानां कमलानां वारिजानां आमोदो जनमनोहरो गन्धः तस्य मैत्री सम्पर्कः तेन कषायः सुरभिः सुगन्धिः। 'विमर्दोत्थे परिमलो गन्धे जनमनोहरे सुरभौ लौहिते त्रिषु' इति मेदिनीकार; (चरित्र०); स्फुटितानां विकसितानां कमलानां आमोदेन परमिलेन सह या मैत्री संसर्गः तेन कषायः सुरभिः; 'रागद्रव्येकषायोऽस्त्रीनिर्यासे सौरभे रसे' इति यादवः, अन्यत्र विमर्दगन्धिरित्यर्थः, 'विमर्दोत्थे परिमलो गन्धे जनमनोहरे। आमोदः सोऽतिनिर्हारि' रित्यमरः (संजी०); स्फुटितं ईषददलितसुखम्; तदानीं परिमलस्य बाहुल्यात्। मैत्री संश्लेषातिशयः कषायः सुरभिः (विद्युल्लता); स्फुटितं विकसितं यत् कमलं पद्मं तस्य य आमोदोऽति-निर्हारी गन्धस्तेन सह या मैत्री अन्योन्यानुकुलभाषोऽतिसम्पर्कस्तेनकषायः सुरभिः शोभनो वा "सुगन्धौ च विमिश्रे च शोभने च कषायवागि" ति **शर्वः**। प्रियतमोऽपि विकचपद्मामोदसम्पर्केण कषायः पद्मवत् सुगन्ध इत्यर्थः। सत्पुरुषलक्षणमिदं, तथा च सामुद्रिके 'स हि स्वभावाच् शुभपुष्पगन्ध' इति। किंवा स्फुटिता प्रव्यक्तीभूता कमला सम्पत्तिर्यस्य आमोदस्य गन्धद्रव्यस्य मैत्र्या सम्पर्केण कषायः सुगन्धिलोहितवर्णो वा

"कषायो रसभेदे स्यादङ्गरागे विलेपने।
निर्यासे च कषायोऽस्त्री सुरभौ लोहितेऽन्यवदि"ति।। विश्वः।

किंवा स्फुटितकमलः प्रव्यक्तलक्ष्मीकः सानन्दत्वादामोदमैत्रीकषायश्च निर्हारि–विलेपनादि गन्धसम्पर्कात् सुरभिश्च। कर्मधारयः (सुबोधा); स्फुटितानां कमलानां आमोद इति स्फुटितकमलामोदः। तेन या मैत्री, तया कषायः इति। मैत्री–यहाँ पर इसका अर्थ सम्पर्क है, मित्रता नहीं।

1716 **स्फुरितरुचिना (पू० 15.4.19.45)** स्फुरित+सु+रुचि+टा; बहुव्रीहि; विशेषण, तृतीया, एकवचन; देदीप्यमानदीप्तिकेन (चरित्र०); उज्जवलकान्तिना (संजी०); शुद्धश्यामले वपुषि शबलवर्णस्य परभागलाभात् विभक्तोल्लसितलावण्येन (विद्युल्लता); सञ्चलितदीप्तिना धनुःखण्डेन (सुबोधा); स्फुरिता रुचिः यस्य तेन। चमकीला, जाज्वल्यमान।

1717 **स्म (द्विवारं प्रयुक्तम् पू० 28.2.10.41; 40.4.16.51)**

च–शब्द एवार्थे। च–शब्द समुच्च्ये (सुबोधा 40); मा च भूः के स्थान में मल्लि० आदि ने 'मा स्म भूः' पाठ दिया है; किंतु 'च' वाला पाठ उचित प्रतीत होता है; क्योंकि इस श्लोक में 'दर्शय' या 'भूः' दो क्रिया–शब्दों के संयोजक 'च' की आवश्यकता है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग उन्नीस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष काव्यों में इसका प्रयोग इस प्रकार है–रघु० (11), कुमार० (4), शाकु० (2);

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1718 **स्मरसि (उ० 24.4.20.46)** स्मृ+लट्; मध्यम पुरुष; एकवचन, तिङन्त; उत्कण्ठसि इत्यर्थः (प्रदीप); ध्यायसि, यस्मात् त्वं तस्य अतीवप्रिया (पंचिका); ध्यायसि, नामगुणोरशरणं कुरुष्वेत्यर्थ इत्याहुः (सुबोधा)।

1719 **स्मरामि (उ० 16.4.19.52)** चिन्तयामि। तमेव देशान्तरगतं स्मरामि, सदृशवस्तुदर्शनेन पूर्वानुभूतस्य हि स्मृतिर्जायते (सुबोधा); नीले और कनककदलीवेष्टित क्रीडाशैल के समान चमकती हुई बिजली वाले नीले मेघ को देखकर यक्ष क्रीडाशैल की याद करने लगता है। अतः यहाँ स्मरण अलंकार है। विद्युद्गर्भ मेघ को देखकर यक्ष को अपने वासगृह के क्रीडाशैल का स्मरण हो जाना स्वाभाविक ही है; क्योंकि क्रीडाशैल ऊँचे और मेघ भी ऊँचा; क्रीडाशैल नीलमों से काला और मेघ अपने स्वाभाविक रंग से काला तथा क्रीडाशैल कनक–कदलियों से चमचमाता है, तो मेघ भी तडिच्छटा (बिजली के प्रकाश) से स्फुरित है। इस तरह क्रीडाशैल–जैसी वस्तु। मेघ के अनुभव से क्रीडा–शैल की याद आ जाने पर यहाँ स्मरणालंकार है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० में एक बार (4.8) हुआ है।

1720 **स्याः (पू० 61.2.8.52)** लिङ्; मध्यमपुरुष; एकवचन; तिङन्त; भवेः (चरित्र०); भवेः (सुबोधा)।

1721 **स्यात्** (अष्टवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 8.4.16.50; 42.4.23.38; 54.4.19.37; 59.3.17.30; 64.3.15.51; उ० 21.4.15.43; 36.1.7.14; 47.2.12.32)** अव्यय; आख्यातप्रतिरूपमव्ययमिदम्। यद्यर्थेवर्तते। तथा श्रीरामायणे प्रयोगश्च–'पठन्द्विजो वागृषभत्वमीयात् स्यात्क्षत्रियो भूमिपतित्वमीयात् इति (प्रदीप); सा सततं विरहवेदनात् अनिद्राभवति, दैवाद् यदि सुप्ता स्यादित्यर्थ (36 प्रदीप); स्यादिति आख्यातप्रतिरूपकमव्ययम् (चरित्र 21); निवसेत् इत्यर्थः (संजी० 21); प्रार्थनायां लिङ्, भवेत् (सुबोधा 8); भविष्यति (सुबोधा 54); भवेत् (सुबोधा 64); तादृशी भवेत् (सुबोधा 36); भवेत् (सुबोधा)। विद्युल्लता इस पद में यक्ष के मन में अपनी प्रिया के जीवित होने के सम्बन्ध में संशय की सत्ता का अनुमान करती है। यह उचित नहीं, क्योंकि पू०मे० 9 में यक्ष अपनी पत्नी को निश्चित रूप से जीवित बताता है।

(कथं) स्यात्–मल्लिनाथ का अर्थ 'न स्याद् एव' (हो ही नहीं सकता)–उचित नहीं। इसमें 'अतः' पद का अध्याहार करना पड़ता है, जो सर्वथा अनावश्यक है। साथ ही कैसे हो सके' अर्थ स्वाभाविक, सीधा और दुर्लभप्रार्थनम्' की व्याख्या करने वाला है।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग पैंतीस वार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—शाकु० (8), कुमार० (6), रघु० (5), विक्रम० (5), मालवि० (3)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1722 स्युः (पू० 57.4.16.57) अस्+लिङ्; प्रथमपुरुष; वहुवचन, तिङन्त; भवन्ति (संजी०); भवन्ति (सुवोधा);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो वार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में एक वार (1.64) हुआ है।

1723 स्रस्तगङ्गादुकूलाम् (पू० 66.1.5.13) स्रस्त+सु+गङ्गा+सु+दुकूल+टाप्+अम्; विशेषण; द्वितीया, एकवचन; वहुव्रीहि; दुकूलं शुक्लवस्त्रेऽपि इति यादवः। इदमुभयत्र योज्यम् (प्रदीप); स्रस्तं भ्रष्टं गंगा एव दुकूलं विश्रवद्वस्त्रं यस्यः ताम् (चरित्र०), गङ्गादुकूलं शुभ्रवस्त्रमिव इति उपमितिसमासः; 'दुकूलं सूक्ष्मवस्त्रेस्यात् उत्तरीये सितांकुशे' इति शब्दार्णवः; अन्यत्र तु गङ्गेव दुकूलम्, तत् स्रस्तं यस्याः तां तथोक्ताम् (संजी०); स्रस्ता प्रभ्रश्यन्ती, गङ्गैव अलकनन्दाख्यैव अथच गङ्गेव दुकूलं पट्टवस्त्रं यस्याः, अधोभागस्थितगङ्गत्वात्। स्रस्तेति वर्तमाने कर्तरि क्तः (सुवोधा); स्रस्तं गङ्गादुकूलं यस्याः, ताम्। गंगादुकूलम्—अलका के पक्ष में—गङ्गारूपी रेशमी वस्त्र, अथवा—गंगा दुकूलमिव, रेशमी वस्त्र के समान गंगा—ये दो विग्रह और अर्थ होंगे। प्रणयिनी के पक्ष में—गंगा इव दुकूलम्—गंगा के समान सफेद रेशमी साड़ी—अर्थ होगा।

1724 स्रोतसाम् (पू०13.4.23.49) स्रोतस्+आम्, संज्ञा, षष्ठी एकवचन; पर्वतोद्भूतानामिति शेषः। परलघुग्रह स्तोतोग्रहणं च पास्त्रीयस्य पश्यत्वाय। अत्र वाहेट—"उपलास्फालनक्षेपविच्छेदैः खेदितोदकाः हिमवन्मलयोद्भूताः पथ्याः" इति (प्रदीप); सरित्प्रवाहाम् (चरित्र०); अगाधतया शश्वदविच्छिन्नप्रसाराणां महानदीप्रवाहाणाम्। अत एव तरुकुञ्जशिलाकुञ्जाद्यभिघहनेन '(विद्युल्लता); नदीप्रवाहादीनाम् (सुवोधा), स्रोतसामित्यलकागमन-मार्गापेक्षयोक्तम्, अतएव "हेमाम्भोजप्रसवि सलिलं मानसस्याददान" इत्यत्र स्रोतसा मानससरसा न व्यभिचारः। मानसस्यालकायां स्थितेः, स्रोतसामिति प्रयोवादो वा (सुवोधा)।

1725 स्रोतसि (पू० 45.3.16.34) स्रोत्+ङि; संज्ञा; सप्तमी, एकवचन; प्रवाहे (चरित्र०); प्रवाहे (संजी०); पारिप्लवे वारिप्रवाहे छायाया अपि तारल्यसिद्धेमेचकचपलजलभरशवलत्ववुद्धिसम्भवादुत्प्रेक्षायामारणीयत्वं द्योत्यते (विद्युल्लता); प्रवाहे (सुवोधा);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन वार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में दो वार (1.78; 16.11) हुआ है।

1726 स्रोतोमूर्त्या (पू० 48.4.13.51) स्रोतस्+ङस्+मूर्ति+टा; तत्पुरुष, संज्ञा, तृतीया, एकवचन; चर्मण्वती जलमूर्त्या (प्रदीप); चर्मण्वती नदी प्रवाहरूपेण (चरित्र०); प्रवाहरूपेण (संजी०); जलप्रवाहरूपेण (विद्युल्लता); प्रवाहरूपेण (सुबोधा); स्रोतसः मूर्तिः, तया। नदी के रूप में। इस नदी का नाम चर्मण्वती है। इसे अब चम्बल कहते हैं।

1727 स्रोतोरन्ध्रध्वनितसुभगम् (पू० 45.2.2.64) स्रोतम्+आम्+रन्ध्र+सुप्+ध्वनित+सु+सुभग+अम्; तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया, एकवचन; स्रोतसां रन्ध्रं स्रोतोरन्ध्रम् इति जलप्रणाली विवक्षितः। स्रोतोरन्ध्रसम्मुर्च्छज्जलध्वनित-सुभगमित्यर्थः। दन्तिभिः सरन्ध्रेण करेण पीयमानः वायुः जलप्रणालनिस्सरत् प्रवाह इव शब्दायत इत्यर्थः। अनेन मान्द्यमुक्तम् (प्रदीप); स्रोतसः इन्द्रियभूतायाः शुण्डायाः रन्ध्रं ध्वनितं ध्वनिस्तेन सुभगम् (चरित्र०); स्रोतः शब्देन; इन्द्रियवाचिना तद्विशेषो ग्रहणं लक्ष्यते; स्रोतोऽम्वुवेगिन्द्रिययोरित्यमरः स्रोतोरन्ध्रेषु नासाग्रकुहरेषु यद् ध्वनितं शब्दस्तेन सुभग यथा तथा (संजी०); स्रोतसो नासाया रन्ध्रस्य विवरस्य ध्वनितेन शब्देन सुभगेन यथा स्यात्तया (सुबोधा); स्रोतसां रन्ध्राणि, तेषु ध्वनितं, तेन सुभग यथा तथा। स्रोतस्—नाक। इसे 'सूँड' के

अर्थ में भी लिया जा सकता है; वल्लभ और सारो० इसे 'सूँड' का पर्यायवाची बताते हैं और अपनी पुष्टि में शिशुपाल वध 18.49 उपस्थित करते हैं। ध्वनित—√ध्वन् (शब्द करना)+क्त। मल्लि० ने 'स्रोत' का अर्थ 'नासाग्र' किया है, परन्तु अमरकोष 'स्रोत इन्द्रिये निम्नगारये' के अनुसार 'स्रोत' का अर्थ इन्द्रिय है। प्रकृत में घ्राणेन्द्रिय ही विवक्षित है।

1728 **स्वकुशलमयीम् (पू० 4.2.5.26)** स्व+ङस्+कुशल+मयट्+ङीप्+अम्; विशेषण, द्वितीया एकवचन; तपात्ययस्य सन्निधानत्वेन निजनिधनशङ्कया सापि मरिष्यतीति स्वप्रवृत्तिम् (चरित्र०); स्वक्षेमप्रधानाम् (संजी०) अत्र कुशलशब्देन प्रियतमा पुनः समागमोत्सवहेतुभूतमेतावतो मासान् प्राणसन्धारणमेवोच्यते, 'क्षणमप्यवतिष्ठते श्वसन्यदि जतुर्न्नु लाभवान्', इत्युक्तवत्; उपरि च 'अव्यापन्नः कुशलम्' इत्यव्यापत्तिमात्रस्य प्रतिपादनात् (विद्युल्लता); स्वात्मकल्याणात्मिकाम् (सुबोधा)।

स्वस्य कुशलं तेन व्याप्ता, ताम्। पतिव्रताओं का जीवन पति के जीवन के पीछे चलता है। मनु ने लिखा है—'मृते म्रियते या पत्यौ सा स्त्री ज्ञेया पतिव्रता।' वियोगिनियों के लिए पति का समाचार संगम के बराबर ही सुखदायी होता है। देखो उ०मे० 40 ।

1729 **स्वजलकणिकादोषम् (उ० 8.2.6.33)**स्व+ङस्+जल+आम्+कणिका+भिस्+दोष+अम्; तत्पुरुष; संज्ञा, द्वितीया, एकवचन; सलिलकणिकास्पर्शदूषणम् जलस्पर्शेन चित्राणि विनश्यन्ति इत्यभिप्रायः (प्रदीप०); सलिलस्य कणिकाः लवास्ताभिः दोषं नाशरूपम् (चरित्र०); स्वजलकणिकाभिर्जलकणैः दोषं स्फोटनम् (संजी०); नवजलकणैः नाशम् (पंचिका); स्वजलकणिकाभिरात्मीयसूक्ष्मतोयविन्दुभिः। नवजलकणैर्दोषमुत्पाद्येति क्वचित् पाठः (सुबोधा); सलिलकणिकादोष० सलिलकणिका का पाठान्तर 'स्वजलकणिका' है। इसका अर्थ 'अपने जल की बूँदों से' है। दोनों के अर्थ में कोई विशेष भेद नहीं । मल्लि० ने 'दोषम् का अर्थ 'स्फोटन' अर्थात् चित्र के कागज का जल की बूँदों के पड़ने से 'फूलकर खराब होना' दिया है।

1730 **स्वजलकणिकाशीतलेन (उ० 37.3.1.11)** स्व+ङस्+जल+ङस+कणिका+भिस्+शीतल+टा; तत्पुरुष; विशेषण, तृतीया, एकवचन; स्वजलस्य कणिकाभिबिन्दुभिः शीतलेन (चरित्र); स्वजलकणिकाभिः जलबिन्दुभिः शीतलेन (संजी०); निजोदकबिन्दुमिः तुषारेण (पंचिका); निजतोयजललवशिशिरेण, स्वजलकणिकेत्यादिना यथा जलकणिकाशीतलाल्पवातेन, (सुबोधा); स्वल्पाः कणा कणिकाः। [कर्णातः—'√कण् गतौ' (भ्वादि०) धातो पचादित्वात् अच्। ततोऽल्पार्थे कन्। स्त्रियां टाप्। अथवा, क्वुन्-प्रत्यययोगात् कणतेः। उद्वा कणतेरच्। कणाः सन्त्यासामिति ठन्। "अत इनिठनौ" (5.2.115)।] "कणिका सूक्ष्मवस्तुनि। अग्निमन्थे"—इति अनेकार्थसंग्रहः। 'प्रायेण बहुवचनान्तो' ऽयमिति-अनेकार्थकैरवाकरकौमुदी। स्वस्य जलं स्वजलम् स्वजलस्य कणिका। स्वजलकणिकाः। ताभिः शीतलः स्वजलकणिकाशीतलः तेन।' इससे महारानियों की तरह का उसका प्रबोधन सूचित होता है। भोज ने लिखा हे—"मृदुभिर्मदनैः पादे शीतलैर्व्यजनैस्तनौ। श्रुतौ च मधुरैर्गीतैर्निद्रातो बोधयेत् प्रभुम्।।"

1731 **स्वप्नजः (उ० 30.3.12.36)** स्वप्न+ङि+जन्+ड+सु; विशेषण, प्रथमा, एकवचन; स्वप्नावस्थाजन्यः, साक्षात्सम्भोगासम्भवादिति भावः (संजी०); निद्रासम्भवोऽपि।

1732 **स्वप्नलब्धे (उ० 36.3.18.38)** स्वप्न+ङि+लब्ध+ङि; विशेषण, तत्पुरुष, सप्तमी, एकवचन; स्वप्नासादिते सति (पंचिका); निद्रामिलिते; (सुबोधा)।

1733 **स्वप्नसन्दर्शनेषु (उ० 45.2.9.47)** स्वप्न+आम्+सन्दर्शन+सुप्; तत्पुरुष, संज्ञा, सप्तमी, बहुवचन; सुप्तस्य विज्ञानं स्वप्नः, 'स्वप्नः सुप्तस्यविज्ञानम्' इति विश्वः; सन्दर्शनं संवित्, 'दर्शनं समये द्रष्टौ स्वप्नेऽक्ष्णिसंविदि' इति शब्दार्णवे; स्वप्नसन्दर्शनानि स्वप्नज्ञानानि, चूतवृक्षादिवत् सामान्यविशेषभावेन सहप्रयोगः तेषु (संजी०);

स्वप्ने (पंचिका)। स्वप्ना: एव संदर्शनानि, तेषु। स्वप्न—सोते समय जो देखा और स्मरण किया जाता है संदर्शन—ज्ञान: अत: स्वप्नकालीन अनुभव। 'सुप्तस्य विज्ञानम्'' स्वप्न: विश्व के इस प्रमाण से स्वप्न का अर्थ हुआ सोते हुए पुरुष को होने वाला ज्ञान और सन्दर्शन का अर्थ भी—'दर्शनं समये शास्त्रे दृष्टौ स्वप्नेऽक्षिण संविदि' इस शब्दार्णव के अनुसार संवित्='ज्ञान' है। इस तरह पुनरुक्ति सी लगती है, किन्तु स्वप्न विशेष ज्ञान और सन्दर्शन सामान्य ज्ञान होने से। 'आम्रवृक्ष' की तरह विशेष और सामान्य के साथ-साथ होने में कोई पुनरुक्ति नहीं होती। स्वप्नसन्दर्शन विरहकाल में मनोविनोद के चार साधनों में से तीसरा साधन है। भावार्थ यह है कि यक्ष सपने में अपनी प्रिया को देख पाता, तो प्रगाढ़ आलिङ्गन के लिए शून्य में निज बाहुओं फैला देता। "स्वपो नन्" (3.3.18) स्वप्न: स्वापे प्रसुप्तस्य विज्ञाने दर्शने पुमान्" स्वप्ने सन्दर्शनम्, स्वप्नसन्दर्शनम्, तेषु। मल्लिनाथ ने इसका अर्थ और तरह से किया है। उनके अनुसार स्वप्नसन्दर्शन का अर्थ 'स्वप्नज्ञान' है। जैसे हम वृक्षवाचक 'आम्र' के साथ भी 'वृक्ष' पद लगाकर 'आम्रवृक्ष:' कह दिया करते हैं। वैसे ही ज्ञानवाचक स्वप्न के साथ भी यहाँ 'सन्दर्शन' पद लगाकर कवि ने 'स्वप्नसन्दर्शन' कह दिया है। वस्तुत: यहाँ पर 'स्वप्न' शब्द अवस्थाविशेष-मात्र का द्योतक है। 'दर्शन' शब्द में कवि ने 'सम्' उपसर्ग का प्रयोग सम्यक्तता प्रतिपादित करने के लिए किया है। वैसे तो उसे प्रत्यक्ष-दर्शन हो नहीं पाता। अनेकानेक स्थलों पर अपूर्ण सादृश्य का ही उत्प्रेक्षित दर्शन हो पाता है। सुषुप्ति में 'दर्शन' का प्रश्न ही नहीं उठता। केवल स्वप्न में समग्र-दर्शन होता है। अत: उसे कवि सन्दर्शन कहता है। विषयान्तर चिन्ता के अभाव में बार-बार मन उसी का, सातत्यवासित होने के नाते, रूप सामने ला रखता है, पर प्रत्येक स्वप्नसन्दर्शन आशुविनाशी होता है। इसी से कवि ने बहुवचन का प्रयोग किया है। पूर्णसरस्वती का कथन है—स्वप्नसन्दर्शनेषु स्वप्नावस्थोपपादितेषु सम्यग्-दर्शनेषु। सम्यगिति सादृश्यस्यापूर्णत्वाद् आलेख्यदर्शनस्य विहतत्वाच्च स्वप्ने तु न तथा। दर्शनसुखमत्र तावत् समग्रमुपलभ्यते इति व्यज्यते। बहुवचनेन विषयान्तरचिन्ताभावान्मनस: 'सातत्यवादिताया: स्वप्नोन्मेषप्रमोषस्तडित इव तस्या: क्षणे क्षणे दृष्टत्वं नष्टत्वं च, ततश्च स्वस्य वारं वारं व्याकुलत्वम्, तेन च द्रष्टृणामतिकरुणार्द्रताजनकत्वं च द्योत्यते।"

1734 स्वप्ने (उ० 50.4.25.41) निद्रादशायां (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग विक्रम० में एक बार (2.10) हुआ हैं।

1735 स्वयम् (उ० 25.4.17.44) अव्यय; आत्म—(प्रदीप); आत्मना (संजी०); आत्मनापि (सुबोधा); स्वयमपि कृतां का पाठान्तर 'स्वयमधिकृतां' है, जिसका अर्थ—'अपने द्वारा अपनाई गई' है। यह अर्थ स्वयमपि कृता पाठ के अर्थ से भिन्न नहीं।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग वत्तीस वार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग शेष ग्रन्थों में इस प्रकार है—रघु० (18), कुमार० (8), विक्रम० (3), शाकु० (1), मालवि० (1)

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश:'।

1736 स्वर्गिणाम् (पू० 31.3.11.46) स्वर्गिन्+आम्; संज्ञा,षष्ठी, बहुवचन; अयमभिप्राय: स्वर्गिण: स्वपुण्यफले सकलस्वर्गोपभोगे स्वल्पावशिष्टे सति अस्मात् फलोपभोगात् पुण्यानि क्षीयन्ते, सकलस्वर्गोभोगोऽपि दुर्लभ इति मत्वा शेषैस्वकीयै: पुण्यैर्भूमौ स्वपुण्यानुरूपं स्वर्गैकखण्डं यदि कुर्युस्तदिव विराजमानमित्यर्थ: ननु 'सर्ववर्णा स्वधर्मानुष्ठाने परमपरिमितं सुखं, तत: परिवृत्यौ कर्मफलशेषेण जातीं रूपं वर्ण ववलं मेधां प्रज्ञां द्रव्याणि धर्मानुष्ठानमिति प्रतिपद्यते' इति आपस्तम्बवचनात् प्राणिन: कर्मशेषयुक्ता एव जायन्त इति प्रतीयते। तस्मात् अर्थ: किमिति उपेक्षित इति। एतत्पक्षाश्रयणे विशालाया: समुत्कर्षो न स्यात्, कर्मशेषयोगेन जन

सर्वप्राणिसाधारणत्वात् इत्यलं विस्तरेण (प्रदीप); स्वर्गप्राप्तानाम् (चरित्र०); स्वर्गवतां जनानाम् (संजी०); कर्मदेवानाम् (विद्युल्लता); स्वर्गभुजाम् (सुबोधा)।

1737 **स्वल्पीभूते (पू० 31.3.9.38)**स्वल्प+च्वि+भूत+ङि; विशेषण, सप्तमी, एकवचन; उज्जयिन्याः स्वर्गसाम्यं पौराणां देवसाधर्म्यं चाभिप्रेत्याह स्वल्पीभूत इति (प्रदीप); क्षीणे सति (चरित्र०); अत्यल्पावशिष्टे सति इत्यर्थः (संजी०); भोगेन क्षीणप्राये (विद्युल्लता); स्तोकावशिष्टे, उपभोगात् क्षयिणि सति (सुबोधा)।

वेदान्तदर्शन से अनुसार पुण्यात्माएँ अपने सुकर्मों का फल स्वर्ग में भोगकर पुनः मर्त्यलोक में जन्म लेती हैं। देखो गीता० 9–2.21–

ते पुण्यमासाद्य सुरेन्द्रलोकमश्नन्ति दिव्यान् दिवि देवभोगान्।
ते तम् भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति।।

मुण्डकोपनिषत् 1.2.10 के–

नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वेमं लोकं हीनतरं वा विशन्ति।। में भी यह भाव है। इस सम्बन्ध में देखिये 'ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं, क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोके विशन्ति। और देखिये–विक्रम० II ननु वक्तव्यं स्थानान्तरगतः स्वर्ग इति।

1738 **स्वागतम् (पू० 4.4.15.57)** सु+आगतम्+अम्; संज्ञा, द्वितीया एकवचन; शोभनं आगतं आगमनम्। अनेन स्वागतशब्दो विवक्षितः (प्रदीप); स्वागतम् (चरित्र०); शोभनं आगतम् स्वागतम्। स्वागतवचनम्; कुशलागमनम् (संजी०); 'सखेः भवता सुखेनागतम्' इति वा, 'भवतः शोभनमागमनम्' इति वा स्वागतवचनम् (विद्युल्लता), कुशलप्रश्नम् (सुबोधा); सुखेनागतमागमनम् (सुबोधा); स्वगतं क्षेमं शोभनागमनं कुशलप्रश्नश्चेति वृद्धाः।

सपद्युपस्थिते मित्रे कुशलेनागतं त्वया।
इति यत् प्रश्नवचनं तत् स्वागतं समुदाहृतम्।। इति वलः (सुबोधा)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग ग्यारह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है–विक्रम० (6), मालवि० (2), कुमार० (1), शाकु० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोशः'।

1739 **स्वागतीकृत्य (पू० 23.3.14.41)** स्वागत+च्वि+कृ+क्त्वा; अव्यय; अनेन कुशलप्रश्नो विवक्षितः (प्रदीपः); स्वागतं भो मेघ केकया इति सम्भाष्य (चरित्र०); स्वागतवचनीकृत्य (संजी०); स्वागतशब्दं कृत्वा (विद्युल्लता); निजवाणीः स्वागतीकृत्य सुखेनागतमिति प्रश्नवचनीकृत्य (सुबोधा); अन्यस्यापि चिरेण बन्धुदर्शनादानन्दाश्रुपातः स्यात् स्वागतमिति प्रश्नवाक्यं स्यादिति सजलनयनैरिति स्वागतीकृत्य केका इति चोक्तम्। मयूराः किल मेघदर्शनाज्जातहर्षा अश्रूणि मुञ्चन्ति मत्ता नन्दन्ति चेति स्वभावाख्यानम् (सुबोधा)।

न स्वागतम् अस्वागतम्। अस्वागतं स्वागतं सम्पद्यमानं कृत्वा इति स्वागतीकृत्य। भाव यह है कि मोर अपने कूजन के शब्दों को तुम्हारे स्वागत के पद बनायेंगें। इसी प्रकार के भाव के लिये देखो–रघु० 2.9; मृच्छ० 5.23; टें-टें की वाणी को स्वागत के शब्द बनाकर। देखिये–मृच्छ० V.23 'सह्येहीति शिखण्डिनां पटुतरं केकाभिराक्रन्दितः और देखिये–रघु० II.1 विसृष्टपार्श्वानुचरस्य तस्य पार्श्वद्रुमाः पाशभृता समस्य। उदीरयामासुरिवोन्मदानामालोकशब्दं वयसां विरावैः।।

1740 **स्वाङ्गभङ्गाय (पू० 57.1.3.21)** स्वाङ्ग+आम्+भङ्ग+ङे; तत्पुरुष; संज्ञा, चतुर्थी, एकवचन; स्वशरीरभङ्गाय (प्रदीप); निजगात्रविनाशाय (चरित्र०); भवतोऽतिदूरत्वात् स्वाङ्भङ्गातिरिक्तं फलं नास्ति लङ्घनस्य इत्यर्थः (संजी०); अशक्यप्रवृत्तौ प्रस्तरपतनेन विशीर्णशरीरतारूपं फलं प्राप्तुम्; न पुनः फलान्तरायेति भावः (विद्युल्लता); निजावयवभञ्जनमात्रफलाय (सुबोधा);

मल्लिनाथ लिखते हैं कि मेघ के ऊँचा होने से शरभ उस तक नहीं पहुँच सकते। अत: उछल-कूद में ही उसका शरीर टूट लेता है। वे अपना सिर आप ही फोड़ लेते हैं, परन्तु कवि का अभिप्राय: यह नहीं। कवि तो ओलों के द्वारा उनके शरीर को तुड़वाता है। स्वांगभंगाय का ही स्पष्टीकरण के वा न स्यु: परिभव पद आदि भाग में किया गया है । स्वांगभंग न शरभों का इष्ट है, न उद्दिष्ट और न उसका अपना किया हुआ। इसी में कवि के भाव का सौन्दर्य विशेष झलकता मालूम पड़ता है।

1741 **स्वादु (पू० 25.3.13.45)** स्वादु+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; स्वादयुक्तं मधुरम् (चरित्र०); मधुरम् (संजी०); मधुररसम्, पीयूषातिशायिनोऽधरामृतस्य विद्यमानत्वाद्रसनीयं च (विद्युल्लता); स्वादयुक्तं माधुर्ययुक्तम्। स्वादु युक्तमिति पाठे स्वादु मधुरं, युक्तं पाने योग्यम्, उभयत्र तुल्यम् (सुबोधा)।

1742 **स्वाधिकारात् (पू० 1.1.3.18)** स्व+ङस्+अधिकार+ङसि; संज्ञा+पंचमी+एकवचन; षष्ठी तत्पुरुष: स्वस्य अधिकारात् स्थानात् (प्रदीप); आत्मीयेऽधिकारो व्यापारस्तडागरक्षणलक्षणस्तस्मितन् (चरित्र०); स्वनियोगात् (संजीवनी); जुगुप्साविरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानम् (वार्तिक 1.4.24) इत्यपादाने पंचमी (प्रदीप, संजीवनी); स्वेन आत्मना अङ्गीकृते अधिकारे कार्यधुरायां निधिपालनादौ। अत्रापि विशेषानभिधानं पूर्ववद्रसानुपयोगात्। अथवा स्वे स्वीये यक्षराजपदे (विद्युल्लता); स्वास्मिन्नात्मीये अधिकारे कनककमलरक्षारूपे (सुबोधा); स्वाधिकारप्रमत्त—अपने कर्तव्य से प्रमाद करने वाले। कुछ एक टीकाकारों के अनुसार यक्ष का यह काम था कि वह प्रतिदिन प्रात: कुबेर के लिए अभिनव पुष्पों को शिवजी की पूजा के निमित्त लाया करे। एक दिन आने वाले प्रात:काल अपनी कान्ता का संग छोड़ने की अनिच्छा से वह रात के समय में ही कमल की कलियों को ले आया। अगले दिन प्रात: जब कुबेर इन्हें शिवजी पर चढ़ा रहा था, तो एक भ्रमर ने, जो किसी कली में छिपा हुआ था, उसकी अँगुलियों में डंक मारा। इससे क्रुद्ध होकर उसने यक्ष को शाप दिया—तू अपनी कान्ता से—जिसके कारण तूने अपने कर्तव्य से प्रमाद किया है—एक साल भर पृथक् रहेगा।" कुछ टीकाकार कहते हैं कि यह यक्ष कुबेर के उद्यान का रक्षक था। एक दिन वह अपना स्थान छोड़कर कहीं चला गया। इतने में इन्द्र के हाथी ने उद्यान में घुसकर वहाँ की फूलों की क्यारियों को रौंद डाला।

1743 **स्वाम् (उ० 19.4.21.44)** स्व+टाप्+अम्, सर्वनाम, द्वितीया एकवचन; आत्मीयाम् (संजी०);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग दस बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में पाँच बार (2.61; 2.70; 6.73; 11.57; 11.67), शाकु० में दो बार (1.19; 571.5), कुमार० (3.36) तथा विक्रम० (80.23) में एक-एक बार हुआ है।

1744 **हंसद्वारम् (पू० 60.2.7.17)** हंस+आम्+द्वार+अम्; विशेषण, द्वितीया, एकवचन; हंसानां मानसाख्यसरोगमनद्वारम्; (प्रदीप); हंसाना मानसाख्यसरोगमनद्वारम् (चरित्र०); हंसाना द्वारं हंसद्वारम्; मानसप्रस्थायिनो हंसा क्रौंचरन्ध्रेण संचरन्ते इति आगम: (संजी०); हंसानां मानससरोवरगमनवर्त्म हंसानां तत् परिचितं तत एवागन्तव्यम् एतदर्थमेव मया प्राक् हंसा भवत: सहाया उक्ता इति भाव: (सुबोधा); हिमालय से कैलास की ओर जाने वाला यह मार्ग किसी पहाड़ी दर्रे का नाम होना चाहिए। सम्भवत: त्रिपुलेख दर्रे का यह प्राचीन नाम था, जो इस समय भी कैलास आने-जाने का प्रधान मार्ग है। भारत से प्रतिवर्ष तिब्बत की ओर उड़कर जाने वाले हंसों का मार्ग होने के कारण इसे हंसद्वार कहा गया है। ठीक इसी प्रकार भारत से मध्य एशिया की ओर उड़ान भरने वाले हंस जाति के पक्षियों का दूसरा मार्ग प्राचीन भारतीय भूगोल में हंसमार्ग कहा गया (भीष्म पर्व 19.68), जो कश्मीर के दरद प्रान्त का उत्तरी भाग वर्तमान 'हुंजा' है। मानसरोवर जाने के लिए हंसों का द्वार। इसे परशुराम ने खोजा मालूम पड़ता है।

1745 हंसश्रेणीरचितरशना (उ० 3.2.5.24) हंस+आम्+श्रेणी+भिस्+रचित+जस्+रशना+जस्; तत्पुरुष, विशेषण, प्रथमा, बहुवचन; हंसश्रेणीभिरचितरशना:; नित्यं हंसपरिवेष्टिता इत्यर्थ: (संजी०)

हंसानां श्रेण्य:। ताभि: रचिता: रशना: यासां ता:। रशना—तगड़ी। अत: घिरावट, व्याप्ति। देखिये—विक्रमो० IV.24 'तरङ्गभ्रूभंगा क्षुभितविहगश्रेणिरशना:' पूर्वमेघ 2.8 'विहग—श्रेणीकाञ्चींगुणाया:' और ऋतु० III.24.

1746 हंसा: (उ० 15.4.20.61) चक्राऽङ्का:। हंस।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (16.33) तथा मालवि० (2.12) में एक-एक बार हुआ है।

1747 हन्त (उ० 43.4.14.40) अव्यय; हन्त विषादे (प्रदीप); हन्त इति खेदे (चरित्र०); विषादेन 'हन्त हर्षेऽनुकम्पायां वाक्यारम्भविषादयो:' इत्यमर: (संजी०); कष्टम् (पंचिका); खेदे (सुबोधा); खेद है। यह अव्यय हर्ष वाक्यारम्भ और अनुकम्पा में भी प्रयुक्त होता है। 'हन्त हर्षेऽनुकम्पायां वाक्यारम्भविषादयो:' इत्यमर:। देखिये—'हा, हन्त! हन्त!! नलिनीं गज उज्जहार।' हन्तेति कष्टम्, एकस्थसादृश्याभावे हि दोलायमानोऽहं सर्वत्र स्थितो न कुत्रचिदेकस्थधृतिं लभ इति भाव: (अभिनवगुप्त)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग अठारह बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थों में इसका प्रयोग इस प्रकार है—शाकु० (7), विक्रम० (6), मालवि० (3), रघु० (1)।

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश'।

1748 हर (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 7.2.10.16; 39.3.11.37)** हृ+लोट्; मध्यम पुरुष, एकवचन; तिङन्त; प्रापय (चरित्र०); दूरीकुरु (चरित्र 39); नय; सन्देशहरणेन आवयो: सन्तापं नुद इत्यर्थ: (संजी० 7); निवर्त्तय, त्वमेव तत्स्थाने भव इत्यर्थ: (संजी० 39); हरिष्यसि प्रापयिष्यसि (सुबोधा 7); हरेत्याशंसायां भविष्यति गी। हेतुसमोऽयमर्थान्तरन्यास:। यदाह—

"अन्यतो दृष्टसम्बन्धस्याभीष्टे विनियोगत:।
प्रसन्नप्रणयावेदि सतां हेतुसमं मतम्।।" इति।। (सुबोधा)

अपनेष्यसि (सुबोधा 33)

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग विक्रम० में एक बार (2.20) हुआ है।

1749 हरति (द्विवारं प्रयुक्तम्) **(पू० 14.1.3.3; 32.3.10.34)** हृ+लट्; प्रथमपुरुष, एकवचन; तिङन्त, नुदति (संजी०); अपनयति, शैत्यादिगुणयोगात्। प्रियोऽप्यूरुसंवाहनादिना रतावसाने खेदमपनयतीत्युत्प्रेक्षितम् (सुबोधा 32)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग पाँच बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग विक्रम० में दो बार (3.6; 128.15) तथा रघु० में एक बार (5.69); हुआ है।

1750 हरशशिरुचा (पू० 47.3.11.36) हर+ङस्+शशि+ङस्+सच्+टा; तत्पुरुष; संज्ञा: तृतीया, एकवचन; हरस्य महादेवस्य शशिरुक् चूडाचन्द्रज्योत्स्ना (चरित्र०); हरशिरश्चन्द्रिकया (संजी०); शिवशिर:स्थितचन्द्रवीप्त्या (सुबोधा)।

1751 हरितकपिशम् (पू० 21.1.3.5) हरित+सु+कपिश+अम्, समाहारद्वन्द्व विशेषण, द्वितीया एकवचन; हरित: पलाशवर्ण: कपिश: स्वर्णाभ: (प्रदीप:); हरितं पालाशवर्णं कपिशं कृष्णपीतं च; पालाशो हरितो हरित इति; श्याव: स्यात् कपिशो धूम्रधूमलौ कृष्णलोहिते इति चामर:, श्यामवर्ण इति यावत्; वर्णो वर्णेन इति समास:

(संजी०); नवपर्णवर्णं श्याववर्णं च। 'पालाशो हरितो हरित्'। 'श्यावः स्यात् कपिशः' इत्यमरः'। अत्र हेतुरसमग्रसञ्जातकिञ्जल्कत्वम् (विद्युल्लता); पालाशापिङ्गलम् एतादृशनीपादिकम् त्वदागमनचिह्नम्, अतएव सूचयिष्यन्तीत्युक्तम् (सुबोधा)।

1752 हर्त्तुम् (पू० 42.3.18.26) हृ+ तुमुन्; अव्यय; दूरीकर्त्तुम् (चरित्र०); शमयितुम्, नलिन्याश्च भर्त्तु भानुदेशान्तरे नलिन्यन्तरगमनात् खण्डितात्वमित्याशयः (संजी०); करप्रमार्जनेन अपनेतुम् (विद्युल्लता); अपनेतुम् (सुबोधा)।

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (15.64) तथा विक्रम० (4.2) में एक-एक बार हुआ है।

1753 हर्म्यस्थलानि (उ० 5.1.5.11) हर्म्य+अम्+स्थल+शस्: तत्पुरुष, संज्ञा, द्वितीया, बहुवचन; सौधतलानि (पंचिका); सोधाहस्थानानि (सुबोधा); भवनों की छतें। देखो ऋ०सं० 1.3, वहाँ गरमी में हर्म्यतलों पर मधुपान बताया है। संगीत के साहचर्य तथा अलका में हर समय हर ऋतु की सत्ता के कारण इसका अर्थ भवनों के कमरे करना उचित होगा। यहाँ 'स्थल' के भी दो अर्थ किये जा सकते हैं—1. (महलों के) भूमि भाग फर्श अथवा 2. (महलों की) अटारियाँ (Terraces)। इनमें से दूसरा अर्थ ही उचित प्रतीत होता है, क्योंकि ऊँची-ऊँची अटारियों पर ही तारागण का प्रतिबिम्ब पड़ना स्वाभाविक है। धनियों के भवन को अमरकोश के अनुसार हर्म्य कहते थे। सतमंजिले मकानों की संज्ञा मानसार (25.29) के अनुसार 'हर्म्यकान्त', 'पुण्डरीक', 'श्रीकान्त' आदि थी। यहाँ 'हर्म्यस्थल' 'हर्म्यतल' के अर्थ में आया प्रतीत होता है। नीचे की फर्श से अभिप्राय नहीं होना चाहिए। ज्योतिश्छाया का ग्रहण सप्ततलभवन में सबसे ऊपरी फर्श ही कर सकेगी। सतमंजिले की ऊपरी खुली छत पर यक्ष उत्तम स्त्रियों की 'गोष्ठी' का सेवन किया करते थे। यह 'गोष्ठी' पान, सङ्गीतदि की थी। इसका रिवाज भी शुङ्गकाल में अत्यधिक हो चला था।

1754 हर्म्येषु (पू० 35.3.7.39) हर्म्य+सुप्; संज्ञा, सप्तमी, बहुवचन; धनिकभवनेषु (संजी०) गिरिशिखरवदभ्रलिहत्वाद् विश्रमौचित्यम् बहुवचनेन विविधवृत्तान्तकान्ततया तत्र तत्र रसानुरोधेनविहर्त्तव्यमिति च व्यज्यते (विद्युल्लता); रमणीयगृहेषु (सुबोधा);

कालिदास की कृतियों में प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० में (16.18) तथा ऋतु० (1.9) में एक-एक बार हुआ है।

1755 हलभृतः (पू० 62.4.13.69) हलभृत+ङस; संज्ञा, षष्ठी, एकवचन; नीलाम्बरस्य। अस्यापि सद्यः कृत्य द्विरदरदनच्छेदगौरस्य इत्यादि योज्यम् (प्रदीप); हलं सीरं विभर्त्तीति हलभृतो बलभद्रस्येव (चरित्र०); बलभद्रस्य (संजी०); बलभ्रदस्य (सुबोधा) हलधारी। बलराम का शरीर गोरा था। वे नीले वस्त्र पहनते थे। अतः यह उपमा दी गई है। इससे बलराम के विशालकाय होने की भी ध्वनि निकलती है। इस प्रकार के बलराम के वर्णन के लिए देखो किरातार्जुनीय 4.38 तथा गीतगोविन्द 1.8—वहसि वपुषि विशदे वसनं जलदाभम्।

1756 हस्तन्यस्तम् (उ० 23.3.8.45) हस्त+ङि+न्यस्त+सु; तत्पुरुष, विशेषण; प्रथमा, एकवचन; हस्ते वामकरे न्यस्तं स्थापितं (चरित्र०); हस्ते न्यन्तं हस्तन्यस्तम्, एतेन चिन्ता व्यज्यते (संजी०); करविद्धितम् (पंचिका); पाणौ, न्यस्तम् समर्पितम् (सुबोधा); शोक आदि की अवस्था में चिन्ताग्रस्त स्त्रियाँ हाथ पर सिर रखकर विचारमग्न हुआ करती है। देखो—'अनसूये, पश्य, तावत् वामहस्तोपहितवदनाऽऽलिखितेव प्रियसखी भर्तृगतया चिन्तया।' शाकु० 4; 'हस्ते न्यस्तम् हस्तन्यस्तम्।' कवि ने बायाँ या दाँहिने का वाचक शब्द इसलिए नहीं डाला कि विरहिणी सुविधानुसार कभी इस हाथ की हथेली पर मुख को रख देती है, कभी उस पर। शाकुन्तल में उत्प्रेक्षा का तत्त्व न होने से सत्य का व्यंजन यों किया गया है—"वामहस्तोपहितवदना।" मल्लिनाथ का कथन समीचीन है कि यह विरहव्यथाजन्य चिन्ता का व्यञ्जक है—"एतेन चिन्ता व्यज्यते।"

यहाँ पर कवि ने 'चिन्ता' व्यभिचारि-भाव के अनुभाव को प्रस्तुत करके उसकी सुमधुर व्यञ्जना करायी है। तुलनार्थ एक दूसरी सुमधुर चिन्ताव्यञ्जक अनुभावों से परिपूर्ण रचना को लें–

"अधिकरतलतल्पं कल्पितस्वापकेलीपरिमिलननिमीलत्पाण्डिमा गण्डपाली।
सुतनु कथय कस्य व्यञ्जयत्यञ्जसैव स्मरनपतिलीला यौवराज्याभिषेकम्।।

1757 **हस्तप्राप्यस्तबकनमित:** (उ० 14.4.16.42) हस्त+टा+प्राप्य+जस्+स्तवक+भिस्+नमित+सु; तत्पुरुष; विशेषण; प्रथमा; एकवचन; हस्तेन प्राप्तुं शक्याश्च ते स्तवका: गुच्छा: तैर्नमित: (चरित्र०); हस्तेन प्राप्यै: हस्तावचयै: स्तवकै: गुच्छै: नमित:, 'स्याद्गुच्छकस्तु स्तबक:' इत्यमर: (संजी०); बालत्वात् च करग्राहयै: गुच्छै: नम्रीभूत: (पंचिका); हस्तप्राप्येन स्तवकेन गुच्छेन नमितो नम्रतां प्रापित:; चिह्नध्वनिता रम्यत्वेन प्रोत्साहनमिदम् (सुबोधा); प्राप्य–प्र+√आप्+ण्यत्–पहुँच में। नमित–√नम्+णिच्+क्त–झुकाया हुआ। झुकाने का प्रयोजक कर्ता 'स्तवक' है। छोटा पेड़ होने पर भी उस पर इतने फूल हैं कि वह झुका पड़ता है। इसी से यह समझा जा सकता है कि वृक्ष यक्षपत्नी ने सप्रेम पाला है तथा इसी गुण के कारण उसे अन्य वृक्षों से पृथक् किया जा सकता है।

